चैत्र मास, शुक्ल पक्ष 12, वर्ष 12, अंक 54, पृष्ठ 16, मूल्य: 5 .00

वाराणसी, सोमवार, 3 अप्रैल, 2023

परख सच की

जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : दक्षिण के द्वार पर 2024 का सेमीफाइनल

अन्दर : पूर्व क्रिकेटर सलीम दुर्रानी का निधन

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

पश्चिम बंगाल के हुगली में हिंसा भड़की

शोभायात्रा के दौरान पत्थरबाजी, वाहनों में आग लगाई, पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के हुगली में रविवार को दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गई। रिशरा इलाके में शोभायात्रा के दौरान पत्थरबाजी हुई। इसके बाद वाहनों में आग लगा दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने हिंसक भीड़ को काबू करने के लिए आंसू गैस के गोले भी छोड़े।

भाजपा नेता दिलीप घोष ने कहा कि महिलाओं और बच्चों पर पत्थर फेंके गए। हावड़ा में हिंसा के बाद भी राज्य सरकार ने कोई एक्शन नहीं लिया। पश्चिम बंगाल के हावड़ा और उत्तरी दिनाजपुर जिले में गुरुवार को शोभायात्रा के दौरान हिंसक झड़प हुई थी। शुक्रवार को एक बार फिर शिबपुर में पत्थरबाजी की घटना सामने आई। इस मामले में पुलिस ने 38 लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि दो मामले दर्ज किए गए हैं।

थम नहीं रहीं हिंसा

दिलीप घोष बोले- राज्य सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही

हावड़ा के शिवपुर में अब माहौल शांत, ममता बोलीं- जुलूस का मार्ग कैसे बदला?

हावड़ा के पुलिस कमिश्नर ने कहा कि हालात अब सामान्य हैं, और लोगों को इस मामले में परेशान होने की जरूरत नहीं है। कुछ इलाकों में धारा 144 लागू की गई है और पुलिस इन इलाकों में गश्त लगा रही है।वहीं, विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी और ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने कोर्ट से मामले की ठक्ष जांच कराने की मांग की थी। हावड़ा के शिबपुर में अब स्थिति सामान्य है। यहां सड़कों पर अब भी पुलिस तैनात है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इन घटनाओं के लिए सीधे भाजपा को जिम्मेदार ठहराया था। ममता ने भाजपा का नाम लिए बगैर कहा, 'वे सांप्रदायिक दंगों के लिए राज्य के बाहर से गुंडे बुलाते रहे हैं। उनके जुलूसों को किसी ने नहीं रोका, लेकिन उन्हें तलवारें और बुलडोजर लेकर मार्च करने का अधिकार नहीं है। हावड़ा में ऐसा करने की उनकी हिम्मत कैसे हुई?'ममता ने कहा- उन्होंने मार्ग क्यों बदल दिया? विशेष रूप से एक समुदाय को टारगेट करने और हमला करने के लिए अनधिकृत मार्ग क्यों चुना? भाजपा ने हमेशा हावड़ा, पार्क सर्कस और इस्लामपुर को निशाने पर रखा है।'

चार दिन पहले भी हुई थी हिंसा

बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र में चार दिन पहले भी हिंसा की घटनाएं हुई थीं। हालांकि बीते तीन दिनों से माहौल शांत है। इन राज्यों के हिंसाग्रस्त इलाकों में पुलिसबल तैनात किया गया है। बंगाल-बिहार के कई जिलों में धारा 144 लागू कर दी गई। बंगाल के हावड़ा में जांच सीआईडी के हवाले है, लेकिन एनआईए जांच की मांग की जा रही है। यहां 30 लोगों की गिरफ्तारी हुई है और 2 केस दर्ज किए गए हैं।

ब्लॉक प्रमुख के चुनाव में होगा बड़ा परिवर्तन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में ब्लॉक प्रमुख की चुनाव प्रक्रिया में बड़ा परिवर्तन हो सकता है। आगरा में ग्राम विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा और मंडल स्तरीय ब्लॉक प्रमुख व बीडीओ सम्मेलन में आए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ऐसे संकेत दिए। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ऐसी व्यवस्था पर विचार कर रही है जिसमें ब्लॉक प्रमुख पद का चुनाव भी क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान की तरह जनता द्वारा किया जाएगा।

संभावना

अब बीडीसी नहीं जनता चुनेगी डिप्टी सीएम ने दिए संकेत

सम्मेलन में आगरा मथुरा फिरोजाबाद व मैनपुरी से 42 से अधिक ब्लॉक प्रमुख व उनके प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रमुखों ने शस्त्र लाइसेंस दिलाने, मनरेगा में बजट का प्रावधान, सार्वजनिक भूमि से कब्जे हटवाने और प्रमुखों का प्रोटोकॉल निर्धारित करने की मांग की। साथ ही वर्षों से ब्लॉक में जमे बीडीओ के लिए तबादला नीति बनाने की मांग की, जिसके जवाब में ग्राम्य विकास मंत्री व डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जल्द भविष्य में ब्लॉक प्रमुखों का चुनाव जनता द्वारा कराए जाने पर सरकार विचार कर रही है। जिसके बाद ब्लॉक प्रमुखों को प्रोटोकॉल के साथ-साथ विभागीय बैठक व योजनाओं में पूर्ण सहभागिता मिलेगी। उन्होंने कहा बीडीओ का ब्लॉक स्तर पर तबादले किए जाएंगे।

कर्फ्यू के बाद भी सासाराम में हिंसा

नालंदा। रामनवमी पर जुलूस के दौरान भड़की हिंसा की आग में बिहार अभी भी जल रहा है। सासाराम और बिहार शरीफ में फिर से भड़की हिंसा में 9 लोगों के घायल होने की खबर है। इनमें से कुछ लोगों की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। शनिवार रात सासाराम के शेरगंज इलाके में एक धार्मिक स्थल के बाहर बम फेंका गया. धमाके में 6 लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए जिन्हें इलाज के लिए पहले स्थानीय अस्पताल लाया गया. हालत गंभीर देखकर सभी को बाद में बीएचयू रेफर कर दिया गया।

रोहतास में इंटरनेट सेवा पूरी तरह बंद है। नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने शहर में कर्फ्यू लगाने की घोषणा की है। बिहार शरीफ के पहाड़पुर में शनिवार शाम को ताजा हिंसा के दौरान 12 राउंड गोलियां चलीं जबकि काशी तकिया में 6 राउंड फायरिंग हुई। सासाराम में पुलिस टीम, स्पेशल टॉस्क फोर्स और पारा मिलिट्री फोर्स ने फ्लैग मार्च भी किया। पूरा शहर में पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है और रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती हो चुकी है। रोहतास में शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी स्कूल, मदरसों और कोचिंग सेंटर्स को 4 अप्रैल तक बंद रखने का आदेश जारी किया है। हिंसा पर पुलिस की तरफ से लगातार कई ट्वीट भी किए गए हैं। बिहार में हिंसा को लेकर राजनीति भी तेज हो गई है। घटना को लेकर सीएम नीतीश कुमार और बीजेपी में वार-पलटवार चल रहा है।

नीतीश कुमार को जहां हिंसा में इधर-उधर की साजिश नजर आई तो वहीं बीजेपी नेता औ? केंद्रीय मंत्री गिरिराज ने कटाक्ष करते हुए कहा- टोपी पहन लेते तो अमित शाह की रैली नहीं रुकती।

गिरिराज सिंह ने कहा कि सासाराम और नालंदा की घटना बता रही की सैंया कोतवाल बन गए हैं, अगर साजिश होती तो ताजिया पर पत्थर चलते। नालंदा के डीएम ने बिहारशरीफ शहर को लेकर लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील करते हुए कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी, वहीं नालंदा के पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा ने कहा, नालंदा के बिहारशरीफ में स्थिति पूर्णतः सामान्य है।

मुजफ्फरपुर भी हिंसा की चपेट में, उपद्रव, आगजनी

मुजफ्फरपुर। बिहार एक घटना थमी नहीं दूसरी घटना फिर हो गई। बिहार के नालंदा और सासाराम में हिंसक झड़प से हालात गंभीर बने हुए हैं। इसी बीच मुजफ्फरपुर में भी शनिवार की देर रात दो गुटों के बीच विवाद हो गया। जानकारी के मुताबिक, रामनवमी पर विवाद हुआ था जिसे लेकर शनिवार को हालात बिगड़ गए। देखते ही देखते सकरा थाना क्षेत्र के रामपुर बखरी गांव रण क्षेत्र में बदल गया। जानकारी के मुताबिक, कई दुकानों में जमकर तोड़फोड़-आगजनी की गई। यही नहीं पत्थरबाजी की भी सूचना मिली है। हालात बिगड़ने की सूचना के बाद मौके पर डीएसपी के नेतृत्व में कई थाने की पुलिस पहुंची। पुलिस टीम ने स्थिति को संभालने का प्रयास शुरू किया। भारी संख्या में पुलिस बल के साथ पहुंची और उपद्रवियों को खदेड़ कर हटाया और दोनों पक्षों को शांत कराया।

खड़ी ट्रेन में दो महिलाओं से रेप

झांसी। झांसी रेलवे स्टेशन के यार्ड में खड़ी ट्रेन में दो महिलाओं से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िताओं ने दो फौजियों पर इस घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस व सेना मामले की जांच में जुटी हुई हैं। महिलाओं ने बताया कि वे रविवार की शाम जीआरपी थाने के पास से गुजर रहीं थीं। इसी दरम्यान एक व्यक्ति ने उन्हें रोककर कहा कि उसका मोबाइल खो गया है। जबकि, उसे एक जरूरी कॉल करना है। इस पर महिलाओं ने उसे मोबाइल दे दिया। आरोपी है कि व्यक्ति बहाना बनाकर महिलाओं का कानपुर यार्ड में खड़ी स्पेशल गाड़ी में ले गया। वहां उसका एक साथी भी मौजूद था। दोनों ने महिलाओं को बोगी में बुला लिया। इसके बाद दोनों के साथ दुष्कर्म किया है। बाद में मोबाइल छीनकर महिलाओं को धमकाते हुए वहां से भगा दिया। महिलाओं ने घटना की सूचना डायल 112 को दी। जानकारी होने पर पुलिस, जीआरपी और सेना पुलिस मौके पर पहुंच गई है। मामले की जांच की जा रही है।

पीड़िताओं ने लगाया सेना के दो जवानों पर गंभीर आरोप

पशु व्यापारी की पीटकर हत्या

बंगलूरू। कर्नाटक के रामनगर में एक व्यापारी की पीट-पीटकर कर हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान इदरीश पाशा के रूप में हुई है। इदरीश मवेशियों का व्यापार करता था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये घटना एक अप्रैल यानी शनिवार की है। शनिवार को वह संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया था। जिसके बाद, पाशा के परिजनों ने विरोध जताते हुए कार्रवाई की मांग की थी। सूत्रों के मुताबिक, घटना शुक्रवार रात को हुई। जब आरोपी, पुनीत केरेहल्ली और उसके सहयोगियों ने मृतक व्यापारी और उसके दो साथियों को अवैध रूप से मवेशियों को ले जाने का आरोप लगाते हुए रोका था। इस दौरान इदरीश पाशा ने उन लोगों को बताया कि उसने मवेशियों को पास के एक बाजार से खरीदा है। उसने इस संबंध में कागजात होने की बात भी कही। बावजूद इसके कथित गौरक्षकों ने उससे दो लाख रुपयों की मांग की।

जब पाशा ने उनकी बात नहीं मानी तो उन लोगों ने उसके और साथियों के साथ झगड़ा किया। इस दौरान हमलावरों ने उससे पाकिस्तान चले जाने की भी बात कही। इस दौरान कुछ हमलावरों ने इदरीश पाशा और उसके साथी की पिटाई कर दी। कथित गौरक्षकों की पिटाई में इदरीश पाशा गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। केरेहल्ली की शिकायत के आधार पर मृतक के साथी जहीर और उनके सहयोगियों के खिलाफ कर्नाटक गोहत्या और मवेशी रोकथाम अधिनियम, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, पशु परिवहन अधिनियम और मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

कर्नाटक का मामला

व्यापारी ने नहीं मानी बात तो इतना पीटा कि हो गई मौत

दो लाख रुपयों की मांग की थी पुलिस ने दर्ज किया मामला

हत्या के बाद मौके पर इकट्ठे लोगों और मृतक के परिजनों ने जमकर विरोध किया। जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जायजा लेते हुए विरोध कर रहे परिजनों को शांत कराया। बाद में पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मृतक के परिजनों ने कथित गौ रक्षक पुनीत केरेहल्ली व अन्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 302, 343 (गलत तरीके से रोकना) और 504 (शांति भंग के लिए जानबूझकर अपमान करना) के तहत मामला दर्ज किया है।

राहुल लीगल टीम के साथ आज आएंगे गुजरात

सूरत कोर्ट में सजा के खिलाफ अपील करेंगे

अहमदाबाद। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सूरत की कोर्ट ने मानहानि के एक केस में दो साल की सजा सुनाई है निचली अदालत के फैसले को सूरत के सेशन्स कोर्ट में चुनौती देने राहुल गांधी सोमवार को सूरत आएंगे राहुल गांधी के साथ लीगल टीम भी आएगी जो सूरत की कोर्ट में अपील करेगी बता दें कि राहुल गांधी ने एक चुनावी भाषण के दौरान कहा था 'सभी चोर मोदी ही क्यों होते हैं?' इस मामले में भाजपा के विधायक और पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने सूरत कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का केस दायर किया थो गत 23 मार्च को कोर्ट ने राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई थी।

साथ ही सेशन्स कोर्ट में अपील करने के लिए राहुल गांधी को 30 दिन की मोहलत भी दी थी फैसले के 10 दिनों बाद राहुल गांधी सूरत की निचली अदालत के फैसले के खिलाफ सेशन्स

कोर्ट में अपील दायर करने 3 अप्रैल को सूरत आ रहे हैं। राहुल गांधी अपनी लीगल टीम के साथ आएंगे और सूरत की कोर्ट में अपील करेंगे दिल्ली के कुशल वकीलों की टीम कोर्ट में राहुल गांधी की पैरवी करेंगे बता दें कि दो साल की सजा के फैसले के बाद राहुल गांधी की संसद की सदस्यता रद्द कर दी गई थी साथ ही उन्हें 22 अप्रैल तक सरकारी आवास खाली करने की भी नोटिस जारी कर दी गई है।

यह घटना 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले की है जब कर्नाटक के कोलार में एक रैली के दौरान राहुल गांधी ने कहा था, 'सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है, चाहे वह ललित मोदी हो या नीरव मोदी हो चाहे नरेंद्र मोदी।' इसके बाद सूरत पश्चिम के भाजपा विधायक और राज्य के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने राहुल के खिलाफ मानहानि का केस किया था। उनका कहना था कि राहुल गांधी ने हमारे पूरे समाज को चोर कहा है और यह हमारे समाज की मानहानि है। इस केस की सुनवाई के दौरान राहुल गांधी तीन बार कोर्ट में पेश हुए थे। आखिरी बार अक्टूबर 2021 की पेशी के दौरान उन्होंने खुद को निर्दोष बताया था।

महंगाई बढ़ाकर लोगों की जेब काट रही मोदी सरकार : राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि महंगाई पहले से ही लोगों का जीवन कठिन बना चुकी है, लेकिन सरकार चुपचाप महंगाई बढ़ाकर आम लोगों की जेब काटने का काम कर रही है। राहुल गांधी ने शनिवार को अपने फेसबुक पोस्ट में कहा कि महंगाई देश की सबसे जटिल समस्याओं में से एक है और इसकी जिम्मेदार भारत के इतिहास की सबसे नाकारा सरकार है। दवाइयों की कीमतें इस साल फिर से चुपचाप 11 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ा दी गईं हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा का खर्च आसमान छूता जा रहा है। ये सारे जरूरी खर्चे हैं, आम लोगों के जीवन का अभिन्न अंग हैं। जहां सरकार को इन्हे धीरे-धीरे निःशुल्क करने की कोशिश करनी चहिए, उसे वे और महंगा करते जा रहे हैं।

नीतीश के लिए भाजपा के दरवाजे बंद

शाह बोले- 2024 में बिहार सरकार गिर जाएगी, दंगाइयों को उल्टा लटकाकर सीधा करेंगे

पटना। बिहार में रामनवमी के बाद हुई हिंसा के बीच गृह मंत्री अमित शाह रविवार को नवादा पहुंचे। शाह हिसुआ में आयोजित सम्राट अशोक जयंती कार्यक्रम में आए थे। गृह मंत्री ने अपने 21 मिनट के भाषण में कहा कि नीतीश के लिए भाजपा के दरवाजे अब हमेशा के लिए बंद हो गए हैं। 2024 लोकसभा चुनाव के बाद महागठबंधन सरकार गिर जाएगी और हमारी सरकार आएगी। शाह ने हाल ही में पांच जिलों में हुई हिंसा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा- मुझे सासाराम जाना था, लेकिन दुर्भाग्य है कि वहां लोग मारे जा रहे हैं। गोलियां चल रही हैं। इसलिए वहां नहीं जा सका, मैं वहां की जनता से यहीं से क्षमा मांगता हूं। लेकिन अगली बार वहां जरूर जाऊंगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनने पर दंगा करने वालों को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम करेंगे।

किया हमला

लालू जी भूल जाओ कि नीतीश आपके बेटे को सीएम बनाएंगे

नीतीश-ललन बाबू के लिए दरवाजे बंद

अमित शाह ने कहा कि नीतीश बाबू को पीएम बनना है, तेजस्वी को सीएम बनना है। इनके बीच बिहार की जनता पिस रही है, लेकिन देश की जनता ने तय किया है कि मोदी को तीसरी बार भी प्रधानमंत्री बनाएंगे। इसलिए लालू जी आप ये भूल जाओ कि नीतीश कुमार आपके बेटे को मुख्यमंत्री बनाएंगे। अमित शाह ने कहा- मैं एक बात स्पष्ट कर देता हूं कि 2024 लोकसभा के चुनाव परिणामों के बाद नीतीश बाबू और लल्लन बाबू को भाजपा में वापस नहीं लिया जाएगा। नीतीश बाबू और लल्लन बाबू के लिए भाजपा के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो चुके हैं। जातिवाद का जहर घोलने वाले नीतीश बाबू और जंगलराज के प्रणेता लालू प्रसाद... इन दोनों के साथ भाजपा कभी राजनीतिक सफर नहीं तय कर सकती। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि मैंने राज्यपाल को फोन किया तो ललन सिंह बुरा मान गए। वे कहते हैं कि बिहार में क्यों हस्तक्षेप कर रहे हैं?

सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों के अनाज में भी मिलावट

नई दिल्ली। देश के अलग अलग राज्यों में सरकारी दुकानों से मिलने वाले राशन में भारी मिलावट हो रही है। केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय एक रिपोर्ट के मुताबिक बीते साल देश के अलग-अलग राज्यों में लिए जाने वाले नमूने फेल हुए हैं। मंत्रालय के मुताबिक, यह मिलावट सरकारी गल्ले की दुकान चलाने वाले लोगों की ओर से हो रही है। ऐसी लापरवाही करने वालों को न सिर्फ सजा हुई है, बल्कि उनको जेल की हवा तक खानी पड़ी है।

पूरे देश में उत्तर प्रदेश तमिलनाडु गुजरात मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा नमूने लिए गए। केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक बीते साल पूरे देश भर में सरकारी राशन की दुकानों से 165356 राशन के नमूने लिए गए। इनमें से 31592 नमूने फेल हो गए हैं। खाद एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी बताते हैं कि लोगों को राशन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी राज्य सरकार के अधीन आती है। इसके लिए सरकारी गल्ले की दुकानों का प्रावधान है।

अधिकारियों का कहना है कि सरकारी राशन की दुकानों पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से उपलब्ध कराए जाने वाला राशन अलग-अलग अधिकारियों और जांच करने वाले जिम्मेदारों की नजर से गुजरता है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से सरकारी डिपो और दुकानों तक पहुंचाया जाने वाला राशन बेहतर क्वालिटी का होता है। सरकारी गल्ले की दुकानों में मिलने वाले राशन की जब खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत नमूनों की जांच की गई तो पाया गया कि गल्ले की दुकान करने वालों की ओर से कुछ खाद्य पदार्थों में मिलावट हुई थी। पिछले साल ऐसे ही लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वाले 669 लोगों को जेल तक भेजा गया।

खुलासा

पूरे देश में फेल हुए 31000 से ज्यादा नमूने

सिर्फ उत्तर प्रदेश में 13 हजार से ज्यादा नमूने मिले मिलावटी

पिछले साल देश में 669 मिलावटखोर भेजे गए जेल

केंद्र सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, सबसे ज्यादा सैंपल उत्तर प्रदेश में लिए गए। यहां 26934 राशन के नमूने लिए गए। इसमें 13 हजार से ज्यादा सैंपल फेल पाए गए। उत्तर प्रदेश की ओर से केंद्र सरकार को भेजे गए दस्तावेजों में बताया गया कि ऐसे संगीन अपराध करने वाले 118 लोगों के खिलाफ जुर्माना भी लगाया गया और जेल भी भेजा गया। पूरे देश में दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा सैंपल तमिलनाडु में 19858 सैंपल लिए गए। तमिलनाडु में लिए गए सैंपल में 1033 नमूने फेल पाए गए। ऐसी लापरवाही करने वाले 360 लोगों को कर्नाटक में जुमार्ने और कारावास की सजा दी गई। पूरे देश में तीसरे नंबर पर राजस्थान में 16022 नमूने लिए गए। 800 नमूने फेल रहे और 14 लोगों को जुमार्ने के साथ कारावास की सजा सुनाई गई।

केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक मध्यप्रदेश में 15355 और महाराष्ट्र में 13118। सैंपल लिए गए। मध्यप्रदेश में लिए गए नमूनों में 29 नमूने फेल हुए और 72 लोगों को सजा दी गई। जबकि महाराष्ट्र में 1550 नमूने लिए गए और 12 लोगों को सजा सुनाई गई। केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि केंद्र सरकार की ओर से उपलब्ध कराए जाने वाले राशन का वितरण राज्य सरकार करती है। लोगों को उच्च गुणवत्ता का राशन मिले इसके लिए राज्य सरकार समय-समय पर ऐसे नमूने लेती रहती है।

अधिकारियों का कहना है कि ऐसे राशन में मिलावट करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने का प्रावधान है और उसी के तहत इन लोगों के खिलाफ कारावास तक की सजा दी जा रही है। सबसे ज्यादा सैंपल लेने वालों के अलावा कुछ राज्य ऐसे है जहां सबसे कम सैंपलिंग की गई और उनके नतीजे भी उसी तरीके से रहे। पुडुचेरी में 5 जगह सैंपलिंग की गई इसमें दो नमूने फेल हुए। जबकि त्रिपुरा में 51 जगह सैंपिलिंग की गई। फिलहाल यक्ष कोई सैंपल तो फेल नहीं पाया गया लेकिन 20 नमूनों की रिपोर्ट अभी आनी बाकी है। इसी तरह लद्दाख में 66 नमूने लिए गए। पिछले साल फिलहाल कोई भी नमूना फेल नहीं हुआ हालांकि 47 मामलों की रिपोर्ट अभी आनी बाकी है।

भाजपा ने अपनाया अमेरिकी मॉडल उम्मीदवार चयन के लिए भी चुनाव

बेंगलुरु। कर्नाटक विधानसभा चुनावों में भाजपा ने अमेरिकी मॉडल अपनाया है। चुनावों के एलान होते ही सभी राजनीतिक दलों ने तैयारी शुरू कर दी है। डिवीजन, जिलों, जातियों और समुदायों के आधार पर हर सीट पर प्रचार का खाका तैयार हो रहा है। वहीं कांग्रेस और जेडीएस ने अपनी पहली सूची जारी कर दी हैं।

उम्मीदवार अपने नाम के घोषणा होने के बाद प्रचार-प्रसार में जुट गए हैं। राज्य में दूसरी बार सरकार बनाने के लिए भाजपा ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव मॉडल को अपनाया है। इसके लिए प्रत्याशियों के चयन को प्राइमरी आयोजित की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर एक विस्तृत चयन प्रक्रिया शुरू करते हुए पार्टी ने शुक्रवार को 224 विधानसभा सीटों में से प्रत्येक के लिए तीन संभावित उम्मीदवारों की सूची तैयार करने के लिए चुनाव कराया। यानी कि विधानसभा चुनाव में विधायक चुनने से पहले निर्वाचन क्षेत्रों में प्रत्याशी चुनने के लिए वोटिंग हुई। हर एक निर्वाचन क्षेत्र में दो वरिष्ठ सदस्यों को मतदान की देखरेख के लिए पर्यवेक्षक के रूप में तैनात किया गया था। उम्मीदवार चयन के लिए हर एक निर्वाचन क्षेत्र में औसतन 150 पार्टी सदस्यों ने मतदान किया। प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुने गए तीन नामों की जिला कोर समितियां शनिवार और रविवार को प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जांच करेगी। जांच के आधार पर संभावितों की लिस्ट तैयार करने के लिए राज्य कोर समिति की अगले सप्ताह की शुरूआत में बैठक होने की उम्मीद है।

चिंगारी बनी आग का गोला, गेहूं की फसल को निगला

अगलगी

तीन जगहों पर करीब दो एकड़ से ज्यादा की फसल स्वाहा

बारिश के कहर से उबरे भी नहीं थे कि आग ने दबोचा

वाराणसी। कपसेठी थाना क्षेत्र के भीषमपुर ताल में रविवार दोपहर बाद हाईटेंशन तार से निकली चिंगारी ने किसान के एक बीघा ज्यादा की फसल को जलाकर राख कर दिया। पिंडरा फूलपुर कस्बा में छह बिस्वा गेंहू की फसल जलकर राख हुई। वहीं चोलापुर के हाजीपुर गांव में एक एकड़ की फसल स्वाहा हो गयी।

सेवापुरी संवाददाता के अनुसार कपसेठी थाना क्षेत्र के भीषमपुर ताल में रविवार दोपहर बाद हाईटेंशन तार से निकली चिंगारी ने करीब सवा बीघा में लगी गेंहू की फसल को जलाकर राख कर दिया। हालांकि ग्रामीणों की अथक प्रयास से आग को फैलने से रोक लिया गया। आग से खरपत्तुपाल का 15 बिस्वा बब्बन सिंह 10 बिस्वा गेहूं जलकर राख हुआ। वहीं पिंडरा संवाददाता के अनुसार फूलपुर कस्बा में रविवार को गेहूं के खेत में विद्युत तार से निकली चिंगारी ने छह बिस्वा गेंहू के खेत को जलाकर राख कर दिया। फूलपुर ही निवासी रामकिशुन यादव का 12 बिस्वा खड़ी गेंहू की फसल थी। रविवार को तीन बजे चल रही हवा के बीच खेत के ऊपर से गई 11 हजार बोल्ट के तार लटके हुए थे। हवा से दो तार के बीच स्पर्श होने पर स्पार्क हुआ इस दौरान निकली चिंगारी गेंहू के खेत में गिरी। देखते ही देखते छह बिस्वा गेंहू जलकर राख हो गया हालांकि इस बीच वहां पहुंचे लोगों ने कड़ी मशक्क कर आग पर काबू पा लिया।

दानगंज सवांददाता के अनुसार चोलापुर थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव में रविवार दोपहर को ग्यारह हजार बोल्ट के विधुत तार में हुए शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी की चपेट में आकर हाजीपुर ग्राम निवासी विजय चौबे एक एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। वही ग्रामिणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया ।

पांडुलिपियों का डिजिटाइजेशन भविष्य के लिए होगा महत्वपूर्ण

आयोजन

इंडोलॉजी सोसाइटी के 19वें स्थापना दिवस पर हुई संगोष्ठी

संगोष्ठी में विश्व की सांस्कृतिक साहित्यिक ज्ञान परंपराओं के संरक्षण का संकल्प

वाराणसी। विश्व की सांस्कृतिक, साहित्यिक ज्ञान परंपराओं की रक्षा मानव जाति के लिए प्राथमिकता में होनी चाहिए। ताकि भविष्य की पीढ़ियों को हमारे सुदृढ़ विरासत की जानकारी मिले और उनके ज्ञान में वृद्धि हो। प्राचीन पांडुलिपियों का डिजिटाइजेशन आने वाले कई दशकों तक शोध और अध्ययन की दृष्टि से बेहद महत्त्वपूर्ण है।

करौंदी क्षेत्र के विवेकानंद कॉलोनी स्थित इंडोलॉजी सोसाइटी के 19वें स्थापना दिवस पर रविवार को आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि हरियाणा के प्रो. रवि प्रकाश आर्य ने यह कहा। विशिष्ट अतिथि ब्राजील की योग प्रशिक्षिका क्लॉडिया पोटेटो ने कहा की देश की पुरातन पांडुलिपियों के संरक्षण से विदेशों में भी भारतीय संस्कृति को और गहराई से जानने का मौका मिलेगा।

करौंदी क्षेत्र स्थित इंडोलॉजी सोसाइटी के 19वें स्थापना दिवस पर रविवार कार्यों की जानकारी भी दी गयी

निदेशक डॉ. संतोष द्विवेदी ने बताया कि संस्था पांडुलिपियों का डिजिटाइजेशन कार्य गंभीरतापूर्वक कार्य कर रही है। ताकि विलुप्त हो रही पांडुलिपियों को संरक्षित कर दुनिया को उपलब्ध कराना संभव हो। अब तक डिजिटाइजेशन और लिपिअंतरणके तहत विभिन्न ग्रंथों के डेढ़ लाख पृष्ठों का लिपि अंतरण और 4.50 लाख पृष्ठों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। संस्था भविष्य में विदेशी छात्रों के लिए संस्कृत विद्यालय खोलने की योजना बना रही है। कार्यक्रम में डॉ. राजेश श्रीवास्तव, समीर डे, नीलम त्रिपाठी, पुष्पा उपाध्याय, उमा शंकर चौबे, वीरेंद्र यादव आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

टप्पेबाजी करने वाला गिरोह अरेस्ट दो लाख का माल भी बरामद

धर दबोचा

गहना चमकाने के नाम पर महिलाओं को निशाना बनाता था बिहार का गैंग

वाराणसी। चितईपुर पुलिस ने आभूषण सफाई के नाम पर महिलाओं के आभूषण लेकर भागने वाले गिरोह के चार लोगों को दबोचा। अभियुक्तों के पास से करीब दो लाख का माल बरामद हुआ। ये गिरोह बिहार का है और यहां टप्पेबाजी की वारदात को अंजाम देता था। अभियुक्तों की पहचान कटिहार जिला बिहार निवासी जितेंद्र कुमार शाह (34), उमेश कुमार शाह (35), संतोष कुमार शाह (40), श्रवण कुमार (32) के तार पर हुई।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि ये सभी साबुन से गहना चमकाने की बात कहते और इस दौरान महिलाओं को पहले अपनी बातों में उलझाकर आभूषण लेकर फरार हो जाते थे। 31 मार्च को सुंदरपुर की कमलेश देवी ने चितईपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने पुलिस को जानकारी दी थी कि 27 मार्च की सुबह करीब 10 बजकर 40 मिनट पर दो सेल्स मैन उनके घर पर आए। उन्होंने कहा कि उनके पास एक साबुन है, जो कि सोने-चांदी की ज्वेलरी को चमका देता है। आप अपने कान की बालियां दें तो हम इन्हें चमका कर दे देंगे। महिला ने भरोसा कर लिया और बाली निकालकर दे दी। उन दोनों चोरों ने कहा कि कोई और ज्वेलरी हो तो उसे भी लेकर आओ, ब्राइटनेस बढ़ा देंगे। इस बीच पीड़िता दूसरी ज्वेलरी लेने के लिए घर के अंदर गई और जब वापस आई तो दोनों गायब थे और कान की बाली थी नहीं।

चोरी गया ट्रक 24 घण्टे में बरामद

वाराणसी। मंडुवाडीह पुलिस की संयुक्त टीम ने लहरतारा से एक अप्रैल को चोरी के ट्रक को बरामद किया। थानाध्यक्ष मंडुवाडीह राजीव कुमार सिंह ने बताया कि एक अप्रैल की रात दो बजे लहरतारा के ठाकुर बाड़ा से ट्रक चोरी हो गया था। जिसका मुकदमा पंजीकृत कर जांच उपनिरीक्षक अरुण कुमार सिंह को दी गयी। थानाध्यक्ष ने बताया की सीसीटीवी व मुखबिर की सूचना पर चौकी इंचार्ज लहरतारा अरुण कुमार सिंह , हेड का.शत्रुघ्न सिंह,का. सूर्यभान ने ट्रक को डाफी टोल प्लाजा के समीप से बरामद किया वहीं चोर की तलाश जारी है।

संक्षेप

पॉक्सो का आरोपी गिरफ्तार

चोलापुर। चोलापुर पुलिस नाबालिग किशोरी के अपहरण, दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के आरोपित किशन राजभर को रविवार की सुबह गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। किशन पर आरोप है कि वह पिछले दिनों किशोरी को बहला-फुसला कर भगा ले गया था। उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म भी किया था जैसा की परिजनों का आरोप है। किशन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया इसके बाद उसकी तलाश में पुलिस थी। रविवार को मुखबिर से सूचना मिली कि किशन घर पर मौजूद है। पुलिस उसे गिरफ्तार किया।

दर्शनार्थी की मौत

वाराणसी। हरिश्चन्द्र घाट से रविवार को बीमारी की हालत में मण्डलीय अस्पताल में भर्ती कराये गये कर्नाटक के दामोसरा निवासी शंकरनंद 88 वर्ष की इलाज के दौरान मौत हो गयी। अस्पताल कर्मियों ने शव को मोर्चरी में बन्दकर सूचना पुलिस को दे दिया।

स्नान के दौरान गंगा में युवक डूबा

वाराणसी। भेलूपुर थाना क्षेत्र के तुलसी घाट पर स्नान करने के दौरान गहरे हैप्पी मिश्रा (18) गहरे पानी में समा गया। सूचना पर एनडीआरएफ और जल पुलिस समेत स्थानीय मल्लाहों ने खोजबीन की लेकिन वह मिला नहीं। पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दे दी है। हैप्पी देवरिया जिले के कोतवाली के कतरारी कराने वाला था। सूचना मिलने के बाद उसके पिता शिव कांत मिश्रा वाराणसी के लिए रवाना हो गये हैं। जानकारी के अनुसार हैप्पी गंगा स्नान करने के लिए अपने साथी हर्ष गुप्ता, आयुष कुमार, उत्कर्ष राज और अतुल प्रकाश के साथ आया था।

पुरानी रंजिश में काट लिया कान

सिंधोरा। पुरानी रंजिश में एक व्यक्ति ने दूसरे का गाल और कान दांत से काट लिया। मामला सिंधोरा थाना क्षेत्र ग्राम सभा घोघारी का है। जानकारी के अनुसार बसंतु लाल की पड़ोसी भोटु पटेल से पुरानी रंजिश चली आ रही है। रविवार को बसंतु लाल अपने घर बाजार जाने के लिए निकला। गांव के बाहर जैसे निकला भोटु पटेल उलझ गया और गाली गलौच करने लगा और विरोध करने पर उसने बसंतु का गाल और कान काट लिया। पीड़ित ने सिंधोरा थाना में मुकदमा दर्ज कराया।

बाला सुधार गृह से किशोर फरार चार सुरक्षाकर्मियों पर रपट दर्ज

रामनगर। रामनगर में साहित्य नाका स्थित बाल सुधार गृह से 12 साल का बच्चा भाग निकला। संबंध में संस्था के अधीक्षक अशोक कुमार ने लापरवाही बरतने के आरोप में चार सुरक्षाकर्मियों राजू वर्मा, सोनू प्रजापति,अशोक कुमार, शिव शंकर पांडे के खिलाफ रामनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। संस्था के कर्मचारी एवं पुलिस किशोर को तलाश में जुटी हुई है। लेकिन शाम तक उनको कोई सफलता नहीं मिल पाई है ।

अधीक्षक अशोक कुमार ने बताया फरार किशोर जिला फिरोजाबाद के थाना ईका का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार सुरक्षाकर्मी एक कमरे में बैठे थे। इस बीच मौका देख किशोर बैरेक हाल में लगा एक्जास्ट तोड़ कर खिड़की से निकल गया।

मामले की जानकारी सुबह गिनती के दौरान हुई जब 37 की जगह 36 किशोर मिले। एक किशोर की कमी का पता चला चलने पर बाल सुधार गृह में हड़कंप मच गया। संस्था के अधीक्षक ने बताया कि बाल कल्याण समिति के निर्देश पर 26 मार्च को चाइल्डलाइन वाराणसी से किशोर को लाकर यहां दाखिल कराया गया था।

दोस्ती में दोस्त ने दिया धोखा हड़प लिया कार और पैसा

वाराणसी। दोस्त ने दोस्ती में दोस्ती व बहन की शादी के लिए रुपये की जरूरत बताकर मित्र ने फाइनेंस किए गए चार पहिया वाहन को पांच लाख में बेचने के और बाद में फाइनेंस कंपनी के मैनेजर की मदद से गाड़ी व रुपये हड़पने का मामला कैंट थाने पहुंचा। इस मामले में कैण्ट पुलिस ने दो नामजद के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

कैंट पुलिस को दिए गए तहरीर में पीड़ित ज्ञानवापी स्थित मुरली गली चौक निवासी शिवांक केसरी ने आरोप लगाया कि उनके दोस्त अमित सेठ निवासी सिद्धगिरी बाग सिगरा ने 23 नवंबर 2021 को अपनी फाइनेंस कार को बहन की शादी में पैसे की जरूरत का बताते हुए पांच लाख में बेचने की बात की और लोन चुकता होने के बाद वाहन ट्रांसफर की बात तय किया। लेकिन तीन लाख 70 हजार नगद व बाकी चेक के माध्यम से भुगतान करने के बाद अमित की नीयत खराब हो गई और फाइनेंस वाहन को कम्पनी के मैनेजर राजेश सिंह से साठगांठ कर किस्त बकाया होने की बात कहते हुए वाहन को खड़ा करवा लिया और बाद में फाइनेंस कंपनी द्वारा उक्त वाहन अमित सेठ को दे दिया गया।

जानकारी होने पर वाहन के लिए जब वह अमित के घर पर गया तो वह गालियां मारने के लिए दौड़ा लिया। शिवांक की तहरीर पर कैण्ट पुलिस धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पशु तस्कर को पकड़ने में लगी तीन जिलों की पुलिस

वाराणसी। कानपुर से कंटेनर में भरकर पशुओं को लेकर पश्चिम बंगाल जा रहे चालक को पकड़ने के लिए प्रयागराज भदोही और वाराणसी की पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने घेराबंदी कर रॉन्ग साइड से कंटेनर लेकर भाग रहे चालक को घेराबंदी कर रोहनिया लंका के बॉर्डर के पास से पुलिस ने दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया।

पशु तस्करों को पकड़ने के लिए पुलिस को हाईवे पर बैरिकेडिंग और घेराबंदी करनी पड़ी। प्रयागराज के हड़िया भदोही जनपद उज गोपीगंज औराई और बनारस जिले के मिर्जामुराद, रोहनिया लंका पुलिस ने घेराबंदी कर पशु तस्करों को पकड़ा। पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद भी पशु तस्कर मौके पर जुटी भीड़ में घुस कर भागना चाहे लेकिन सफल नहीं हुए। मौके पर प्रयागराज जिले की क्राइम ब्रांच टीम भदोही जनपद की क्राइम ब्रांच टीम भी पहुंची। पुलिस टीम कंटेनर और पशु तस्करों को लेकर औराई को रवाना हो गई।

धर्म परिवर्तन की सूचना पर पहुंची पुलिस

वाराणसी। भेलूपुर थाना क्षेत्र के ब्रिज एनक्लेव कॉलोनी में रविवार मिशनरी से जुड़े लोगों द्वारा धर्म ग्रंथ बांटने का आरोप लगाकर हो हंगामा हुआ। इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची छानबीन की। प्रभारी निरीक्षक भेलूपुर रमाकांत दुबे ने बताया कि मौके पर ऐसा कुछ नहीं मिला। जिसके ऊपर आरोप लगा था उसको हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

थानाध्यक्ष मंडुवाडीह ने पेश की मानवता की मिसाल

मंडुवाडीह। मंडुवाडीह थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह न केवल अपने व्यवहार के लिए जाने जाते हैं बल्कि मानवता के लिए भी। रविवार को उन्हें सोशल मीडिया से जानकारी मिली कि देवगांव आजमगढ़ निवासी एक युवक का प्लेटलेट्स 10 हजार पहुंच गया है और उसे तत्काल प्लेटलेट्स की जरूरत है तो इस मैसेज को पढ़ते ही वह तत्काल महमूरगंज स्थित एक निजी हॉस्पिटल में पहुंचकर उक्त युवक को प्लेटलेट्स देकर उसकी जान बचायी।

गैंगस्टर एक्ट में चोर बदमाशों को पुलिस ने भेजा जेल

मिर्जामुराद। गैंगस्टर एक्ट में वांछित चार अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना पर मिर्जामुराद पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। थानाध्यक्ष दीपक कुमार रनावत ने बताया कि मुखबिर सूचना पर चोरों को भिखीपुर मोड़ के पास से दबोचा गया। अभियुक्त की पहचान चोलापुर थाना क्षेत्र के खुटहाँ दानगंज निवासी चंद्र प्रकाश यादव, मिर्जामुराद थानाक्षेत्र के प्रतापपुर गांव निवासी कमलेश राजभर, काली प्रसाद व सुरेश कुमार पाल के तौर पर हुई। चारो के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 3(1) के तहत गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई हुई थी। इनके ऊपर मोबाइल चोरी के मुकदमे दर्ज है और ये गैंग बनाकर क्षेत्र में दहशत फैलाते है और अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देते हैं।

मधु दुबे को समर सिंह और उसके भाई से जान का खतरा

वाराणसी। भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की मां मधु दुबे को अनहोनी की आशंका सता रही है। उन्होंने रविवार को कहा कि यदि उनके परिवार के साथ किसी तरह की अनहोनी हुई तो उसके जिम्मेदार गायक समर सिंह और उसका भाई संजय सिंह होंगे। मधु दुबे ने समर और संजय से अपने परिवार को खतरा बताया। बीते 26 मार्च को सारनाथ क्षेत्र स्थित एक होटल के कमरे में आकांक्षा मृत पड़ी मिली थीं। आकांक्षा को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में समर सिंह और संजय सिंह के खिलाफ सारनाथ थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आजकल उन्हें ऐसा लग रहा है कि कोई उनकी और उनके घर की निगरानी कर रहा है। उनके आगे-पीछे कुछ अज्ञात लोग घूमते रहते हैं।

दो चोरों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई

वाराणसी। दो शातिर बाइक चोरों को आठ मोटरसाइकिल के साथ 12 फरवरी को लालपुर पांडेयपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उन दोनों शातिरों पर संगठित अपराध करने के विरुद्ध रविवार को लालपुर पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई भी की। लालपुर पुलिस के अनुसार गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किये गये दोनों अभियुक्त दीपक देव पुत्र विश्वनाथ प्रसाद निवासी ग्राम बहुआरा थाना दिलदार नगर जनपद गाजीपुर व सुनील यादव पुत्र महेन्द्र यादव निवासी शाहपुर थाना भुडकुड़ा जनपद गाजीपुर वर्तमान में जिला कारागार में बंद है।

प्रभारी निरीक्षक लालपुर पांडेयपुर पंकज कुमार अम्बस्ट ने बताया कि दोनों का अपराधिक गिरोह है जो लोगों को भयभीत कर अपने व गैंग के सदस्यों के आर्थिक, भौतिक लाभ के लिए अपराध करते हैं। इनके विरुद्ध धोखाधड़ी, चोरी आदि के मुकदमें पूर्व में पंजीकृत हैं। दोनों के विरुद्ध धारा 3 (1) उप्र गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप (निवारण) अधिनियम 1986 का अभियोग पंजीकृत किया गया।

जनसंदेश टाइम्स **वर्गीकृत**

आवश्यकता

आवश्यकता है
राधा कृष्ण महिला महाविद्यालय
अलीनगर, मुगलसराय, चंदौली में इतिहास व राजनीति शास्त्र के अध्यापकों की।
नियुक्ति हेतु संपर्क करें।
मो0-9621836978

आवश्यकता है
किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय रकसा, रतसर - बलिया में स्नातक विज्ञान संकायान्तर्गत भौतिक विज्ञान विषय में एक प्रवक्ता की। वेतन और अर्हता मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रतियां विज्ञापन तिथि से 15 दिनों के अंदर महाविद्यालय पर उपलब्ध कराये।
प्राचार्य
मो0 नं0-9935594343
कार्यालय - 9415254779

आवश्यकता है-आत्म प्रकाश आदर्श महाविद्यालय अरसदपुर जंगीपुर गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववितपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर विज्ञान संकाय (एमएससी) हेतु भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जंतु विज्ञान,गणित विषयों में तीन -तीन पद प्रवक्ताओं हेतु वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यूजीसी रेगुलेशन 2016 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाणपत्रों की छाया प्रति एवं दो फोटो संस्था के पते पर 21दिनों के अंदर भेजे। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जाएगी।
प्रबंधक
मो0-9984520956

आवश्यकता है- वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध-ओमजी महाविद्यालय गौरा, जखनियां, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में शारीरिक शिक्षा में-02 एवं स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत शिक्षाशास्त्र, मनोविज्ञान में 03-03, अंग्रेजी, मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास में 02-02 तथा विज्ञान संकाय में गृह विज्ञान (फूड एण्ड न्यूट्रीशन) में 03 प्रवक्ता पद हेतु शैक्षिक योग्यता यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर संस्थान / महाविद्यालय के पते पर रजिस्टर्ड डाक से आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/फोन से प्रदान की जायेगी।
प्रबंधक-मो0-9415863216

आवश्यकता है- वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध-माता तेतरा देवी सच्चिदानन्द गर्ल्स डिग्री कालेज अलीपुर मदरा, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत संस्कृत एवं स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत शिक्षाशास्त्र, मनोविज्ञान, भूगोल, गृह विज्ञान (चाइल्ड डेवलपमेंट) में 03-03 तथा हिन्दी, समाजशास्त्र में 02-02 प्रवक्ता पद हेतु शैक्षिक योग्यता यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर संस्थान / महाविद्यालय के पते पर रजिस्टर्ड डाक से आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/फोन से प्रदान की जायेगी।
प्रबंधक-मो0-9452573819

आवश्यकता है- वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध-शाश्वत सूर्यवंशी महाविद्यालय अतिगावां, जखनियां, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, गणित में 02-02 एवं रसायन विज्ञान में 03 प्रवक्ताओं की तथा बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम में 06-06 प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। शैक्षिक योग्यता यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर संस्थान /महाविद्यालय के पते पर रजिस्टर्ड डाक से आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/फोन से प्रदान की जायेगी।
प्रबंधक-मो0-9415863216

आवश्यकता है- वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध-ओमजी महाविद्यालय गौरा, जखनियां, गाजीपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर विज्ञान संकाय में भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, प्राणी विज्ञान में 03-03, गणित विषयों में 02 प्रवक्ता एवं वाणिज्य संकाय के एम.काम. पाठ्यक्रम में 06 प्रवक्ता पद हेतु शैक्षिक योग्यता यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर संस्थान/महाविद्यालय के पते पर रजिस्टर्ड डाक से आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/फोन से प्रदान की जायेगी।
प्रबंधक-मो0-9415863216

आवश्यकता है- स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत रामसुभग किसान महाविद्यालय, जगदीशपुर, सरायमीर, आजमगढ़ में बी.एड पाठ्यक्रम में विभागाध्यक्ष-1, शिक्षा के परिप्रेक्ष्य-4, शिक्षण विषय (गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान तथा भाषा)-8, स्वास्थ्य तथा शारीरिक शिक्षा-1, ललित कला-1, निष्पादन कला (संगीत/नृत्य)-1 पद प्रवक्ता की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान-यू.जी.सी./ उ. प्र. शासन/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार ,योग्य अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज के नवीन फोटोग्राफ दो प्रति के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर भेजे। प्रबंधक-रामसुभग किसान महाविद्यालय जगदीशपुर, सरायमीर, आजमगढ़,
मो0-9450115384

कार्यालय ग्राम पंचायत सलाउद्दीनपुर, वि0ख0 फूलपुर, आजमगढ़
निविदा सूचना
वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/SLWM योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, 17. शोकपिट, 18. कम्पोस्टपिट/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 03.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय अपरान्ह 01:00 बजे।
पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 02.04.2023
(राम आशीष यादव) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. सलाउद्दीनपुर, वि.खं. फूलपुर आजमगढ
(बृजेश यादव) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. सलाउद्दीनपुर, वि.खं. फूलपुर आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत ऐराखुर्द, वि0ख0 तरवां, आजमगढ़
निविदा सूचना
वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध 17. भूसाचोकर एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 03.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय अपरान्ह 01:00 बजे।
पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 02.04.2023
(भूरा राम) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. ऐराखुर्द, वि.खं. तरवां आजमगढ
(रमेश) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. ऐराखुर्द, वि.खं. तरवां आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत बखरा, वि0ख0 फूलपुर, आजमगढ़
निविदा सूचना
वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/SLWM योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर, 17. शोकपिट, 18. कम्पोस्टपिट/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 03.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय पूर्वान्ह 11:00 बजे।
पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 02.04.2023
(मीरा) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. बखरा, वि.खं. फूलपुर आजमगढ
(बृजेश यादव) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. बखरा, वि.खं. फूलपुर आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत दुल्लहपार, वि0ख0 बिलरियागंज, आजमगढ़
निविदा सूचना
वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 03.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय पूर्वान्ह 11:00 बजे।
पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 02.04.2023
(उमेश यादव) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. दुल्लहपार, वि.खं. बिलरियागंज आजमगढ
(अमरजीत यादव) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. दुल्लहपार, वि.खं. बिलरियागंज आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत जमीरपुर, वि0ख0 तरवां, आजमगढ़
निविदा सूचना
वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध 17. भूसाचोकर एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 03.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय पूर्वान्ह 11:00 बजे।
पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 02.04.2023
(बहादुर) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. जमीरपुर, वि.खं. तरवां आजमगढ
(रमेश) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. जमीरपुर, वि.खं. तरवां आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत गंभीरवन, वि0ख0 रानीकीसराय, आजमगढ़
निविदा सूचना
वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध 17. भूसाचोकर एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 03.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय अपरान्ह 01:00 बजे।
पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 02.04.2023
(मीना सिंह) ग्राम प्रधान ग्रा.पं. गंभीरवन, वि.खं. रानीकीसराय आजमगढ
(मनीष कुमार सिंह) ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव ग्रा.पं. गंभीरवन, वि.खं. रानीकीसराय आजमगढ़

वाराणसी गौरव

62 गांवों को मिलेगी निर्बाध बिजली

आपूर्ति व्यवस्था सुधार के लिए बनेगी नई लाइन, लगेंगे पोल और ट्रांसफॉर्मर

जितेंद्र श्रीवास्तव

वाराणसी। नगर निगम सीमा में शामिल किये गये गांवों को शहरी क्षेत्र की तरह 24 घंटे बिजली मिलेगी। इसके लिए पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि. (पूर्वांचल-डिस्कॉम) प्रबंधन ने कार्ययोजना बनाते हुए तैयारी शुरू कर दी है। पहले चरण में ऐसे 62 गांव को शामिल किया गया है, जहां निर्बाध बिजली देने के लिए संसाधन विकसित किये जायेंगे। आपूर्ति व्यवस्था सुधार के लिए नयी लाइनों का निर्माण कराया जाएगा, जबकि नये ट्रांसफॉर्मर भी लगाये जायेंगे।

बता दें कि शासन ने जिले के करीब 84 गांवों को नगर निगम सीमा में शामिल किया है। पूर्वांचल-डिस्कॉम सूत्रों की मानें तो पहले चरण में लिये गये सभी 62 गांव एक दर्जन से अधिक वितरण उपकेंद्रों से जुड़े हुए हैं। इसमें रामनगर, न्यू रामनगर, डाफी, लेढ़ूपुर, शक्तिपीठ, गोइठहां, क्षेत्र की तरह 24 घंटे बिजली देने की कार्ययोजना बनायी गयी। इसके लिए संबंधित खंड के अभियंताओं एवं निर्माण इकाई के अभियंताओं को लगाया गया था। विभागीय त्रुटियों के चलते फिलहाल 62 गांव के लिए डीपीआर तैयार किया जा सका। अब दूसरे चरण में शेष गांवों की कार्ययोजना बनायी जाएगी। पहले चरण में लिये गये गांवों में 24 घंटे बिजली देने के लिए संसाधन विकसित करने पर करीब 21.56 करोड़ रुपये खर्च होंगे। काम करवाने के लिए पूर्वांचल-डिस्कॉम प्रबंधन ने पिछले दिनों टेंडर भी निकाल दिया है।

पूर्वांचल-डिस्कॉम सूत्रों की मानें तो पहले चरण में लिये गये सभी 62 गांव एक दर्जन से अधिक वितरण उपकेंद्रों से जुड़े हुए हैं। इसमें रामनगर, न्यू रामनगर, डाफी, लेढ़ूपुर, शक्तिपीठ, गोइठहां, उदयपुर, काशी, कज्जाकपुरा, तरना व कोइलहवां वितरण उपकेंद्र हैं। जहां से इन गांवों को ग्रामीण शिड्यूल के अनुसार बिजली दी जा रही है।

ननि में शामिल गांव

21 करोड़ आएगा खर्च

पूर्वांचल-डिस्कॉम प्रबंधन ने जारी किया टेंडर, तीन माह में पूरा करना होगा काम

रामनगर, न्यू रामनगर व डाफी उपकेंद्र से जुड़े गांवों को 24 घंटे बिजली देने के लिए संसाधन विकसित करने की कार्ययोजना बनायी गयी है। इसमें रामनगर उपकेंद्र से जुड़े गांवों में 11 केवी की पांच किलोमीटर ओवरहेड लाइन और 15 किलोमीटर एलटी लाइन बनायी जाएगी। जबकि 250 केवीए के दो नये वितरण ट्रांसफॉर्मर लगाए जाएंगे। न्यू रामनगर उपकेंद्र से जुड़े गांवों के लिए 11 केवी की 11 किलोमीटर भूमिगत केबिल लाइन और 22 किलोमीटर एलटी लाइन बिछायी जाएगी। जबकि 400 केवीए के चार नये वितरण ट्रांसफॉर्मर लगाये जायेंगे। इसी तरह, डाफी उपकेंद्र से जुड़े गांवों के लिए 12 किलोमीटर 11 केवी भूमिगत केबिल लाइन और 15 किलोमीटर एलटी लाइन बनायी जाएगी। जबकि 250 केवीए के चार नये वितरण ट्रांसफॉर्मर लगाये जायेंगे।

दूसरी तरफ, काशी, कज्जाकपुरा, लेढ़ूपुर, शक्तिपीठ, गोइठहां, उदयपुर, बड़ा लालपुर, न्यू लालपुर, तरना व कोइलहवां वितरण उपकेंद्रों से जुड़े गांवों के लिए 15 किलोमीटर जर्जर एलटी लाइन जहां बदली जाएगी, वहीं 35 किलोमीटर नयी लाइन बनायी जाएगी। नयी लाइन के लिए एरियर बंच कंडक्टर लगाये जायेंगे। जबकि 16 नये वितरण ट्रांसफॉर्मर लगाये जायेंगे और 13 वितरण ट्रांसफॉर्मरों की क्षमतावृद्धि की जाएगी। इसमें 250 केवीए की जगह 400 केवीए के वितरण ट्रांसफॉर्मर लगाये जायेंगे।

पूर्वांचल-डिस्कॉम सूत्रों की मानें तो उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने इन गांवों के सभी कार्यों को पूरा करने के लिए तीन माह का समय निर्धारित किया है ताकि गांव से शहर बने इन गांवों में जल्द से जल्द 24 घंटे बिजली दी सके। निर्बाध विद्युत आपूर्ति होने से जहां लोगों को कटौती शिड्यूल से छुटकारा मिल जाएगा। वहीं पठन-पाठन, खेती-किसानी और कारोबार को भी बढ़ावा मिलेगा। लोगों की दिनचर्या बदल जाएगी।

काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव का हुआ शृंगार

वाराणसी। काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव का रविवार को द्वादशी तिथि पर भव्य शृंगार किया गया। बाबा कालभैरव का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी थी। बाबा का प्रातःकाल पंचामृत से स्नान कराने के बाद उन्हें नवीन परिधान धारण कराया गया। इसके साथ ही बाबा को विविध प्रकार के नैवेद्य अर्पित किया गया। बाबा की आरती महंत शिव प्रसाद पांडेय ने किया। बताया कि राष्ट्र के सुख व समृद्धि के लिए यह शृंगार किया गया था। मंदिर में दर्शन का सिलसिला सुबह से लेकर रात्रि तक चलता रहा। रात्रि में बाबा की महाआरती हुई। इस अवसर पर अविनाश पांडेय, अभिषेक पांडेय अवशेष पांडेय सतीश, वेदांत समेत काफी लोग मौजूद थे।

केंद्रीय जीएसटी विभाग के ऑफिस के लिए मिली भूमि

वाराणसी। काशी के ही नहीं पूर्वांचल के उद्यमियों और व्यापारियों के लिए राहत भरी खबर है। केंद्रीय जीएसटी विभाग के कार्यालय के लिए भूमि मिल गयी है। इस भूमि पर विभाग का आधुनिक कार्यालय बनेगा। जहां एक छत के नीचे उद्यमियों, व्यापारियों और नये निवेशकों को सुविधाएं मिलेगी और उनका काम आसान हो जाएगा। वर्तमान में केंद्रीय जीएसटी का कार्यालय मकबूल आलम रोड स्थित आयकर भवन परिसर में स्थापित है। इसको देखते हुए इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी ने यहां आयी केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्रक देकर केंद्रीय जीएसटी का आधुनिक कार्यालय बनाने की मांग की थी। इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री, प्रधान आयुक्त जीएसटी विभागीय कार्यालय के भूमि क्रय भी कर ली गयी। केंद्रीय जीएसटी का प्रस्तावित कार्यालय सभी सुविधाओं से युक्त होगा तथा पूरे पूर्वांचल का जीएसटी नियंत्रण केंद्र बनेगा।

गुड न्यूज

उद्यमियों, व्यापारियों व नये निवेशकों को एक छत के नीचे मिलेगी सुविधा

भारत सरकार को भी इसके लिए बराबर पत्र लिख कर इस ओर ध्यान आकृष्ट कराने का कार्य किया था। भारत सरकार ने इसे गंभीरता से लिया और भूमि क्रय करने की संस्तुति कर दी। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी ने कहा कि केंद्रीय जीएसटी के पूर्व आयुक्त ललन कुमार ने भी इस दिशा में सार्थक प्रयास किया था। पिछले दिनों

कैंट विधायक ने इंटरलॉकिंग का किया शिलान्यास

इंटरलॉकिंग का शिलान्यास विधायक सौरभ ने किया

रामनगर। कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने रविवार को ग्रामसभा सुल्तानपुर में 35.96 लाख रुपयों की लागत से इंटरलाकिंग मार्ग निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। शिलान्यास का पूजन वरिष्ठ नागरिक रविशंकर दीक्षित व राजेश सिंह से कराया।

विधायक ने वहां उपस्थि नागरिकों व भाजपा कार्यकताओं का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। शिलान्यास के बाद विधायक चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी एवं उनके निस्तारण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

कार्यक्रम में भाजपा महानगर महामंत्री अशोक पटेल, महानगर मंत्री डॉ. अनुपम गुप्ता, नगर अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, अशोक जायसवाल, सर्वेंद्र विक्रम सिंह, रितेश राय, संतोष गुप्ता, राजकुमार सिंह, जय चौहान, क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेंद्र सिंह, अश्वनी मिश्रा, दशरथ सेठ, पन्नालाल साहू, दुर्गावती साहनी, पूजा पटेल, विवेक मिश्रा के साथ स्थानीय नागरिक भी मौजूद थे।

भगवान महावीर के संदेश आमजन तक पहुंचाएं

बोले अशोक मुथा जैन

त्रयोदशी महोत्सव की पूर्व संध्या पर हुए विविध आयोजन

वाराणसी। श्री दिगम्बर जैन समाज काशी एवं जैन मिलन की ओर से नरिया स्थित श्री दिगम्बर जैन मन्दिर में सायंकाल रविवार को जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की दिव्य बड़ी प्रतिमा का व समवशरण की चारों दिशाओं में स्थापित भगवान महावीर की विग्रह के 108 दीपक जलाकर दीप दान किया गया। भगवान महावीर के 2622वें त्रयोदशी महोत्सव में काफी संख्या मे महिलाए, पुरूष व बच्चे उपस्थित थे। जन्म से लेकर मोक्ष तक की लघु नाटिका की भी प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन एवं लखनऊ के दीपक जैन थे। अशोक मुथा जैन ने कहा कि आज हमे वर्धमान की आवश्यकता है। भगवान महावीर के सन्देशों को हमें जन जन तक पहुंचाना है। उन्ही के उपदेशो से सम्पूर्ण विश्व मे शान्ति और खुशहाली का वातावरण रहेगा। जीयो और जीने दो व अहिंसा परमो धर्म की सम्पूर्ण विश्व की आवश्यकता है। आयोजन मे प्रमुख रुप से समाज के उपाध्यक्ष आरसी जैन, राजेश जैन, विनोद जैन, संजय जैन महामंत्री अरूण जैन, तरूण जैन आकाश जैन, सुरेंद्र जैन, प्रोफेसर फूल चन्द प्रेमी, प्रो. अशोक जैन प्रोफेसर कमलेश जैन,प्रमिला सांवरिया, जैन मिलन के अध्यक्ष विजय कुमार जैन मन्त्री संजय गर्ग उपस्थित थे। संचालन मनीष जैन ने किया।

नरिया स्थित दिगम्बर मंदिर में जुटे जैन समाज के लोग

भगवान महावीर त्रयोदशी पर आज निकलेगी शोभायात्रा

वाराणसी। अहिंसा के प्रमुख ध्वजवाहक, पंचशील सिद्धांत के प्रवर्तक एंव जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का 2622वां त्रयोदशी महोत्सव दिगम्बर जैन समाज काशी के तत्वावधान में सोमवार तीन अप्रैल को भव्य रूप से मनाया जायेगा। दिगम्बर जैन समाज के उपाध्यक्ष राजेश जैन के मुताबिक प्रातः 8.30 बजे भगवान महावीर जन्म कल्याणक की भव्य शोभायात्रा बिहारी लाल दिगम्बर जैन मन्दिर मैदागिन से प्रारम्भ होकर बुलानाला, नीचीबाग, आसभौरो, चौक, ठठेरी बाजार, सोराकुआं होते हुए दिगम्बर जैन पंचायती शीशे वाला मन्दिर ग्वाल दास साहू लेन पहुंचेगी। जंहा भगवान का पूजन-अर्चन एंव 108 कलशों से अभिषेक किया जायेगा। ग्वालदास साहू लेन स्थित मन्दिर जी में ही सायंकाल 7 बजे से भगवान महावीर का झूलनोत्सव व भजन संध्या का आयोजन किया गया है।

बाबा को क्षिप्रा का जल चढ़ाया

जलाभिषेक

काशी विश्वनाथ धाम में गूंजा जय-जय महाकाल का उद्घोष

वाराणसी। काशी विश्वनाथ धाम परिसर रविवार को जय-जय महाकाल के उद्घोष से गूंज उठा। उज्जैन (मध्यप्रदेश) से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ का क्षिप्रा नदी के जल से अभिषेक किया। दर्शन-पूजन के बाद सभी ने कॉरिडोर की भव्यता निहारी। बाबा धाम की अद्भुत छटां देख उज्जैन से आए श्रद्धालु अभिभूत नजर आए। उन्होंने इसके निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद कहा। उज्जैन महाकाल के सैकड़ों की संख्या में भक्त और सांसद के परिवार के लोग वाराणसी पहुंचे। रविवार सुबह ललिता घाट से गंगा द्वार के रास्ते विश्वनाथ धाम के मंदिर चौक पहुंचे। मंदिर के सीईओ ने इन सभी को सुगम दर्शन की व्यवस्था करवायी। उज्जैन से आए सभी भक्तों के हाथों में क्षिप्रा नदी का जल था। उन्होंने जय-जय महाकाल का उद्घोष किया तो कतार में खड़े श्रद्धालु भी उनका साथ देने लगे। काफी देर तक बाबा विश्वनाथ और जय-जय महाकल का उद्घोष होता रहा। बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन कर बाहर निकले। उज्जैन से आए श्रद्धालु निहाल नजर आए। यहां की बेहतर व्यवस्था और बाबा धाम की भव्यता देख मंदिर प्रशासन को धन्यवाद दिया। मंदिर प्रशासन की तरफ से सभी को प्रसाद दिया गया। बाबा धाम के बाद सभी ने अन्न की देवी माता अन्नपूर्णा मंदिर में दर्शन पूजन कर प्रसाद ग्रहण किया।

वाराणसी ने राजस्व में बनायी कीर्ति

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा के नेतृत्व में वाराणसी मंडल ने वित्तीय वर्ष 2022-2023 में रेल राजस्व में कीर्ति स्थापित किया है।

जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि मंडल की अब तक की कुल कमाई-1162 करोड़ हुई है, जो 966 करोड़ के लक्ष्य से 20 फीसदी अधिक और 2021-22 (870 करोड़) के पिछले वित्त वर्ष के आंकड़े से 33 फीसदी अधिक है। बताया कि कोचिंग राजस्व-1014 करोड़, पिछले सर्वश्रेष्ठ 720 करोड़ (2019-20) से 40फीसदी अधिक है। पार्सल राजस्व-10.63 करोड़ टारगेट (22-23)-10.29 करोड़ पिछला वार्षिक सर्वश्रेष्ठ-10.01 करोड़ (19-20), टिकट चेकिंग - 38 करोड़ टारगेट (22-23)-33.93 करोड़ पिछला वार्षिक सर्वश्रेष्ठ-30.17 करोड़ (21-22), वाणिज्यिक विविध- 11.30 करोड़, टारगेट (22-23)-6.57 करोड़, पिछला वार्षिक सर्वश्रेष्ठ- 6.90 करोड़ (2019-20), माल ढुलाई राजस्व- 80.16 करोड़ है।

एक नजर वाराणसी मंडल पर

बताया कि वर्तमान में वाराणसी मंडल में कुल 204 स्टेशन हैं जिनमें 119 क्रॉसिंग स्टेशन एवं 85 हॉल्ट स्टेशन है। मण्डल में बड़ी लाइन 1305 कि.मी. है एवं 612 किमी दोहरीकरण का कार्य एवं 1305 किमी का विद्युतीकरण पूर्ण हो चुका है। मण्डल के 52 स्टेशनों पर प्रतीक्षालय, 18 स्टेशनों पर महिला प्रतीक्षालय, 09 स्टेशनों पर रिटायरिंग रूम एवं 11 स्टेशनों पर डॉरमेट्री की सुविधा उपलब्ध है। मण्डल के प्रमुख स्टेशनों पर ए.सी लाउन्ज की सुविधा उपलब्ध है। मण्डल के 118 स्टेशनों पर वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध है।

वाराणसी के रास्ते चलेंगी समर स्पेशल ट्रेनें

वाराणसी। गर्मी की छुट्टियों में अहमदाबाद रूट की गाड़ियों में यात्रियों का दबाव कम करने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन ने वाराणसी के रास्ते पटना और अहमदाबाद के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इसके तहत गाड़ी संख्या -09418 पटना - अहमदाबाद स्पेशल दो मई से 27 जून तक प्रत्येक मंगलवार को पटना से रात्रि 11.45 बजे रवाना होगी। दानापुर, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन व वाराणसी होकर गुरूवार को सुबह 11.20 बजे अहमदाबाद स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में यह गाड़ी संख्या -09417 अहमदाबाद- पटना स्पेशल एक मई से 26 जून तक प्रत्येक सोमवार को अहमदाबाद स्टेशन से सुबह 9.10 बजे प्रस्थान करेगी। विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव लेकर यह ट्रेन रात्रि 9.05 बजे पटना स्टेशन पहुंचेगी।

वरुणा नदी के डैमेज नालों को दुरुस्त कराएं : डीएम

वाराणसी। डीएम एस. राजलिंगम ने रविवार को कैंप कार्यालय पर वरुणा कॉरिडोर के दोनों ओर के सीवर लाइन को टैप करके एसटीपी को जाने वाले क्षतिग्रस्त नालों को ठीक करने के लिए अधिकारियों संग बैठक की। वरुणा नदी के दोनों ओर के टैप की गई पाइप लाइन चोक हो जाने के कारण सीवर का पानी जगह जगह से लीक होकर वरुणा में मिल कर गंगा में जा रहा है। यूपीपीसीएल द्वारा नालों की मरम्मत व सफाई का कार्य कराया जा रहा था। सिंचाई विभाग द्वारा हैड ओवर लेने के बाद इसके मेनटेनेंस के लिए अभी तक बजट की मांग नहीं की, जिससे सिल्ट सफाई नहीं हो पा रही है। डीएम ने जल निगम को जिम्मेदारी देते हुए कहा कि इस प्रोजेक्ट की खामियों को दूर करने के लिए विशेषज्ञों के द्वारा एक अलग प्रोजेक्ट तैयार कराएं। वरुणा कारीडोर नगर निगम को हैड ओवर किया जाना है। वरुणा में जाने वाले सीवर लाइन को सही तरीके से क्रियाशील करने के लिए दोनों ओर के क्षतिग्रस्त ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त किया जाना है। डीएम ने जल निगम को सूजाबाद के नये प्रोजेक्ट में सीवर लाइन और ड्रेनेज वाटर के लिए अलग-अलग पाइप लाइन डालने के लिए प्राविधान करने का निर्देश दिया है, जिससे भविष्य में उक्त जैसी समस्या का सामना न करना पड़े। बैठक में नगर आयुक्त सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कुपोषण से हम सब मिलकर लड़ें : डीएम

जनसंदेश न्यूज

आयोजन

प्री स्कूलिंग में बच्चों को बेसिक नॉलेज और अच्छी आदतों की जानकारी देना जरूरी

वाराणसी। जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने रविवार को हरहुआ स्थित एक इंटर कालेज में लगे दो दिवसीय मेले के दूसरे दिन 27 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, 27 आंगनबाड़ी सहायिकाओं, 11 बडी मदर्स तथा 101 स्वस्थ्य बच्चों को सम्मानित किया गया।भारत सरकार की ओर से महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से उप सचिव कैप्टन सुधांशु श्रीवास्तव तथा मैडम रेशमा नायर व मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल मौके पर उपस्थित रहे। जिलाधिकारी एस.राजलिंगम द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पोषण पखवाड़ा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए 10000 रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया तथा आंगनबाड़ी सहायिकाओं को 5000 रुपये का चेक दिया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि गांवों में होने वाली ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस (वीएचएनडी) में स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए गर्भवती महिलाओं की मानिटरिंग किये जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कुपोषण की लड़ाई लड़ने में मां अगर कुपोषित है एनेमिक है तो निश्चित ही इसका प्रभाव होने वाले बच्चे पर पड़ेगा।

इसलिए गर्भवती महिलाओं को चिन्हित करके इंटरवेंशन के माध्यम से ठीक किया जा सकता है। किशोरियों में भी जागरूकता लाने की आवश्यकता है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि गांव में यह भी देखें कि किस कीस का आयुष्मान कार्ड है, कि नहीं राशन कार्ड से कौन परिवार वंचित है कोई, आसपास स्वच्छता की क्या स्थिति है। स्वच्छ पेयजल यदि नहीं मिलता तो बार बार बच्चे का वजन बढ़ाते हैं वह भी घट जायेगा। केंद्र से बाहर भी अन्य जुड़े हुए विभाग हैं आशा दीदी हैं, सचिव हैं पंचायत सहायक हैं इन लोगों को भी हमें साथ लेकर काम करना होगा।

दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते डीएम

वेंडरों को विशेष ठेले दिए जाएंगे

आश्वासन

विश्व बैंक की टीम ने सारनाथ में देखा विकास कार्य

स्थानीय लोगों ने बताई अपनी रोज की व्यथा

जनसंदेश न्यूज

सारनाथ। सारनाथ में विश्व बैंक द्वारा दिए गए अनुदान से चौमुखी विकास कार्य इन दिनों मूर्त रूप ले रहा है। विकास कार्य को जांचने व परखने के लिए विश्व बैंक का दो सदस्यों का दल रविवार को स्थानी प्रशासन के अधिकारियों के संग सारनाथ पहुंचा। जहां उन्होंने विकास कार्यों को देखने के साथ स्थानीय लोगों से समस्याओं पर चर्चा की।

विश्व बैंक साउथ एशिया जोन की डायरेक्टर शांति स्वानी की अध्यक्षता में वीडीए, नगर निगम व अन्य विभागों के अधिकारी सर्वप्रथम चौखंडी स्तूप पहुंचे, जहां सीवर लाइन, बिजली के तारों के लिए बन रहे जंक्शन व नालों का निरीक्षण किया। मुख्य चौराहे पर स्थित मूलगंध कुटी बिहार में दर्शन पूजन करने के बाद चाय के स्टॉल पर बैठकर स्थानीय लोगों के साथ विकास कार्यों में आने वाली समस्याओं पर चर्चा की। चर्चा में फेरी पटरी ठेला व्यवसाई समिति के अभिषेक निगम, महादेव, रामचंद्र प्रजापति, राजेश, प्रमिला, पार्वती, शीला, से जानकारी ली। चारों तरफ चल रहे निर्माण कार्यों से क्या समस्या आ रही है? इसपर सवाल किए। जिस पर लोगों ने कहा कि इस समय कामकाज पूरी तरह से मंदा है, ठेला लगाने की जगह नहीं बची है। उधर जी-20 के मद्देनजर निगम द्वारा काफी प्रताड़ित किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री द्वारा स्वनिधि योजना के लाभार्थी रामचंद्र प्रजापति की मां के निधन पर शोक जताया। विश्व बैंक साउथ एशिया जोन की डायरेक्टर ने कहा कि सारनाथ में विश्व बैंक द्वारा शौचालय के साथ ही ठेला व्यवसायियों के लिए विशेष ठेला प्रदान किया जाएगा, जिससे वह जब कभी वीआईपी मूवमेंट हो तो उसे हटा सकेंगे। लगभग ढाई घंटे के निरीक्षण के बाद दल गांव में चल रहे समूहों को देखने के लिए निकल गया। इस दौरान अतुल मिश्रा, ओपी श्रीवास्तव, एलबी दुबे, विश्व बैंक के दल में संजय सक्सेना आदि लोग मौजूद थे।

विश्व बैंक की टीम ने स्थानीय लोगों से की बातचीत

रिटेल डायरेक्टरी

संक्षेप

प्रो. विजय राजस्थान संस्कृत विवि विद्या परिषद के सदस्य

वाराणसी। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के साहित्य विभाग के अध्यक्ष एवं साहित्य संस्कृति संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. विजय कुमार पांडेय को रविवार को जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर के विद्या परिषद का सदस्य मनोनित किया गया। विश्वविद्यालय को रविवार को प्राप्त उक्त (राजस्थान) विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा प्रेषित पत्र के अनुसार तीन वर्ष के लिये प्रो. पांडेय को विद्यापरिषद का सदस्य मनोनित किया गया है। इस खबर पर विश्वविद्यालय में हर्ष व्याप्त है, कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने इस मनोनयन पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुये कहा कि प्रो. पांडेय अपने अनुभवों से वहां पर संस्था के उन्नयन में सहयोगी होंगे उस दौरान कुलसचिव प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी, प्रो. रामपूजन पांडेय, प्रो. अमित कुमार शुक्ल सहित विश्वविद्यालय परिवार ने भी हार्दिक बधाई देते हुये प्रसन्नता व्यक्त की।

दिव्यांग बच्चों का बढ़ाया उत्साह

चांदमारी। वर्ल्ड ऑटिज्म अवेयरनेस डे के अवसर पर छतरीपुर में दिव्यांग बच्चो का हौशला आसमान में गुब्बारा उड़ाकर किया। 'तारों के बच्चे' संस्थान में इस जागरुकता कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। दिव्यांग जन कल्याण अधिकारी राजेश मिश्रा ने दिव्यांगो का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि संघर्ष से सफलता मिलती है। आज दिव्यांग भी अपने को असहाय नहीं समझ रहा है। बच्चो को कान की सुनने वाली मशीन वितरित किया गया। इस मौके पर तारो के बच्चे स्कूल की डायरेक्टर मैरी, प्रोफेसर परिमल दास, डॉ बत्रा, साइकोलॉजिस्ट वरुण सिंह, संजय अल्बर्ट समाज एवं पर्यावरण विकास संस्थान और सुशीला यादव स्पेशल एजुकेटर ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

'हर घर तुलसी' की संकल्पना लिए बांटे तुलसी के पौधे

वाराणसी। सृष्टि फाउंडेशन ने रविवार को 'हर घर तुलसी' की संकल्पना के साथ जगतगंज स्थित हनुमान मंदिर के पास आम जनमानस को औषधीय गुणों से युक्त पवित्र तुलसी के पौधों का निःशुल्क वितरण किया। उक्त कार्यक्रम का नेतृत्व फाउंडेशन के अध्यक्ष विशाल श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने कहा कि पौध वितरण का कार्यक्रम लगातार जारी रखेगा और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्यों को आगे बढ़ाते रहेंगे। उक्त कार्यक्रम में सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान संजय रस्तोगी, ऋतु राज श्रीवास्तव, पूजा शर्मा, प्रियंका गुप्ता, बृजेश श्रीवास्तव, उदय, गोविंद पहलवान, अरुण मिश्रा, ममता गुप्ता, लीलावती सिंह और मंजू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

संपूर्णानंद कर्मी घर में रखेंगे दो रंगों वाले कूड़ेदान

वाराणसी। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कार्यालयों, विभागों सहित अध्यापकों व कर्मियों के आवास में अब दो रंगों वाले दो कूड़ेदान रखे जाएंगे। रविवार को विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी ने एक पत्र जारी कर बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभाग के कार्यालयों व उनमें कार्यरत समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों के घरों में हरे व नीले डस्टबिन की उपलब्धता कराए जाने के साथ कार्यालयों के शौचालयों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के समस्त अध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा है कि वे अपने-अपने आवासों में हरे व नीले रंग के डस्टबिन का प्रयोग करें।

शीतला महोत्सव की इस वर्ष रजत जयंती

वाराणसी। तीन लोक से न्यारी काशी में मां गंगा के तट पर विराजमान सिद्धपीठ श्री बड़ी शीतला माता धाम अपने आप में अतुलनीय है। माता शीतला सभी प्रकार के रोग बाधा को नष्ट करके जीवन में सुख शांति प्रदान करती हैं। इस वर्ष पांच दिवसीय संगीत समारोह शीतला महोत्सव के रजत जयंती वर्ष 4 अप्रैल से 8 अप्रैल पांच दिवसीय मनाया जाएगा। इसमें गीतकार कन्हैया दुबे केडी के संयोजन में भोजपुरी के नायक गायक डॉ मनोज तिवारी मृदुल, भजन सम्राट नंदू मिश्र, पं माता प्रसाद मिश्र, डॉ ममता टंडन, अमलेश शुक्ला, राकेश तिवारी, पुनीत जेटली पागल बाबा सहित सैकड़ों कलाकार गायन वादन नृत्य के माध्यम से अपनी हाजिरी लगाएंगे। इस अवसर पर स्मारिका का विमोचन भी होगा। मंदिर के महंत पं. शिव प्रसाद पांडेय लिंगिया महराज बताते हैं कि यहां परंपरा रही है कि माता शीतला के दरबार में नवजीवन के पथ पर कदम रखने वाले नव दंपत्ति सबसे पहले मां शीतला के दरबार में अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर जीवन की खुशहाली की कामना करते हुए ढोल नगाड़े बाजों के साथ आते हैं। इसके बाद गोद भराई होती है और संतान उत्पत्ति के उपरांत श्रद्धालु अपने बच्चों का मुंडन संस्कार भी माता शीतला के धाम में करने के लिए आते हैं।

महाश्मशान पर चलाया स्वच्छता अभियान

वाराणसी। नमामि गंगे की ओर से रविवार को स्वच्छता अभियान चलाकर मणिकर्णिका महाश्मशान पर फैली गंदगी को साफ किया गया। इस दौरान वहां मौजूद स्थानीय नागरिकों को भी स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। घाट पर बिखरी गंदगी को नमामि गंगे राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा नियुक्त विशाल प्रोटेक्शन फोर्स के कर्मचारियों ने साफ किया। गंगा सेवक राजेश शुक्ला ने कहा कि गंगा किनारे मलबा फेंकना दुखदाई है। गंगाजल करोड़ों को रोजी-रोटी देता है। हमारी पेय जल, सिंचाई, धार्मिक, पर्यटन, तीर्थाटन व अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। गंगाजल हमारे जीवन से लेकर मृत्यु तक के समग्र ताने-बाने का केंद्र है। महाश्मशान मणिकर्णिका तीर्थ हो या कहीं भी गंगा तट पर गंदगी न हो इसके लिए हमें सामूहिक रूप से भागीदारी निभानी होगी। स्वच्छता अभियान में जल शक्ति मंत्रालय राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन व घाटों की सफाई के लिए नियुक्त कार्यदाई संस्था विशाल प्रोटेक्शन फोर्स के कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रो. एके जोशी अध्यक्ष व प्रकाश सचिव बने

वाराणसी। उत्तराखंड समाज वाराणसी आमसभा की बैठक रविवार को बीएचयू स्थित एम्पीथियेटर ग्राउंड में आयोजित की गयी। इस दौरान समाज की गतिविधियों से सभी सदस्यों को अगवत कराया और भविष्य के कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गयी। सदस्यों ने संगठन को मजबूत करने करने पर भी चर्चा की, इसी क्रम में कुछ सदस्यों ने गुप्त आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। तदोपरांत उत्तराखंड समाज वाराणसी की कार्यकारिणी समिति वर्ष 2023 का चुनाव भी हुआ। चुनाव अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार सिंह की देखरेख में हुए इस चुनाव में अध्यक्ष प्रो. ए.के. जोशी, उपाध्यक्ष प्रथम जी.बी जोशी, उपाध्यक्ष द्वितीय एस. बी. बेलवाल, सचिव प्रकाश सिंह बिष्ट, उप सचिव प्रथम पंकज सिंह नेगी, उप सचिव द्वितीय गोपाल सिंह नेगी, कोषाध्यक्ष एन.सी. पाण्डेय, सांस्कृतिक सचिव आशा रोड़े, मीडिया प्रभारी ज्ञान सिंह रौतेला, प्रतिनिधि वरुणापार भुवन सुयाल, सुसुवाहीं कुंदन सिंह नेगी, रामनगर दीपक सिंह रावत व शहरी क्षेत्र पंडित विनोद त्रिपाठी बनाये गये।

ऐ-री सखी मोरे पिया घर आये...

वाराणसी। दीनदयाल हस्तकला संकुल में वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार एवं सुबह-ए-बनारस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में कथक नृत्य की प्रस्तुति साकार हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ असम से पधारी कलाकार सुश्री रागिनी कल्याण ने कथक नृत्य से हुआ। इसके अंतर्गत उन्होंने कथक नृत्य की प्रस्तुति पद्मविभूषण पं बिरजू महाराज रचित गुरु वन्दना से की। बोल थे- गुरु चरणं पर शीश नवाऊं। तत्पश्चात द्वितीय प्रस्तुति तीन ताल में निबद्ध तराना से हुई। इसी क्रम में अगली प्रस्तुति पं. बिरजू महाराज की रचनाबद्ध कृष्ण भजन रहा। जिसके बोल थे- थुंगा थुंगा। उन्होंने समापन ठुमरी नृत्य से किया। जिसके बोल थे ऐ री सखी मोरे पिया घर आये। जिसमें लय के साथ भाव का समन्वय सुंदर रहा। इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ संग्रहालय अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव एवं एडीसीपी प्रोटोकॉल नीरज कुमार पांडेय की धर्मपत्नी श्रीमती नमिता पाण्डेय तथा कलाकार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम की संकल्पना और संयोजन डॉ रत्नेश वर्मा एवं संचालन ललिता शर्मा ने किया।

सोशल मीडिया में नकरात्मकता हावी

बोले प्रो. प्रेमनारायण

संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के 66वें स्थापनोत्सव पर दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

वाराणसी। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के योग साधना केंद्र में रविवार को 66वें स्थापनोत्सव एवं जी-20 सम्मेलन के उपलक्ष्य में 'सोशल मीडिया के सामाजिक प्रभाव दशा एवं दिशा' विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके पहले दिन उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि अंतर विश्वविद्यालय शिक्षक शिक्षा केंद्र के निदेशक प्रो. प्रेम नारायण सिंह ने कार्यक्रम को संबांधित करते हुए कहा कि वाक एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र का एक अहम पहलू है।

इस अधिकार के उपयोग के लिये सोशल मीडिया ने जो अवसर नागरिकों को दिये हैं, एक दशक पूर्व उनकी कल्पना भी किसी ने नहीं की होगी। दरअसल, इस मंच के जरिये समाज में बदलाव की बयार लाई जा सकती है। लेकिन, चिंता का विषय है कि मौजूदा वक्त में सोशल मीडिया अपनी आलोचनाओं के लिये चर्चा में रहता है। दरअसल, सोशल मीडिया सामाजिक समरसता को बिगाड़ने और सकारात्मक सोच की जगह समाज को बांटने वाली सोच को बढ़ावा देने वाली हो गई है। सोशल मिडिया से समाज मे दुष्प्रभाव पैदा कर रहे है साथ ही सकारात्मकता की तुलना में नकरात्मकता का अधिक प्रभाव है।

विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध रेडियोलॉजिष्ट एवं प्रसिद्ध आचार्य प्रो. ओपी शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कई बार कुछ लोगों के लिए लत बन जाता है और चिंता, डिप्रेशन, क्रोध, अनिद्रा, हीनता, आंखों की रोशनी कम होना, कान से कम सुनना, यहां तक कि अन्य कई बीमारियों का भी कारण बन सकता है। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने कहा कि सोशल मीडिया दुनिया भर के लोगों से जुड़ने का एक महत्त्वपूर्ण साधन है और इसने विश्व में संचार को नया आयाम दिया है।

सोशल मीडिया का सकारात्मक प्रभाव के साथ नकारात्मक प्रभाव भी बहुत है। स्वागत भाषण सामाजिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. राजनाथ ने संचालन डॉ. कैलाश सिंह विकास व धन्यवाद प्रकाश प्रो. शैलेश कुमार मिश्र ने किया। संगोष्ठी में डॉ. दीनानाथ सिंह, अजय कुमार वर्मा, सुरेंद्र सेठ, कमलेश पटेल, डॉ. महेंद्र पांडेय, प्रो. शरद कुमार श्रीवास्तव, शिवमूर्ति दूबे, प्रो. जेबी मधुसूदन, प्रो. ओमप्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा देख लोग हुए चकित

वाराणसी। विश्व स्वलीनता जागरूकता दिवस के अवसर पर इंटीग्रेटेड इंस्टीट्यूट फॉर द डिसेबल्ड वाराणसी द्वारा दो जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रथम कार्यक्रम में चित्रकला एवं पेंटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के सभी दिव्यांग विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

जहां एक तरफ बड़े बच्चों ने पूरे विश्व में स्वलीनता पुजित विकार को इंगित करने वाले रंगों का उपयोग कर-के विविध चित्र और ग्लोब बनाया, वहीं दूसरी तरफ छोटे एवं गम्भीर रूप से दिव्यांग बच्चों ने अपनी हथेलियों को सुनहरे और नीले रंग से रंगकर आम जनता को स्वलीनता पुजित विकार के प्रति जनजागरूकता का संदेश देने का कार्य किया।

संस्थान के निदेशक डा. आर. ए. जोसेफ के साथ-साथ संस्थान के शिक्षकों-प्रशिक्षकों में मुख्य रूप से अंजना शुक्ला, सुषमा वर्मा, फूल चन्द भारती, धनजय भारती नित्यानंद, गौतम कुमार, प्रवीण राय, आकांक्षा श्रीवास्तव, मधुबाला, ममता सिंह, निशा वर्मा ने सभी की सराहना की। संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता अमित कुमार खरवार तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य रामकेश ने किया।

कबड्डी में आरएस एकेडमी प्रथम

बड़ागांव। क्षेत्र के सन वैली पब्लिक स्कूल भूमि सरसवा वाराणसी में एक दिवसीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न हुआ, प्रतियोगिता का उद्घाटन एबीएसए पिंडराअमित कुमार दुबे ने किया एवं समापन विद्यालय की प्रधानाचार्या ममता कुमार सिंह ने किया। प्रतियोगिता में आरएस एकेडमी मिसिरपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस क्षेत्र में पहली बार बड़े स्तर पर कबड्डी महिला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ है, जिसमें पूरे क्षेत्र से 15 महिला टीमों ने भाग लिया । जिसमें क्वार्टर फाइनल में आयर की टीम ने सन वैली पब्लिक स्कूल को 26-24 अंको के स्कोर से लाल बहादुर शिक्षण संस्थान नरिया ने गौरा कला को 30-22 की अंको के स्कोर से मिसिरपुर ने चकरमा 32-30 की अंको के अंको के स्कोर से देवा महाविद्यालय बेलवा बाबा ने संत यदुनाथ इंटर कॉलेज बरैक्षा को 20-18 के अंको के स्कोर से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में आदर्श क्लब सिंहपुर ने नरिया को 23-17 अंको के स्कोर से मिसिरपुर ने देवा महाविद्यालय बेलवा बाबा को 28-25 अंको के स्कोर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया फाइनल मैच में बड़े ही संघर्ष के साथ मिसिरपुर ने 33-30 के अंको के स्कोर से आदर्श क्लब सिंहपुर को पराजित करके यह प्रतियोगिता अपने नाम कर ली प्रबंधक सुमित सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर पुरस्कृत किया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के अल्पना, मनोज कुमार, जयशंकर, धीरज प्रसाद, शेर बहादुर, रामपाल, बिहारी रामपाल, धर्मेंद्र प्रसाद, धर्मेंद्र, आरजे, मणिकांत दुबे, विजय कुमार मौर्य, अवधेश कुमार यादव, छागुर प्रसाद, राम अवध आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

अध्यापक परिषद ने प्रो. रामकिशोर और प्रो. ब्रजभूषण को किया सम्मानित

वाराणसी। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के अध्यापक परिषद् द्वारा रविवार को एक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी और प्रो. ब्रजभूषण ओझा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अध्यापक परिषद् के अध्यक्ष प्रो. रामपूजन पांडेय ने कहा की दोनों विद्वानों का सम्मान विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है, उनका सम्मान संस्कृत परंपरा का सम्मान है।

प्रकाशन संस्थान के निदेशक डॉ. पद्माकर मिश्र ने प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी को उनके शास्त्र ज्ञान को अद्भुत बताया युवा विद्वान प्रो. ब्रजभूषण ओझा के विषय में उनके छात्रावस्था के संघर्षो का वर्णन किया। इसी क्रम मे प्रो. रमेश प्रसाद ने संस्थान द्वारा दिए जाने वाले पुरस्कारों को संस्कृत भाषा के उत्थान के लिए एक उचित कदम बताया। इस अवसर पर जितेंद्र कुमार ने संस्कृत एवं संस्कृति के विकास के लिए दोनों विद्वानों के योगदान की सराहना की। अध्यापक परिषद के महामंत्री प्रो. अमित कुमार शुक्ल ने विद्वानों के सम्मान को काशी का सम्मान बताया साथ ही सभा में उपस्थित समस्त आचार्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रो. महेंद्र पांडेय के मंगलाचरण से हुआ। कार्यक्रम में प्रो. विजय पांडेय, प्रो. सुधाकर मिश्र, प्रो. शम्भूनाथ शुक्ल, प्रो. शैलेश कुमार मिश्र, डॉ. रविशंकर पांडेय, डॉ. कुंजबीहरी द्विवेदी आदि अन्य विद्वान उपस्थित रहे।

पोषण उत्सव से जन जागरूकता

सेवापुरी। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के आह्वान पर रविवार को ब्लाक के रामेश्वर स्थित एक इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित दो दिवसीय पोषण उत्सव कार्यक्रम का रविवार को विद्यालय के बच्चे-बच्चियों द्वारा पूरे दिन विभन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में महिलाएं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेती रही।पोषण उत्सव कार्यक्रम स्थल पर महिलाओं पुरुषों बच्चों नौजवानों में काफी उत्साह देखा गया। नौजवान युवा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कटआउट के पास खड़ा होकर सेल्फी लेते नजर आए। साथ ही छोटे बच्चे झूला झूलने व चिड़िया मारने वाली बन्दूक से निशाना साधकर गुब्बारा फोड़ने में मस्त थे। वही आंगनबाड़ी कार्यकत्री व आशा बहुओं द्वारा विभिन्न स्टालों पर पूरे मुस्तैदी के साथ अपने कार्यक्रम को लोगों के समक्ष प्रस्तुत किये। पोषण उत्सव कार्यक्रम में आगनबाड़ी में पढ़ रहे बच्चों कार्यकताओं तथा आशाओं को प्रमाण पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया प्रमाण पत्र वितरण खण्ड विकास अधिकारी द्वारा किया गया। सीडीपीओ दिलीप केसरी, खंड विकास अधिकारी राजेश सिंह, प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह पप्पू ,प्रधानाचार्य रविंद्र बहादुर सिंह सहित तमाम लोग शामिल थे। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी ने कहा कि कुपोषण के विरुद्ध इस जंग में गर्भवती महिलाओं पर ध्यान देने की जरूरत है। वही बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए उन्हें पोषण तत्व देना जरूरी है। गर्भवती माताओं एवं किशोरियों को भी पोषण आहार लेने की सलाह देते हुए स्वच्छता पर विशेष ख्याल रखने की नसीहत दी।

कार्यालय ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर विकास खण्ड-मुरलीछपरा, बलिया
पत्रांक : निविदा सूचना दिनांक-03.04.2023
[illegible]

कार्यालय ग्राम पंचायत ... विकास खण्ड-मुरलीछपरा, बलिया
पत्रांक : निविदा सूचना दिनांक-03.04.2023
[illegible]

भोजूबीर में काली के श्रृंगार पर गूंजे देवी गीत

वाराणसी। भोजूबीर पंचक्रोशी मार्ग स्थित मां दक्षिणेश्वर काली का वार्षिक श्रृंगार किया गया। भोर में पांच बजे पंचामृत से मां का स्नान कराया गया। तत्पश्चात मंगला आरती हुई। शाम 4 बजे 51 किलो बेला, गुड़हल, गेंदा और विभिन्न प्रकार के फूलों से श्रृंगार हुआ। मंदिर परिसर को कामिनी की पत्तियों और विद्युत झालरों से सजाया गया था। रात्रि में आठ बजे मां की 108 घी की बत्तियों और सवा किलो कपूर से महाआरती हुई। जिसमें 151 किलो बेसन के लडडू व फलों से भोग लगाया गया। मां के दर्शन को दर्शनार्थियों की भारी भीड़ सुबह से रात तक अनवरत कतार में लगी रही। इस अवसर पर रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यालय ग्राम पंचायत सोनबरसा विकास खण्ड-मुरलीछपरा, बलिया
पत्रांक : निविदा सूचना दिनांक-03.04.2023
[illegible]

कार्यालय ग्राम पंचायत सूर्यभानपुर विकास खण्ड-मुरलीछपरा, बलिया
पत्रांक : निविदा सूचना दिनांक-03.04.2023
[illegible]

कार्यालय ग्राम पंचायत भोजपुर विकास खण्ड-मुरलीछपरा, बलिया
पत्रांक : निविदा सूचना दिनांक-03.04.2023
[illegible]

कार्यालय ग्राम पंचायत विठगांव निस्फ (ब), वि0 ख0 रावर्ट्सगंज, जनपद-सोनभद्र

पत्रांकः मेमो/टेण्डर सूचना/2023-24 दिनांकः 02.04.2023

अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य वित्त आयोग/तेरहवां वित्त आयोग/चौदहवां वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन/मनरेगा अन्य प्राप्त विधियों द्वारा ग्राम पंचायत में कराये जाने वाले कार्यों हेतु वाणिज्यकर/आयकर में पंजीकृत फर्मों से ग्राम पंचायत परिधि के अन्दर निम्न विवरणनुसार कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति कराये हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता अपने फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 04.04.2023 से दिनांक 11.04.2023 तक पूर्वान्ह 10.00 बजे से 02.00 बजे तक ग्राम प्रधान/सचिव कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। जिसे दिनांक 14.04.2023 को 02.00 बजे समिति (टेण्डरदाताओं) जो उपस्थित रहना चाहते है के समक्ष खोला जायेगा।

क्र0सं0	विवरण	मात्रा	दर
1	ईंट शौचालय/ईंट प्रथम श्रेणी 150 नाली व खंड़न्जा/ईंट व गिट्टी 20 एम.एम., 40 एम.एम.	प्रति हजार घन मीटर	
2	इण्टरलाकिंग ईंट प्रथम श्रेणी 200x160x60एम.एम./सीमेंटेड इण्टरलाकिंग/रबर मोल्ड ईंट आदि	प्रति हजार	
3	बालू, मोरम, सीमेंट, डाला गिट्टी/स्टोन ब्लास्ट, भस्सी 22.4 एम.एम. (अलग-अलग) एवं बोल्डर आदि	प्रति घन मीटर बैग	
4	सरिया/एसबेस्टन सीट/गैलेनाइट पाइप/सीट/शौचालय/शौचालय ढक्कन/कमोड/टीन सीट/दरवाजे/खिड़की/टाइल्स/प्लास्टिक/पेन्ट/ सीट, पेंट/डिस्टेम्पर/प्राइमर, डी.पी.सी. पाउडर आदि	कुंतल/अदद	
5	होम पाइप एम.एन.एम.पी.बी./होम पाइप 600/900 एम.एम. 350/एम.एन. पी-3 आदि	नग अदद	
6.	स्ट्रीट लाइट/सोलर लाइट, बल्व, तार, सी.एफ.एल. बल्व आदि	प्रति नग	
7.	इण्डिया मार्का 2 हैण्डपम्प संबंधित सामग्री आदि एवं पानी की टंकी पानी टैंकर, समरसेबुल पाइप आदि	अदद	
8.	शौवदाह गृह हेतु एंगील, एलवेस्ट आदि	प्रति कुन्तल	
9.	पेवर्स ब्लास ईंट आदि	प्रति नग	

प्रतिबन्धित शर्तें :-1. निविदा में दरे सभी कर सहित एवं लोक निर्माण विभाग की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होनी चाहिए। 2. कार्य विवरण एवं सामग्री सम्बन्धित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है, सामग्री की आपूर्ति कार्य स्वीकृत होने के उपरान्त की जायेगी। 3. जमानत राशि परियोनजा लागत का 5 प्रतिशत जमा होगी जिसे कार्य पूर्ण होने पर वापस किया जायेगा। खराब सामग्री की दशा में जमानत की धनराशि जब्त कर ली जायेगी। 4. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। 5. बिना कारण बताये किसी भी समय निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का लोगा। 6. अनुबन्ध स्वीकृत होने के पश्चात दर संशोधित होने तक अथवा एक माह के अन्दर आपूर्ति करना अनिवार्य है।

ग्राम प्रधान विठगांव निस्फ (ब)
विकास खण्ड रावर्ट्सगंज,
जनपद-सोनभद्र

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
विकास खण्ड रावर्ट्सगंज,
जनपद-सोनभद्र

सरकारी कार्यालयों में चल रहा दलाली का धंधा

बोले मो. जियाउद्दीन रिजवी

सरकार की गलत नीतियों का विरोध करने पर भेजा जा रहा जेल

सपा की बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता

सिकंदरपुर। पूरा प्रदेश भ्रष्टाचार की नदी में डुबकी लगा रहा है। तहसील, थाने और ब्लाकों में भ्रष्टाचार चरम पर है। यह बातें समाजवादी पार्टी द्वारा रविवार को क्षेत्र के नवरतनपुर के सदगुरू मलवार धाम के परिसर में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में विधायक मो. जियाउद्दीन रिजवी ने व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि तहसील और थानों में दलालों की बोलबाला है। बिना दलालों से मिले कोई सही काम भी नहीं हो रहा है। विकास के सारे काम ठप पड़े है। सिर्फ दलाली का धंधा सभी आफिसों में चल रहा है। क्षेत्र के इटही, लीलकर और इसार पिथापट्टी में किसानों के गेंहू की फसल जल कर नष्ट हो गई, लेकिन अभी तक किसानों को कोई राहत नहीं मिली। इस सरकार को किसानों, मजदूरों, गरीबों, छात्रों, बेरोजगारों से कोई लेना-देना नहीं है। यह सरकार सिर्फ उद्योगपतियों के लिए काम करती है। गौतम अडानी के भ्रष्टाचार को ढकने के लिए पूरी सरकार और पूरा सरकारी अमला लगा है। पूरे देश में अघोषित एमरजेंसी लागू है। किसी को बोलने का अधिकार नहीं है। जो भी सरकार की गलत नीतियों का विरोध करेगा, उसे फर्जी मुकदमे कर जेल में डाल दिया जा रहा है। सरकार की गलत नीतियों का विरोध करने वालो को ईडी और सीबीआई से डराया जा रहा है।

पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर ने कहा कि पूरे देश की जनता त्रस्त हैं और भाजपा सरकार से निजात चाहती है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का सफाया हो जायेगा। इस अवसर पर हरिकृष्ण पासवान, नंदू चौहान, संतोष यादव, डा. सतीश राजभर, अनंत मिश्रा, राजेंद्र यादव, शिवजी त्यागी, रामजी यादव, भीष्म यादव, सोमेंद्र राय, प्रेम प्रकाश राय, विवेक सिंह, देवनारायण यादव, हृदय यादव, डबलू सिंह, विश्वनाथ यादव आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता रामनारायण यादव कर्नल साहब तथा संचालन बीरबहादुर वर्मा ने किया।

लोकतंत्र को कुचलने का हो रहा प्रयास : जैनेन्द्र

कांग्रेस की बैठक को संबोधित करते जैनेन्द्र पांडेय मिंटू

बलिया। गड़वार ब्लाक मुख्यालय पर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक रविवार को हुई। जैनेन्द्र कुमार पांडेय मिंटू ने कहा कि केंद्र सरकार कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की बातों डर कर उनके मुंह को बंद करने का प्रयास कर रही है। लोकतंत्र की आवाज को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है। राहुल गांधी ने सदन में कहा है कि नरेंद्र मोदी और अडानी के बीच क्या संबंध है? इस पर सदन में चर्चा होनी चाहिए और केंद्र सरकार को इस मुद्दे पर जवाब देनी चाहिए, मगर मोदी सरकार इन बातों का जवाब न देकर राहुल गांधी की सदस्यता को साजिशपूर्वक समाप्त करके लोकतंत्र की आवाज को कुचलने का प्रयास कर रही है। कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से इस लड़ाई को लड़ेगी। राहुल गांधी से घर खाली करने का आदेश देकर केंद्र सरकार ने बहुत बड़ी भूल किया है। जनता ने अपने घरों के दरवाजे राहुल गांधी के लिए खोल दिए हैं। 'हमारा घर-राहुल गांधी का घर' के तहत सभी लोग अपने घर पर इस पत्र को लगाने का कार्य करेंगे। कहा कि कांग्रेस पूरजोर तरीके से आगामी नगर निकाय चुनाव लड़ेगी। इस अवसर पर हीराराम, डा. सुरेश कुमार, मलक राजभर, मनोज राजभर, ओमप्रकाश कुशवाहा, विद्यासागर, जयराम सिंह, मुनि देव ठाकुर, राजन सिंह, रवि शंकर दुबे, दयाशंकर तिवारी, सत्यानंद राजभर, अमरनाथ गोंड, सुरेंद्र राजभर, गणेश चौरसिया, दल सिंगार राजभर, राजेंद्र राम, शम्भु नाथ राम, ब्रजेश कुशवाहा, प्रेमशंकर तिवारी, किशन उपाध्याय,आयुष उपाध्याय, श्रीभगवान सिंह, अजय राजभर, प्रेमशंकर सिंह आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता अभिषेक पांडेय तथा संचालन कन्हैया पांडेय ने किया।

संक्षेप

निकाय चुनाव में लहरायेगा भाजपा का परचम : दयाशंकर सिंह

बलिया। आगामी निकाय चुनाव में भाजपा का परचम लहरायेगा। भाजपा का मास्टर प्लान 17 नगर नगर निगम पर जीत दर्ज करना है। पार्टी 200 से अधिक नगर पालिकाओं सहित सभी नगर पंचायतों में धमाकेदार जीत दर्ज करेगी। उक्त बातें परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने व्यक्त किया। कहा कि सपा निकाय चुनाव से भाग रही है। इसलिए सपा के पूर्व विधायक के भाई ने रीट दाखिल कर-के चुनाव रोकने की कोशिश की थी। पिछड़ा वर्ग आयोग ने आरक्षण की जो संस्तुति की थी, उसे उच्चतम न्यायालय ने सहज स्वीकार किया है। इन दिनों उप्र में निकाय चुनाव को लेकर राजनैतिक हलचल मची हुई है। सभी राजनैतिक दलों के नेता निकाय चुनाव में फतह हासिल करने के लिए कोशिश में लगे हुए है। वहीं, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह बलिया, रसड़ा नगर पालिका सहित सभी नगर पंचायतों में भाजपा का परचम लहराने की कोशिश में है। वहीं, एक बयान में उन्होंने कहा कि पूरे उप्र में भाजपा एक नंबर पर रहेगी। बलिया नगर पालिका क्षेत्र के कई गलियों में मंत्री दयाशंकर सिंह दौरा करते नजर आ रहे है। वह अधिक से अधिक कार्यक्रमों में शामिल भी हो रहे है।

आज से शुरू होगा महोत्सव

बलिया। टीडी कालेज चौराहा स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में तीन अप्रैल, सोमवार से श्री रामोत्सव व हनुमत जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी पंडित विजय नारायण शरण ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष होता है। तीन दिवसीय महोत्सव में पहले दिन अखंड भगवान्नाम संकीर्तन प्रारंभ होगा। दूसरे दिन चार अप्रैल, मंगलवार को संकीर्तन विश्राम एवं रामचरित मानस का पाठ प्रारंभ होगा। छह अप्रैल, गुरुवार को हवन, भजन संध्या एवं भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

मृत एसएसबी जवान को दिया गार्ड ऑफ आनर

लालगंज। दोकटी थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव के सामने शनिवार को सड़क दुर्घटना में मृत सीमा सुरक्षा बल के सिपाही का पोस्टमार्टम के बाद शव उनके पैतृक गांव रामनगर पहुंचा। वहां से शव को शिवपुर घाट लाया गया, जहां विभाग से आये जवानों ने गार्ड आफ आनर दिया। साथ ही श्राद्ध आदि के लिए एक लाख रुपये की सहायता परिवार को दिया। रविवार को शव पहुंचते ही अपने लाल को देखने के लिए पूरा गांव उमड़ पड़ा। मुखाग्नि उनके एकलौते पुत्र सूरज सिंह ने दिया। इस मौके पर एसआई अखिलेश यादव, दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।

मीटर रीडिंग नहीं होने से उपभोक्ता परेशान

रतसर। इन दिनों विद्युत वितरण विभाग की मनमानी से क्षेत्र के अधिकांश उपभोक्ता खासे परेशान हैं। कई-कई महीने तक मीटर रीडिंग नहीं हो रही है। इसके बाद भी अनाप-शनाप बिजली बिल भेजा जा रहा है। सुधार के लिए उपभोक्ता बिजली आफिस के चक्कर लगाने को मजबूर है। उपभोक्ताओं के आफिस पहुंचने पर जिम्मेदार अधिकारी के नहीं मिलने से खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली बिल में गड़बड़ी की शिकायत लंबे समय से बनी हुई है। गड़वार निवासी रणजीत सिंह, उर्मिला देवी, अनिल चौरसिया, अखिलेश दूबे आदि उपभोक्ताओं ने बताया कि हमारा बिजली का कनेक्शन लगभग एक साल पूर्व लगा था, लेकिन आज तक बिजली का बिल नही आया। इसके लिए हम लोग गड़वार फीडर का बार-बार चक्कर लगाकर थक चुके है। पावर हाउस पर बिजली विभाग के जेई मिलते नही है। अगर संयोग से मिल भी जाते है तो कहते है कि अगले माह आप लोगों की बिल चली जाएगी। इस तरह से सालों बीत गए, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नही हुआ। जेई के व्यवहार से उपभोक्ता काफी परेशान है। इस संबन्ध में विद्युत विभाग के अवर अभियंता सद्दाम अंसारी ने बताया कि इन लोगों का कनेक्शन चार माह पूर्व लगा था। मीटर रीडर को भेजकर बिजली बिल भेज दी जाएगी। ऐसे में सवाल यह है कि सरकार उपभोक्ताओं के लिए सदैव तत्पर है, लेकिन अधिकारियों के मनमाने रवैये के कारण उपभोक्ता परेशान हो रहे रहे है।

होली मिलन कार्यक्रम संपन्न

बलिया। नगर के कदम चौराहा स्थित गणिनाथ मंदिर के भामाशाह हाल में रविवार का अखिल भारतीय मद्धेशिया वैश्य सभा बलिया का होली मिलन समारोह संपन्न हुआ। वक्ताओं ने कहा कि होली प्रेम एवं भाईचारा का पर्व है। यह सभी को एकजुट करने का कार्य करता है। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन लक्ष्मण गुप्त, दशाश्वमेघ, धर्मनाथ प्रसाद, हरिप्रकाश गुप्त, लक्ष्मी नारायण, सुबाष गुप्त, प्रमोद गुप्त, अशाक गुप्त आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता राधामोहन गुप्त ने किया।

मनमाना किराया वसूल रहे वाहन चालक

बलिया। भरौली गोलम्बर से बक्सर रेलवे स्टेशन की दूरी छह किलोमीटर है और किराया तीस रूपया। भरौली से नरहीं की दूरी 15 किलोमीटर एवं किराया 30 रूपया है। यह किराया जीप, टैक्सी, आटो रिक्शा, ई-रिक्शा वाले वसूल रहे हैं। इनको कोई बोलने वाला नहीं है। अब तो चितबड़ागांव मोड़ से चलने वाले ई-रिक्शा वालों ने स्वयं ही किराया निर्धारित कर अपने वाहनों पर अधिक किराया सूची चस्पा कर दिए हैं और यात्रियों से वसूली भी कर रहे हैं। बलिया-बक्सर मार्ग पर भाड़े को लेकर अक्सर वाहन चालकों एवं यात्रियों में तू-तू, मैं-मैं होता रहता है। इसका वजह अधिक भाड़ा की वसूली है। बक्सर से बलिया की दूरी 36 किलोमीटर है। जीप का किराया 100 रुपए तो एम्बेसडर कार का किराया 150 रूपया है। चाहे आप कहीं भी उतरे किराया जितना तय है, उतना देना पड़ेगा। बक्सर से भरौली गोलम्बर की दूरी 6 किलोमीटर है एवं किराया 30 रूपया, जबकि भरौली से नरहीं की दूरी 15 किलोमीटर है। इसका भी किराया 30 रूपया है। यह भाड़ा खुद वाहन स्वामियों द्वारा ही तय कर लिया जाता है। मनमाने किराया पर कोई अंकुश नहीं है। चार दिन पहले तक ई-रिक्शा वाले चितबड़ागांव मोड़ से चितबड़ागांव तिराहे का पांच रूपया लेते थे। अब किराया सूची लगा कर दस रुपया वसूल रहे हैं। यात्रियों से अधिक वसूली पर प्रशासन भी मौन है। जो किराया सूची चस्पा की गई है, उस पर किसी यूनियन या किसी पदाधिकारी का नाम भी नहीं है। कौन दिया है? यह भी कोई बताने को तैयार नहीं है।

कोर्ट से पूर्व विधायक को मिला झटका

बेल्थरारोड। वाराणसी कोर्ट से पूर्व विधायक गोरख पासवान को झटका लगा है। कोर्ट ने 11 साल पहले इंटरसिटी एक्सप्रेस रोकने के मामले में लगी याचिका को खारिज कर दिया है। बता दें मामले में कोर्ट ने पूर्व विधायक गोरख पासवान को दोषी करार देते हुए तीन महीने की सजा सुनाई थी।

वाराणसी में विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अवनीश गौतम की अदालत ने एसीजेएम षष्टम के आठ अगस्त 2022 के फैसले को सही मानते हुए अभियुक्त को सात अप्रैल को हाजिर होने का आदेश दिया है। अभियोजन का पक्ष एडीजीसी विनय सिंह ने रखा। अपीलीय अदालत ने कहा कि अभियुक्त ने ऐसा कोई साक्ष्य नहीं दिया, जिसमें कहा गया हो कि उसने जनता को नहीं भड़काया।

मालूम हो कि एसआई डीके शर्मा ने चार अप्रैल 2012 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि सपा विधायक गोरख पासवान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने वाराणसी-गोरखपुर रेल प्रखंड पर बनकरा गांव के पास रेल फाटक बनाने की मांग को लेकर इंटरसिटी एक्सप्रेस को 18 मिनट तक रोक कर रखा था। मामले में अपर कोर्ट ने रेलवे अधिनियम की कई धाराओं में दोषी पूर्व विधायक गोरख पासवान को तीन माह की अधिकतम सजा और साढ़े चार हजार का जुर्माना आठ अगस्त 2022 को लगाया था।

हाईकोर्ट का खटखटायेंगे दरवाजा : गोरख

बेल्थरारोड। इस संबंध में पूर्व विधायक ने फोन पर हुई वार्ता में बताया कि उनकी अपील कोर्ट ने खारिज कर दी है। अब सजा के खिलाफ हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटायेंगे। वह इस बात पर कायम हैं कि उनके द्वारा ट्रेन न ही रोकी गई और न ही भीड़ को उन्होंने उकसाया था। वह भीड़ इकठ्ठा होने की जानकारी मिलने के बाद वहां पहुंचे और लोगों को समझा-बुझा कर वहां से हटाने की कोशिश की थी।

पूर्व विधायक ने इसी के खिलाफ दाखिल अपील में कहा था कि साक्ष्य पर आधारित सजा नहीं सुनाई, बल्कि भावनात्मक आधार पर सजा सुनाई गई। घटनास्थल पर पहले से भीड़ थी। इसकी जानकारी होने पर तत्कालीन विधायक मौके पर पहुंचे। भीड़ को समझा-बुझाकर हटाने की कोशिश भी की। अपीलीय अदालत ने कहा कि आरोप के खिलाफ कथित भूमिका को साबित करने का भार अभियुक्त पर था, जिसे वह साबित नहीं कर सका। ऐसे में अवर न्यायालय की सजा की पुष्टि की जाती है।

चौकीदार की शिकायत पर निलंबित हुए थानाध्यक्ष

बेल्थरारोड। भूमि विवाद के मामले में मुख्यमंत्री दरबार पहुंचा चौकीदार अमरनाथ राजभर बिलख पड़ा। उसकी फरियाद और पुलिसिया असहयोग की शिकायत सुन मुख्यमंत्री का भी पारा चढ़ गया। उनके फरमान के बाद भीमपुरा थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार को निलंबित होना पड़ा। एसपी राजकरण नय्यर ने इस कार्रवाई की पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि भीमपुरा थाना के कुशहा रसीदपुर निवासी चौकीदार अमरनाथ राजभर अपनी फरियाद लेकर विगत 28 मार्च को मुख्यमंत्री दरबार गोरखपुर पहुंचे। यहीं, शिकायतकर्ता की मुलाकात चौकीदार संघ के अध्यक्ष सूर्यमल पासवान से हुई। चौकीदार संघ के अध्यक्ष सूर्यमल पासवान के साथ पीड़ित चौकीदार अमरनाथ राजभर मुख्यमंत्री से मिले। मुख्यमंत्री को देखते ही चौकीदार बिलख कर रोने लगा। सीएम को चौकीदार ने बताया कि चौकीदार होने के बावजूद थानाध्यक्ष उससे अपराधी जैसा व्यवहार करते हैं। भूमि विवाद के मामले में राजस्व अभिलेख दुरुस्त होने के बावजूद उनका धारा 151 सीआरपीसी में चालान कर दिया गया। उसके समक्ष परिजनों का पालन-पोषण करना मुश्किल हो गया है। इस मामले में लापरवाही को लेकर अन्य अधिकारियों पर भी कार्रवाई होने के संकेत मिल रहे हैं।

25 हजार करोड़ से बिछ रहा सड़कों का जाल

बोले वीरेन्द्र सिंह मस्त

मई में कराया जायेगा बलिया-आरा नई रेल लाइन का शिलान्यास

बैरिया। सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने बताया है कि बलिया संसदीय क्षेत्र में पच्चीस हजार करोड़ रुपए की लागत से सड़कों का जाल बिछ रहा है। इसमें कुछ सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है तो कुछ सड़कें अभी प्रस्तावित है। सभी सड़कों का निर्माण कार्य पूरा हो जाने पर राहघाट की दुरुहता के मामले में जनपद अन्य जनपदों की तुलना में अत्यधिक विकसित हो जाएगा।

संसदीय कार्यालय सोनबरसा में शनिवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान सांसद श्री मस्त ने कहा कि बलिया रेलवे स्टेशन का सुंदरीकरण का कार्य प्रगति पर है। सुरेमनपुर में भी अमृत भारत योजना के तहत जल्द कार्य शुरू होगा। वहीं, शाहपुर (भोजपुर) से सोनबरसा मोड़ तक वाया लालगंज शिवपुर घाट के रास्ते सड़क निर्माण का टेंडर हो चुका है।

जल्द ही इसका निर्माण कार्य शुरू होगा। महुली में गंगा पर पक्का पुल की चर्चा करते हुए बताया कि भारत सरकार के मंत्री आरा के सांसद आरके सिंह, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह व मैं स्वयं भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर इस पुल एवं आरा से राष्ट्रीय राजमार्ग-31 तक टू-लेन की सड़क का प्रस्ताव रखा था। मंत्री ने इसकी तुरंत स्वीकृति दे दी। साथ ही इसका डीपीआर बनाने का आदेश भी जारी हो गया है। सांसद ने कहा कि आजादी के बाद बलिया का जितना विकास होना चाहिए था, उतना नहीं हो पाया था। मैंने कुछ प्रयास किया है।

अब जनपद के लोग आकलन कर-के बताएंगे कि मेरा प्रयास कितना सार्थक हो पाया है। अभी मुझे कितना प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि किसानों का गेहूं सरकार खरीदेगी। अगर आवश्यकता पड़ेगी तो और क्रय केंद्र खोले जाएंगे। किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। जोर देकर कहा कि आरा-बलिया नई रेल लाइन का शिलान्यास मई महीने में कराने का प्रयास करूंगा। सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो आरा-बलिया नई रेल लाइन का निर्माण कार्य इस वित्तीय वर्ष में शुरू हो जाएगा।

किशोर ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास

बैरिया। पिता की डांट से आक्रोशित किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने उसे गम्भीरावस्था में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना बैरिया थाना क्षेत्र के इब्राहिमाबाद गांव का है। यहां गणेश यादव के 15 वर्षीय पुत्र कल्लू उर्फ डब्लू को शनिवार की शाम खेत की रखवाली करने नही जाने पर पिता ने डांट पिलाई तो वह नाराज होकर रात में अपने कमरे में गमछे को कड़ी में बांध कर फांसी लगा लिया। दम घुटते समय कराहने पर परिजनों की नींद खुली। दरवाजा तोड़कर देखा तो डब्लू उर्फ कल्लू फंदे पर लटका हुआ था। परिजनों ने उसे उतार कर सोनबरसा अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक उसकी स्थिति गम्भीर बनी हुई थी। घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चा व्याप्त है।

शराब की दुकान के विरोध में प्रदर्शन

बलिया। शहर के राजेंद्र नगर में शराब की दुकान न खोलने को लेकर मोहल्लेवासियों ने जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान दर्जनों की संख्या में पुरुष और महिलाएं हाथों में झाड़ू आदि लेकर प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शन कर रही महिलाओं और युवतियों को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह मानने को तैयार नही हुए। इसके बाद मोहल्लेवासी कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को पत्रक सौंप कर शराब की दुकान न खोलने की मांग की। मोहल्लेवासियों ने कहा कि राजेन्द्र नगर में पारिवारिक घरों के आस-पास शराब की दुकानें खुली हैं। इससे मोहल्ले की स्थिति नारकीय हो गई है। मुख्य रास्ते पर शराब की दुकानें होने से दिनभर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। वह शराब के नशे में घरों के दरवाजे पीटते हैं। इन रास्तों से महिलाएं बाजार व छात्राएं गुलाब देवी स्कूल पढ़ने के लिए आती-जाती हैं। रास्ते पर खड़े शराबी छींटाकशी करते हैं। पुराने ठेकेदार अपनी दुकानें बंद कर दिए हैं। उस स्थान पर पुनः शराब की दुकान न खुले। इसके लिए मोहल्लावासियों ने जिलाधिकारी को पत्रक देकर गुहार लगाई है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि इसके पहले भी इस संबंध में अधिकारियों को पत्रक सौपा गया था, लेकिन हम लोगों की समस्या का समाधान नहीं हुआ।

बच्चों में किया पाठ्य पुस्तकों का वितरण

बलिया। जिले के 2249 परिषदीय विद्यालयों में शनिवार को अभियान चलाकर निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। स्कूलों में पंजीकृत करीब तीन लाख छात्रों को 11 लाख किताबें दी गयी। शासन की मंशा थी कि नये शैक्षिक सत्र में पहले ही दिन बच्चों को किताबें मिल जाए। इसे ध्यान में रखते हुए जिले के सभी शिक्षा क्षेत्रों के प्राइमरी और जूनियर हाईस्कूलों में सुबह से ही जनप्रतिनिधियों के हाथों पुस्तकों के वितरण का कार्यक्रम शुरू कर दिया गया था। यहां पंजीकृत बच्चों के लिये करीब 15 लाख किताबों की आवश्यकता है, जिसमें से 11 लाख से अधिक किताबें पिछले माह ही शासन ने उपलब्ध करा दी थी। इसे करीब एक सप्ताह पहले ही जिला मुख्यालय से स्कूलों पर भेज दिया गया था। बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीराम सिंह ने बताया कि उपलब्ध पुस्तकों को समय से स्कूलों पर भेजने के साथ ही संबंधित खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिया गया था कि वे शैक्षिक सत्र के पहले ही दिन हर हाल में बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करा दें। उन्होंने यह भी बताया कि जो शेष पुस्तकें अभी प्राप्त नहीं हुई हैं, उसके लिये शासन को पत्र भेजा गया है। वह पुस्तकें मिलते ही बच्चों तक पहुंचा दी जाएगी।

राज्य सम्मेलन में शामिल होने का आह्वान

शिक्षकों की बैठक को संबोधित करते वक्ता

बलिया। उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ के जनपदीय पदाधिकारियों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं की बैठक कुंवर सिंह इण्टर कालेज में जिलाध्यक्ष बालेश्वर सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें मुख्य रूप से पांच और छः अप्रैल को लखनऊ के सेंटीनियल कालेज में आयोजित राज्य सम्मेलन में सहभागिता करने पर विचार विमर्श किया गया। इसके अलावा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय तथा जेडी कार्यालय में हो रहे शिक्षकों के शोषण की समस्या पर भी गंभीरता से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने संगठन की पुरानी धमक को पुनर्स्थापित करने के लिए एकजुट होने तथा भारी संख्या में उक्त सम्मेलन में भागीदारी करने का आह्वान किया। मौके पर रमेश ओझा, अनुज सिंह, आशुतोष सिंह, यादवेन्द्र उपाध्याय, दयाशंकर, केके पाण्डेय, प्रधानाचार्य शशि कुमार, समीर कुमार पाण्डेय, डा. रामाश्रय यादव, अवनीश कुमार, शिव कुमार शर्मा, सुनील कुमार तिवारी, आलोक कुमार सिंह, शंकर यादव, राजेश कुमार, संतोष पाण्डेय आदि उपस्थित रहे। संचालन जिला मंत्री जगत नारायण मिश्र ने किया।

अवध पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल का वितरण

बलिया। शहर के घनश्याम नगर स्थित अवध पब्लिक स्कूल पर वार्षिक परीक्षाफल का वितरण प्रधानाचार्या छाया द्वारा किया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या छाया ने कहा कि कठिन परिश्रम से ही कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। प्रधानाचार्या ने बताया कि नवीन सत्र का प्रारंभ तीन अप्रैल से होगा। विद्यालय की सहायक अध्यापिका कुमारी मीनू गुप्ता ने कक्षा में आए हुए अव्वल छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने की शुभकामनाएं ज्ञापित किया। विद्यालय के वार्षिक परीक्षा में आयुष साहनी कक्षा-एलकेजी, अनुष्का वर्मा कक्षा-3 एवं कुमारी जिज्ञासा कक्षा-एलकेजी क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के सह-निर्देशक साकेत त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर गणेश गुप्त, अभिषेक उपाध्याय, वेदांशी त्रिपाठी, अरुण कुमार, रविशंकर चौबे, प्रीति पाण्डेय आदि उपस्थित रहे। आभार सहायक अध्यापिका निशा चौरसिया ने व्यक्त किया।

25 हजार की खरीदारी पर मिलेगा स्कीम का लाभ

राहुल सर्राफ

बलिया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के अवसर पर ऐश्प्रा अपने ग्राहकों को विशेष उपहार देने जा रहा है। इस बार इनाम में बढ़ोत्तरी करते हुए कुल 51 लाख रूपये का उपहार लकी ड्रा के माध्यम से दिया जाएगा, जिसमें एक मारूती सियाज के साथ सात हीरो बाइक आदि उपहार शामिल है।

ऐश्प्रा के राहुल सराफ ने बताया कि यह आफर दो अप्रैल से 21 अप्रैल तक लागू रहेगा। इस बार ऐश्प्रा ने छोटे ग्राहकों को भी इस स्कीम में शामिल करने का मौका देते हुए 25 हजार रूपये की खरीदारी पर ही कूपन लागू किया है, जबकि इसके पूर्व यह राशि 50 हजार रूपये थी। अधिक धनराशि होने के कारण अधिकांश छोटे ग्राहक इस स्कीम का लाभ नहीं उठा पाये। इसको ऐश्प्रा ने गंभीरता से लेते हुए अब 50 की जगह 25 हजार की खरीदारी सुनिश्चित की है। साथ ही प्रत्येक खरीदारी पर एक चांदी का सिक्का मिलना तय है।

इलाज के दौरान घायल ई-रिक्शा चालक की मौत

बैरिया/मझौवां। सड़क दुर्घटना में घायल ई-रिक्शा चालक की इलाज के दौरान सदर अस्पताल में रविवार को मौत हो गयी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार चकिया गांव निवासी अजय सिंह मुन्ना (45) अपनी ई-रिक्शा लेकर शनिवार की देर शाम रामगढ़ से बैरिया लौट रहे थे कि दयाछपरा-गजहवा बाबा स्थान के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो से ई-रिक्शा की टक्कर हो गयी। इसमे अजय गम्भीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची बैरिया पुलिस ने बोलेरो को कब्जे में ले लिया। वहीं, घायल ई-रिक्शा चालक अजय को इलाज के लिए सोनबरसा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। स्थिति को गम्भीर देखते हुए प्रथमिक उपचार के बाद अजय को चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान रविवार की भोर में उसकी मौत हो गयी।

चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान दें युवा

बोले प्रो.रामकृष्ण

नववर्ष संवत 2080 विक्रमी विकासोत्सव समारोह संपन्न

बलिया। अखिल भारतीय क्षत्रिय मंच और अन्नू बाबा फाउंडेशन की ओर से नववर्ष संवत 2080 विक्रमी विकासोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचगांवा का समावेशी विकास विषयक परिचर्चा आयोजित हुई। इसमें सोहन सिंह, प्रवीण प्रताप सिंह, ब्रजेश संह, डा. अंजनी सिंह, कवलदेव सिंह, लल्लन सिंह आदि ने संबोधित किया।

फाउंडेशन के अध्यक्ष सोहन सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय क्षत्रिय मंच और फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से बलिया में शासन की ओर से महाराणा प्रताप की मर्ति लगाने की प्रक्रिया चल रही है। हमारा प्रयास है कि पंचगांवा का समावेशी विकास हो एवं पंचगांवा में रहने वाले विशेन वंशीय क्षत्रियों के पूर्वज अन्नू बाबा की मूर्ति स्थापित की जाए। मुख्य अतिथि प्रो. रामकृष्ण उपाध्याय ने कहा कि आज के युवाओं को चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। संपूर्ण समाज को एकजुट होकर राष्ट्रहित के संदर्भ में विचार करना चाहिए। क्योंकि जब व्यक्ति सरल और सुदृढ़ होगा, तब समाज सबल होगा। इस अवसर पर ब्रजेश सिंह, ठाकुर दयाल सिंह, रामचंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, आनंद सिंह, सर्वचन राय, शेषनाथ सिंह, चंद्रप्रताप सिंह, चंद्रभान सिंह, मोतीलाल सिंह, जवाहर लाल सिंह, गौरीशंकर सिंह, सूर्यनाथ सिंह, संतोष, शैलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

प्रधानाचार्य ने ग्रहण किया कार्यभार

बलिया। नागाजी सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माल्देपुर, बलिया में नवागत प्रधानाचार्य शैलेंद्र त्रिपाठी ने अपना कार्यभार ग्रहण किया। विद्यालय में एक संक्षिप्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के सभी आचार्य बंधुओं एवं प्रधानाचार्य का परिचय हुआ। मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा कि यह विद्यालय अखिल भारतीय स्तर पर एक अपना मुख्य स्थान और गौरव प्राप्त करेगा, ऐसा हमें विश्वास है। हम सभी आचार्य बंधु एवं आचार्या बहन मिलकर इस विद्यालय को अपने गौरव पर पहुंचाने का काम करेंगे। इस कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के प्रबंध समिति के प्रबंधक अनिल कुमार सिंह ने कहा कि हमें उम्मीद है कि प्रधानाचार्य अपने कुशल नेतृत्व में विद्यालय को शिखर पर पहुंचाने का काम करेंगे। सभी आचार्य बंधु प्रबंध समिति मिलकर प्रधानाचार्य का सहयोग करते हुए अपना कार्य करेंगे।

चोरी की बाइकों के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार

किया चालान

मुखबिर की सूचना पर पुलिस को मिली सफलता

चोरी की बाइकों के साथ पकड़े गये शातिर चोर

बलिया। कोतवाली पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चोरी की तीन बाइक बरामद करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने पकड़े गये अभियुक्तों को संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया।

पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर के निर्देशन में अपराध के समूल उन्मूलन एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान में रविवार को उनि अजय कुमार त्रिपाठी मय फोर्स देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन में वैशाली तिराहा रेलवे स्टेशन के बाहर मौजूद थे कि मुखबीर खास ने सूचना दिया कि दो व्यक्ति चोरी की बाइक के साथ कटहल नाला के पास खड़े है तथा किसी का इन्तजार कर रहे है। पुलिस ने कटहल नाला के पास खड़े हुए जिशान खान पुत्र स्व. जमाल खान निवासी भूराडीह, थाना खेजुरी एवं मो. इरशाद पुत्र मो. इकलाख खान उर्फ लक्खू निवासी प्रेमचक उमरगंज, थाना कोतवाली बलिया को हिरासत में ले लिया। उनके कब्जे से बाइक बरामद हुई। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि हम लोग जनपद व अन्य स्थानों से बाइक चोरी करके उस पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर उसका चेचिस नंबर बदल कर फर्जी कागजात तैयार करके आस-पास के जनपदों व बिहार प्रांत में बेच देते है। थाना कोतवाली क्षेत्र से 25 मार्च को चोरी हुई गाड़ी के बारे में पूछताछ करने पर उन्होंने स्वीकार करते हुए मो. इरशाद के घर के पास से दो अन्य बाइक बरामद कराया। पुलिस टीम में उनि अजय कुमार त्रिपाठी, हेकां. अनिल यादव, हेकां. मनोज यादव, हेकां. गिरीश यादव, कां. शशि भूषण, कां. अभय प्रताप शामिल रहे।

चार शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

आयोजन

साथियों ने अंगवस्त्र के साथ भेंट किया उपहार

सेवानिवृत्त शिक्षकों को विदाई देते लोग

बेल्थरारोड। क्षेत्र के चार शिक्षक 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो गये। नगर के जीएमएएम इन्टर कालेज के वाणिज्य प्रवक्ता ओंकार सिंह के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उनके सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद मोबिन के नेतृत्व में सादे समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षक ओंकार सिंह को अंगवस्त्र देकर भावभीनी विदाई दी गयी।

विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद मोबिन ने कहा कि ओंकार सिंह एक कुशल अध्यापक रहे है। उन्होंने पूरे मनोयोग से अध्यापन कार्य में अपने दायित्व का निर्वहन किया। वही, सेवानिवृत्त होने पर ओंकार सिंह ने कहा कि विद्यालय परिवार द्वारा जो हमे प्रेम मिला है, वह हमेशा याद रहेगा। विदाई समारोह में अध्यापक प्रवीण सिंह, योगेश सिंह, अरशद अली, सुहेल उस्मानी, लिपिक एजाज अहमद, प्रमोद यादव आदि मौजूद रहे। स्थानीय नगर के डीएवी इन्टर कालेज के प्रधानाचार्य बनारसी यादव, उप प्रधानाचार्य रमेश कुमार भी सेवानिवृत हो गये। एक सादे समारोह में सेवानिवृत्त द्वय शिक्षकों को कालेज के शिक्षकों तथा छात्रों की तरफ से माला पहनाकर स्वागत करते हुए उपहारों से नवाजा गया। इस मौके पर श्रीकान्त यादव, अमरनाथ मौर्य, रामकुंवर प्रसाद, डा. अभिषेक जौहरी, रत्नेश दूबे, अखिलेश गुप्ता, कुलदीप सिंह, अशोक कुमार यादव, मदन यादव, ओमप्रकाश यादव, सिद्धार्थ सहित आदि मौजूद रहे। नगर की श्यामसुन्दर बालिका इण्टर कालेज की प्रधानाध्यापिका नीलिमा श्रीवास्तव के भी सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिवार द्वारा अंगवस्त्र देकर भावभीनी विदाई दी गयी। प्रधानाध्यापिका नीलिमा श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यालय परिवार द्वारा जो हमे प्रेम मिला है, वह हमेशा याद रहेगा।

मारपीट में युवक घायल

बांसडीह। कोतवाली क्षेत्र के खरौनी गांव में शनिवार की देर शाम कुछ युवकों ने मारपीट कर एक युवक को घायल कर दिया। पुलिस ने घायल युवक की तहरीर पर मारपीट का मुकदमा कायम किया है। गांव के आटा चक्की मशीन पर 22 वर्षीय सुमीत सिंह गये थे। आटा चक्की के पास ही अनिष शर्मा व मनीष शर्मा से वाद-विवाद के बाद मारपीट हो गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने दोनों पक्षों को शांत कराया। सुमीत सिंह को सिर, पेट आदि में चोट लगा है। पुलिस ने सुमीत की तहरीर पर अनीष व मनीष के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

कार्यालय ग्राम पंचायत हसनपुर उर्फ भरथीपुर, वि0ख0 तरवां, आजमगढ़

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध 17. भूसाचोकर एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 03.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय अपराह्न 03:00 बजे।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 02.04.2023

(अनिल चौहान)	**(रमेश)**
ग्राम प्रधान	ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. हसनपुर उर्फ भरथीपुर, वि.खं. तरवां	ग्रा.पं. हसनपुर उर्फ भरथीपुर, वि.खं. तरवां
आजमगढ	आजमगढ़

सेवानिवृत्ति पर डा. आरएन उपाध्याय को किया सम्मानित

बलिया। सदर अस्पताल के वरिष्ठ सर्जन डा. आरएन उपाध्याय के सेवानिवृत्त होने पर कामेश्वर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रविवार को उन्हें सम्मानित किया गया। उनके आवास पर आयोजित संक्षिप्त समारोह में ट्रस्ट के सचिव संतोष तिवारी ने उन्हें स्मृति चिन्ह व अभिनन्दन पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर डा. आरएन उपाध्याय ने कहा कि बलिया में कार्यकाल के दौरान मिले सम्मान को कभी भूल नहीं सकता। महर्षि भृगु की धरती पर 22 वर्ष तक अपने दायित्वों का निर्वहन किया। इस दौरान जो भी अनुभव हुआ, वह बेमिसाल रहा। उन्होंने जोर देकर कहा कि गरीबों के उपचार में कामेश्वर चैरिटेबल ट्रस्ट के योगदान को कभी भूला नहीं जा सकता। ट्रस्ट के सचिव संतोष तिवारी ने कहा कि ट्रस्ट के बैनर तले गरीब एवं असहाय लोगों का सफल उपचार करने में डा. आरएन उपाध्याय का भरपूर सहयोग रहा। ट्रस्ट इनके योगदान को हमेशा याद रखेगा। इस मौके पर राजेश कुमार, दीपक चौरसिया, नवीन सिंह, अनिल कुमार, संजय तिवारी, पिंटू खरवार, आदित्य यादव, शिवम आदि मौजूद रहे।

राजीव शर्मा को दी गयी श्रद्धांजलि

राजीव शर्मा के चित्र को नमन करते सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त, पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी, शशांक शेखर, कमलेश सिंह, एचएन शर्मा एवं अन्य

बलिया। नगर के आवास विकास कालोनी में स्थित आवास में रेलवे में कार्यरत रहे बाबू राजीव कुमार शर्मा को रविवार को श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी, राजधारी सिंह, कमलेश सिंह, शशिकांत चतुर्वेदी, कप्तान उपाध्याय, लालबचन यादव, पत्रकार सुधीर ओझा, रोशन जायसवाल, अजय कुमार उपाध्याय बबुआ, रणविजय सिंह, ओंकार सिंह, वीरेंद्र राय आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किया।

गौरतलब हो कि राजीव शर्मा विगत एक वर्ष से बीमार चल रहे थे। उनका निधन दिल्ली के रेलवे अस्पताल में 14 मार्च को हुआ और दिल्ली में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। दिल्ली में ब्रह्मभोज के आयोजन के बाद गृह जनपद बलिया में भी रविवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सबको भोज कराया गया। आवास विकास स्थित आवास पर स्व. राजीव शर्मा को उनके परिजनों ने भी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर एचएन शर्मा, आरपी शर्मा, ब्लाक प्रमुख शशांक शेखर, डा.सुनील शर्मा, राहुल आर्या, आशीष कुमार, अनमोल शर्मा, अभिषेक शर्मा, आरती शर्मा, अर्चना शर्मा, भावना शर्मा, शान्वी आदि ने श्रद्धांजलि दी।

सिटी मजिस्ट्रेट ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

बलिया। शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी के मार्ग दर्शन पर सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने विशेष अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया गया। चैक क्षेत्र से नगर पालिका की पटरी खाली कराई गई बीच में दुकानदारों को भी कड़ी हिदायत दी गई और जुमार्ना भी वसूला गया यह कहा गया क्या बिना स्थानों पर नाली छोड़कर अपना पटरी पर दुकान नहीं लगाना है हिदायत के बाद कोई दुकान लगाता है उसके समान जबकि जाएगी साथी जुमार्ना लगाया जाएगा। उन्होंने पूरा नगर क्षेत्र के लोगों से यह अवगत कराया है कि सड़क के दोनों तरफ नाली को छोड़ दें और अतिक्रमण स्वयं अपना हटा ले नगर पालिका द्वारा हटाया जाएगा तो जुमार्ना भी वसूला जाएगा इसलिए अपना अतिक्रमण स्वयं हटाले। इस अभियान में क्षेत्राधिकारी नगर राजेश कुमार तिवारी, प्रभारी इंस्पेक्टर कोतवाली बलिया संजय शुक्ला, यातायात प्रभारी राजीव कुमार सिंह, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के साथ आर आई नगर पालिका बलिया सफाई निरीक्षक नगर पालिका परिषद बलिया शामिल रहे।

नाम के अनुरूप हो चन्द्रशेखर हाफ मैराथन

राष्ट्रनायक चंद्रशेखर मैराथन समिति की बैठक में उपस्थित एमएलसी रविशंकर सिंह पप्पू एवं अन्य

बोले रविशंकर सिंह पप्पू

प्रतिभागियों को नहीं होनी चाहिए किसी तरह की दिक्कत

बलिया। आगामी 19 अप्रैल को आयोजित चन्द्रशेखर हाफ मैराथन सद्भावना दौड़ नाम के अनुरुप हो, ऐसी तैयारी होनी चाहिए। उनकी स्मृति में आयोजित सद्भावना दौड़ में बलिया में आने वाले सभी प्रतिभागियों के आवास का उत्तम प्रबंध कर लिया जाय। शारदा आटो मोबाइल्स पटपर (पचखोरा) से शुरू होकर वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम तक के मैराथन पथ पर खिलाड़ियों को कोई दिक्कत न हो।

उक्त बातें समिति के सह संरक्षक एवं एमएलसी रविशंकर सिंह पप्पू ने कासिम बाजार स्थित आवास पर आयोजित राष्ट्रनायक चन्द्रशेखर मैराथन समिति की बैठक में व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि बाबा चंद्रशेखर की स्मृति में आयोजित होने वाला हाफ मैराथन देश-विदेश में अपना स्थान रखता है। इसलिए सारी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाए। समिति के सचिव उपेन्द्र सिंह ने बताया कि हाफ मैराथन के सफल आयोजन हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से सभी सदस्यों को जिम्मेदारी बांटकर आयोजन को सफल बनाया जायेगा।

कार्यालय ग्राम पंचायत भगवानपुर, वि0ख0 तरवां, आजमगढ़

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/ योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध 17. भूसाचोकर एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 03.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय पूर्वान्ह 12:00 बजे।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 02.04.2023

(इन्द्रमणि यादव)	**(रमेश)**
ग्राम प्रधान	ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. भगवानपुर, वि.खं. तरवां	ग्रा.पं. भगवानपुर, वि.खं. तरवां
आजमगढ	आजमगढ़

राजभर समाज के हित व मान-सम्मान के लिए कोई कसर नहीं छोड़ूंगाः सकलदीप राजभर

बेल्थरारोड। अखिल भारतीय राजभर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सकलदीप राजभर ने कहा कि मैं राजभर समाज के हित को सर्वोपरि रखते हुए उनके मान-सम्मान व स्वाभिमान के लिए कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। क्षेत्र के सबसे बड़ी ग्राम पंचायत हल्दीरामपुर के मौजा नारा पार में रविवार को संगठन की आयोजित सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अब मुझे राष्ट्रीय की मान्यता का प्रपत्र रजिस्ट्रार ऑफिस से मिल चुका है। इससे पूर्व इस संगठन में राष्ट्रीय अध्यक्ष के करीब 10 की संख्या में विभिन्न नाम से संगठन कायम कर दावेदार थे। कहा कि हम सभी को एक मंच पर लाने के लिए इस सभा का आयोजन कराया था। खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे अधिकांश लोगों का समर्थन आज मिला। सभी की इच्छा थी कि एक मंच के बैनर तले समाज के हित में चर्चा की जाय। कहा कि अब हमारा संगठन राजभर समाज के लोगों को अनुसूचित जन जाति की श्रेणी शामिल करने के लिए प्रयास शुरू कर दिये हैं। समारोह के विशिष्ट अतिथि क्षेत्र के पूर्व सांसद एवं संगठन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बब्बन राजभर ने कहा कि अब तक तो सपा तथा बसपा की पार्टी केन्द्र में उनकी सरकार न होने की बात कह कर राजभर समाज को आरक्षण का उचित लाभ दिला न सकी। संयोग ऐसा है कि केन्द्र तथा राज्य में एक दल की ही सरकार है। उन्होंने कहा कि सरकार के सामने अपनी ताकत का एहसास कराने के लिए राजा सुहलदेव के शौर्य दिवस के अवसर पर आगामी 10 जून को एक विशाल रैली व सभा का आयोजन बलिया में सिकन्दरपुर अथवा मऊ शहर के अन्दर किये जाने की घोषणा की। चुनौती देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष के दावेदारों का आह्वान किया कि वे लोग इस समय संगठन को मजबूत करने के लिए अपना कार्य दिखलाये समय आने पर उनको भी राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद दिलवाने का काम किया जायेगा।

देश के विकास में शिक्षा महत्वपूर्ण कड़ी : सिटी मजिस्ट्रेट

कोपागंज, मऊ। देश के विकास में शिक्षा महत्वपूर्ण कड़ी है। गांव से लेकर शहर तक सभी को शिक्षा के प्रति जागरूक होकर बच्चों को शिक्षा की तरफ आकर्षित कराना चाहिए। जिससे अधिक से अधिक बच्चे शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ सकें। इसलिए हर माता-पिता को अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए स्कूल भेजना चाहिए। ऐसा करने से बच्चों का बौद्धिक विकास के साथ संस्कार भी आएंगे। यह बात रविवार सिटी मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार ने डांडी स्थित एक पब्लिक स्कूल के उद्घाटन समारोह के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि विद्या ऐसा धन है,जो खर्च करने पर घटने के बजाय बढ़ता जाता है। यह ऐसा धन है जिसे कोई चोर चुरा नहीं सकता और न कोई इस धन में अपनी हिस्सेदारी मांग सकता। इस धन से बड़ा दूसरा कोई धन नहीं है। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते सपा के वरिष्ठ नेता राजीव राय ने कहा कि शिक्षा का वैयक्तिक उद्देश्य एक प्राचीन उद्देश्य है। इस उद्देश्य के सार्थक समाज की अपेक्षा व्यक्ति को बड़ा मानते हैं। कहा कि शिक्षा के बिना व्यक्ति और विकसित समाज की कोरी कल्पना करना है। समाज के बुद्धजीवियों ने ही मिलकर अपने हितों की रक्षा करने के लिए समाज की रचना की है तथा समय-समय पर संस्कृति, सभ्यता एवं विज्ञान के क्षेत्रों में भी अपना-अपना योगदान दिया है। इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उप जिला अधिकारी आनंद कनौजिया, प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक विद्यालय बीएन चैधरी, जिला कृषि अधिकारी उमेश कुमार, सहायक पंचायत राज अधिकारी महेंद्र प्रसाद रजक, सपा के अल्ताफ अंसारी, सपा पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव साधु आदि क्षेत्रवासी मौजूद थे।

25 हजार का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

बलिया। मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में लागू अपराध मुक्त नीति के आलोक में एवं पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे धर पकड़ के सघन अभियान के क्रम में थाना खेजुरी पर 06 मार्च 2023 को पंजीकृत मु0अ0सं0 35/2023 धारा 2/3(1) उ0प्र0 गिरोह बन्द एंव समाज विरोध क्रिया कलाप निवारण अधि0 1986 में नामित इनामिया अभियुक्त इरशाद पुत्र सकूर निवासी ग्राम मुहल्ला गंधी थाना सिकन्दरपुर जनपद बलिया (जो कि गैंग का सक्रिय सदस्य है) को थाना सिकन्दरपुर पुलिस टीम द्वारा 02 अप्रैल 2023 को मुखबिर की सूचना पर मैनापुर मोड़ से पुलिस हिरासत लिया गया। अभियोग उपरोक्त में नामजद अभियुक्तगण के गिरफ्तार न होने की दशा मे पुलिस अधीक्षक द्वारा पूर्व में ही 25000 रुपया का इनाम घोषित किया गया है। उपरोक्त मुकदमे से संबंधित अन्य अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा तलाश व दबिश दी जा रही है।

कार्यालय ग्राम पंचायत ऐरा बुजुर्ग, वि0ख0 तरवां, आजमगढ़

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध 17. भूसाचोकर एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 03.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय पूर्वान्ह 02:00 बजे।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 02.04.2023

(राम प्यारे यादव)	**(रमेश)**
ग्राम प्रधान	ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. ऐरा बुजुर्ग, वि.खं. तरवां	ग्रा.पं. ऐरा बुजुर्ग, वि.खं. तरवां
आजमगढ	आजमगढ़

संक्षेप

वाहन में क्रूरतापूर्वक लदे 12 मवेशी बरामद, 06 गिरफ्तार

मऊ। थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा षनिवार सायंकाल देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर जमालपुर रेलवे स्टेशन के पास से डीसीएम वाहन (यूपी82एटी3443) को रोककर चेक किया गया तो उसमें क्रूरतापूर्वक लदे 05 राशि गाय, 05 राशि भैंस व 02 राशि बछड़े सहित कुल 12 मवेशी बरामद हुये। इस दौरान उक्त वाहन में बैठे 05 व्यक्तियों क्रमशः जितेन्द्र कुमार पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी नगलाजेई थाना जैथरा जनपद एटा, दिनेश पुत्र विश्राम यादव, जयराम यादव पुत्र विश्वनाथ यादव निवासीगण तुलसीपुर थाना मुहम्मदाबाद मऊ, उपेन्द्र यादव पुत्र शोभनाथ, सतेन्द्र पुत्र शोभनाथ निवासीगण सौना थाना दुल्लहपुर गाजीपुर व उद्धरेज पुत्र अतवारु निवासी भटौली थाना चिरैयाकोट मऊ को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर उक्त अभियुक्तों के विरुद्ध अर्न्तगत धारा 3/5ए/8 गोवध निवा0 व 11 पशु क्रूरता अधि0 में अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

धूमधाम से मनाया जायेगा श्री हनुमान जन्मोत्सव

मऊ। नगर के हनुमानगढ़ी तिराहा श्री हनुमान जी की मंदिर निकट रेलवे क्रॉसिंग में आगामी 6 अप्रैल दिन गुरुवार को श्री हनुमान जी महाराज की जन्म उत्सव की तैयारी धूमधाम से की जाएगी। इस जन्म उत्सव की तैयारी के लिए श्री हनुमान जी के मंदिर पर एक बैठक आयोजित की गई जिसमें जन्म उत्सव को गरिमामय बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि आगामी 6 अप्रैल को कलयुग का साक्षात देवता बल बुद्धि एवं विद्या के सागर श्री हनुमान जी महाराज का जन्म उत्सव के क्रम में सबसे पहले श्री हनुमान जी महाराज के महामंत्र के जप के साथ श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ प्रातः 6:30 बजे से आयोजित किया जाएगा जिसके पश्चात भजन एवं चेतन कार्यक्रम होगा तत्पश्चात श्री हनुमान जी महाराज को 56 भोग से भोग लगाकर प्रसन्न किया जाएगा। विशाल भंडारा तथा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसी क्रम पूरे मंदिर को गेंदे और गुड़हल के फूलों से तथा गुब्बारे से सजाया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए मंदिर समिति के प्रमुख डॉक्टर रामगोपाल गुप्ता ने बताया कि श्री हनुमान जी महाराज का जन्म उत्सव पूरे मऊ नगर में अनूठा एवं भावपूर्ण होगा। उन्होंने सभी भक्तों से विनम्र अनुरोध किया कि उक्त जन्मोत्सव में भाग लेकर अपना और अपने पूरे परिवार का जीवन सहज सुंदर एवं सफल बनावे तथा पुण्य के भागी बने।इस इस अवसर पर मुख्य रूप से बब्बन सिंह, आनंद गुप्ता, विनोद भोले, ओम प्रकाश प्रजापति, तरुण कुमार, संतोष मद्धेशिया, ध्रुवनारायण मद्धेशिया, पंकज कुमार, स्वामीनाथ गुप्ता, अजय मिश्रा, डॉ रमेश शर्मा, संजय मद्धेशिया, आनंद कुमार गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, अनिल शर्मा, श्रीराम लोहिया, जेएन सिंह, अखिलेश बरनवाल आदि मौजूद रहे।

डॉ. सर्वेश पांडेय बने महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय के कुलसचिव

मऊ। डीसीएसके पीजी कालेज के यशस्वी प्राचार्य व डीएवी इंटर कालेज के प्रबंधक डॉ सर्वेश पाण्डेय को महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ का कुलसचिव बनाया गया है। उनको नई जिम्मेदारी मिलने पर आजमगढ़ व मऊ के सामाजिक सरोकारो से जुड़े लोगो व शिक्षाविदो की खुशिया देखते बन रही है। श्री पाण्डेय दशको से डिग्री कालेज के प्रोफेसर रहने के बावजूद अपने मिलनसार प्रवृत्त के कारण हर वर्ग के लोगो मे खासे लोकप्रिय है। उनके कुलसचिव बनने पर शिक्षा जगत से जुड़े लोंगो के अलावा राजनीतिक व व्यापार जगत से जुड़े लोगो मे भी उनके कुल सचिव बनने पर प्रशन्नत्ता ब्यक्त की। उधर उनके कुल सचिव बनने पर ब्राह्मण विकास परिषद ने उनका सम्मान किया। संगठन के संरक्षक राम जी उपाध्याय ने बताया कि कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी के कारण यह पद प्राप्त हुआ। परिषद के अध्यक्ष ऋषिकेश पांडेय ने उनके मंगलमय भविष्य की कामना की, और साथ ही साथ यह बताया कि मऊ जनपद का यह सौभाग्य है जो कुलसचिव का पद प्राप्त हुआ। सम्मानित करने वालों में विजय शंकर तिवारी, राम जपित पांडेय, अमरनाथ मिश्र, रमाकांत पांडेय, मृत्युंजय तिवारी, डॉ लक्ष्मी शंकर दुबे, पंकज तिवारी, ऋषिकेश तिवारी इत्यादि उपस्थित रहे।

जल संचयन सहित सामाजिक एवं शैक्षिक सेवाओं में योगदान हेतु सम्मान

मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ। करहां बाजार स्थित बाबा बहाल दास इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित एक भव्य अभिनंदन समारोह में वर्षा जल संचयन सहित विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षिक सेवाओं में उल्लेखनीय योगदान हेतु अनेक विभूतियों को सम्मानित किया गया। इसमें जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जूनियर विद्यालय शमशाबाद के प्रभारी प्रधानाध्यापक नरेश यादव, मुख्य अतिथि क्षेत्र के ख्यातिप्राप्त उद्यमी पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी एवं वर्तमान ग्राम प्रधान हिंडोला सहित प्रबंधक चंद्रशेखर मौर्य के द्वारा अनेक ऐसे लोगों का अभिनंदन किया गया जिनका क्षेत्र विशेष में जल संचयन, सामाजिक एवं शैक्षिक सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सम्मानित होने वाले लोगों में रामजनम सिंह, लछिराम प्रसाद, कुँवर अजीत सिंह, श्यामसुंदर, प्रभात रंजन, अविनाश ठाकुर, विवेक चैहान, पुष्पा देवी, सुनील कुमार यादव, नीलम दूबे, अवधेश सरोज, शमशेर भारती, मुल्कराज आनंद, अजय कुमार, प्रमोद यादव, छविलाला भारती आदि प्रमुख रहें। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना-नृत्य, स्वागत गीत, समूह नृत्य, नाटक, प्रहसन सहित जल संचयन पर विविध प्रस्तुतियों से लोगों को भावविभोर कर दिया। प्रबंधक चंद्रशेखर मौर्य ने आगत अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मंच से सभी को वर्षा जल संचयन हेतु शपथ दिलाई।

नगर निकाय चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन चौकन्ना

मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ। नगर निकाय चुनाव की सरगर्मी बढ़ने से पुलिस प्रशासन अब कानून व्यवस्था को लेकर काफी चैकन्ना हो गया है। नगर में अमन शांति और कानून व्यवस्था कायम रखने और अराजक तत्वों पर कड़ी निगाह रखने को लेकर पुलिस कर्मियों को अलर्ट किया जा रहा है। तैयारी को लेकर रविवार को मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली प्रभारी संजय कुमार त्रिपाठी ने कोतवाली क्षेत्र के सभी चैकी इंचार्ज और पुलिस कर्मियों की संयुक्त बैठक लिया और सभी को अलर्ट रहने का निर्देश दिया।

कोतवाल श्री त्रिपाठी ने कहा कि सभी त्यौहार सकुशल संपन्न होने के बाद अब नगर निकाय चुनाव को लेकर तैयार रहना है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत चुनाव में कानून व्यवस्था कायम रखने को लेकर बीट के सभी पुलिसकर्मी और चैकी इंचार्ज अपने-अपने क्षेत्रों में मुस्तैद रहें। कहा कि नगर पंचायत चुनाव भी काफी संवेदनशील होता है। ऐसे में अराजक तत्वों पर कड़ी निगाह रखने की जरूरत है। साथ ही गड़बड़ी फैलाने वालों को पहले से ही चिन्हित कर चेतावनी देने की आवश्यकता है।

कहा कि रात में अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति घूमता मिले तो उसके बारे में पूरी तहकीकात किया जाए। उन्होंने पुलिसकर्मियों से कहा कि नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी गश्त पर मुस्तैद रहें और छोटी मोटी चोरियों पर भी अंकुश लगाने का प्रयत्न करें। बैठक में वलीदपुर चैकी इंचार्ज आदर्श कुमार श्रीवास्तव, कस्बा चैकी प्रभारी गंगाराम बिंद, खैराबाद चैकी प्रभारी बलिराम प्रसाद, सिकठिया चैकी इंचार्ज राजेश वर्मा, सीसीटीएनएस प्रभारी अब्दुर्रब, हेड कांस्टेबल विंध्यवासिनी सिंह, विवेक गुप्ता, कंस्टेबल दुर्गेश शर्मा, मुलायम यादव, प्रदीप मिश्रा, गंगाराम सहित सभी पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत श्रीनगर (सियरहा), वि0ख0 बिलरियागंज, आजमगढ़

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 03.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय मध्यान्ह 12:00 बजे।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 02.04.2023

(भावना यादव)	**(अमरजीत यादव)**
ग्राम प्रधान	ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. श्रीनगर (सियरहा), वि.खं. बिलरियागंज	ग्रा.पं. श्रीनगर (सियरहा), वि.खं. बिलरियागंज
आजमगढ	आजमगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत गद्दीपुर, वि0ख0 बिलरियागंज, आजमगढ़

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 03.04.2023 से 09.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 10.04.2023 समय अपरान्ह 01:00 बजे।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 02.04.2023

(रीता यादव)	**(अमरजीत यादव)**
ग्राम प्रधान	ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. गद्दीपुर, वि.खं. बिलरियागंज	ग्रा.पं. गद्दीपुर, वि.खं. बिलरियागंज
आजमगढ	आजमगढ़

विधवा बहू को ससुराल पक्ष के लोगों ने पीटा

दबंगई

पुलिस पर पथराव, तीन सिपाही घायल

पारिवारिक बंटवारा को लेकर हुआ था बवाल

जखनियां। शादियाबाद थाना क्षेत्र के नेवादा दुर्गविजय राय गांव में विधवा बहु को ससुराल पक्ष के लोगों ने जमकर पिटाई कर दी। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर भीड़ से कुछ लोगों ने पत्थरबाजी कर दी। जिसमें तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां एक की हालत गंभीर बनी है।

नेवादा दुर्ग विजय राय गांव निवासी जामवंत विश्वकर्मा के घर जामवंत की विधवा बहु शनिवार की रात्रि अपना हिस्सा लेने के लिए मरदह मायके से सीधे ससुराल पहुंची। हिस्से को लेकर सास और जेठानी से विवाद हो गया। जिसके बाद ससुराल पक्ष के लोगों ने बहू सुषमा देवी (35) पत्नी स्व. रामप्यारे विश्वकर्मा को लात घुसा से पिटाई कर दी। जिससे सुषमा घर के दरवाजे पर घायल गिर गई। सूचना मिलने पर शादियाबाद पुलिस, 112 पीआरबी पुलिस ,पुलिस उपाधीक्षक रविंद्र कुमार वर्मा मौके पर पहुंच गए, लोगों से बातचीत हो रही थी। तभी भीड़ से किसी ने पत्थरबाजी कर दी। जिसमें अवधेश कांस्टेबल के सिर में चोट लग गई। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। वहीं मुख्य आरक्षी सामंत यादव व शक्ति सील को भी चोटे आई है।

जिन का इलाज अस्पताल में चल रहा है। जबकि सुषमा देवी को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र मनिहारी भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र भी मौके पर पहुंच गए । जहां छानबीन में जुट गए । दर्जनों लोगों को हिरासत में लिया गया।

नेवादा दुर्गविजय राय गांव में बवाल के बाद चक्रमण करती पुलिस

नेवादा दुर्गविजय गांव में बवाल के बाद पसरा सन्नाटा

पुलिस और पीएसी गांव में तैनात

बवाल के बाद गांव में पीएसी और पुलिस की टीम चक्रमण कर रही है। किसी बड़े विवाद की आशंका को लेकर कई थानों की फोर्स तैनात की गई है। बवाल को नियंत्रण के लिए बहरियाबाद, भुड़कुंडा, नंदगंज, दुल्लहपुर और सैदपुर की पुलिस ने मोर्चा संभाला था।

> गांव में स्थिति अब सामान्य है। 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है। गांव में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए पुलिस गस्त कर रही है। लोगों से अपील कर रही है कि वह किसी अफवाहों पर ध्यान ना दें कोई सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को बताए।
>
> **क्षेत्राधिकारी भुड़कुड़ा रविंद्र कुमार वर्मा**

गांव में पसरा सन्नाटा घर छोड़ ग्रामीण फरार

संपत्ति विवाद मामले में नेवादा दुर्गविजयराय गांव में शनिवार की रात पुलिस व ग्रामीणों में हुई पत्थरबाजी के बाद देर रात पुलिस बल के साथ पहुंची। पुलिस ने गांव में घरों में सोए लोगों को बाहर निकालकर बर्बरता पूर्वक पिटाई करते हुए थाने उठाकर ले गई। रविवार को पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ। वृद्ध महिलाएं व पुरुषों ने बताया कि देर शाम हुई घटना के बाद पुलिस ने जो तांडव किया है वह शायद ही ग्रामीण भूल पाएंगे। अगर पुलिस पहले से ही सचेत रहती तो शायद इतनी बड़ी घटना नहीं घटती। इस घटना में जो शामिल नहीं थे उन्हें भी पुलिस जबरदस्ती घसीट रही है और मारपीट कर ले जा रही है। जिसके वजह से अधिकतर गांव के लोग घर छोड़कर फरार हो चुके हैं।

संक्षेप

धर्म परिवर्तन कराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

गाजीपुर। धर्म बदलने का लालच देने के आरोप में सदर कोतवाली क्षेत्र से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। कोतवाल ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों ने कथित रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को पैसे का लालच देकर निशाना बनाते थे। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा कायम कर जांच किया जा रहा है। बंशीबाजार के राधेनगर कालोनी में रविवार को कुछ लोग भोले-भाले व्यक्तियों को इकट्ठा कर मंच लगाकर बहला फुसलाकर ईशु की उपासना के लिए प्रेरित कर रहें थे। उसी लोगों में कुछ लोग यह बता रहे थे कि मेरा पैर टूट गया था ईशु को याद किया तो तत्काल ठीक हो गया। कुछ व्यक्ति बता रहे थे कि हमें दिखाई नही देता हैं और मैने भी ईशू की उपासना किया तो मेरी आंखे वापस आ गई। कुछ लोगो को पोलियो हुआ था जो ईसाई धर्म का पालन करने से बिस्तर से उठ कर चलने लगे। इस प्रकार भोले-भाले लोगो को गुमराह कर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। सूचना पा कर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस देखी तो भौचक्का खा गई। तत्काल पुलिस टीम ने दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी विपिन कुमार पुत्र गुलाब नि. कहनौर थाना सराय लखन्सी जिला मऊ और राकेश प्रजापति पुत्र रामधनी निवासी बंशी बाजार थाना कोतवाली के रूप में पहचान हुई।

नाबालिग को लेकर फरार अभियुक्त गिरफ्तार

जखनियां। कोतवाली भुड़कुड़ा अंतर्गत मरदानपुर गांव के इमरान पुत्र मुमताज (32) को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी की पुलिस को काफी समय से तलाश थी। पिछले अक्टूबर माह में ही इमरान अपने गांव की एक किशोरी को लेकर बिहार भाग गया था। जहां किशोरी के कहने पर इमरान उसकी मां से मिलाने के लिए शनिवार को दोपहर में ऑटो से रामसिंहपुर चट्टी पर उतरा। उसी समय मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने इमरान और किशोरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि इमरान अक्टूबर माह में ही बहला फुसलाकर गांव की किशोरी को लेकर फरार हुआ था। जिसके खिलाफ थाने में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस उसे काफी समय से तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर रामसिंहपुर मोड़ से इन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई रामाश्रय यादव, कांस्टेबल अमित सरोज, नितिन कुमार और शालू सिंह रहीं।

पिकअप के धक्के से बाइक सवार पूर्व प्रधान की मौत

करंडा। थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार पिकअप के धक्के से मोटरसाइकिल सवार पूर्व प्रधान की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चाड़ीपुर गांव निवासी पूर्व प्रधान रमेश यादव (55) शनिवार की रात लगभग सवा ग्यारह बजे बाइक से अपने घर से निकलकर कहीं जाने के लिए गांव से बाहर सड़क पर जैसे ही पहुंचे कि चोचकपुर से नंदगंज की तरफ तेज रफ्तार से जा रही पिकअप से धक्का लग गया। धक्का इतना तेज था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। वहीं पूर्व प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें परिजनों ने जिला अस्पताल भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया। पुलिस पिकअप को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

शहीदों के गांव से वाराणसी को रोडवेज बस सेवा शुरू

भांवरकोल। क्षेत्र के शेरपुर से वाराणसी के लिए रविवार से रोडवेज बस का संचालन शुरू हो गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी वीके पांडेय ने बताया कि प्रतिदिन नियमित रूप से शेरपुर से वाराणसी के लिए ये बस सेवा प्रस्थान करेगी और शीघ्र ही शहीदों के गांव शेरपुर कलां से कानपुर तक नई रोडवेज बस का संचालन किया जाएगा। आपको बताते चलें कि यूपीडा के सूचना सलाहकार दुर्गेश उपाध्याय ने बीते माह परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से मिलकर रोडवेज बस शेरपुर से वाराणसी तक चलाए जाने की मांग की थी। जिस पर गंम्भीरता से विचार करते हुए परिवहन मंत्री के निर्देश पर दो अप्रैल को शेरपुर से वाराणसी तक की सेवा आरम्भ कर दी गई। एकबार फिर से वाराणसी तक रोडवेज बस का संचालन होने से ग्रामीणों को काफी लाभ मिलेगा। इस मौके पर नंद किशोर उपाध्याय, पूर्व प्रधान जयप्रकाश राय, नारायण उपाध्याय, चौधरी दिनेशचंद्र राय, उमेशचन्द्र राय ,भरत यादव , अमित यादव, अमेरिकानंद राय, धर्मेंद्र उपाध्याय, प्रकाश चन्द्र राय, शशांक उपाध्याय, बुचू उपाध्याय, अशोक राय, सुशील तिवारी, ओमप्रकाश राय आदि लोग मौजूद रहे।

शादी का झांसा देकर कर रहा था शारीरिक शोषण

गाजीपुर। सादात पुलिस ने बरवाखुर्द निवासी एक युवती से शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस फरार अभियुक्त को काफी समय से तलाश कर रही थी। पीड़िता के पिता ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि हमारी पुत्री से गांव का युवक शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किया। वहीं जब उनके परिवार से पूछा गया तो जान से मारने की धमकी भी दिया। पुलिस तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर खोजबीन में जुटी थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रविवार को फरार अभियुक्त विकास राजभर 23 वर्ष पुत्र त्रिलोचन राजभर निवासी बरवाखुर्द थाना सादात को मौधिया नहर पुलिया से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष शैलेश कुमार मिश्र, कांस्टेबल दिलीप कुमार, जिलाजीत वर्मा, शिवम यादव शामिल रहे।

एलटी लाइन से निकली चिंगारी, गेहूं की फसल जलकर खाक

कासिमाबाद। कोतवाली थाना क्षेत्र के खेताबपुर में चार किसानों की गेहूं की फसल रविवार की दोपहर विद्युत तार की स्पार्किंग से निकली चिंगारी से जल कर राख हो गया। खेताबपुर गांव निवासी महेंद्र सिंह की चार मण्डा खेत में गेहूं की फसल पक कर तैयार थी। खेत के उपर से जा रही एलटी लाइन में स्पार्किंग होने लगी। स्पार्किंग से निकली चिंगारी से महेंद्र सिंह के खेत में खड़ी गेहूं की फसल जलने लगी। देखते देखते जितेन्द्र सिंह की दो मण्डाए कैलाश सिंह की दो मण्डाए शम्भू सिंह की दो मण्डा गेहूं की खड़ी फसल जल कर राख हो गई। गनीमत यह रही कि तेज हवा नहीं था। जिन किसानों की फसल जली है। वे जिला प्रशासन से क्षतिपूर्ति की मांग किया है। इस संबंध में तहसीलदार जया सिंह ने बताया कि लेखपाल से रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

शहर में सड़कों के गड्ढे और खोदाई बनी मुसीबत

गाजीपुर। शहर की सड़कों पर गड्ढे और बार-बार होने वाली सड़कों की खोदाई लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। एक तरफ सड़कों के गड्ढों में वाहन चालक फंस कर गिर रहे हैं तो दूसरी ओर सीवरेज, केबल, पानी की लाइन बिछाने के लिए खोदी जाने वाली सड़कों से राहगीर परेशान हैं। नगर पालिका प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, जिला प्रशासन सहित अन्य शासकीय एजेंसियों के जिम्मेदार अफसर सड़कों की मरम्मत के प्रति उदासीन हैं, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। लंका चुंगी तिराहे से लेकर फुल्लनपुर रेलवे क्रासिंग तक जगह-जगह गड्ढे हैं। सिवरेज निर्माण कार्य के बाद सड़क की गिट्टी उखड़ने से एक से दो फीट गहरे और सैकड़ों मीटर लंबे गड्ढे हो गए हैं। जिसमें रोजाना वाहन चालक गिर कर चोटिल हो रहे हैं। बड़ीबाग, अष्टभुजी कालोनी, नवापुरा, फुल्लनपुर, स्टेशन रोड क्षेत्र के व्यापारियों और रहवासियों ने बताया कि मार्ग को जल्द से जल्द दुरुस्त करने के लिए नगर पालिका में एक सप्ताह पहले शिकायत दर्ज करवाई गई थी, लेकिन मार्ग की बदहाल स्थिति में कोई भी सुधार नहीं किया गया। निर्माण एजेंसी की मनमानी के खिलाफ अब नगर पालिका अधिकारी भी सुनवाई नहीं कर रहे हैं।

अशोक का इतिहास कोई काल्पनिक नहीं : डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सिंह

जनसंदेश न्यूज

भांवरकोल। सम्राट अशोक महान जन्मोत्सव अशोक स्तंभ परिसर टोडरपुर में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान समस्त राष्ट्रीय प्रतीकों की चेतना यात्रा निकाली गई। यात्रा बदौली अदाई से निकलकर बलुआं, तरांव, निकरोजपुर, जसदेवपुर, बढ़नपुरा, भांवरकोल, मिजार्बाद एवं मनिया गांव से होते हुए समारोह स्थल पर सभा के रुप में विलीन हो गया।

मुख्य अतिथि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि तथाकथित कुछ इतिहासकारों ने अशोक की मानवजाति के प्रति किए कार्यों का धूमिल करने के साथ ही अशोक के इतिहास को गर्त में डालने का असफल प्रयास किए है। अशोक सम्राट अनवरत जलता हुआ आग रुपी प्रकाश का ऐसा सूर्य हैं जो शाश्वत बना रहेगा।

उन्होंने कहा कि अशोक का इतिहास कोई काल्पनिक इतिहास नहीं है। बताया कि जिस दिन भगवान बुद्ध पैदा हुए वह बुद्ध पूर्णिमा है और जिस दिन सारनाथ में पहली बार उपदेश दिए वह गुरु पूर्णिमा है। पूर्व कैबिनेट मंत्री नेपाल डा. केशवमान शाक्य ने कहा कि आज भी अशोक सम्राट के अधिकांश शासन नीतियों को भारत में राज-काज में अपनाया जा रहा है जो उनकी परिपक्व विवेक को दर्शाता है। नेपाल में भी अशोक महान को एक आदर्श शासक माना जाता है।

इस अवसर पर डॉ. रविंद्र मौर्य, डा. शशिबाला, लीला शाक्य, जवाहरलाल मौर्य, राजीव भाई मौर्य आदि लोग शामिल रहें। अध्यक्षता कपूरचंद कुशवाहा व संचालन विजय मौर्य ने किया।

आयोजन

धूमधाम से समस्त राष्ट्रीय प्रतीकों की चेतना यात्रा निकाली गई

बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

सुहवल। पुलिस ने अगवा कर किशोरी के साथ बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी थानाध्यक्ष रामबाबू सिंह ने बताया कि हेड कांस्टेबल देवेन्द्र कुमार व आरक्षी अरविन्द यादव के साथ मुखबिर की सूचना पर वांछित मुख्य आरोपी अफरोज को रविवार की दोपहर शिवाला चौराहे से दबोच लिया गया। पूछताछ के बाद उसका मेडिकल मुआयना कराया गया। उसके उपर लगाए गए आरोपों की गंम्भीरता को देखते हुए न्यायालय ने आरोपी को चौदह दिन की न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेंज दिया। थाना अंतर्गत एक गांव में दो दिन पूर्व एक किशोरी अपने घर से बगीचे में जा रही थी। इस बीच पड़ोस का एक युवक उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया। उसके बाद किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी थी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी।

गैंगस्टर की ढाई करोड़ की संपत्ति हुई कुर्क

जनसंदेश न्यूज

गाजीपुर। योगीराज में माफियाओं और तस्करों पर सख्ती लगातार जारी है। पुलिस प्रशासन अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए कुर्की की कार्रवाई भी बहुत तेजी से कर रही है।

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के आदेश पर हेरोइन तस्कर और गैंगस्टर की ढ़ाई करोड़ की संपत्ति जिला प्रशासन ने डुगडुगी पीट कर कुर्क कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से माफियाओं में हड़कंप मच गया है। कुर्क की कार्रवाई के दौरान रविवार को सीओ सिटी गौरव कुमार और नगरपालिका अधिशासी अधिकारी लालचंद सरोज के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

सीओ सिटी गौरव कुमार ने बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के बड़ापुरा में तस्कर सरफराज के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मुकदमें में डीएम के आदेश के क्रम में धारा 14 (1) के तहत कुर्की का आदेश जारी किया गया था। इस आदेश के क्रम में कुर्की की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि नुरूद्दीनपुरा निवासी सरफराज पुत्र मोहम्मद शमीम द्वारा अवैध रूप में धनर्जित कर सदर कोतवाली इलाके के बड़ापुरा मोहल्ले में करोड़ों की संपत्ति बनाई थी। उसकी भूमि करीब 322 वर्ग मीटर है। जिसकी बाजार में कीमत ढ़ाई करोड़ आंकी जा रही है। पुलिस ने डुगडुगी बजाकर कुर्क की कार्रवाई की है।

कुर्की कार्रवाई के दौरान उपस्थित पुलिस विभाग के अधिकारी

हमीद सेतु पुल पर ओवरलोड वाहनों का संचालन

मनमानी

पुल के दोबारा क्षतिग्रस्त होने की आशंका, अधिकारी बेपरवाह

जनसंदेश न्यूज

सुहवल। पुलिस प्रशासन ओवरलोड वाहनों पर रोक नहीं लगा पा रहा है। लगातार हमीद सेतु से ओवरलोड वाहनों का आवागमन जारी है। हमीद सेतु के समीप लगा लोहे का हाईटगेज वैरियर ओवरलोड वाहनों के धक्के से टेढ़ा हो गया है।

जिसका मरम्मत भी नहीं कराया जा रहा है। ऐसे में पुल के दोबारा क्षतिग्रस्त होने की आशंका जताया जा रहा है। जिलाधिकारी के आदेश पर हमीद सेतु पुल से ओवरलोड वाहनों की रोक के लिए पुल के दोनो तरफ लोहे का हाइटगेज वैरियर लगाया गया। लेकिन वैरियर लगने के बाद भी ओवरलोड वाहनों का आवागमन बंद नहीं हुआ।

चालाकी से वाहन स्वामी लंबे-लंबे टेलर और डीसीएम में सीमेंट, कोयला आदि सामान को पर्दे से बांध कर प्रतिबंधित पुल से ओवरलोडिंग वाहन को भेज रहें है। वह ऐसा इसलिए करते है कि ग्यारह फीट से ऊंचे ट्रक पुलिस से गुजर नहीं पा रहे। ओवरलोडिंग का यह खेल पिछले कई दिनों से चल रहा है। खेल अधिकतर रात के पहर में चल रहा है। लोगों का कहना है कि पुलिस के संरक्षण में यह कार्य हो रहा है।

प्रतिबंध के बावजूद हमीद सेतु से गुजरता ओवरलोड टेलर

सीसीटीवी कैमरा का खौफ नहीं

मालूम हो कि ओवरलोड खेल में रजागंज व सुहवल थाने के कई पुलिस कर्मियों पर पूर्व में तत्कालीन डीएम व एसपी द्वारा कार्रवाई की जा चुकी है। लोगों ने बताया कि रजागंज चौकी के समीप लगाए गए सीसीटीवी कैमरा से भी इस धंधे में लिप्त लोगों को कार्रवाई का कोई खौफ नहीं है।

रात में कैसे होता है खेल

भारी वाहनों को दिन में पुल से काफी दूर खड़ा करवाया जाता है। जैसे-जैसे शाम ढ़लती है। ओवरलोड वाहनों का रूख पुल की ओर होने लगता है। अंधेरा होते ही इसमें लिप्त लोग दोनों तरफ की लोकेशन लेते रहते है। ताकि कहीं कोई बड़ा अधिकारी तो नहीं आ रहा है। हरी झंडी मिलते ही इनका पुल से तेजी से गुजरना शुरू हो जाता है। कभी कभार तो यह ओवरलोड वाहन झटके में दिन में भी पुल से गुजरते दिखाई देते है।

> ओवरलोड वाहन पुल से नहीं गुजरने दिए जाएंगे। अगर ऐसा है तो इसकी औचक जांच करा इसमें लिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। समय समय पर इसके खिलाफ अभियान चलाया जायेगा।
>
> **ग्रामीण पुलिस अधीक्षक बलवंत चौधरी**

माफिया उपेन्द्र राय के खिलाफ पुलिस ने कसा शिकंजा

सख्ती

गैंग सदस्या सृष्टि राय की साढ़े 53 लाख की अचल सम्पत्ति कुर्क

गाजीपुर। माफिया उपेन्द्र राय के गैंग और करीबियों के खिलाफ लगातार पुलिस शिकंजा कस रही है। माफिया का कमर तोड़ने के लिए आर्थिक चोट कर रही है। पुलिस एक बाद एक गैंग के सदस्यों और करीबियों की अचल संपत्ति कुर्क कर रही है। पुलिस की इस एक्शन से माफिया के करीबियों में हड़कंप का माहौल बना हुआ है। गैंग का सरगना उपेन्द्र राय पुत्र प्रदीप राय निवासी 303 ब्लूमबर्ग टॉवर ओमेक्स हाईट,विभूति खण्ड,लखनऊ पूर्वी की गैंग की सदस्य अभियुक्ता सृष्टि राय पुत्री रामअशीष राय निवासी ग्राम हैबतपुर थाना कोतवाली जनपद बलिया की 53 लाख 48 हजार रुपये की अचल सम्पत्ति को कुर्क किया गया। प्रभारी निरीक्षक मुहम्मदाबाद और विवेचक की रिपोर्ट बीते 28 जनवरी द्वारा प्रेषित एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई संस्तुति 07 फरवरी पर अभियुक्त गैंग लीडर उपेन्द्र राय की गैंग की सदस्या सृष्टि राय पर बड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस के मुताबिक उपेन्द्र राय की सदस्या अभियुक्ता सृष्टि राय द्वारा एक गिरोह बनाकर लोक व्यवस्था को अस्त-व्यस्त करने अपने तथा अपने गैंग के सदस्यों के लिए आर्थिक तथा भौतिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से अकेले एवं सामूहिक रूप से आपराधिक कार्य तथा समाज विरोधी क्रियाकलापों के लिए बेनामी अचल संपत्ति अर्जित की गई थी। जिसे पुलिस प्रशासन ने कुर्क किया है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त द्वारा संगठित अपराधिक कृत्यो के अर्जित धन से अपनी पैतृक आबादी की भूमि (आ0नं0-452 रकबा 2.845 हे0डी0 आबादी) पर ग्राम हैबतपुर परगना एवं तहसील व जिला बलिया में भवन का निर्माण कराया गया। जिसकी कीमत कुल मिलाकर 53 लाख 48 हजार रुपये की अचल संपत्ति को कुर्क किया गया। सरगना उपेंद्र राय के ऊपर जिला सहित अन्य जनपदों में दर्जनों मुकदमें दर्ज है।

पंचायत भवन कागजों में पूरा, जमीन पर आधा अधूरा

यह है हाल

ग्रामीणों को ब्लॉक मुख्यालय का लगाना पड़ रहा चक्कर

मनिहारी। विकास खंड में पंचायत भवनों के निर्माण में लापरवाही की जा रही है। कई ग्राम पंचायतों में अभी भी पंचायत भवन अधूरे हैं। ग्रामीणों को ब्लाक मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। कई ग्राम पंचायतों में पूरा भुगतान होने के बावजूद अभी भी पंचायत भवन अधूरे हैं। जिससे अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। गांवों में पंचायती राज व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन बनाने का निर्देश दिया था। इस निर्माण के पीछे मंशा थी कि लोगों को ब्लाक स्तर पर सुविधाएं गांवों में मिलने लगेंगी। लोगों को गांव में ही परिवार रजिस्टर की नकल, जन्म प्रमाण पत्र, मत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही साथ विकास कार्यों का खाका भी एक भवन के नीचे बैठकर खींचा जा सकेगा। वर्ष 2020-21 में जगह-जगह पंचायत भवनों का निर्माण शुरू हुआ। लेकिन मनिहारी ब्लाक के फिरोसापुर (बहलोलपुर) ग्राम पंचायत में पंचायत भवन का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। जबकि निर्माण के लिए धन की निकासी पूरी कर ली गई। ग्राम पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही ग्राम पंचायत में नियुक्त किए गए प्रशासक ने ग्राम प्रधान से मिलीभगत कर पंचायत भवन की धनराशि का भुगतान करा लिया और पंचायत भवन को अधूरा छोड़ दिया।

मनिहारी विकास खण्ड के फिरोसापुर बहलोलपुर गांव में अधूरा पड़ा पंचायत भवन

पूर्व प्रधान और सचिव पर भ्रष्टाचार का आरोप

ग्राम प्रधान लाची देवी ने उच्च अधिकारियों को पत्रक देकर पूर्व प्रधान एवं सचिव पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। बताया कि पंचायत भवन की नींव की भराई कराकर पूरा निर्माण कार्य दिखाकर भुगतान ले लिया गया। जबकि पंचायत भवन अधूरा पड़ा हुआ है। तब अधिकारियों के निर्देश पर लिंटर (छत) तक निर्माण कार्य कराया गया। इसके बाद मिट्टी की भराई, खिड़की, दरवाजा, प्लास्टर, आदि कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया है।

ग्रामीण अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। उनका कहना है कि विभागीय अधिकारी अधूरे पड़े भवनों के निर्माण को पूरा करने का निर्देश देते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इस निर्देश का पालन होता नहीं दिखाई दे रहा है। यह शासन के पैसे का दुरुपयोग है।

> वर्तमान सचिव को पंचायत भवन निर्माण पूरा करने को कहा गया है। इसके साथ ही चेतावनी दिया गया है कि पूर्व में सचिव और पूर्व प्रधान द्वारा पैसा उतारा गया है, तो उसे लिखित में दे। अन्यथा जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी। पंचायत भवन का निर्माण तत्काल कराएं।
>
> **एडीओ पंचायत दीनानाथ**

अगलगी में युवकों सहित भैंस झुलसी लाखों का नुकसान

भांवरकोल। थाना क्षेत्र के कनुवान में अज्ञात कारणों से अगलगी की घटना में तीन रिहायशी झोपड़ियां जलकर खाक हो गई। वहीं इस घटना में झोपड़ी में बंधी एक भैंस बुरी तरह से झुलस गई। आग बुझाने के प्रयास में जीतन राम 25 वर्ष एवं सुनील राजभर 22 वर्ष भी मामूली रूप से झुलस गए। ग्रामीणों के काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया।

कनुवान गांव के कोटेदार विजय राजभर की झोपड़ी में रविवार की दोपहर अचानक आग पकड़ लिया। देखते ही देखते आग ने बगल के जीतन राम की झोपड़ी को भी चपेट में ले लिया। इस घटना में जीतन राम की भैंस बुरी तरह से झुलस गई। अगलगी की इस घटना में स्वैप मशीन, बिस्तर सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। अगलगी की सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल आयुषी मिश्रा मौके पर पहुंची एवं अगलगी में क्षति का आकलन कर अपनी रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी।

पीएसी जवान शिवराम कृष्ण ने योगा में जीता गोल्ड

उपलब्धि

27 वीं अंतर वाहिनी पीएसी पूर्वी जोन द्वारा आयोजित हुई थी प्रतियोगिता

सुहवल। स्थानीय गांव निवासी व वाराणसी स्थित रामनगर पीएसी के 36 बटालियन में कांस्टेबल के पद पर तैनात शिवराम कृष्ण ने 27 वीं अंतर वाहिनी पीएसी पूर्वी जोन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के योगा में गोल्ड जीत क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सेनानायक डॉ अनिल कुमार पाण्डेय (आईपीएस) ने मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। पीएसी पूर्वी जोन की 27 वीं अंतर वाहिनी वॉलीबॉल, हैंडबॉल, बास्केटबॉल, योगा, टेबल टेनिस एवं सेपक टकरा प्रतियोगिता आयोजित किया गया था।

जिसमें कांस्टेबल शिवराम कृष्ण ने योगा प्रतियोगिता में भाग लेते हुए विभिन्न तरह के योगा कर विपक्षी खिलाड़ियों को पराजित कर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमा लिया। जवान ने बताया कि उसकी सफलता का राज नियमित ड्यूटी के साथ ही समय निकालकर प्रतिदिन योगा के विभिन्न आसनों का अभ्यास करना है।

पीएसी में तैनात यह जवान आलराउंडर खिलाड़ी है, जो करीब आधा दर्जन विभिन्न खेलों में समय समय पर प्रतिभाग करता है। कुछ दिनों पहले जवान ने महकमें के तरफ से आयोजित बाक्सिंग में भी गोल्ड जीत चुका है। इसके अलावा बासुरी वादन,क्रास कंट्री रेस, हाकी ,वाद विवाद आदि प्रतियोगिता में भी आए दिन प्रतिभाग करता है। बतादें, शिवराम कृष्णा 2003 में पीएसी में भर्ती हुए थे,शुरू से ही वह विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहते है।

पीएसी पूर्वी जोन की 27 वीं अंतर वाहिनी योगा प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता शिवराम कृष्ण

भाजपा की ताकत और कमजोरियां

जनसंपादकीय

भारत विश्व का पहला राष्ट्र

हृदयनारायण दीक्षित

हिन्दू राष्ट्र सम्प्रति चर्चा में है। भारत विश्व का पहला राष्ट्र है। यूरोप के देशों में 'नेशन' और नेशनैलिटी का जन्म 9वी-10वीं सदी में हुआ। भारत में राष्ट्रभाव का उदय ऋग्वेद के रचनाकाल से भी प्राचीन हो सकता है। ऋग्वेद में 'राष्ट्र' शबद का कई बार उल्लेख हुआ है। राष्ट्र के लिए अंग्रेजी में कोई समानार्थी शब्द नहीं है। राष्ट्र की अवधारणा भिन्न है और नेशन की बिल्कुल भिन्न। राष्ट्र और नेशन एक नहीं हैं। इतिहास के मध्यकाल तक पश्चिम में नेशलिज्म या राष्ट्रवाद जैसा कोई विचार नहीं था।

ऋग्वेद (8.24.27) में मंत्र है कि 'इन्द्र ने सप्तसिन्धुषु में जल प्रवाहित किया।' सप्त सिंधु 7 नदियों के प्रवाह वाला विशेष भूखण्ड है। इसकी पहचान 7 नदियों से होती है। वैदिक साहित्य के विवेचक मैक्डनल और कीथ ने लिखा है कि 'यहां एक सुनिश्चित देश का नाम लिया गया है।' पुसाल्कर ने नदी नामों के आधार पर इस देश की रूपरेखा पर विचार किया है। इसमें अफगानिस्तान, पंजाब, सिंध, राजस्थान, पश्चिमोत्तर सीमांत, कश्मीर और सरयू तक का पूर्वी भारत सम्मिलित हैं। ऋग्वेद के ऋषियों के मन मस्तिष्क में तमाम नदियों वाले इस भूखण्ड के प्रति अतिरिक्त प्रीति थी। वे इसे बार-बार याद करते हैं। नदियों में जल प्रवाह हैं जल के बिना जीवन नहीं। वे एक अन्य मंत्र (1.32.12) में सात नदियों के जल प्रवाह का श्रेय इन्द्र को देते हैं। इन्द्र इन नदियों में जल प्रवाहित करते हैं तो सविता देव कैसे पीछे रह सकते हैं। ऋषि कहते हैं 'सविता ने 7 नदियों को प्रकाश से भर दिया है।' (1.35.8)

सात नदियों की आराधना करने वाले इस भूखण्ड के निवासी सभी राष्ट्र है। मार्क्सवादी चिंतक डॉ0 रामविलास शर्मा ने सही लिखा है 'जिस देश में ऋग्वेद की सात नदियां बहती हैं, वह लगभग वही देश है जिस में जल-प्रलय के बाद, भरत जन के विस्थापित होने के बाद, हड़प्पा सभ्यता का विकास हुआ। यह देश प्राचीन काल का, ऋग्वेद और हड़प्पा के पश्चात काल का भी, बहुत दिनों तक संसार का सबसे बड़ा राष्ट्र था। सरस्वती इसके जनपदों के पारस्परिक संपर्क का साधन थी। हड़प्पा नगरों की राष्ट्रीय एकता उनकी सामान्य वास्तुकला, मुद्राओं आदि की समानता से जानी जाती है। इस राष्ट्रीय एकता की नींव ऋग्वेद के कवियों ने डाली थी। इन कवियों के लिए राष्ट्र केवल भूमि नहीं है, उस पर बसने वाले जन राष्ट्र हैं।' (भारतीय नवजागरण और यूरोप पृष्ठ 87-88) भारत दुनिया का पहला राष्ट्र है। यह अनुभूति ऋग्वेद में है। दुनिया की अर्थशास्त्र की पहली पुस्तक कौटिल्य ने लिखी थी। इसकी तुलना मैक्यावलि की 'प्रिंस' से की जाती है। दुनिया का पहला व्याकरण पाणिनि ने यहीं लिखा। गणित का अविष्कार भारत में हुआ। यह बात एन्साइक्लोपीडिया ब्रिटैनिका में है। संगीत के 7 सुरों की पहचान भारत में हुई। नाट्यशास्त्र पर पहली पुस्तक यहीं भरत मुनि ने लिखी। योग सूत्रों की खोज भी भरत में हुई। चिकित्सा विज्ञान का जन्म और विकास भारत में हुआ। ऋग्वेद में इसके साक्ष्य हैं। ऐसे सभी विषय हम सब को राष्ट्रीय गौरवबोध से भरते हैं।

कुछ विवेचक आर्थिक गतिविधियों व्यापार प्रसार आदि को राष्ट्रभाव के उदय का कारण मानते हैं। आर्थिक सम्बंधों के प्रभाव निस्संदेह सामूहिक जीवन पर भी पड़ते हैं लेकिन एक समान जीवन शैली, रीति प्रीति और संस्कृति के प्रभाव ज्यादा गहन होते हैं। ऋग्वेद के समाज में परस्पर प्रीति से गणों का विकास हुआ। जन और गण मिलकर 'जनगणमन' की एकता प्रकट हुई। यहां राष्ट्र का गठन और विकास जन गण के सामूहिक मन ने किया है। ऋग्वेद में 'विश' सामान्यजन हैं। वे अच्छे शासक की इच्छा करते हैं। शासक से कहते हैं, 'सर्वाः विशः त्वा वांछ्नु - संपूर्ण समाज आपको चाहता है। (10.173.1) शासक का दायित्व है कि राष्ट्र को हर तरह से अविचल बनाए। इन्द्र, वरूण, अग्नि, वृहस्पति से स्तुति है कि वे राष्ट्र को स्थिर रूप में धारण करें। (10.173.5) हिन्दू भूमि के प्रति ऋग्वैदिक पूर्वजों की आत्मीयता है। इसी भूमि पर गण रहते हैं, गण से बड़े समूह जन रहते हैं। जन अनेक हैं लेकिन 5 जनों की प्रतिष्ठा है। नदियां इन्हें समृद्धि देती हैं। ऋग्वेद में स्तुति है कि 'सबके मन समान हों। समिति समान रहे। सबके मंत्र जीवन सूत्र भी समान हों।' यह अभिलाषा ऋग्वेद के अंतिम मंत्रों में प्रकट हुई है। भारतीय राष्ट्र प्राचीन संस्था है। यह भूमि, जन और संस्कृति की त्रयी का एकात्म रूप है।

राष्ट्र असाधारण संस्था है। राष्ट्र गठन का मूल आधार दीर्घकालिक सांस्कृतिक निरंतरता है। ऋग्वेद में साथ साथ चलने, साथ साथ वातार्लाप करते हुए आनंदित रहने के संदेश हैं। संस्कृति में सामूहिकता है। साथ-साथ गति है। प्रीति रीति है। संस्कृति से मानव समूह की एकता सुदृढ़ होती है। सामूहिक प्रीति वाले समाज सृजन में भी रस लेते हैं। कृषि आवास आदि कारणों से मन में भूमि के प्रति लगाव पैदा होता है। भूमिजन और उदात्त संस्कृति के सुंदर मिलन से राष्ट्रभाव का जन्म और विकास होता है। हिन्दू राष्ट्रभाव का जन्म इसी दीर्घकालिक प्रक्रिया में हुआ। अथर्ववेद में बताते हैं कि वह विराट शक्ति थी। उसने ऊपर की ओर सोदक्रामत - अतिक्रमण या विकास किया। गृहस्थ बनीं। (8.10) परिवार पहली संस्था है। आगे कहते हैं कि वह 'आहवनीय' हुई। परस्पर आवाहन से सामूहिकता का विकास हुआ। उसने इस स्थिति का भी अतिक्रमण -सोदक्रामत किया, वह सभा हो गई।ह्व (वही)

सभा विचार विमर्श की प्राथमिक संस्था है। परिवार इसके पहले है। सभा के विचार विमर्श वैदिक कालीन समाज गठन के मुख्य आधार हैं। ऋषि इस बात का ज्ञान जरूरी बताते हैं ह्लजो यह बात जानते हैं, वे सभा के योग्य है - यन्तस्य सभां सभ्यों भवति। वे सभ्य हैं। सभा नाम की इस सामाजिक संस्था ने भी विकास किया। समिति का विकास हुआ। कहते हैं कि जो यह तथ्य तत्व जानते हैं, वे समित्य - सम्मानीय हैं। (वही 10 व 11) भारत में सामाजिक विकास यात्रा का आधार विचार विमर्श है। ऋग्वेद में इस विमर्श का प्राचीन इतिहास है। अथर्ववेद में विकास की अगली स्थिति के साथ सामाजिक विकास की निरंतरता है। सामाजिक विकास में विश्व अखण्ड इकाई नहीं है। यूरोप में सामाजिक विकास की एक मंजिल में घोर अंधकार था। मानवीय मूल्य नहीं थे। यूरोप में पुनर्जागरण हुआ। तब समाज और नेशन जैसी संस्थाओं के विकास की नींव पड़ी। भारत में इसके सहस्त्रों वर्ष पहले सभा, समिति, जन, गण, गण व्यवस्था व राष्ट्र जैसी संस्थाएं हैं।

ऋग्वेद में राष्ट्र है। यजुर्वेद में राष्ट्र की प्रतिष्ठा है। वैदिक ग्रंथों में राष्ट्र के साथ प्रजा द्वारा निर्वाचित, स्वीकृत राजा भी हैं। राजा प्रजा के प्रति उत्तरदायी शपथ से बंधा हुआ है। अथर्ववेद में राष्ट्र के जन्म का इतिहास है। अथर्ववेद (19.41) में कहते हैं कि ऋषियों ने लोककल्याण की कामना की थी - भद्रमिच्छन्तु ऋषयः। ये ऋषि अथर्ववेद के रचनाकाल से प्राचीन है। ये ऋषि ऋग्वेद काल के हो सकते हैं। ऋषियों के चित्त में लोक कल्याण की भावना है। उन्होंने आत्मज्ञान का बोध पाया था। उन्होंने कठोर तप किया। दीक्षा का पालन किया। दीक्षा ऋत, सत्य आदि आचार सूत्रों का ज्ञान है। (वही) बताते हैं कि ऋषियों के तप, दीक्षा और आत्मज्ञान से 'राष्ट्र' का जन्म हुआ - ततो राष्ट्रं बलम् ओजस् जातं अजायत।

(लेखक उप्र विधानसभा के अध्यक्ष रहे हैं)

उत्साह

इस वर्तमान समय में/ किसी के चेहरे में उत्साह दिखता नहीं
न बच्चों में/ न नौजवानों में/ न अधेड़ों में/ न वृद्धों में।
न पंछियों में/ न जानवरों में।
न नदियों में/ न पहाड़ों में/ न जंगलों में/ न समुंदरों में।
धरती अकेले घूम रही है/ सबके मन में/ उत्साह भरने के लिए।

- सुधीर कुमार सोनी, मोबाईल 98261 74067

नवगीत

चल रे मनवा/ व्हाट्सएप पर/ चैटिंग करते हैं
मिलना-जुलना बतियाना भी/ सब कुछ छूट गया
कोई अपना बनकर अपनों/ को ही लूट गया
मरुथल-से होठों पर, चल/ अपनापन धरते हैं
सिमट गई सारी दुनिया / छोटे-से परदे पर
पर, घर-आँगन की मिट्टी/ रहती गुमसुम अक्सर
कोशिश करके उसके मन की/ पीड़ा हरते हैं
चिट्ठी संग खो गए कहीं अब/ वो सुख-दुख 'जी' के
इस तकनीकी युग में रँगकर/ शब्द हुए फीके
पहले जैसा मीठापन, चल/ फिर से भरते हैं

- योगेन्द्र वर्मा 'व्योम', मोबाइल-9412805981

राजनीति

एच.एल. दुसाध

हाल के दिनों के अखबारों में अमेरिका के जाने-माने शिक्षाविद और वाल स्ट्रीट जर्नल के लेखक वाल्टर रसेल मीड की ओर से जो बयान आया है, निश्चय ही वह विपक्ष को और खौफजदा कर सकता है. मीड के अनुसार 2014 और 2019 के आम चुनाव में सफलता के झंडे गाड़ने वाली भाजपा 2024 में भी सफलता की ओर बढ़ रही है. 70 वर्षीय शिक्षाविद मीड के अनुसार मुस्लिम ब्रदरहुड की तरह भाजपा पश्चिमी उदारवाद के कई विचारों और वरीयताओं को खारिज करती है. चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की तरह भाजपा एक अरब से अधिक लोगों वाले राष्ट्र की अगुआई की उम्मीद करती है. मीड ने भाजपा और संघ के नेताओं और उनके कुछ आलोचकों के साथ कई बैठके करने के अनुभव के आधार पर कहा है कि वह इस बात से सहमत हैं कि अमेरिकियों और अन्य पश्चिमी देशों के लोगों को इस जटिल और सशक्त आन्दोलन को और गहराई से समझना चाहिए. भारत एक जटिल स्थान है और यहाँ अन्य कई पहलू काम कर रहे हैं.

अमेरिका के जाने-माने शिक्षाविद और लेखक के उपरोक्त बयान से पहले से ही खौफजदा भाजपा विरोधियों के शिराओं में चिंता की लकीरें और शिद्दत से दौड़ गयी होंगी, ऐसा मानकर चलना चाहिए. पर, क्या भाजपा सचमुच इतनी ताकतवर हो गयी है जो मीड जैसे विदेशी लेखक को इसके 2024 में फिर से सफलता के झंडे गाड़ने का दावा करने में कोई द्विविधा नहीं हो रही है! मीड के इस दावे को परखने के लिए हमें भाजपा की ताकत और कमजोरियों का नए सिरे से आंकलन करने की जरुरत है. इस क्रम में सबसे पहले उसकी शक्ति के स्त्रोतों को सटीक जानकारी जरुरी है. अब जहाँ तक भाजपा की शक्ति के स्त्रोतों का प्रश्न है, हरि अनंत हरि कथा अनंता की तरह इसकी शक्ति के स्त्रोतों का भी अंत पाना आसान नहीं है। बहरहाल 1925 की विजयादशमी के दिन आधुनिक भारत के सर्वाधिक दूरदर्शी ब्राह्मण डॉ.केशवराव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ही भाजपा की शक्ति का प्रमुख स्त्रोत है, इस बात से शायद ही किसी की असहमति हो. अपने किस्म के विश्व के इकलौते संगठन आरएसएस के भारतीय मजदूर संघ,सेवा भारती,राष्ट्रीय सेविका समिति, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद,विश्व हिन्दू परिषद,स्वदेशी जागरण मंच,सरस्वती शिशु मंदिर,विद्या भारती,वनवासी कल्याण आश्रम,मुस्लिम राष्ट्रीय मंच,बजरंग दल,अनुसूचित जाति आरक्षण बचाओ परिषद ,लघु उद्योग भारती, भारतीय विचार केंद्र, विश्व संवाद केंद्र, राष्ट्रीय सिख संगठन, विवेकानंद केंद्र और खुद भारतीय जनता पार्टी सहित दो दर्जन से अधिक आनुषांगिक संगठन हैं, जिनके साथ 28 हजार,500 विद्यामंदिर,2 लाख 80 हजार आचार्य, 48 लाख,59 हजार छात्र, 83 लाख,18 हजार 348 मजदूर, 595 प्रकाशन सदस्य, 1 लाख पूर्व सैनिक, 6 लाख,85 हजार वीएचपी-बजरंग दल के सदस्य जुड़े हुए है.यही नहीं इसके साथ बेहद समर्पित व इमानदार प्रायः 4 हजार पूर्णकालिक कार्यकर्त्ता हैं,जो देश भर में फैले लगभग 57 हजार से अधिक शाखाओं में कार्यरत लगभग 56 लाख स्वयंसेवकों के साथ मिलकर इसके राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी को बल प्रदान करते हैं. दुनिया के सबसे ताकतवर इसी संघ की स्थापना के प्रायः 75 साल बाद उसके राजनीतिक प्रकोष्ठ भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार में महान स्वयंसेवी अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने .आज उसी संघ से निकले नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा अप्रतिरोध्य बनकर उभरी है. कहा जा सकता है कि संघ के राजनीतिक एजेंडे को पूरा करने में ही आज भाजपा जुटी हुई है.

संघ के बाद भाजपा के दूसरे प्रमुख शक्ति के स्रोत में नजर आते हैं,वे साधु- संत जिनका चरण-रज लेकर देश के कई पीएम-सीएम और राष्ट्रपति-राज्यपाल खुद को धन्य महसूस करते रहे हैं. संघ के दूरगामी लक्ष्य को ध्यान में रखकर सितम्बर,1990 में भाजपा के आडवाणी ने जो रामजन्मभूमि मुक्ति आन्दोलन छेड़ा,उसे तुंग पर पहुचाने में साधु -संतों ने ऐतिहासिक योगदान दिया.चूँकि संघ का लक्ष्य अपने राजनीतिक संगठन के जरिये ब्राह्मणों के नेतृत्व में सवर्ण-हित का पोषण करना रहा है और साधु -संत सवर्ण, प्रधानतः ब्राह्मण समुदाय से आते हैं, इसलिए जब-जब भाजपा पर संकट आता है ये साधु-संत भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में मुस्तैद हो जाते हैं. अगर साधु-संतों के प्रबल समर्थन से भाजपा पुष्ट नहीं होती,अप्रतिरोध्य बनना शायद उसके लिए दुष्कर होता. 2024 के लिए भाजपा नेतृत्व जरुर उनसे नयी भूमिका की उम्मीद कर रहा होगा. शक्ति के स्रोत के रूप में तीसरे नंबर पर मीडिया(प्रिंट-इलेक्ट्रॉनिक्स) को चिन्हित किये जाने से भी शायद कम ही लोगों को आपत्ति होगी.मंडल के जरिये पिछड़ों को मिले आरक्षण से आम सवर्णों की भांति सवर्णवादी-मीडिया को भी भारी आघात लगा था.फलतः आडवाणी ने मंदिर आन्दोलन के जरिये संघ का राजनीतिक लक्ष्य साधने के लिए सितम्बर, 1990 से जो उपक्रम चलाया, उसमें मीडिया ने कदमताल करने का जो सिलसिला शुरू किया, उसमें आजतक कोई कमी नहीं आई है. बल्कि आज की तारीख में तो मीडिया प्रायः मोदीमय हो चुकी है. आज मुख्यधारा के प्रायः 80-90 प्रतिशत लेखक भाजपा के पक्ष में कलम चला रहे हैं!

शुरू से ही भाजपा की पहचान मुख्यतः ब्राहमण-क्षत्रिय झ्र बनियों की पार्टी के रूप में रही है. इनमें बनिया कौन!भारत का धनपति वर्ग ही तो! भाजपा से बनियों के लगाव में आज भी रत्ती भर कमी नहीं आई है.ऐसे में कहा जा सकता है कि आज की तारीख में भारतीय पूंजीपति वर्ग से प्रायः 90 प्रतिशत उपकृत होने वाली राजनीतिक पार्टी भाजपा ही है.वैश्य वर्ग के इस उपकार कारण ही वह अडानी-अम्बानी- नीरव झ्र ललित मोदियों का आर्थिक साम्राज्य अक्षत रखने में जुटी हुई है, ऐसा विपक्ष का कहना है. सिर्फ साधु - संत, लेखक-पत्रकार और पूंजीपति ही नहीं, खेल-कूद,फिल्म-टीवी जगत के प्रायः 90 प्रतिशत सेलेब्रिटी भाजपा के साथ ही हैं. भाजपा की शक्ति का एक बड़ा स्त्रोत सवर्ण मतदाता हैं,जिनका प्रायः 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा इसी के साथ है. और रहे भी क्यों नहीं, संघ के इसी चहेते वर्ग को और शक्तिसंपन्न करने के लिए तो भाजपा देश बेचने जैसे काम में सर्वशक्ति से जुटी है. भाजपा के शक्ति के स्त्रोतों की तलाश में निकलने पर कोई भी उसके प्रवक्ताओं को नजरंदाज नहीं कर सकता.गोएबल्स सिद्धांत में निपुण संघ द्वारा प्रशिक्षित भाजपा के प्रवक्ता इतने कुशल होते हैं कि लोग उन्हें मुग्धभाव से सुनने के लिए बाध्य हो जाते हैं.इनके समक्ष विपक्षी प्रवक्ता करुणा पात्र लगते हैं.

लेकिन भाजपा की शक्ति के स्त्रोत के रूप में देश-विदेश का कोई भी व्यक्ति जिसकी अनदेखी नहीं कर सकता, उसका नाम है नरेंद्र मोदी! मोदी संघ से निकले ऐसे दुर्लभ रत्न हैं,जिन्हें अद्वितीय कहना कहीं से भी ज्यादती नहीं होगी.आज राहुल गांधी को अपवाद मान लिया जाय देश में 1-5 तक कोई नेता है तो मोदी ही हैं:बाकी की गिनती छठवें वे नंबर से शुरू होती है.विदेशियों द्वारा राजनीति के रॉकस्टार के रूप में चिन्हित मोदी ने अपने नेतृत्व कौशल से भाजपा के शक्ति के स्त्रोतों को वांछित दिशा में निर्देशित करते हुए एक सैलाब में तब्दील कर दिया है. अपने योग्यतम नेतृत्व में जिस तरह मोदी संघ-भाजपा के लाखों कार्यकताओं को उत्तेजित, उत्प्रेरित एवं समन्वित करते हुए लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में अग्रसर कर रहे हैं,उससे उनके चमत्कारी नेतृत्व में भाजपा डेढ़ दर्जन से अधिक राज्यों की सत्ता में है और इसके आज की तारीख में 1400 से अधिक विधायक तथा राज्यसभा व लोकसभा मिलाकर 400 के करीब सांसद हैं. शायद मोदी के नेतृत्व में भाजपा की यह ताकत देखते हुए ही जहां मीड 2024 में भाजपा के झंडे गाड़ने के प्रति आशावादी हैं,वहीँ विपक्ष मान-अभिमान की तिलांजलि देकर एकजुट होने की तैयारी कर रहा है.

बहरहाल भाजपा का हाथी समान विशाल रूप देखते हुए अधिकांश लोग मानेगे कि मीड का दावा सही हो सकता हैं. पर, उसके शक्ति के स्त्रोतों के विपरीत अगर उसकी कमजोरियों का ठीक से आंकलन किया जाय तो पता चलेगा कि आज की तारीख में भाजपा को हराने जैसा आसान पॉलिटिकल टास्क कुछ हो ही नहीं सकता!

जिस मोदी के नेतृत्व में भाजपा अप्रतिरोध्य बनी है, उस मोदी ने सवर्णहित साधने के जुनून में बहुजन- हित की इतनी अनदेखी कर दी हैं, जिसका विपक्ष द्वारा कायदे से सद्व्यवहार करने पर भाजपा बहुत ही आसानी से सत्ता से आउट हो सकती हैं. मोदी ने विगत आठ वर्षों में मंदिर आन्दोलन के सहारे मिली सत्ता का अधिकतम इस्तेमाल आरक्षण के खात्मे तथा बहुसंख्य लोगों की खुशिया छीनने में किया है.इसके के तहत ही मोदी राज में श्रम कानूनों को निरंतर कमजोर करने के साथ ही नियमित मजदूरों की जगह ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा देकर, शक्तिहीन बहुजनों को शोषण-वंचना के दलदल में फंसानें का काम जोर-शोर से हुआ. जो आरक्षण दलित- बहुजनों की उन्नति और प्रगति का प्रधान आधार है उससे उनको महरूम करने के लिए ही एयर इंडिया, रेलवे स्टेशनों और हास्पिटलों इत्यादि को निजीक्षेत्र में देने की शुरूआत हुई और आज अग्निवीर जैसी योजनाओं की झड़ी लग गयी है .कुल मिलाकर जो सरकारी नौकरियां वंचित वर्गों के धनार्जन का प्रधान आधार थीं, मोदीराज में उसके स्रोत आरक्षण को कागजों की शोभा बनाने का काम लगभग पूरा कर लिया गया है.

राव की नवउदारवादी नीतियों को हथियार बनाकर जिस तरह मोदी वर्ग संघर्ष का इकतरफा खेल खेलते हुए शक्ति के समस्त स्त्रोत जन्मजात सुविधाभोगी वर्गः सवर्णों के हाथ में सौपने तथा बहुजनों को गुलाम बनाने की दिशा में आगे बढे हैं , उसके फलस्वरूप आज की तारीख में दुनिया के किसी भी देश में भारत के परम्परागत सुविधाभोगी वर्ग जैसा शक्ति के स्त्रोतों पर औसतन 80-90 प्रतिशत कब्जा नहीं है. इसके फलस्वरूप बहुजनों में उस सापेक्षिक वंचना के तुंग पर पहुचने लायक पैदा होने के हालात पैदा हो चुके हैं, जो सापेक्षिक वंचना क्रांति की आग में घी का काम करती है. आज सापेक्षिक वंचना के तुंग पर पहुचने लायक जैसे हालात मोदी राज में पैदा हुए हैं, वैसे हालात न तो फ्रांसीसी क्रांति में रहे और न ही जारशाही के खिलाफ उठी वोल्सेविक क्रांति में!

बहरहाल जिस आरक्षण के खात्मे के जरिये मोदी ने विश्व की विशालतम वंचित आबादी को सवर्णहित में गुलामों की स्थिति में पहुचाया है, उस वंचित बहुजन समाज के मुक्ति के लिए यदि विपक्ष ,खासकर बहुजनवादी दल यह घोषणा करे कि वे 2024 सत्ता में आने पर मोदी सरकार द्वारा गुलामों की स्थिति में पहुचाये गए बहुजनो को सेना, पुलिस बल व न्यायालयों सहित सरकारी और निजीक्षेत्र की सभी स्तर की,सभी प्रकार की नौकरियों; पौरोहित्य,डीलरशिप; सप्लाई, सड़क-भवन निर्माण इत्यादि के ठेकों, पार्किंग, परिवहन; शिक्षण संस्थानों, विज्ञापन व एनजीओ को बंटने वाली राशि, ग्राम-पंचायत,शहरी निकाय, संसद-विधानसभा की सीटों; राज्य एवं केन्द्र की कैबिनेट;विभिन्न मंत्रालयों के कार्यालयों; विधान परिषद-राज्यसभा; राष्ट्रपति, राज्यपाल एवं प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के कार्यालयों इत्यादि के कार्यबल में संख्यानुपात में आरक्षण देंगे, मोदी बुरी तरह हार जायेंगे. इसके साथ यदि घोषणा कर दें कि शक्ति के स्त्रोतों पर 70-80% कब्जा जमायें 7.5% आबादी वाले सवर्ण पुरुषों को अवसरों और संसाधनों के बंटवारे में उनके संख्यानुपात पर रोककर उनके हिस्से का 60-70% अतिरिक्त(सरप्लस) अवसर मोदी द्वारा गुलामों की स्थिति में पहुचाये गए जन्मजात वंचित वर्गों के मध्य वितरित करेंगे, तब पता चलेगा कि भाजपा को हराने जैसे आसान पॉलिटिकल टास्क कुछ हो ही नहीं सकता!

(लेखक बहुजन डाइवर्सिटी मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं. संपर्क: 9654816191)

अगर साधु-संतों के प्रबल समर्थन से भाजपा पुष्ट नहीं होती, अप्रतिरोध्य बनना शायद उसके लिए दुष्कर होता. 2024 के लिए भाजपा नेतृत्व जरुर उनसे नयी भूमिका की उम्मीद कर रहा होगा. शक्ति के स्रोत के रूप में तीसरे नंबर पर मीडिया (प्रिंट-इलेक्ट्रॉनिक्स) को चिन्हित किये जाने से भी शायद कम ही लोगों को आपत्ति होगी.मंडल के जरिये पिछड़ों को मिले आरक्षण से आम सवर्णों की भांति सवर्णवादी-मीडिया को भी भारी आघात लगा था.

दक्षिण के द्वार पर 2024 का सेमीफाइनल

प्रसंगवश

अरविंद जयतिलक

224 सीट वाली कर्नाटक विधानसभा चुनाव का एलान हो गया है। चुनाव आयोग ने 10 मई को मतदान और 13 मई को नतीजे की तिथि तय की है। दक्षिण के द्वार पर लड़ा जाने वाला यह चुनाव 2024 के आमचुनाव से पहले सत्ता का सेमीफाइनल कहा जा रहा है। इस सियासी कुरुक्षेत्र के मुख्य प्रतिद्वंदी भाजपा और कांग्रेस हैं लेकिन इसके नतीजे देश की सियासत को नई दिशा देंगे। यह चुनाव परिणाम न सिर्फ भाजपा और कांग्रेस के लिए लिटमस टेस्ट होगा बल्कि क्षेत्रीय दलों की आगामी राजनीतिक गोलबंदी और भविष्य की दिशा भी तय करेगा। अगर कांग्रेस जीतती है तो बेशक विपक्षी दल उसके साथ कंधा जोड़ने को आतुर दिखेंगे। लेकिन कहीं भाजपा ने बाजी मार ली तो न सिर्फ कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ेगी बल्कि विपक्षी एकता का दिवास्वप्न भी चकनाचूर होगा। यह चुनाव ऐसे समय में हो रहा है जब देश की सियासत दोराहे पर है। सत्ता पक्ष के लिए दक्षिण के द्वार पर अपनी स्वीकार्यता बरकरार रखने की चुनौती है वहीं कांग्रेस के लिए करो-मरो की स्थिति है। बहरहाल राहुल गांधी की संसद सदस्यता जाने के बाद कांग्रेस को उम्मीद है कि वह सहानुभूति के लहर पर सवार होकर भाजपा को पटकनी देने में कामयाब होगी। प्रियंका गांधी ने आह्वान किया है कि कर्नाटक की जीत से भाजपा को जवाब दिया जाए। कांग्रेस कड़े तेवर से अडानी, महंगाई, बेरोजगारी और देश की सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों को उठाकर भाजपा कीघेराबंदी कर रही है। उधर, विपक्षी दल भी कांग्रेस के साथ सुर मिलाते हुए भाजपा के प्रति आक्रामक हैं। मौजूं सवाल यह है कि कर्नाटक के रण का परिणाम क्या होगा? भाजपा, कांग्रेस और क्षेत्रीय दल जेडीएस की कितनी बड़ी तैयारी है? क्या यह चुनाव देश की सियासत को प्रभावित करेगा?ढ़ेरों ऐसे सवाल हैं जो भविष्य के गर्भ में है। फिलहाल कांग्रेस की बात करें तो दक्षिण के अन्य राज्यों की अपेक्षा यहां उसकी स्थिति मजबूत है। बूथ स्तर पर उसके कार्यकर्ता सक्रिय हैं और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इसी राज्य से आते हैं। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी को खूब समर्थन मिला। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह समर्थन वोट में तब्दील हो पाएगा? क्या कांग्रेस बोम्मई शासन से नाराज लोगों को एकजुट करने में कामयाब हो पाएगी? यह सवाल इसलिए कि कर्नाटक के रण में एक तीसरा खिलाड़ी पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा और उनके पुत्र कुमारस्वामी की पार्टी जेडीएस भी है। यह पार्टी भी वसवराज सरकार से नाराज वोटों पर नजर गड़ाए हुए है। फिलहाल जेडीएस ने चुनावी रण में एकला चलो का फैसला लिया है। ऐसे में माना जा रहा है कि भाजपा के खिलाफ वोटों का बंटवारा होना तय है। गौर करें तो वोटों के कुछ फिसदी फिसलन से जीत-हार का फासला बहुत बड़ा हो जाता है। अगर जेडीएस 2018 विधानसभा चुनाव में प्राप्त कुल 18.3 फीसदी वोटों को हासिल करने में कामयाब हो जाती है तो फिर कांग्रेस के लिए चुनौती बढ़नी तय है। जेडीएस ने 2018 के विधानसभा चुनाव में 37 सीटें जीतकर सत्ता का भोग लगाने में कामयाब रही। इस बार भी उसकी कोशिश किंगमेकर बनने की है। हालांकि जेडीएस की स्वीकार्यता संपूर्ण राज्य में नहीं है लेकिन तकरीबन एक दर्जन जिलों में उसकी अच्छी पकड़ है। जेडीएस जितना मजबूती से लड़ेगी कांग्रेस को उतना ही अधिक नुकसान होगा। आंकड़ों पर नजर डालें तो 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 78 सीट जीतने में कामयाब रही। उसे कुल 38.14 फीसदी वोट हासिल हुआ। वह भाजपा से तकरीबन दो फीसदी अधिक वोट हासिल की लेकिन उस अनुपात में सीटें नहीं जीती। जबकि भाजपा को कांग्रेस से दो फीसदी कम यानी 36.35 फीसदी वोट मिला लेकिन वह 104 सीटें जीतने में कामयाब रही। हालांकि भाजपा को सरकार बनाने लायक बहुमत नहीं मिला लिहाजा वह सत्ता से बाहर हो गयी। उधर, कांग्रेस और जेडीएस दोनों मिलकर सरकार बनाने में कामयाब रहे। लेकिन तालमेल के अभाव में यह सरकार 14 महीने में ही धाराशायी हो गयी। कांग्रेस और जेडीएस ने एकदूसरे पर गंभीर आरोप लगाए। इसका फायदा भाजपा को मिला। वह कांग्रेस के विधायकों को तोड़कर बीएस येदुरप्पा के सिर पर ताज रख दिया। हालांकि दो वर्ष बाद बीएस येदुरप्पा को भी अपना सिंहासन छोड़ना पड़ा और वसवराज बोम्मई भाजपा के नए सरताज बने। मौजूदा चुनाव उन्हीं के नेतृत्व में लड़ा जा रहा है। वसवराज बोम्मई लिंगायत समुदाय से आते हैं जिसकी आबादी राज्य में 21 फीसदी है। कहा जाता है कि जिस राजनीतिक दल को लिंगायत का समर्थन हासिल होता है वहीं सत्ता का वरण करता है। लिंगायत समुदाय उत्तरी कर्नाटक की प्रभावशाली जातियों में शुमार है। कर्नाटक की सत्ता जिन दो महत्वपूर्ण जातियों के हाथ में रहती है वे हैं-लिंगायत और वोक्कालिंगा। कर्नाटक में सर्वाधिक मुख्यमंत्री इन्हीं समुदायों के रहे हैं। जेडीएस नेता देवगौड़ा वोक्कालिंगा समुदाय से आते हैं। राज्य में इस समुदाय की आबादी तकरीबन 18 फीसदी है और ये राज्य के दक्षिणी हिस्से में ज्यादा है। यहीं वजह है कि भाजपा और कांग्रेस के मुकाबले दक्षिण में जेडीएस ताकतवर है। इस बार भी इस दक्षिणी हिस्से में जेडीएस और कांग्रेस के बीच ही मुख्य मुकाबला होगा। भाजपा का वोक्कालिंगा समुदाय के बीच अभी गहरी पैठ नहीं है। लेकिन लोकसभा चुनाव में वोक्कालिंगा समुदाय का वोट भाजपा को भरपूर मिलता है। विधानसभा के मुकाबले लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट प्रतिशत बढ़ जाता है। 2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा इस राज्य में 51.78 फीसदी वोट हासिल करने के साथ लोकसभा की कुल 28 में से 25 सीटें जीतने में कामयाब रही। यानी देखें तो विधानसभा चुनाव के मुकाबले लोकसभा में उसे 15 फीसदी ज्यादा वोट मिला। इसका तात्पर्य यह हुआ कि कर्नाटक में प्रधानमंत्री के तौर पर नरेंद्र मोदी सर्वाधिक लोकप्रिय और पहली पसंद हैं। अगर कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बेहतर प्रदर्शन करती है तो भी 2024 के आमचुनाव में राहुल गांधी और विपक्ष के लिए प्रधानमंत्री मोदी के बराबर टिकना आसान नहीं होगा। कर्नाटक में लिंगायत और वोक्कालिंगा के अलावा दलित और मुस्लिम वोट भी जीत-हार के बड़े फैक्टर है। यहां दलित 20 और मुस्लिम 17 फीसदी हैं। राज्य में 20 फीसदी जनसंख्या अन्य पिछड़ा वर्ग की है। भाजपा और कांग्रेस की दलितों पर बराबर की पकड़ है। राज्य विधानसभा में दलितों के लिए कुल 51 सीटें आरक्षित हैं। इनमें 36 अनुसूचित जाति के लिए और 15 अनुसूचित जनजाति के लिए है। 2018 के विधानसभा चुनाव के नतीजों पर गौर करें तो आरक्षित 51 सीटों में से भाजपा व कांग्रेस दोनों 20-20 सीटें जीतने में कामयाब रही। भाजपा को दलितों का 40 फीसदी और कांग्रेस को 37 फीसदी वोट हासिल हुआ। आदिवासियों के बीच कांग्रेस के मुकाबले भाजपा की स्वीकार्यता ज्यादा रही। भाजपा को आदिवासियों का 44 फीसदी और कांग्रेस को 29 फीसदी वोट मिला। वसवराज की सरकार ने दलित आरक्षण को 15 फीसदी से बढ़ाकर 17 फीसदी कर दिया है। इससे दलित खुश हैं। कांग्रेस का फोकस दलित वोटों के साथ मुस्लिम मतों पर है। दक्षिण भारत में केरल के बाद दूसरा सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी वाला राज्य कर्नाटक है। यहां मुस्लिमों की आबादी तकरीबन 17 फीसदी है। दक्षिण कन्नड़, धारवाड़, गुलबर्गा वो इलाके हैं जहां मुसलमानों की आबादी 20 फीसदी से ज्यादा है। तकरीबन 60 सीटों पर मुस्लिम वोटरों का जबरदस्त प्रभाव है। कांग्रेस की कोशिश दलित, मुस्लिम एवं अन्य पिछड़े वर्ग की लामबंदी के जरिए सत्ता तक पहुंचना है। उधर, जेडीएस की भी नजर मुस्लिम मतों पर है। 2018 के विधानसभा चुनाव में वह मुस्लिम मतों के दम पर ही 37 सीटें जीतने में कामयाब रही। अगर मुस्लिम मतों का विभाजन कांग्रेस और जेडीएस के बीच होता है तो उसका सीधा फायदा भाजपा को मिलेगा। इस चुनाव में बसपा और आम आदमी पार्टी भी किस्मत आजमाने जा रही है। ये दोनों पार्टियां भले ही अपना असर न दिखाएं लेकिन भाजपा के खिलाफ वोटों के बंटवारे का सबब जरुर बनेंगी। देखना दिलचस्प होगा कि दक्षिण के द्वार पर किसका परचम फहरता है।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

व्यंग्य

शेर का शिकार और गीदड़ को छीछड़े

श्रवण कुमार उर्मलिया

ईश्वर ने इस सृष्टि में भिन्न-भिन्न चौपाये प्राणियों को सिर्फ बनाया ही नहीं है बल्कि उनके भरण-पोषण का भी पूरा प्रबंध कर रखा है। जहां एक ओर अधिकतर प्राणी अपने लिए खुद भोजन जुटाने में सक्षम होते हैं वहीं कुछ प्राणी ऐसे होते हैं जो अपने भोजन-पानी के लिए अपने से ज्यादा शक्तिशाली जानवरों पर निर्भर होते हैं। जिनमें से सबसे निकृष्ट प्राणी होता है गीदड़ जो हमेशा इस ताक मे रहता है कि कब शेर कोई शिकार करे और उसे छीछड़े मिलें। शेर भी इतना दरियादिल होता है कि वह अपने शिकार की मलाई खुद चट कर जाता है और बचे-खुचे छीछड़े गीदड़ के लिए छोड़ देता है। यही कारण है कि गीदड़ चारण-भाटों की तरह हमेशा शेरों के आसपास ही मंडराते रहते हैं और उनके सम्मान में वाह-वाह करते रहते हैं।

गीदड़ों को शेर हमेशा दुत्कारते रहते हैं- 'ससुरे मुफ्तखोरो, क्यों हमारे आगे-पीछे पछियाते रहते हो बे कंगालो, भिखमंगो ? तुम सब कितने बेशर्म हो बे ?' पर गीदड़ कभी भी शेरों की दुत्कार का बुरा नहीं मानते हैं। शेर उनके अन्नदाता हैं। वैसे भी पेट की भूख अच्छे अच्छों को विनम्र बना देती है। गीदड़ों को भूख लगती है तो वे शेरों का स्तुतिगान कर उन्हें उकसाते रहते हैं, 'हुजूर, बहुत दिनों से आप लोगों ने कुछ खाया-पिया नहीं है इसलिये कुछ कमजोर लग रहे हैं। कहीं ऐसा न हो कि आप लोग शिकार करना ही भूल जाएं। आपकी इस लापरवाही से आपके शिकार निर्द्वन्द्व होने लगे हैं। उनके मन से आपका खौफ दूर होता जा रहा है।' सुनकर शेर जोश में आ जाते हैं और शिकार पर झपट्टा मारने लगते हैं।

इंसानों ने भी गीदड़ों से बहुत कुछ सीखा है। बल्कि कुछ तो इंसानी नस्ल में भी पैदायशी गीदड़ होते पाए गए हैं। हमारे प्रिय लेखक जुगाडू लाल भी इंसानों में गीदड़ की नस्ल के रूप में शोभायमान हैं। अब तक एक लेखक के रूप मे ये अपनी प्रतिभा को भुनाते रहे हैं पर अब प्रकाशक इनकी अस्त होती प्रतिभा का नोटिस लेने लगे हैं। अब इन्हें कोई प्रकाशक भाव नहीं देता है तो ये छटपटाते रहते हैं और कुछ न कुछ जुगत भिड़ाते रहते हैं। इधर इन्होंने 'चार पुस्तकें शेर की, एक पुस्तक गीदड़ की' नामक अभूतपूर्व सुविधाजनक स्कीम ईजाद की है। वास्तव में इसे 'गीदड़ के संपादन में शेरों की पुस्तकें' नामक स्कीम भी कहा जा सकता है।

जुगाडू लाल नामक गीदड़ चार-पांच बड़े लेखक रूपी शेरों की स्तुति कर कहते हैं, 'हुजूर, साहित्य आपकी नवीन कृतियों के बिना सूना है। जिस तरह शेरों को अपना शिकार करते रहना चाहिए, उसी तरह लेखक शेरों को भी छपते रहना चाहिए। आप अवश्य चाहेंगे कि आने वाला पुस्तक मेला आपकी पुस्तकों से सज्जित हो और पाठक लाभ उठाएं। इसलिये आप मुझ अकिंचन को यह अधिकार दें कि मैं आपकी रचनाओं के संकलन और संपादन का सौभाग्य प्राप्त करूं ?' कौन लेखक नहीं चाहेगा कि उसकी पुस्तक छपे। लेखकों की अनुमति मिलने के बाद जुगाडू लाल नये प्रकाशकों को साधता है, 'जैसे ही इन महान लेखकों की किताबें आपके प्रकाशन संस्थान से छपेंगी, आपका प्रकाशन ऊर्ध्वगमन कर जाएगा। इन महान लेखकों की किताबें छापने के लिए प्रकाशकों में होड़ लगी है। और मुझे तो आप जानते ही हैं ? मैंने बड़ी-बड़ी पुस्तकों का संपादन किया है।'

प्रकाशक के झांसे में आने के बाद चार शेरों की किताबें तैयार करने के बाद जुगाडू लाल धीरे से अपनी एक किताब भी प्रकाशक की ओर सरका देते हैं। प्रकाशक पूछता है, 'भाई, चार के साथ यह आपकी किताब क्यों ? आप तो संपादक हैं न ?' जुगाडू लाल बेशर्मी से कह देते हैं, 'लेकिन मैं इंसानों में गीदड़ भी तो हूँ। मुझे भी तो छीछड़े मिलने चाहिए कि नहीं ? मैं बेवकूफ हूँ जो आपके प्रकाशन के लिए इतनी मेहनत कर रहा हूँ।'

(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9868549036)

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

सांसद की अध्यक्षता में हुई विद्युत समिति की बैठक

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय विद्युत समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए सांसद दिनेश लाल यादव ने कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं विभाग के अधिकारियों का मूल उद्देश्य जनता के हित में काम करना एवं उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण ससमय किया जाना है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जनता के लिए कार्य किया जाय। उन्होंने कहा जनप्रतिनिधियों द्वारा जो सुझाव दिया जाय, उसका अनुपालन शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाय।

उन्होंने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि यदि कोई सामान्य व्यक्ति कोई समस्या लेकर आता है तो उसे स्पष्ट बताया जाए कि समस्या का निस्तारण कैसे होगा। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूर्व

बैठक को सम्बोधित करते सांसद दिनेश लाल यादव।

की बैठक में जनप्रतिनिधियों ने जो सुझाव दिए थे, उस पर क्या कार्यवाही विभाग द्वारा की गई, उससे अवगत कराया जाय।

जिलाधिकारी श्री विशाल भारद्वाज ने कहा कि प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार विभाग द्वारा जो विकास कार्य कराए जाएं, उसकी जानकारी अवश्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को दिया जाए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा जो विकास कार्य से संबंधित प्रस्ताव शासन को प्रेषित करें, उसे भी जनप्रतिनिधि के संज्ञान में लाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार विद्युत आपूर्ति में सुधार हेतु लगातार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार एवं अन्य विशेषज्ञ संस्थाओं द्वारा विद्युत आपूर्ति में सुधार हेतु जो सुझाव दिए जाएंगे, उसे निर्धारित मानक के अनुरूप कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति प्रक्रिया में निरंतर सुधार किए जा रहे हैं।

बैठक में आलम बदी, नफीस अहमद, पूजा सरोज, अखिलेश यादव ने विद्युतीकरण, पुराने जर्जर तारों एवं पुराने विद्युत पोल, पुराने ट्रांसफार्मर को बदलने तथा आबादी के अनुसार ट्रांसफार्मर को अपग्रेड करने आदि समस्याओं से अध्यक्ष एवं विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया। मुख्य अभियंता विद्युत विभाग ने माननीय जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि आपके द्वारा दिए गए सुझाव एवं अन्य समस्याओं के निस्तारण शत-प्रतिशत सुनिश्चित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा की गई कार्यवाही से भी अवगत कराया जाएगा।

बैठक में सांसद लालगंज संगीता आजाद, एमएलसी विजय बहादुर पाठक, विधायक आलम बदी, नफीस अहमद, अखिलेश यादव, पूजा सरोज, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी आजाद भगत सिंह तथा विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता एवं विद्युत विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

हनुमान जयंती पर निकाली जायेगी भव्य शोभायात्रा

अतरौलिया आजमगढ़। 6 अप्रैल दिन बृहस्पतिवार को श्री श्री 1008 श्री नृत्य गोपाल दास जी महाराज के कृपा पात्र शिष्य श्री श्री 108 राजीव लोचन दास जी महाराज के द्वारा नगर पंचायत स्थित (पश्चिमी पोखरा) हनुमानगढ़ी अतरौलिया में हनुमान जयंती समारोह एवं भव्य झांकी का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर के पुजारी राजीव लोचन दास जी महाराज ने बताया कि 6 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा अतरौलिया नगर पंचायत का भ्रमण करते हुए मदिया पार मोड़ तक जाएगी वहां से पुनः छितौनी तक शोभायात्रा निकाली जाएगी।इस हनुमान जयंती के भव्य शोभायात्रा में सभी भक्तों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर अपने जीवन को कृतार्थ करें। 7 अप्रैल शुक्रवार को सुंदरकांड रामचरितमानस एवं प्रवचन का आयोजन होगा। 8 अप्रैल शनिवार को बालाजी हनुमान जी महाराज का विशाल भंडारा एवं भव्य भंडारे का आयोजन होगा।

संक्षेप

स्मार्टफोन पाकर प्रफुल्लित हुए छात्र

पवई (आजमगढ़)। फूलपुर तहसील क्षेत्र के ओरिल स्थित श्री रामदवर पांडेय पीजी कालेज में टैबलेट और स्मार्टफोन वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे कालेज के 56 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कालेज के प्रबंधक डा.अशोक कुमार पांडेय रहे। इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डा.अशेष कुमार पांडेय ने कहा कि सरकार द्वारा बच्चों के लिए चलाई गई यह योजना आधुनिक शिक्षा के साथ ही साथ देश और दुनियां से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। स्मार्ट फोन से छात्र छात्राएं शिक्षा के क्षेत्र में नित नवीन जानकारियां प्राप्त करेंगे। डा.अशेष कुमार पांडेय ने यह भी कहा कि स्मार्टफोन शिक्षा की ललक के साथ ही साथ आधुनिक भारत के सपने को साकार करने में इनकी मदद करेगा। इस अवसर पर राजेश पांडेय, रंजना यादव, हीरामन यादव, अंब्रीश अष्ठाना, उमाशंकर पांडेय, विजय कुमार चैधरी आदि मौजूद रहे।

इन्वेस्टर्स से मिलकर प्रोजेक्ट रिपोर्ट करायें तैयारः डीएम

आजमगढ़। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में हुए एमओयू की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग एसएस रावत ने बताया कि कुल 19 विभागों से सम्बंधित 214 इंटेंट प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने उक्त समस्त सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी इंटेंट प्राप्त हुए हैं, उसके इन्वेस्टर्स से मिलकर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करायें। इसी के साथ ही इन्वेस्टर्स को सहयोग प्रदान करें, यदि कहीं कोई समस्या आ रही है तो उच्चाधिकारियों को अवगत करायें, जिससे उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा सके। उन्होंने कहा कि उक्त कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें, प्राथमिकता के आधार पर कार्य करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आईएन तिवारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. धर्मेंद्र पाण्डेय, सचिव, आजमगढ़ विकास प्राधिकरण सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी व इन्वेस्टर्स उपस्थित रहे।

कुंटू सिंह सहित तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

आजमगढ़। जीयनपुर कोतवाली में प्रदेश स्तर पर चिन्हित माफिया कुंटू सिंह के द्वारा उसकी कुर्क की गई संपत्ति को गोपनीय ढंग से बेचने का प्रकरण संज्ञान में आने पर जांचोपरांत माफिया कुंटू सिंह सहित तीन के विरुद्ध थाना जीयनपुर पर मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि गोपनीय सूचना प्राप्त हो रही थी कि प्रदेश स्तर के चिन्हित माफिया कुन्टू सिंह द्वारा गैगस्टर एक्ट में कुर्क की गयी सम्पत्ति को नियम विरुद्ध किसी को बेच दिया गया है जिसकी जांच करायी गयी। उन्होने कहा जांच में प्रकाश में आया कि 2008 में इसकी सम्पत्ति जब्त की गयी थी जिसको उसने बिना किसी न्यायालय के परमिशन व बिना किसी को सूचित किये हुए वर्ष 2010 में अवैध तरिके से शमशाद वेगम नाम की महिला को बेच दिया। महिला द्वारा इसी जमीन को 2018 में मुनिराज नाम के व्यक्ति को बेच दिया गया तथा 2022 में उसी जमीन को मुनिराज द्वारा पुनः शमशाद वेगम को बेच दी गयी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इसकी पूरी जांच जीयनपुर प्रभारी द्वारा की गयी जांच में अपराध पाये जाने पर सुसंगत धाराओं में कुन्टू सिंह, मुनिराज व शमशाद वेगम पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

छात्रा के साथ छेड़खानी, दो पक्षों में मारपीट

अतरौलिया आजमगढ़। स्थानीय कस्बा निवासिनी नाबालिक छात्रा कोचिंग से घर आ रही थी। बीच रास्ते में मनचलों द्वारा छेड़खानी का विरोध करने पर मनचलों ने उसके चाचा सहित दो लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। अतरौलिया कस्बा निवासी पीड़ित की भतीजी सुबह कोचिंग से घर आ रही थी कि रास्ते में कुछ मनचलों द्वारा उसे रोक कर उसके साथ छेड़खानी करने लगा। छात्रा द्वारा उन लोगो से बचने के लिए चिल्लाती हुई भागने लगी कि उसी रास्ते से उनके दो चाचा अपने खेत से काम निपटा कर वापस आ रहे थे उन्होंने अपनी भतीजी की आवाज सुनी तो उसी तरफ भाग कर गए तो देखा कि दो मनचलों द्वारा भतीजी को पकड़ कर जबरदस्ती की जा रही है। आनन-फानन में उन लोगों द्वारा अपनी भतीजी को मनचलों से छुड़ाकर घर भेजें। मनचलों का हौसला यहां भी कम नहीं हुआ और छात्रा के घर आकर उनके चाचा से मारपीट करने लगे जिसमें छात्रा के चाचा सहित दो लोगों को चोट भी लगी, तब तक आसपास के लोग इकट्ठा होकर बीच बचाव कीये। पीड़ित की तरफ से एक नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ थाने में तहरीर दी गई। वही अतरौलिया कस्बे में दोनों पक्षों के दो समुदाय के होने की वजह से स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।

पुलिस ने 59 अपराधियों को किया गिरफ्तार

आजमगढ़। पुलिस ने 59 अपराधियों को किया गिरफ्तार, 39 व्यक्तियों के विरूद्ध 151 सीआरपीसी की कार्यवाही की। जनपद पुलिस द्वारा अपराधियों के विरूद्ध जीरो टालरेन्स की पॉलिसी के अन्तर्गत अभियान चलाया गया बीती रात्रि सभी के यहां दबिश दी गयी। दबिश के दौरान पुलिस द्वारा 59 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया जिसमें नगर क्षेत्र से 32 तथा देहात क्षेत्र से 27 वारण्टी, मारपीट, हत्या के प्रयास तथा विभिन्न मुकदमों में वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। 39 व्यक्तियों के विरूद्ध 151 सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी। जिसमें नगर क्षेत्र से 11 तथा देहात क्षेत्र से 28 व्यक्तियों के विरूद्ध 151 सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी।

महिला के इलाज के लिए मिला सरकार से सहयोग

अतरौलिया आजमगढ़। पीड़ित महिला के इलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से सहयोग मिला। महिला निर्मला यादव पुत्री लालचंद यादव निवासी इंदौर पुर ,घिन्हा पुर पोस्ट मुडियारी अंबेडकरनगर जो ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित थी तथा पैसों के अभाव में इलाज कराने में असमर्थ थी। क्षेत्र के पुष्कर मिश्र के आग्रह पर अतरौलिया निवासी भीमसेन यादव की बड़ी बहन निर्मला यादव के इलाज के लिए उपमुख्यमंत्री व मुख्यमंत्री के द्वारा 5 लाख की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई, जिससे पीड़ित परिवार को अब आशा की किरण दिखाई देने लगी। पीड़िता का भाई भीमसेन यादव ने बताया कि मेरी बड़ी बहन के इलाज के लिए पुष्कर मिश्रा के सहयोग से उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक व मुख्यमंत्री द्वारा जो आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है उसके लिए मैं आभारी हूं।

ग्रामीणों ने किया गोल्ड मेडलिस्ट का स्वागत

अमरजीत यादव का स्वागत करते सेमरी गांव के ग्रामीण।

आजमगढ़। ब्लाक तहबरपुर के ग्राम सेमरी निवासी अमरजीत यादव का कबड्डी में प्रदेश स्तरीय खिलाड़ी में चयन होने और उत्तर प्रदेश यूथ स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा प्रदेश के अलीगढ़ स्पोर्ट्स अलीगढ़ में आयोजित टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल पाने पर परिजनों सहित जनपद में खुशी की लहर व्याप्त है। बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है।

मार्च 2023 में अलीगढ़ में आयोजित टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल हासिल करने वाले अमरजीत यादव सहित प्रदेश के 12 खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक हासिल कर आगामी माह में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलने के लिए चयनित होने की खबर पर लोगों में हर्ष व्याप्त है। प्रदेश से राष्ट्रीय खिलाड़ी के लिए चयन पर उत्तर प्रदेश यूथ स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आजमगढ़ के अमरजीत को गोल्ड मेडल से नवाजे जाने पर अमरजीत के गांव में लोगो ने खुशिया मनाई और मेडल के साथ गांव आने पर ग्रामीणों ने जनपद का नाम रोशन करने वाले गांव के लाल को फूल मालाओं से स्वागत किया। स्वागत करने वालों में गांव के अलावा क्षेत्र के संभ्रात नागरिक मौजूद रहे।

बकाया भुगतान नहीं तो सीएमओ कार्यालय पर देंगी धरना

आजमगढ़। मातृ शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघ की बैठक रविवार को कुंवर सिंह उद्यान में जिलाध्यक्ष प्रभा सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभा सिंह ने बताया कि जनपद में कार्यरत महिला स्वास्थ्य कर्मियों का अभी तक पीवीआई, अनमोल एवं ई-कवच की फीडिंग व कहीं-कहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यरत महिला स्वास्थ्य कर्मियों का भुगतान नहीं किया गया। पुरानी पेंशन बहाली को लेकर भी बैठक में चर्चा की गयी। इस संबंध में सीएमओ को कई बार पत्रक व मौखिक वार्ता हो चुकी है। बैठक में निर्णय लिया गया कि 15 दिन के अन्दर पीवीआई, अनमोल, ई-कवच फीडिंग व बकाया बोनस, एरियर का भुगतान नहीं किया गया तो सीएमओ कार्यालय पर एक दिवसीय धरना देने को बाध्य होंगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सीएमओ की होगी। बैठक में प्रतिभा राय, सरिता राय, रीता देवी, कुमुद राय, सुमन, सावित्री यादव, मिनाकान्ती सिंह, इन्दुमती, आराधना राय, कविता कन्नौजिया, ज्योति गौतम, शशिकला, इन्दु, राधिका देवी, चन्द्रकला, सुशीला भारद्वाज आदि मौजूद रहीं।

ग्रामीणों के आक्रोश पर जांच छोड़कर भागे अधिकारी

जनसंदेश न्यूज

अतरौलिया आजमगढ़। विकास कार्यों में लापरवाही की शिकायत पर जांच करने पहुंचे जांच अधिकारी, ग्रामीणों के आक्रोश पर जांच छोड़ कर भागे।

अतरौलिया थाना क्षेत्र के रतुआपार ग्राम सभा में विकास कार्यों में बड़ी संख्या में अनियमितता की शिकायत थी जिसको लेकर किरण देवी द्वारा जन सूचना के अधिकार के तहत गांव में कराए गए 5 कार्यों में गबन का आरोप लगाते हुए सूचना मांगी गई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए खंड विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह द्वारा एडीओ आरपी राम को जांच अधिकारी नियुक्त कर विकास कार्यों की जांच करने भेजें। जांच अधिकारी द्वारा गांव में पहुंचकर आरोप लगाए गए कार्यों की जांच कर रहे थे कि इसी बीच कुछ मीडियाकर्मी भी वहां पहुंच गए। मीडिया कर्मियों के सामने ग्रामीणों द्वारा बड़ी संख्या में विकास के कार्यों में अनियमितता और शिकायत

विकास कार्यों की महिलाओं से जानकारी लेते जांच अधिकारी।

करते देख जांच अधिकारी वहां से निकल लिये।

जांच अधिकारी आर पी राम से जब पूछा गया तो उन्होंने बताया कि जन सूचना के तहत शिकायत को देखते हुए गांव में चार पांच बिंदुओं पर जांच की गई जिसमें मौके पर जिन कार्यों में शिकायत बताई गई है वह कार्य मौके पर पाया गया है मगर कार्य मानक के अनुरूप हुआ है या नहीं इसके लिए शासन को रिपोर्ट भेजकर इंजीनियर द्वारा उसकी गुणवत्ता की जांच कराई जाएगी। वहीं दूसरी तरफ ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में कई इंडिया मार्का हैंडपंप को रिबोर दिखाया गया है जबकि गांव में ऐसे कई हैंडपंप है जो कागजों में पानी दे रहे हैं मगर मौके पर हैंडपंप है ही नहीं है। जो हैंडपंप है भी वह पानी देने की दशा में नहीं है। जांच अधिकारी के रवैया से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। वही शिकायतकर्ता के पति अरविंद कुमार ने बताया कि गांव में बड़ी संख्या में विकास कार्यों में अनियमितता है अगर निष्पक्ष जांच कराई जाएगी तो काफी बड़े गबन का मामला सामने आएगा।

महिलाओं को स्वरोजगार के लिए किया गया जागरूक

जनसंदेश न्यूज

लालगंज आजमगढ़। रविवार को राजपूत काशी विश्वनाथ सेवा संस्थान द्वारा रविदास नगर बस्ती कटघर लालगंज में महिलाओं के लिए स्वरोजगार योजना के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को महिला समूह की महत्ता एवं उसके गठन के विभिन्न आयामों की जानकारी दी गयी। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरमैन विजय सोनकर कटघर लालगंज उपस्थित रहे।

चेयरमैन द्वारा रविदास नगर की महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई के प्रशिक्षण हेतु दो सिलाई मशीन देने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम मे ममता सिंह, ग्राम मिर्जा आदमपुर एवं सरिता देवी, ग्राम रणमो की महिला समूह सखी उपस्थित रहीं, जिन्होंने रविदास नगर की महिलाओं को महिलि समूह का गठन, समूह के कार्य प्रणाली एवं समूह से

कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां वहां की महिलाओं को दी। विजय सोनकर के द्वारा वहां की महिलाओं को रोजगार के विभिन्न आयामों को बताया गया, साथ ही साथ उनके द्वारा आश्वस्त किया गया कि जो महिलाएं सिलाई कढ़ाई और सौंदर्य प्रसाधन का कोर्स करना चाहती हैं। वह उसके लिए व्यवस्था करेंगे एवं वहां संस्था के द्वारा चलाए जा रहे निशुल्क कोचिंग क्लासेज में पढ़ रहे बच्चों को भी मदद का भरोसा दिया। इसके साथ ही मेघावी बच्चों की पूरी शिक्षा के खर्च को वहन का वादा किया। कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष प्रतिमा सिंह के अलावा किशन लता, विनोद कुमार, पृथ्वीराज सिंह, ममता सिंह, सरिता देवी कुमारी रेनू कुमारी खुशबू एवं कुमारी काजल सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

हनुमानगढ़ी की भूमि पर बनी दुकान मे मनबढ़ ने लगाया ताला

लालगंज आजमगढ़। नगर पंचायत कटघर लालगंज स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर की भूमि पर महंत शिवप्रकाश दास फलहारी बाबा द्वारा कुछ दुकानों का निर्माण कराया गया है। पुजारी इन्द्रलाल दास ने बताया कि महन्त जी द्वारा बनवायी दुकानो मे से एक दुकान सौरभ सोनकर पुत्र मनोहर सोनकर को किराया पर दी जाने की बात की गयी थी। इसी बीच सौरभ का भाई पंकज सोनकर द्वारा यह कहा जाने लगा कि हनुमानगढी की भूमि पर बनायी गयी सभी दुकाने हमारी है। नायब तहसीलदार व हल्का लेखपाल ने मौके पर जांच कर बताया की सारी दुकाने व भूमि हनुमानगढी मन्दिर की है। जिसके बाद भी सौरभ सोनकर व पंकज सोनकर द्वारा हनुमानगढी मन्दिर की दो दुकानो मे बाहर से जबरदस्ती ताला बन्द कब्जा करना चाहते है। मन्दिर के पुजारी इन्द्रलाल दास ने उपजिलाधिकारी लालगंज सुरेन्द्र नारायण त्रिपाठी को आवेदन देकर हनुमानगढी भूमि की दुकान मे जबरदस्ती बन्द ताला को खुलवाने की मांग की।

चोरी की आल्टो कार के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

आजमगढ़। मुबारकपुर थाना पुलिस ने चोरी की अल्टो कार के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने उसके पास से तमंचा व कारतूस के साथ 28,200 रुपया बरामद किया पुलिस ने उसे सम्बंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया। वादी मुकदमा

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

रणविजय सिंह पुत्र हरेन्द्र सिंह निवासी छतौना थाना अहरौला हाल पता मुकेरीगंज थाना कोतवाली द्वारा थाना कोतवाली पर खुद की अल्टो कार लक्षिरामपुर आयुष हास्पिटल के पास से अज्ञात चोर द्वारा चोरी किये जाने की सूचना पर अज्ञात चोर के खिलाफ पंजीकृत किया गया।

उपनिरीक्षक राजीव कुमार सिंह, अखिलेश कुमार चैबे मय हमराह को सूचना प्राप्त हुई कुछ वांछित व्यक्ति चोरी की अल्टों कार से जौनपुर की तरफ से अपने साथी मोइनाबाद के घर जाने वाले है इस सूचना पर गुजरपार पुलिस बैरियर के पास सामने से आ रही अल्टो कार को पुलिस ने रूकने का इशारा किया तो बीच सड़क पर ही हड़बड़ा कर गाड़ी रोक दिया कार के गेट को खोलकर चालक का नाम पता पूछा गया तो अपना नाम मो.अली पुत्र जलील नट निवासी ग्राम मुहम्मदपुर बाबुपुर थाना कोपागंज मऊ बताया। पुलिस ने जामा तलाशी ली तो अभियुक्त के पास से पशु तस्करी के बिक्री के कुल 28200 रूपया एक अदद तमंचा व 2 अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। मौके पर बरामद शुदा कार के बारे मे जानकारी की गयी तो थाना कोतवाली में उक्त कार के सम्बन्ध मे मुकदमा पंजीकृत होना पाया गया। पकड़े गये अभियुक्त को पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया।

वैश्य समाज ने हमेशा जोड़ने का काम किया : जगन्नाथ गुप्ता

समारोह

मद्धेशीय वैश्य समाज द्वारा होली मिलन व सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

जनसंदेश न्यूज

बुढ़नपुर आजमगढ़। स्थानीय तहसील क्षेत्र के मध्देशीय वैश्य सभा अतरैठ द्वारा होली मिलन समारोह एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि जगन्नाथ गुप्ता कोलकाता के मसहूर उद्योगपति एवं समाजसेवी रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि वैश्य समाज के लोगों ने हमेशा से जोड़ने का काम किया हमें बड़ा गर्व है कि हम उस समाज में पैदा हुए हैं। भारत परंपराओं का देश है जिसमें होली हिंदुओं का सबसे बड़ा त्यौहार है जिस तरह से होली में विभिन्न रंगों को मिला करके हम होली के त्यौहार का आनंद लेते हैं उसी तरह से हमारे समाज में विभिन्न तरह की जात धर्म और

पीसीएस सदानन्द गुप्ता को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

समुदाय के लोग हैं जिनसे मिलकर हमारे समाज का निर्माण हुआ हम इंसान हैं इसलिए सबसे बड़ा हमारा पहला नैतिक धर्म है कि हम इंसानियत के लिए और इंसान के लिए कुछ करें गरीबों की मदद करना सबसे बड़ा धर्म है हमेशा जरूरतमंदों की मदद करिए और उनके हौसले को बढ़ाने का काम करिए तभी जाकर उस परमपिता परमेश्वर को शांति मिलेगी।

उन्होंने हमें इस योग्य समझा तभी धन दौलत अनेक सुविधाओं से नवाजा है मानव रह करके अगर हम मानव के काम न आए तो हम साक्षात पशु के समान हैं मनुष्यता ही सबसे बड़ा धर्म है इस कार्यक्रम के अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के होनहार जिन्होंने अपनी दक्षता के दम पर क्षेत्र का नाम रोशन किया उन्हे सम्मानित किया गया। इस मौके पर सदानंद गुप्ता लोअर पीसीएस. अंगद गुप्ता नगर आयुक्त मिजार्पुर .धीरेंद्र गुप्ता कोयलसा डिग्री कॉलेज प्रोफेसर क्षेत्र के विभिन्न सरकारी गैर सरकारी उच्च पदों पर कार्यरत वैश्य समाज के लोगो का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि निश्चित रूप से यह बहुत सराहनीय पहल है ऐसे आयोजनों से क्षेत्र के युवाओं मे प्रतिस्पर्धा का विकास होगा लोग अपने अग्रज से कुछ सीखेंगे। वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष मनीष गुप्ता प्रदेश महामंत्री अभिषेक गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष रतन गुप्ता, रामविलास साहू , सुबाष जयसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

राम नाम जप कर करें जीवन धन्य : रामसेवक

जनसंदेश न्यूज

फूलपुर आजमगढ़। स्थानीय क्षेत्र के राम जानकी अचारी बाबा मन्दिर परिसर में दो दिवसीय प्रवचन का आयोजन किया गया। मन्दिर के पुजारी ऋषि तिवारी द्वारा भगवान राम के चित्र व राम चरित्र मानस पर माल्यार्पण ब दीपप्रज्वलित कर किया गया। भृगुनाथ मोदनवाल ने भजन सुनाकर लोगो को राम रंग में रंग दिया।

राम सेवकजी महाराज ने कहा कि मनुष्य तन बड़े भाग्य से मिलता है। अन्य युगों में भगवान तक पहुंचने के लिए कठिन तपस्या करनी पड़ती थी। कलयुग में सच्चे मन से राम नाम के आधार से भव पार कर सकते हैं। व्यास पीठ से डा. राजेन्द्र प्रसाद आर्य ने भगवान राम के अमृत ज्ञान की गंगा बहाई। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम सभी के आदर्श है। जन्म से लेकर राजतिलक तक एक एक पल प्रेरणा देती है। उन्होंने माताओं के स्नेह में कोई भेद भाव नहीं रखा। त्याग और समर्पण भाव भगवान राम को मयार्दा पुरुषोत्तम बनाए। उन्होंने किसी से कोई भेद भाव नहीं किया। निषाद राज, केवट,

प्रवचन करते रामसेवक जी महाराज।

को बराबर का सम्मान दिया। तो शबरी के भाव थे मिले जूठे बेर भी खाए। आज कुछ निर्बुद्ध भगवान को काल्पनिक बताते हैं। जिसका प्रमाण सेटेलाइट नासा वैज्ञानिक ने राम सेतु का समुद्र में आज भी होना प्रमाणित करता है। धर्म वेद है। ओम राम का स्वरूप है। इसे अपना कर जीवन धन्य करे। कार्यक्रम का संचालन अरविन्द रावत ने किया। इस अवसर पर अतुल जायसवाल, मनोज मोदनवाल, अमरनाथ बरनवाल, अभिषेक पांडेय, प्रतीक जायसवाल, सुधीर रावत, आदि उपस्थित थे।

प्रतिभावान छात्रों सहित उनके अभिभावकों को किया सम्मानित

सम्मान

सर्वोदय पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम किया गया वितरित

बच्चों को मिला वर्ष भर की मेहनत का फल : राजेन्द्र प्रसाद यादव

आजमगढ़। हरबंशपुर स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती जी के सम्मुख विद्यालय के प्रबंधक द्वारा दीप प्रज्वलन से प्रारम्भ हुआ।

माँ सरस्वती की प्रतिमा पर विद्यालय की निदेशिका द्वारा माल्यार्पण किया गया तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा पुष्प अर्पित किया गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुति की गई। इसके बाद विद्यालय की प्रबन्ध निदेशिका श्रीमती कंचन यादव ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। पुरस्कृत किये गये छात्र-छात्राओं के

प्रमाण पत्र के साथ छात्राएं साथ में विद्यालय की शिक्षिकाएं।

अभिभवाकों को भी मंच पर बुला कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंध निदेशिका श्रीमती कंचन यादव जी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि यह बच्चों के कठिन परिश्रम का परिणाम है। विद्यालय के प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि ये बच्चे देश के भविष्य हैं। बच्चों का पढ़ाई की तरफ रूझान व परिश्रम जो उन्होंने पूरे वर्ष भर किया उसका परिणाम आज उन्हें मिला है। उन्होंने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्था के प्रबंधक/संस्थापक द्वारा यह घोषणा की गयी कि इस नए सत्र से सर्वोदय हास्पिटल का शुभारम्भ किया जा रहा है जो आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। जिसमें बच्चों का फ्री हेल्थ चेकअप की सुविधा उपलब्ध है तथा इस नए सत्र से घुड़सवारी एवं तरण ताल आदि की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने भी बच्चों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्हें बधाई देते हुये उचित मार्ग दर्शन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही अनुशाशित जीवन का संदेश भी दिया। इस अवसर पर समस्त अध्यापकगण एवं अन्य कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

फायर करने के आरोप में दो को पुलिस ने भेजा जेल

कार्रवाई

पानी न देने के विवाद में की गई थी फायरिंग

जनसंदेश न्यूज

मीरजापुर। विन्ध्याचल क्षेत्रान्तर्गत अष्टभुजा पहाड़ी पर युवक पर जानलेवा हमला करने वाले 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर कब्जे से घटना में प्रयुक्त रायफल मय कारतूस तथा वाहन बरामद किया। थाना विन्ध्याचल मीरजापुर पर रविवार को वादी फैलन बिन्द पुत्र स्व0 दुखाराम बिन्द निवासी अष्टभुजा, थाना विन्ध्याचल मीरजापुर द्वारा 02 नामजद आरोपियों के विरूद्ध वादी की फूलमाला/ प्रसाद की दुकान पर पानी मांगने की बात को लेकर हुए विवाद में आरोपियों द्वारा वादी को जान से मारने की नियत से रायफल से फायर करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी।

उक्त तहरीर के आधार पर तत्काल थाना विन्ध्याचल पर धारा 307,504, 506 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए आरोपियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी एवं असलहे की बरामदगी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक विन्ध्याचल को निर्देश दिया गया। उक्त निर्देश के अनुक्रम में क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए रविवार को उ0नि0 अजय कुमार मिश्र चौकी प्रभारी अष्टभुजा मय पुलिस टीम द्वारा घटना से सम्बन्धित नामजद दो आरोपियों रमाशंकर राय पुत्र देवदत्त राय निवासी दहाउ पोस्ट पहलेजा डेहरी, थाना मुसफिल जिला रोहतास बिहार व सुरेन्द्र सिंह पुत्र इन्द्रपाल सिंह निवासी नानदीन कूर्नियान थाना राजापुर चित्रकूट को थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 रायफल, 02 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस तथा 01 सफारी वाहन बरामद कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है।

फायर करने के आरोप में पकड़े गये दो बिहारी

दुकानदार से मारपीट व सामानों की तोड़फोड़ के छह आरोपी गिरफ्तार

मीरजापुर। जनपद के सेप्टन मिल के पास बीते एक अप्रैल को हुई मारपीट में वादी शिव कुमार जायसवाल पुत्र रामचन्द्र जायसवाल निवासी सेप्टनमिल चौराहा थाना कोतवाली कटरा द्वारा रिक्शा चालक व अन्य अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध एक राय होकर वादी के दुकान में घुसकर सामानों की तोड़-फोड़ करते हुए मारपीट, गाली-गलौज व धमकी देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी थी। जिसके क्रम में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी थी। क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना कोतवाली कटरा पुलिस व एसओजी की सयुक्त टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए रविवार को साक्ष्यों के आधार पर घटना से सम्बन्धित छः आरोपियों अजय सोनकर पुत्र तेजईव, अनिल सोनकर पुत्र राजेन्द्र सोनकर, विकास सोनकर पुत्र तेजू सोनकर निवासी काजी तालाब थाना कोतवाली कटरा छोटू सोनकर पुत्र कुल्लुर सोनकर निवासी बैरहवा थाना कोतवाली कटरा, सोनू यादव पुत्र कान्ता यादव निवासी ककरहवा नई बस्ती थाना कोतवाली कटरा, राहुल सोनकर पुत्र पप्पू सोनकर निवासी शीतलामाता मन्दिर बथुआ थाना कोतवाली कटरा को थाना कोतवाली कटरा क्षेत्र से गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएसआई अरविन्द कुमार सरोज चौकी प्रभारी मण्डीसमिति थाना कटरा मय टीम व निरीक्षक माधव सिंह प्रभारी एसओजी मय पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे।

दुकानदार से मारपीट के पकड़े गये आरोपी

पेड़ से बांधकर पिटा फिर प्रेमी को सौंप दी पत्नी

होगी कानूनी कार्रवाई

वायरल हो रहे वीडियो का पुलिस ने लिया संज्ञान

मीरजापुर। देहात कोतवाली क्षेत्र के सिरसी गहरवार गांव में विवाहिता प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी की जमकर पिटाई कर दी गई। पिटाई के दौरान कोई बाल पकड़कर खींच रहा था तो कोई लकड़ी से पीट रहा था। पेड़ से बंधा लाचार प्रेमी लटकता जा रहा था। जिसे बाल खींचकर खड़ा करने के बाद पीटा गया। इस दौरान प्रेमी चीख रहा था तो मौजूद लोग ठहाका लगाते दिखाई दिए। सीओ सदर शैलेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि पेड़ से बांधकर पिटाई का वायरल हो रहा वीडियो संज्ञान में आया है। जो देहात कोतवाली इलाके के सिरसी गहरवार गाँव का बताया गया है। जिसकी जांच की जा रही हैं, जांच रिपोर्ट आने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। बताया गया कि कुछ दिन पूर्व गांव के पास का ही प्रेमी अपनी शादीशुदा प्रेमिका से मिलने सिरसी गहरवार गांव में मिलने पहुंचा था। घर में घुसे प्रेमी के साथ पत्नी को पति ने देख लिया। लोगों के सहयोग से प्रेमी को पकड़ कर पेड़ से बांध दिया गया। इसके बाद जो पहुंचता आशिक की पिटाई करने लगता। करीब दो घंटे तक यह माजरा चला। पीट पीटकर विवाहिता के साथ सम्बन्ध की जानकारी ली गई। पत्नी के आशिक की पिटाई से मर्माहत पत्नी के बीच बचाव को देख पति ने पत्नी को साथ रखने से इंकार कर दिया। पति के तेवर देख विवाहिता ने भी पति को छोड़कर प्रेमी के साथ रहने का ऐलान कर दिया। मामला देहात कोतवाली पहुंचा, पति, पत्नी और प्रेमी तीनों पक्ष ने आपसी रजामन्दी की। पति पत्नी ने एक दूसरे को छोड़ने का लिखित बयानहलफी दिया। इसी के साथ विवाहिता प्रेमिका ने भी प्रेमी के साथ रहने की बात कही। जिस पर तीनों पक्ष एक ही बिरादरी के होने के साथ ही राजी होने पर मामला सलट गया। अब पिटाई का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। सीओ सदर शैलेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

तीन वर्षीय पुत्र को छोड़ कर प्रेमी के संग फरार हुई विवाहिता

राजगढ़। प्रेम प्रसंग में फंसकर एक विवाहिता अपने तीन वर्षीय पुत्र को छोड़कर प्रेमी के साथ फरार हो गई। इस संबंध में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने प्रेमी व विवाहिता की खोजबीन कर राजगढ़ थाना बुलाया। जहां दोनो पक्षों की रजामंदी से सुलह समझौता के बाद विवाहिता ने अपने तीन वर्षीय लड़के को उसके पिता को सौंप कर अपने प्रेमी के साथ उसके घर चली गई। युवती की शादी लगभग 3 वर्ष पहले फिरोजाबाद में हुआ था। युवती बीच-बीच में अपने मायके आती थी, इसी दौरान पड़ोस के गांव के एक युवक से उसका प्रेम हो गया। कुछ दिनों पहले विवाहिता अपने मायके आई हुई थी। मौका देखकर अपने 3 वर्षीय पुत्र को छोड़ प्रेमी के साथ फरार हो गई। विवाहिता के मायके वालों ने इसकी सूचना उसके ससुराल वालों को दिया। जिसके बाद पुलिस विवाहिता व उसके प्रेमी को थाने बुलाया। जहां दोनों पक्षों की मौजूदगी में पूछताछ के दौरान विवाहिता व प्रेमी एक दूसरे के साथ रहने के लिए राजी हो गए। जिस पर दोनों पक्ष के लोगों की रजामंदी से विवाहिता द्वारा 3 वर्षीय पुत्र को उसके पिता को सौंप दिया गया तथा दोनों पक्षों के बीच सुलह समझौता कर विवाहिता को उसके प्रेमी के साथ भेज दिया।

वन तथा वनसंपदा की सुरक्षा में लापरवाही व भ्रष्टाचार का आरोप

जांच की मांग

सीएम पोर्टल पर प्रार्थना पत्र देकर उच्च स्तरीय जांच की किया मांग

हलिया। क्षेत्र के पवांरी कलां गांव निवासी राघवेन्द्र कुमार सिंह ने ड्रमंडगंज रेंज में अतिक्रमण तथा वनों की सुरक्षा में लापरवाही बरतने व पौधों के संरक्षण के नाम पर भ्रष्टाचार किए जाने का आरोप लगाते हुए रविवार को मुख्यमंत्री पोर्टल पर प्रार्थना पत्र देकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। दिए गए प्रार्थना पत्र में राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि ड्रमंडगंज वनरेंज के बबुरा रघुनाथ सिंह, महुगढ़ प्लांटेशन, नैड़ी कठारी, लहुरियादह, कटरा, बंजारी कलां वनक्षेत्र में वन विभाग द्वारा रोपे गए पौधों को नष्टकर अतिक्रमणकारियों के द्वारा खेती की जा रही है। वनविभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से लहुरियादह, देवहट, कटरा में अतिक्रमणकारियों द्वारा कच्चे व पक्के मकान भी बना लिए गए हैं। महुगढ़ प्लांटेशन का दायरा भी अतिक्रमण के कारण सिकुड़ता जा रहा है। महुगढ़ प्लांटेशन में अतिक्रमण कर लोगों ने खेती के अलावा मकान भी बना लिया है। लेकिन वन विभाग अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की बजाय मूकदर्शक बना हुआ है। क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में सड़क किनारे लगे पुराने शीशम के पेड़ों को वनकर्मियों द्वारा कटवाकर बेच दिया जा रहा है। बबुरा रघुनाथ सिंह व सोनगढ़ा वन क्षेत्र के विभिन्न कंपार्टमेंट में दो तीन वर्ष पूर्व पौधरोपण किए गए लाखों पौधे नदारद हैं। जबकि वन विभाग कागजों में पौधों को जीवित बताकर उनके संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रतिवर्ष शासन से भारी भरकम बजट ले रहा है, जबकि धरातल पर पिछले कई सालों से रोपे गए पौधे नदारद हैं। पर्यावरण तथा वनसंपदा की सुरक्षा के प्रति ड्रमंडगंज वनरेंज के रेंजर वीरेंद्र कुमार तिवारी का क्षेत्रीय लोगों ने कई बार ध्यान आकृष्ट करवाया लेकिन रेंजर वनों की सुरक्षा के प्रति गंभीर नही हैं, और कार्य में घोर लापरवाही बरत रहे हैं। ड्रमंडगंज वनरेंज में वनविभाग की मिलीभगत से कई जगहों पर अवैध आरा मशीनें धड़ल्ले से चल रही हैं और जगह जगह वन भूमि पर पत्थर खनन किया जा रहा है। सोनगढ़ा वनक्षेत्र में वर्षों पूर्व पौधों की सुरक्षा के लिए जोड़ी गई पत्थर की करीब सात सौ मीटर पत्थर की चहारदीवारी को वनविभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से खननकर्ता चोरी छिपे उठा ले गए हैं। ड्रमंडगंज वनरेंज में बड़े पैमाने पर वनसंपदा की क्षति की जा रही है। इसके बावजूद रेंजर तथा अन्य कर्मचारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। रेंजर वीरेंद्र कुमार तिवारी पड़ोसी जिले प्रयागराज के निवासी हैं और आए दिन कार्यक्षेत्र से गायब रहते हैं ऐसे में वनों की सुरक्षा में तैनात अन्य कर्मचारी भी रेंजर की गैर मौजूदगी में कार्य स्थल पर नही जाते हैं। निगरानी नही होने से वनसंपदा को भारी नुकसान पहुंच रहा है। शिकायतकर्ता राघवेन्द्र कुमार सिंह ने वनों की सुरक्षा में घोर लापरवाही बरतने तथा भ्रष्टाचार में लिप्त होने का वनविभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

विंध्याचल के कालीखोह में बिहार के दर्शनार्थियों की पिटाई

विवाद

जिला पंचायत वसूल रहा पार्किंग शुल्क

प्रसाद न लेने पर वाहन चालकों को पीट रहे दुकानदार

मीरजापुर। विन्ध्याचल थाना क्षेत्र के काली खोह मंदिर दर्शन करने गए यात्रियों की दुकानदारों ने रविवार को पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल युवकों का इलाज स्थानीय चिकित्सालय में कराया गया। मारपीट की शिकायत मिलने पर पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। काली खोह मंदिर मार्ग पर जिला पंचायत पार्किंग शुल्क वसूल रहा है पर पार्किंग व्यवस्था न होने से भक्तों को अपमानित करने के साथ ही मारपीट की जा रही है। बताया जाता हैं कि बिहार सासाराम निवासी सोनू कुमार अपने परिवार के साथ मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन करने अपने निजी साधन से आए थे। विंध्याचल दर्शन पूजन के बाद माँ काली के दर्शन के लिए अपने वाहन से निकले। मंदिर से पहले ही जिला पंचायत के बैरियर पर स्टैंड के नाम पर 25 रुपये का रसीद कटवाया। पार्किंग शुल्क देने के बाद मंदिर के पास पहुंचकर गाड़ी खड़ी करने लगे। जहां पर दुकानदार ने प्रसाद लेने की बात कही। जिस पर श्रद्धालुओं ने बिना प्रसाद के दर्शन करने को कहा। जिस पर गुस्सा होकर दुकानदार गाड़ी हटाने की जिद्द करने लगा। दर्शन करके जाने की बात कहने के बाद भी दुकानदार प्रसाद न लेने पर गाड़ी हटाने की जिद्द पर अड़ा रहा। दोनों में विवाद बढ़ गया। दुकान के सामने दूसरी पटरी पर गाड़ी होने के बाद भी दुकानदार गाड़ी हटाने पर अड़ गया। देखते ही देखते दुकानदार एकजुट होकर श्रद्धालुओं की जमकर पिटाई कर दिया। जिसमे सोनू कुमार, रामु कुमार, बबलू गंभीर रूप से घायल हो गए । सूचना मिलने पर मौके पर पहुचे 112 ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आयी । जहा घायलों का उपचार चल रहा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जानकारी मिली है। मामले की जांच की जा रही है। वन विभाग के क्षेत्र में अतिक्रमण कर दुकानों की संख्या बढ़ती जा रही हैं। इसी के साथ अराजकता भी धर्म के आड़ में पांव पसार रही हैं। वैध जिला पंचायत विभाग के नाम पर बिना सुविधा दिये की जा रही वसूली सरकार की मंशा और जनहित की उपेक्षा के साथ ही कानून के साथ ही मजाक बन कर रह गया है।

चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

मीरजापुर। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शस्त्र के विरूद्ध जारी अभियान के क्रम में रविवार को उपनिरीक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह मय टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी इरफान पुत्र इदवक्श निवासी दरवान थाना राजगढ़ को एक चाकू के साथ गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में कार्यवाई की गई।

सम्मान समारोह संपन्न

अदलहाट। क्षेत्र के खजुरौल स्थित एक शिक्षण संस्थान के प्रांगण में सुविचार एकता मंच के बैनर तले सम्मान समारोह का आयोजन कर क्षेत्र की सहकारी समितियों के नव निर्वाचित अध्यक्षों का सम्मान रविवार को किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कैलाश नाथ सिंह एडवोकेट रहे। क्षेत्र के सहकारी समितियों के अध्यक्षों मे राजनरायन सिंह, शिव कुमार सिंह, सुदामा प्रसाद, जोगन सिंह, रामचंद्र सिंह, संग्राम सिंह सहित कुल 16 समितियों के अध्यक्षों का सम्मान सामाजिक संस्था के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। संस्था के उपाध्यक्ष लालचंद्र सिंह द्वारा संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए गैर राजनितिक संगठन करार किया। तथा अब तक के संस्था द्वारा कराए गए समाज सेवाओं की भी चर्चा की। कार्यक्रम में संस्था की ओर से अरुण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष संजय सिंह, राजेश पटेल, मिथिलेश कुमार, सचिव राजकुमार सिंह, जयप्रकाश सिंह, उमा शंकर सिंह, आनंद अजय, भानु प्रसाद, अशोक कुमार, डॉ हरिशंकर द्विवेदी, संजीव कुमार, महेन्द्र सिंह सहित तमाम समाजसेवी मौजूद रहे। सभा की अध्यक्षता हरिदास सिंह, संचालन संस्था के अध्यक्ष ई रविकांत सिंह द्वारा किया गया।

आरएसएस ने निकाला पथ संचलन जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

अदलहाट। नवसंवत्सर के स्वागत के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खण्ड नरायनपुर एवं जमालपुर खण्ड के स्वयंसेवकों ने रविवार को अदलहाट बाजार में पथ संचलन किया। एकत्रीकरण एवं उद्बोधन में विंध्याचल काशी प्रांत मार्ग प्रमुख भूलेंद्र ने भारत माता के ध्वज व चित्र के साथ संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। एकल गीत और अमृत वचन के पश्चात भूलेंद्र ने कहा कि यह उत्सव राष्ट्र की पहचान है। उत्सव श्रेष्ठ परंपरा और प्राचीन संस्कृति का स्मरण कराता है। आपस में प्रेम, संगठन और देशप्रेम की भावना पैदा करता है। अध्यक्षता कर रहे संजय सिंह ने बताया कि विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक स्वयंसेवी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना काल से निरंतर आगे बढ़ते हुए सेवा में जुटा हुआ है। अदलहाट बाजार में पथ संचलन की शुरूआत नव ज्योति इंटर कालेज गरौडी से हुई। निर्धारित गणवेश में वाद्य यंत्रों की धुन पर स्वयंसेवक चले तो मार्ग में लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। कंधे पर डंडा रखकर कार्यकर्ता कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे। पथ संचलन में संघ के स्वयंसेवकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। संघ के सम्पूर्ण कार्यक्रम में पूर्ण अनुशासन देखने को मिला। कार्यक्रम का संचालन खण्ड कार्यवाह आलोक ने किया। कार्यक्रम के दौरान गौतम, जिला कार्यवाह रामबालक, महेंद्र सिंह, कमलेश, गोविंद, जगदीश, खण्ड कार्यवाह आलोक, अमित, अवनिंद्र, संजय, अमित सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

पथ संचलन करते स्वंय सेवक

शिक्षक कार्यकारिणी का किया गया गठन

राजगढ़। विकास खंड राजगढ़ के कंपोजिट विद्यालय कुसुम्ही में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ, का गठन किया गया। जिसमें सिर्फ दो नामांकन पत्र दाखिल किए गए। उक्त निर्वाचन में सुशील कुमार सिंह, स.अ., कंपोजिट विद्यालय कुसुम्ही, को अध्यक्ष पद पर व आलोक सिंह, प्र.अ., प्राथमिक विद्यालय रैकरी विकास खंड राजगढ़ को मंत्री पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन के पश्चात राम अचल सिंह, स.अ., उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ागाँव, विकास खंड राजगढ़ को जिला कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। शिक्षक संघ के चुनाव की गहमा-गहमी को लेकर उमाकांत मिश्र, अध्यक्ष विकास खंड नगर, नारायण दत्त तिवारी, उपाध्यक्ष (जिला कार्यकारिणी), शान मुहम्मद, उपाध्यक्ष (जिला कार्यकारिणी), आलोक तिवारी, जिला संयुक्त मंत्री निर्वाचन अधिकारियों की देख-रेख में निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया। इस दौरान प्रादेशिक मंत्री सुभाष तिवारी, जिला अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, जिला मंत्री विजय शंकर त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, अशोक सिंह (संयोजक जमालपुर), राजेंद्र यादव, प्रमोद दूबे, सर्वेश मौर्य, दिनेश सिंह, श्री प्रकाश सिंह आदि पदाधिकारियों सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

चुनाव के बाद पदाधिकारियों का माल्यार्पण करते शिक्षक

निवर्तमान पालिकाध्यक्ष ने घर-घर बांटा डस्टबिन

सड़क पर कूड़ा न फेंकने व गली मोहल्ले को साफ रखने की दी नसीहत

डस्टबिन वितरित करते नपाध्यक्ष

लोगों को प्रमाण पत्र वितरित करते मनीष सिंह

जनसंदेश न्यूज

मीरजापुर। निवर्तमान पालिकाध्यक्ष मनोज जायसवाल एवं बथुआ वार्ड के सभासद पति शिवकुमार पटेल के साथ वार्ड के टंडनपुरी कालोनी में घर-घर जाकर लोगों को डस्टबिन का वितरण किया। निवर्तमान पालिकाध्यक्ष ने वार्ड की महिलाओं को कूड़ा डस्टबिन में डालने और पालिका की डोर टू डोर कलेक्शन वाली गाड़ी में ही कूड़ा डालने की अपील की।

अपना गली और मोहल्ला साफ रखने के लिए स्थानीय लोगों को श्रमदान करने और स्वच्छता रखने के लिए लोगों को संकल्प भी दिलाया। बता दें कि प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए वार्ड में डस्टबिन का वितरण किया गया। महिलाओं को सूखा और गिला कूड़ा अलग अलग कर डस्टबिन में रखने की अपील की गई।

इस मौके पर निवर्तमान पालिकाध्यक्ष ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत बथुआ वार्ड के टंडनपुरी कालोनी में निवर्तमान सभासदपति, गली प्रमुख और गली सचिव की मदद से घर घर डस्टबिन का वितरण किया जा रहा है। लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर, अपना गली और मोहल्ला साफ रखने का संकल्प भी दिलाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के कारण पूरे देश में स्वच्छता को लेकर एक अलग बदलाव देखने को मिला है। अब लोग स्वच्छता अभियानों में भाग लेकर स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने में लगे है।

प्लास्टिक मुक्त व स्वच्छता के लिए लोगों को किया गया जागरूक

मीरजापुर। भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन जिला अध्यक्ष यूथ के द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। चैत्र नवरात्र 2023 में नगर पालिका परिषद में भारतीय मानवधिकार एसोसिएशन के संयुक्त प्रयास से चैत्र नवरात्र के मेले में "प्लास्टिक मुक्त एवम स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम संचालन जिला अध्यक्ष यूथ राहुल गुप्ता ने किया। जिसमें लोगों को प्लास्टिक के प्रति लोगों को प्रेरित किया। जिसका संचालन जिलाध्यक्ष एवं मानवाधिकार पदाधिकारी सम्मिलित होकर लोगों को जागरुक किया। रविवार को 11 सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा किए गए प्लास्टिक जागरूकता एवम स्वच्छता अभियान में सम्मान समारोह आयोजित कियागया। कार्यक्रम में सभी समाजिक कर्ताओं को प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष सिंह, जिला प्रवक्ता स्मृति गुप्ता, महिला अध्यक्ष शमा नवाज, जिला अध्यक्ष यूथ राहुल गुप्ता के द्वारा सम्मान किया गया। जिसमें शंकर माली, कालू माली, गुंजन जायसवाल, सुधांशु चौरसिया, शुभम गुप्ता, मुन्ना कुमार, किरण कुमारी, फरजाना बानो, गोस्वामी, को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

संक्षेप

युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है निर्माण

जिगना। विकास खंड छानबे ग्राम पंचायत विजयपुर स्थित पहाड़ी पर कूडा संग्रह केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है जो निर्धारित समय सीमा के पहले ही बनकर तैयार हो जाएगा। जिसका स्टीमेटेड कॉस्ट लगभग 12 लाख 50 हजार है। जिसका निर्माण कार्य लगभग पूर्ण होने के कगार पर है। केवल ग्रिल के ऊपर सीट व रंगाई पुताई का कार्य बाकी है। ग्राम प्रधान ने बताया है कि दो-तीन दिन के अंदर उसे भी कंप्लीट कर दिया जाएगा और यह अपने कार्य के लिए तैयार हो जाएगा। कुडा संग्रह केंद्र के अंदर कई चेंबर बनाए गए हैं। जिसमें अलग-अलग अप बिष्ट पदार्थ डाले जाएंगे।

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 191 मरीजों का किया गया उपचार

हलिया। रविवार को क्षेत्र के मतवार, ड्रमंडगंज, बरौंधा स्थित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 191 मरीजों का उपचार किया गया और मरीजों को निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में कुल 61 मरीजों का चिकित्सक के द्वारा उपचार कर दवा वितरित किया गया जबकि नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज में कुल 67 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। वहीं नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौंधा में 63 मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित किया गया है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में बुखार, मलेरिया, खांसी, सुगर, बीपी सहित अन्य रोगों के मरीजों का उपचार किया गया है। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.कामेश्वर तिवारी ने निरीक्षण किया है। इस दौरान चिकित्सक डा.अभिषेक जायसवाल, बीसीपीएम अनिल कुमार, डाक्टर निर्मल, एलटी राकेश कुमार, बैजनाथ, दशरथ, अरविंद कुमार सिंह, फार्मासिस्ट संजय श्रीवास्तव, मनोज कुमार, सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

सचिव के खिलाफ लामबंद प्रधान

अहरौरा। नारायनपुर विकास खंड के बैकुंठपुर, रैपुरिया, निजामुद्दीनपुर, भोरमार माफी, व बेगपुर ग्राम पंचायत के प्रधानों द्वारा सेकेट्री अर्चना सिंह के खिलाफ मनमाने ढंग से कार्य करने का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से शिकायत किया है। ग्राम प्रधानों का आरोप है कि सेकेट्री अर्चना सिंह व अश्वनी सिंह नारायणपुर विकास खंड में लगभग पंद्रह वर्षों से जमे हुए हैं। और एक ही विकास खंड में लंबे अरसे से जमे होने के चलते मनमाने ढंग से नियम विरुद्ध कार्य करते रहते हैं। वही प्रधानों का आरोप है कि दोनों सेकेट्री का रुतबा इतना है कि नारायणपुर विकास खंड में पच्चीस फीसदी से अधिक की ग्राम पंचायतों का पदभार संभाले हुए हैं। ग्राम प्रधान अराधना देवी ने बताया कि सेकेट्री अर्चना सिंह अपने मनमाना कार्य करती रहती है। ग्राम सचिवालय पर सेकेट्री को रहना चाहिए लेकिन किसी भी ग्राम पंचायत में दोनो सेकेट्री नही बैठते हैं। न ही उनके द्वारा शासन के निदेर्शानुसार कार्य किया जाता है। ग्राम प्रधानों का कहना है कि अगर दोनों ग्राम विकास अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं होता है तो वह धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे। वही इस संबंध में बीडीओ नारायनपुर शिव नारायन सिंह ने बताया कि काफी लंबे अरसे से सेकेट्री अर्चना सिंह जमी हुई है। लेकिन ट्रांसफर पोस्टिंग उनके अधिकार क्षेत्र में नही आता। जिस वजह से प्रधानों के शिकायत पर उनके द्वारा कार्यवाही नहीं किया गया है। प्रकरण की जानकारी उचाधिकारियो के संज्ञान में है।

जज ने किया बाबा बदेवरा नाथ का दर्शन

जिगना। बाबा बदेवरा नाथ मंदिर पर रविवार को जिले के फैमिली कोर्ट के जज बृजेश नारायण मिश्रा ने दर्शन पूजन किया। इनका मूल निवास सराय अकिल जिला प्रयागराज है। उन्होंने रविवार को बाबा भोलेनाथ का दर्शन पूजन कर मत्था टेका। तत्पश्चात उन्होंने ग्राम प्रधान माहेश्वरी उपाध्याय के घर पहुंच कर उपस्थित लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि बाबा भोलेनाथ में मेरी असीम श्रद्धा है। मुझे जब भी समय मिलता है मैं दर्शन जरूर करता हूं और भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना करता हूं कि मेरे कलम से कोई गलत फैसला न हो ऐसी मेरी कामना है। उनके साथ में क्षेत्र के बरईपार गांव निवासी समाजसेवी रविंद्र शंकर दुबे बदेवरा चौबे के प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश उर्फ सेखू उपाध्याय, हल्का लेखपाल प्रीति तिवारी, कमलेश उपाध्याय सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

हलिया सोनगढ़ा मार्ग गढ्ढे में तब्दील, राहगीरों को हो रही परेशानी

हलिया। विकास खंड के हलिया सोनगढ़ा मार्ग के गढ्ढे में तब्दील हो जाने से राहगीरों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आठ वर्ष पूर्व बनी सड़क के खस्ताहाल हो जाने से आए दिन गढ्ढों में गिरकर राहगीर चोटिल हो रहे हैं। क्षेत्रीय लोग सड़क निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से गुहार लगाई लेकिन आज तक गढ्ढा मुक्त नहीं हुई हैं जिससे सड़क निर्माण पर ध्यान नही दिया जा रहा है जिसे लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। विकास खंड के दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली सड़क से प्रतिदिन हजारों वाहनों का आवागमन होता है सवारी गाड़ियों पर यात्री हिचकोले खाते हुए यात्रा करने के लिए विवश हैं। वहीं डिलीवरी होने पर भी महिलाओं को काफी परेशानी हो जाती है करीब बारह किलोमीटर लंबी सड़क पर जगह जगह गढ्ढे हो जाने से आए दिन राहगीर गिरकर चोटिल होते हैं। क्षेत्र के प्रभाशंकर पांडेय, राजेश दुबे, कमलाशंकर पाण्डेय, राधे श्याम मौर्य, महेंद्र तिवारी, जगत बहादुर सिंह, दीनानाथ दीक्षित, आदि ने बताया कि आठ वर्ष पूर्व बनी सड़क खस्ताहाल हो गई है। सड़क मार्ग से आवागमन करने वाले स्कूली बच्चों, एंबुलेंस तथा राहगीरों को आवागमन में मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है सबसे ज्यादा दिक्कत अस्पताल में प्रसव कराने के लिए जाने वाली गर्भवती महिलाओं को झेलनी पड़ती हैं। सड़क निर्माण के लिए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों तथा उच्चाधिकारियों का कई बार ध्यान आकृष्ट करवाया गया लेकिन समस्या पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। क्षेत्रीय लोगों ने गढ्ढा युक्त हलिया सोनगढ़ा संपर्क मार्ग के निर्माण करवाए जाने की मांग किया है।

अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक का पुलिस ने 151 में किया चालान

मीरजापुर। श्रीराम नवमी पर जुलूस को लेकर हसन खान पुत्र इम्तियाज खान उम्र 18 वर्ष निवासी पट्टी खुर्द थाना अहरौरा को 151 में कार्यवाही किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हसन खान द्वारा श्री राम नवमी जुलूस पर घातक टिप्पणी किया गया था। जिससे फेसबुक में लिखा था कि जुलूस के रामभक्त मस्जिद के सामने मुजरा कर रहे है। इसको लेकर हिन्दू धर्म के लोगों ने बताया कि हमारे आराध्य देव प्रभु श्री राम के जुलूस को लेकर अभद्र टिप्पणी करने वाले को पुलिस ने रात में हिरासत में ले लिया हैं। और पुलिस द्वारा दिन रविवार को 151 चालान करते हुए कार्यवाही किया। इस संबंध में नगरवासियों में तरह तरह की चचाएँ व्याप्त हैं। जिससे कड़ी कार्यवाही न कर के चालान किया गया। जिसको लेकर नगर में तरह तरह की चचाएँ व्याप्त हैं।

कैन्सर मरीज के लिये किया एसडीपी दान

मीरजापुर। पिछले 2 वर्षों से जनपद के निवासी मरीज का इलाज मेदान्ता लखनऊ में चल रहा है। हर महीने 4 से 6 यूनिट एसडीपी और ब्लड की जरूरत पड़ती है। विन्ध्य फाउंडेशन लगातार कैन्सर मरीजों के लिए एसडीपी डोनेशन शिविर वाराणसी होमी भाभा में लगाती रहती है।लखनऊ में संस्था के सचिव व कौआर्डिनेटर अभिषेक साहू के द्वारा समाज सेवी राजीव गोयल एवं अन्य संस्था से सम्पर्क साधकर जरूरतमंदों की मदद करते रहते है।संस्था के अध्यक्ष कृष्णानन्द हैहयवंशी ने कहा कि हमारी संस्था पिछले 4 वर्षों से निरन्तर प्रयास करती है कि किसी मरीज की जान ब्लड की वजह से न जाने पाए। धीरे धीरे युवाओं के साथ से जगरूकता कार्यक्रम के जरिये हर घर ब्लड डोनर मुहिम को पूरा किया जा रहा है।एसडीपी दान करने वालों में कृष्णानन्द हैहयवंशी, अभिषेक साहू, अभय कसेरा, आशीष गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन के धक्के से साईकिल सवार घायल

जमालपुर। क्षेत्र के धरवाह गांव स्थित सड़क पर अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से साइकिल सवार युवक गंभीर रूप से शनिवार की देर रात घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर ले आए और परिजनों को सूचना दिया। मिली जानकारी के अनुसार राजू विश्वकर्मा 28 वर्ष पुत्र गुद्दन विश्वकर्मा निवासी जमालपुर हर रोज की भांति रामनगर से मजदूरी करके साइकिल द्वारा अपने घर आ रहा था कि घरवाह गांव के पास ईंट भट्ठा के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया और चोटिल होते हुए बेसुध हो गया। जिसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल राजू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर ले आए और परिजनों को सूचना दिया। जहां चिकित्सकों ने बेसुध स्थित में हालत नाजुक देख ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक घायल युवक बेसुध रहा।

पुनः एक दूसरे के साथ रहने को राजी हुए 10 बिछड़े दम्पति

मीरजापुर। प्रोजेक्ट मिलन के तहत परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को बड़ी सफलता मिली। काउंसिलिंग के माध्यम से 10 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में चलायें जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को बड़ी सफलता मिली है। रविवार को मीरजापुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 10 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुयी काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया। उक्त विवाहित दम्पत्ति विभिन्न कारणों से अलग-अलग रह रहे थे। परिवार परामर्श केन्द्र, मीरजापुर में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही के दौरान प्रभारी महिला उप-निरीक्षक शशि तिवारी, महिला आरक्षी प्रीति चौबे, महिला आरक्षी सपना तथा सदस्यगण निर्मला राय आदि उपस्थित रही।

तीन दिन में हत्या की चौथी घटना से दहला जनपद

घोरावल थाना क्षेत्र के महुआंव गांव में युवक ने तमंचे से खुद को मारी गोली

जनसंदेश न्यूज

सोनभद्र। जिले में लगातार अपराधों का क्रम बढ़ता जा रहा है। जनपद सोनभद्र में तीन दिन के अंदर हत्या की यह चौथी वारदात हुई। दुद्धी थाना क्षेत्र के कोरची गांव में शनिवार की रात हुई महिला की हत्या की घटना ने एक बार फिर जिले को दहला दिया है। जिले में बढ़ रहे लगातार अपराधों पर जहां पुलिस का किसी भी प्रकार का कोई अंकुश नहीं है।

शनिवार की रात तकरीबन दस बजे घोरावल थाना क्षेत्र के महुआंव पांडेय गांव में शनिवार की देर रात युवक की संदिग्ध हाल में गोली लगने से मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने तमंचा बरामद कर छानबीन शुरू कर दी है। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पहुंचकर साक्ष्य जुटाने में जुटी रही। जानकारी के अनुसार महुआंव पांडेय गांव निवासी केशव राम चौबे के चार

अपराध का ग्राफ बढ़ा

दुद्धी थाना के अमवार चौकी क्षेत्र के कोरची गांव में पत्नी की हत्या

पुत्रों में तीसरे नंबर का सुनील उर्फ पंकज चौबे 40 खेती करने के साथ ट्रक भी चलाता था। होली के बाद से वह घर पर था। सुनील अपनी पत्नी और बच्चों के साथ गांव पर रहता था, जबकि अन्य भाई रॉबर्ट्सगंज में रहते हैं।

शनिवार की रात वह घर पर था। तीनों बच्चे कमरे में सो रहे थे। रात करीब पौने दस बजे अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी। गोली चलने और पत्नी की चीख पुकार सुनकर पास पड़ोस के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। मौके पर सुनील का खून से लथपथ शव पड़ा था। घटना से बदहवास पत्नी ने कहा कि थोड़ी देर पहले तक वो बिल्कुल ठीक थे। अचानक से पता नहीं क्या हुआ। तेज आवाज सुनकर बाहर निकली। उसका रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। इधर सवाल उठता है कि युवक के पास तमंचा कहा से आया। यह जांच का विषय है। अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, सीओ अमित कुमार, एसओ अंजनी कुमार राय मौके पर पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी ली।

सीओ ने बताया कि युवक ने गोली मारकर जान दी है। मौके से तमंचा बरामद हुआ है। मृतक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुक्तदमा दर्ज किया गया है। घटना क्यों और किन परिस्थितियों में हुई इसकी छानबीन की जा रही है। फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है। सुनील को चार और छह वर्ष के दो लड़के और 9 वर्ष की एक लड़की है।

पत्नी को उतारा मौत के घाट

नृशंस

पति रात भर शव के पास ही सोया रहा

अमवार चौकी क्षेत्र के कोरची गांव का मामला, हत्यारोपी गिरफ्तार

दुद्धी। कनहर सिचाई परियोजना के डूब क्षेत्र स्थित अमवार चौकी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोरची के बियादामार टोले के भूईया बस्ती में शनिवार रात शराब के नशे में धुत रामप्यारे ने अपनी पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर उसकी हत्या कर दी। पत्नी की मौत के बाद आरोपी पति रात भर शव के पास ही सोया रहा। घरवालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेते हुए शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सीएचसी भेज दिया।

अमवार पुलिस ने बताया कि कोरची गांव निवासी रामप्यारे पुत्र रामसहाय शनिवार शाम को नशे में पत्नी ललिता देवी 45 को लाठी से इतना पीटा की उसकी मौत हो गई। ताज्जुब की बात यह है कि पत्नी की हत्या कर पति शव के पास सो गया। ग्रामीणों को जब इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दिया। हत्या की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज चन्द्रशेखर सिंह ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि मृतिका 8 बच्चों की माँ है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि मृतिका का पति दुष्ट स्वभाव का था कल दिन से ही अपनी पत्नी से झगड़ रहा था कि शाम को उसने वारदात को अंजाम दे दिया।

चार हत्याओं से लोगों में दहशत

सोनभद्र। जिले में तीन दिन में हत्या की चार घटनाओं से लोगों में दहशत है। घोरावल में शुक्रवार को युवक संतोष भारती का शव पुलिया के नीचे से बरामद हुआ था उसका अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। इसी दिन बभनी थाना क्षेत्र के पीपरहर गांव निवासी शंकर गोड़ की धारदार हथियार से हत्या कर झाड़ियों में फेक दिया गया था। इसके अगले दिन शनिवार को रामपुर-बरकोनिया थाना क्षेत्र के रघुनाथापुर गांव में वृद्ध विश्वनाथ का खून से सना शव सड़क के किनारे से बरामद हुआ था। शनिवार की रात दुद्धी में शराबी ने लाठी से पीटकर पत्नी की हत्या कर दिया।

रौनियार वैश्य समाज के होली मिलन में उड़े अबीर गुलाल

सोनभद्र। ऑल इंडिया रौनियार वैश्य समाज द्वारा स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह प्रेक्षागृह में रौनियार वैश्य परिवार द्वारा होली मिलन एवं पारिवारिक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी कृष्ण कुमार आजाद की अध्यक्षता, कृष्ण मुरारी रौनियार, संगम लाल रौनियार, डॉ ए के गुप्ता (रौनियार) के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार तरुण ने किया। बाहर से आए समाज के वरिष्ठ लोगों पदाधिकारी राकेश कुमार रौनियार, विजय कुमार रौनियार, कमलेश कुमार रौनियार, अमरनाथ रौनियार, मयंक रौनियारअरुण कुमार रौनियार ने भी अपने अपने विचार रखे। रावर्ट्सगंज नपा के पूर्व चेयरमैन कृष्ण मुरारी गुप्ता ने कहा कि समाज द्वारा दिन पर दिन हो रही सक्रियता आज समाज में बड़ा संदेश दे रही है। इस तरह से लोगों का इकट्ठा होना एक बड़ा ही मजबूती का संदेश है। इस मौके पर संगम लाल गुप्ता, राजकुमार उर्फ तरुण, राजेश कुमार, शिव शंकर, राजू गुप्ता, संजीव कुमार गुप्ता, रामसहाई रौनियार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिला पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह व साल देकर सम्मानित किया गया।

होली मिलन समारोह को संबोधित करते पूर्व चेयरमैन कृष्णमुरारी गुप्ता

प्रेमी प्रेमिका ने मिलकर की थी संतोष की हत्या

सच उजागर

पुलिस ने किया हत्याकांड का खुलासा, युवती समेत दो गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

घोरावल। घोरावल थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी संतोष भारती की कुछ दिन पूर्व में हुए अपहरण के बाद मर्डर कांड का पुलिस ने रविवार को खुलासा करते हुए इस मामले में युवती समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।। इस घटना में अन्य शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दे रही हैं।

घोरावल कोतवाली में परिसर में पत्रकार वार्ता में घटना का खुलासा करते हुए एएसपी कालू सिंह ने बताया कि 30 मार्च की रात रामनाथ भारती ने बताया कि उनके बेटे संतोष को कुछ लोग अनाज लोड करवाने के लिए गल्लामंडी ले गए। उसके बाद से उसका कोई पता नहीं है। पुलिस ने तत्काल तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ अपहरण व एससी एसटी का

आरोपियों को पत्रकारों से रूबरू कराते एएसपी कालू सिंह

मुकदमा दर्ज कर टीमें गठित कर कार्यवाही के लिए लगाया गया। इस दौरान शुक्रवार को घोरावल-राबर्ट्सगंज मार्ग पर करींबरांव गांव में एक पुलिया के नीचे संतोष का शव मिला। मामले के खुलासे के लिए एसपी के निर्देश पर एएसपी कालू सिंह व सीओ अमित कुमार के निर्देशन में टीमें गठित की गई। प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार राय व क्राइम इंस्पेक्टर मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रविवार सुबह मुड़ीलाडीह गांव से मुख्य आरोपी नीशू शाह उर्फ सद्दाम पुत्र इद्रीश शाह उर्फ लल्लन व उसकी प्रेमिका काजल पाठक पुत्री गोपाल नाथ पाठक निवासी मुड़िलाडीह (पठकागांव) को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच व गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में पाया गया कि मृतक संतोष ने नीशू की प्रेमिका काजल के साथ बदतमीजी की थी, जिस पर काजल ने संतोष को उकसाया था। वहीं 25 मार्च को नीशू के दुश्मन बचऊ मियां पुत्र कुर्बान से संतोष के परिवार का झगड़ा हुआ था। नीशू के भाई व पिता द्वारा बचऊ के खिलाफ एससी एसटी का मुकदमा दर्ज कराने का प्रयास किया गया, लेकिन संतोष व उसके परिवार के लोग समझौता कर लिए। इन सब बातों को लेकर आरोपी लोग गल्ला लोड कराने के बहाने 29 मार्च को संतोष को साथ ले गए और करींबरांव गांव में बीयर की बोतल के टुकड़े से गला रेतकर संतोष की हत्या कर दिए और शव को बेलन नदी पुल के नीचे छिपाकर फरार हो गए। कत्ल में प्रयुक्त बीयर की बोतल का टुकड़ा बरामद कर लिया गया है। टीम में प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार राय, क्राइम इंस्पेक्टर मनोज कुमार, हेड कांस्टेबल प्रमोद कुशवाहा, हरिनारायण यादव, राजेंद्र यादव, आकाश कुमार, महिला सिपाही प्रतिभा वर्मा रहे।

सड़क निर्माण कंपनी की लापरवाही से असमय काल के गाल में समा रहे लोग

विडंबना

बग्घानाला के समीप वनसाइड रोड होने के चलते आये दिन हो रही दुर्घटनाएं, कार्यदाई संस्था के खिलाफ भड़क रहा है आक्रोश

चोपन। सड़क निर्माण कंपनी की लापरवाही की वजह से वाराणसी-शक्तिनगर राज मार्ग पर बग्घानाला के समीप पुल का निर्माण अधूरा छोड़ दिये जाने तथा रोड को वनसाईड कर दिये जाने से लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं और लोग असमय काल के गाल में समा रहे हैं। बावजूद न जिला प्रशासन न जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस ओर जा हो रहा है।

गौरतलब हो कि कुछ वर्ष पूर्व कार्यदायी संस्था चेतक की देखरख में वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर नरायणपुर से हाथीनाला तक 115 किमी मार्ग का फोरलेन हो जाने के बाद लोगों में आस जगी की अब जनपदवासियों को सड़क दुर्घटनाओं से निजात मिलेगी और अपने घर परिवार में सुरक्षित जा सकेंगे। लेकिन कार्यदाई संस्था चेतक की लापरवाही की वजह से कई जगह सड़क अधूरा छोड़ दिए जाने से अब तक दर्जनों लोग असमय काल के गाल में समा चुके हैं।

वहीं डाला वैष्णो मंदिर के समीप अधूरे पड़े पूल के कारण वहा पर रोड वन साइड है जिसके कारण आये दिन वहां पर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। पुल निर्माण को अविलंब पूर्ण कराने के लिए पूर्व में जनप्रतिनिधियों से लगायत समाजसेवियों ने मांग किया था तथा कई बार प्रदर्शन भी हो चुका है लेकिन अधिकारियों को कोई फर्क नही पड़ा। जिसका नजीता है कि आज भी वह पुल अधूरा है और लोग असमय काल के गाल में समा रहे हैं।

अधूरे पुल के पास नही है कोई दिशासूचक बोर्ड

चोपन। इस मार्ग पर अधूरे पड़े पुल के पास कोई संकेतक या दिशासूचक बोर्ड नहीं लगा है। रेनुकूट की ओर से आने वाले तथा चोपन की तरफ से जाने वाले वाहनों के लिए यह एक बड़ी परेशानी है। यह मार्ग छत्तीसगढ़, बिहार, झारखण्ड व मध्य प्रदेश को जोड़ने का मुख्य मार्ग है। जिस पर प्रतिदिन कई नए वाहन चालक इस मार्ग से गुजरते हैं जो अधूरे पड़े पुल के पास दिशासूचक व संकेतक के अभाव में दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

औपचारिकताओं में सिमटा अभियान

चोपन। क्षेत्र में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में पुलिस विभाग द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता चलाया जा रहा जो अभियान मात्र औपचारिकताओं में सिमटकर रह गया है। नशे में धुत होकर व तेज रफ्तार से वाहन चलाने के कारण भी दुर्घटनाओं में बढ़ोत्तरी हो रही है। यातायात नियमों के प्रति जागरूक न होना हर रोज दुर्घटना का कारण बन रहा है। विभाग द्वारा हर वर्ष यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने हेतु अनेक अभियान चलाया जाता है। पंपलेट बांटा जाता है, स्कूलों व सड़कों पर शिविर लगाए जाते हैं। इसके बाद भी जागरूकता के नाम पर लोग लापरवाही ही करते आ रहे हैं।

उत्तरी क्षेत्र फुटबॉल टूर्नामेंट में एनटीपीसी रिहंद रहा विजयी

खेलकूद

उत्तरी क्षेत्र फूटबॉल टूर्नामेंट की ट्रॉफी मुख्य महा प्रबन्धक रिहंद एके चट्टोपाध्याय को सौंपी

जनसंदेश न्यूज

बीजपुर। एनटीपीसी रिहंद में आयोजित की गयी उत्तरी क्षेत्र फूटबाल टूर्नामेंट प्रतियोगिता में एनटीपीसी रिहंद ने जीत हासिल की। रिहंद फूटबाल टीम ने इस उत्तरी क्षेत्र फूटबाल टूर्नामेंट की ट्रॉफी मुख्य महाप्रबन्धक रिहंद एके चट्टोपाध्याय को सौंपी। मुख्य महाप्रबन्धक रिहंद एके चट्टोपाधाय ने रिहंद टीम की खूब सरहना की और कहा कि आगे भी रिहंद की टीम एक जुट होकर ऐसे ही अपना प्रदर्शन करती रहे और एनटीपीसी रिहंद का परचम लहराए।

एनटीपीसी रिहंद स्टेशन में 7 दिवसीय उत्तरी क्षेत्र फूटबाल टूर्नामेंट का समापन एनटीपीसी रिहंद परिसर स्थित सोनशक्ति

ट्रॉफी के साथ एनटीपीसी रिहंद के अधिकारी

स्टेडियम में किया गया। यह 7 दिवसीय उत्तरी क्षेत्र फूटबाल टूर्नामेंट 20 मार्च से 26 मार्च तक चलाए जिसमें एनटीपीसी रिहंद के साथ अन्य 5 टीमों ने भाग लिया था। जिसमें एनटीपीसी विंध्याचल, एनटीपीसी सिंगरौली, एनटीपीसी ऊंचाहार, एनटीपीसी टांडा, एनटीपीसी दादरी की टीम शामिल हैं। इस उत्तरी क्षेत्र टूर्नामेंट के दौरान सभी टीमों ने भाग लेकर अपने.अपने फूटबाल कौशल का प्रदर्शन करके दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। एनटीपीसी रिहंद एवं एनटीपीसी विंध्याचल के बीच हो रहे फाइनल मैच में फर्स्ट हाफ में दोनों टीमों का गोल 0.0 रहा उसके बाद मैच के दूसरे चरण में एनटीपीसी रिहंद एवं एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा 1.1 गोल किया गया। समय समाप्ती पर दोनों टीमों का स्कोर बराबर रहा। पेनाल्टी शूटआउट में एनटीपीसी रिहंद ने 3 गोल किया और एनटीपीसी विंध्याचल ने एक गोल किया और इसी के साथ एनटीपीसी रिहंद इस उत्तरी क्षेत्र फूटबाल टूर्नामेंट को 2.4 से जीत लिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्टेशन के महाप्रबंधक गण, अपर महाप्रबंधकगण, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षगण, वर्तिका महिला मण्डल की अध्यक्षा एवं पदाधिकारी महिलाएं, यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण, ग्रामों के ग्राम प्रधानगण के साथ-साथ दर्शकगण आदि उपस्थित रहे।

कर्मचारी हित में मानवीय सुविधाओं में निरंतर वृद्धि कर रहा हिण्डाल्को

स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के साथ ही खेल-कूद को बढ़ावा देने पर मुख्य फोकस

जनसंदेश न्यूज

रेणुकूट। क्वालिटी अल्युमिनियम के उत्पादन में हिण्डाल्को देश ही नही अपितु पूरे विश्व में एक अहम स्थान रखता है और इस मुकाम तक हिण्डाल्को को पहुंचाने में यहां के कर्मचारियों समेत शीर्ष नेतृत्व का अहम योगदान है। हिण्डाल्को के वर्तमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी एन नागेश के कुशल नेतृत्व व मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह के योग्य निर्देशन में हिण्डाल्को अपने कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के लिए मानवीय सुविधाओं को निरंतर विस्तार दे रही है।

श्री नागेश एवं जसबीर सिंह की ही देन है कि आज हिण्डाल्को कालोनी में वर्षों से उपेक्षित पड़े पार्कों में बच्चे खेल रहे हैं। स्वास्थ्य के लिए जागरुक हिण्डाल्को प्रशासन द्वारा करीब 25 से अधिक ओपन जिम भी बनाए गए हैं। कॉलोनी में सड़कों का गुणवत्तापूर्ण मरम्मत एवं निर्माण कराया गया है तो वहीं प्लांट सहित रेणुकूट पुलिस चौकी के निकट हाईमास्ट लाईट से पूरा नगर

दीप प्रज्ज्वलित कर जिम का उद्घाटन करते मुख्य कार्यकारी अधिकारी

रात में भी रोशनी में जगमगाता हुआ दिखता है। खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए जहां क्लब हिण्डाल्को में बास्केटबॉल कोर्ट सहित बैडमिंटन, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस कोर्ट आदि का निर्माण किया गया है। वहीं क्लब विंध्याचंल और हिण्डाल्को कॉलोनी में स्थित जिम में कई नए आधुनिक उपकरण लगाये गए हैं। साथ ही यंग मैनेजर्स हॉस्टल में भी नये जिम का शुभारंभ किया गया है। हिण्डाल्को क्रिकेट स्टेडियम को नया स्वरूप दिया गया है। इसी के साथ-साथ प्लांट-2 कॉलोनी में भी लॉन टेनिस कोर्ट का निर्माण कराया गया है। हिण्डाल्को ऑडिटोरिम को जहां और आकर्षक बनाया गया है वही पार्किंग एरिया को स्थाई रूप से भव्य मल्टी फैसिलिटी हॉल का रूप दिया गया है। विवाह एवं अन्य मांगलिक कार्यों के लिए नवनिर्मित आदित्य कल्याण भवन के बन जाने से भी सभी को बहुत सुविधा हो रही है। इसी के साथ-साथ प्लांट-2 कॉलोनी में हनुमान मंदिर का निर्माण हो जाने से लोगों में बहुत उल्लास है। हर प्लांट में पूर्ण सुविधायुक्त लंच रूम का निर्माण कराया गया है। हिण्डाल्को अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन की सुविधा प्रदान करने के साथ ही रेडियोलॉजिस्ट की भी नियुक्ति की गई है तथा नेत्र एवं बाल रोग विभागों में भी कई आधुनिक मशीनें लगाई गईं हैं। आधुनिक सुविधाओं से युक्त नये एम्बुलेन्स भी मंगाए गए हैं तथा प्लांट-2 कॉलोनी में आधुनिक हेल्थ सेंटर की भी शुरूआत की गई है।

रोटरी क्लब द्वारा आयोजित मेले का लोगों ने उठाया लुत्फ

रेणुकूट। भगवान राम की जयंती रामनवमी पर रोटरी क्लब रेणुकूट के द्वारा आयोजित मेला बड़े ही उल्लास और भक्ति भाव से मनाया गया। रामलीला मैदान में आयोजित मेला के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एलुमिना प्लांट हेड एवं रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3120 के सहायक मंडलाधयक्ष रोटेरियन एनएन राय तथा विशिष्ट अतिथि रामलीला परिषद के अध्यक्ष पीके उपाध्याय ने भगवान राम के चित्र पर माल्यार्पण कर रामनवमी मेला का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उपस्थित रामलीला परिषद के सदस्य तथा रोटरी सदस्यों के द्वारा आरती कर वातावरण को एकदम भक्ति में कर दिया। मेले की मुख्य आकर्षण का कारण रामनवमी था जिसमें आस पास के लोगों ने उपस्थित होकर मेले का आनंद लिया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटरीयन आदित्य पाण्डेय ने सभी अतितियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा बताया की कोविड के कारण करीब दो वर्षों से मेले का आयोजन नहीं किया गया था।

इस मेले के के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य आनन्द के साथ रेणुकूट जैसी छोटी जगह पर विभिन्न स्टाल्स के माध्यम से विभिन्न जानकारियों की उपलब्धता के साथ साथ स्वावलम्बन एवं स्व्रोजगार को बढ़ावा देना। रोटरी क्लब के सचिव मनीष सिंह ने बताया की इस मेले में मुख्य आकर्षण दोपहिया वाहन चार पहिया वाहन एजुकेशनल और डेवलपर्स खाने पीने की वस्तुएं बच्चों के लिए गेम्स तथा बाउन्सी तथा रोटरी परिवार की महिलाओं के द्वारा स्वादिष्ट व्यंजन का स्टाल लगाया गया था। मेले मे मंच संचालन का कार्य रोट अजीत अस्थाना ने किया। मेला चेयरमैन रोटरीयन डा डी पी सक्सेना ने सफल आयोजन हेतु हिंडालको, हाई टेक, ग्रासिम के समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, प्रायोजकों, प्रतिभागियों एवं रोटरी परिवार के सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया। मेले के आयोजन मे रो डॉ नीलम त्रिपाठि, रो डॉ प्रेम्लता, रो कमलेश सिंह, रो विभव उपाध्याय, रो शशी तिवारी, रो रंजीत,रो हेमराज, रो डॉ शीला सक्सेना, रो सन्तोष यादव का विशेष योगदान रहा।

संक्षेप

मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण जाम को लेकर यातायात पुलिस ने चलाया अभियान

सोनभद्र। जिला मुख्यालय स्थित स्वर्ण जयंती चौक से मेन चौक, धर्मशाला, चंडी होटल, महिला थाना, मेन मार्केट में रविवार को यातायात क्षेत्राधिकारी संजय कटियार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च करते हुए ठेले खोमचे व संबंधित व्यापारियों को नगर में अवैध अतिक्रमण हो रहे आए दिन जाम की समस्या को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के मिले निर्देश पर संबंधित लोगों को कड़े दिशा निर्देश दिए गए। क्षेत्राधिकारी यातायात संजय कटिहार ने बताया कि रावर्ट्सगंज कस्बा क्षेत्र में अवैध तरीके से संचालित हो रही व्यवसाय प्रतिष्ठान व ठेले खोमचे अनावश्यक मार्केट के बीच में लगाने की वजह से आए दिन जाम में फंसने वाले आम जनमानस की समस्याओं को देखते हुए शनिवार देर शाम नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी व संबंधित वाहन संचालकों को बुलाकर बैठक में निर्देशित किया गया कि अपने प्रतिष्ठान तक ही सीमित दुकान या सामग्री लगाएं। अनावश्यक सड़क पर अवैध अतिक्रमण ना करें जिससे कि आवागमन में किसी प्रकार से कोई असुविधा आम पब्लिक को हो। अवैध अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यातायात प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव को निर्देशित किया गया है कि संबंधित पिकेट ड्यूटी पर लगे यातायात पुलिस को कड़े निर्देशित किया जाए जिससे कि आसपास के व्यवसाई सहित अन्य वाहनों के द्वारा अनावश्यक जाम की स्थिति उत्पन्न ना हो पाए।

जयगुरुदेव के सत्संग में उमड़ा जनसैलाब

सोनभद्र। युग दृष्टा, समाज सुधारक एवं अपनी भविष्य वाणियों के लिये विख्यात् परम संत बाबा जयगुरुदेव महाराज के उत्तराधिकारी एवं जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था, मथुरा के अध्यक्ष पूज्य पंकज महाराज वर्तमान में जिले के विकास खण्डवार सत्संग दौरे पर हैं। शनिवार सायंकाल आध्यात्मिक जनजागरण यात्रा के साथ 19 वें पड़ाव पर चोपन थाना क्षेत्र के महुआँव खुर्द पहुंचे तो बारिश होते रहने के बावजूद सड़क किनारे दीप प्रज्वलित थाल लेकर, गाजे-बाजे के साथ स्थानीय भाई-बहनों ने भव्य स्वागत किया। रविवार को यहां सत्संग का आयोजन हुआ। मंच पर अवधू सिंह यादव अध्यक्ष, सिद्ध नाथ यादव, कान्ता प्रसाद गुप्ता, भूस्वामी विद्या मिश्रा, परमेश्वर यादव, लालव्रत यादव, राजेश प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद, कमला यादव, तथा सहयोगी संगत संतकबीर नगर के अध्यक्ष राजाराम यादव आदि ने पुष्पहार भेंटकर महाराज जी का स्वागत किया। रविवार के दोपहर अपने प्रवचन में महाराज जी ने कहा पुण्य कर्मों तथा सन्तों, महात्माओं की दया से हम सबको यह मानव तन मिला है। यह सर्वश्रेष्ठ योनि है क्योंकि इसी मनुष्य शरीर में प्रभु के पास जाने का एक दरवाजा है।

खेत में लगी आग से पांच बीघे गेहूं की फसल खाक

करमा। विकास खंड रावर्ट्सगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवखरी में रविवार को दोपहर अचानक बिजली के तार टूट कर खेत में गिरने से गेहूं में आग लग गई जिससे आसपास के चार किसानों की लगभग पांच बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। ग्राम पंचायत शिवखरी में रविवार को दोपहर के समय अचानक बिजली का तार खेत में टूट कर गिर गया। जिससे गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। आग की लपटे धू-धू कर उठने लगी। यह देख ग्रामीण खेत पर पहुंचे आग बुझाने लगे आग पर काबू पाते तब तक पास के किसान रमेश, झूरी राम, श्याम नारायण, ओम प्रकाश के खेत में भी आग पहुंच गई। जिससे सभी किसानों की लगभग पांच बीघे की गेंहू की फसल जलकर खाक हो गई। भुक्त भोगी के अनुसार सभी किसानों की लगभग 70 से 80 हजार रुपये की क्षति हो गयी है। ग्राम प्रधान अरविंद सिंह पटेल ने बताया कि घटना की जानकारी क्षेत्रीय लेखपाल को दे दी गई है।

107 लीटर कच्ची शराब संग 7 गिरफ्तार

ओबरा। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध देसी शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा के कुशल मार्गदर्शन में रविवार को ओबरा पुलिस ने छापेमारी करके नगर के विभिन्न क्षेत्रों से भारी मात्रा में अवैध कच्ची देसी शराब बरामद करने के साथ कई अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।टीम का नेतृत्व कर रहे प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश मिश्रा ने बताया कि छापेमारी के दौरान देशी शराब बनाने और बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए कुल 7 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई तथा भारी मात्रा में लहन नष्ट किया गया।वही दो शराब की भट्ठीयां तोड़ी गई एवं शराब बनाने के उपकरण सहित कुल 107 लीटर अवैध देसी कच्ची शराब बरामद किया गया। बताया कि इस कार्यवाही के दौरान बॉबी देवी तथा गेन देवी दोनों निवासी बिल्ली शारदा मंदिर के समीप, अमित विश्वकर्मा व सद्दाम अंसारी निवासी भलुवा टोला पानी टंकी के पास, बसंती तथा पप्पू निवासी सेक्टर दस तथा फूलमती निवासी गजराज नगर को गिरफ्तार किया गया।साथ ही 7 प्लास्टिक के गैलन में रखे 107 लीटर कच्ची शराब, 4 कुंतल लहन, दो भट्ठी, 2 पाइप लगे हुई टीना, दो पतीला तथा चार बोतलें जप्त किया गया।गिरफ्तार किए गए सभी अभियुक्तों का चालान 60 आबकारी एक्ट के तहत किया गया।पुलिस टीम में कस्बा चौकी इंचार्ज अमित कुमार त्रिपाठी, उ.नि. संजय सिंह, राकेश कुमार मिश्र, हे.का. ओमकार सिंह यादव, हेमंत बारी, इमरान खान, का. शंभू नाथ, अतुल अवस्थी, छोटेलाल,राम सिंह यादव, महिला कांस्टेबल साक्षी त्रिपाठी, प्रीतू सिंह, सुनीला पटेल आदि शामिल रहे।

रिहंद दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में प्रयासरत

बीजपुर। एनटीपीसी रिहंद द्वारा दिव्यांगजनों के जीवन की बाधाओं को दूर करने के लिए एनटीपीसी रिहन्द की पहल से इस क्षेत्र के अनेक लोगों को लाभ मिल रहा है। एनएफएनडीआरसी के साथ मिलकर एनटीपीसी रिहन्द दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंगों और उपकरणों के निर्माणए रखरखाव और उनके वितरण का कार्य शानदार तरीके से कर रहा है। धन्वन्तरी चिकित्सालय में योग्य और समर्पित विशेषज्ञों की टीम द्वारा दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंगों और उपकरणों के निर्माण और उनको लगाने का कार्य बेहद कुशलता पूर्वक किया जाता है। बड़ी संख्या में स्थानीय दिव्यांगजन इस केंद्र में बने कृत्रिम अंगों को अपनाकर अपना जीवन सरलता से व्यतीत कर रहे हैं। एनएफएनडीआरसी के विशेषज्ञों की टीम नियमित रूप से स्थानीय गाँवों में जाकर लाभार्थियों को फॉलोअप भी करती है ताकि उनकी किसी भी समस्या का सामना ना करना पड़े और उनकी सभी परेशानियों का समाधान किया जा सके। धन्वन्तरी चिकित्सालय में ही एनएफएनडीआरसी द्वारा सभी सुविधाओं और यंत्रों वाले फिजियो सेंटर का भी संचालन किया जा रहा है जहां व्यायाम और फिजियोथेरेपी द्वारा दिव्यांगजनों का उपचार किया जाता है। इसके अतिरिक्त दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंगों और ट्राई साइकिलों के वितरण के लिए अनेक शिविरों के आयोजन नियमित रूप से किये जाते हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. मोनिशा कुलश्रेष्ठ ने कहा कि एनटीपीसी रिहंद द्वारा भविष्य में भी दिव्यांगजनों के जीवनस्तर में सुधार एवं उनके जीवन को सरल बनाने हेतु एनटीपीसी रिहंद धन्वन्तरी चिकित्सालय एवं सीएसआर विभाग संयुक्त रूप से मुफ्त उपकरणों का वितरण करता रहेगा।

ह्रदेश कुमार को उत्कृष्ट एआरपी का सम्मान

सोनभद्र। जनपद स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम में रेडीनेस नोडल एआरपी के रुप में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सदर विधायक भूपेश चौबे, डायट प्राचार्य विजय शंकर मिश्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिवंश कुमार द्वारा ह्रदेश कुमार सिंह एआरपी सदर विकास खण्ड राबर्ट्सगंज को उत्कृष्ट एआरपी के रूप में सम्मानित किया गया। साथ ही गर्ल्स एजुकेट की तरफ से बेस्ट एआरपी का सम्मान और मोमेंटो प्रदान किया गया। एआरपी ह्रदेश कुमार सिंह के द्वारा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संचालित 100 दिवसीय रीडिंग कैंपेन,12 सप्ताह तक चलने वाला रेडीनेस कार्यक्रम, 45 दिवसीय रीडिंग कैंपेन, निपुण भारत मिशन की 22 सप्ताह की वार्षिक कार्य योजना, चहक कार्यक्रम आदि का सफलता पूर्वक संचालन किया गया। उन्होंने यह सम्मान ब्लाक के समस्त शिक्षक, शिक्षामित्र एवं अनुदेशक बंधु को समर्पित किया गया।

सहुल देव भासपा की बैठक सम्पन्न

सोनभद्र। सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी की रविवार को पीडब्लूडी डाक बगला में बैठक आहूत की गई। अध्यक्षता पूर्व जिला महा सचिव अनुराग बियार ने किया और संचालन का कार्य पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज देव पाण्डेय ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विन्ध्याचल मण्डल क्वार्डिनेटर माननीय राजेश यादव व प्रदेश उपाध्यक्ष नित्यानन्द पाण्डेय, प्रदेश संगठन मंत्री पूर्वाचल राजेन्द्र पटेल व पूर्वाचल उपाध्यक्ष आनन्द तिवारी रहे।

डबल इंजन की सरकार से देश और प्रदेश का होता है विकास: विशेश्वर

आयोजन

आदिवासियों के भविष्य संवारने में भाजपा सरकार रही आगे

चंदौली। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति जनजाति मोर्चा की ओर से जनजाति धन्यवाद जनसभा का आयोजन रविवार को मुख्यालय स्थित महेंद्र टेक्निकल इंटर कॉलेज में किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय जनजाति के राज्य मंत्री विशेश्वर टुडु ने किया साथ ही समाज के उत्थान के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति समाज को संकल्प लेने का आह्वान किया।

जनसभा में मुख्य अतिथि को माला पहनाकर स्वागत करते भाजपा के लोग

इस दौरान विश्वेश्वर टुडु ने कहा कि आदिवासियों के बच्चों की शिक्षा के लिए सरकार कृत संकल्प है। भारत सरकार छह से 12तक के आदिवासी बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल खोलने का काम किया है जिसके चलते बच्चों को शिक्षा मिलेगी और आगे बढ़ेंगे। देश में जब 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ में बागडोर आई तो उन्होंने पीएम आवास घर घर बिजली शौचालय आयुष्मान तमाम तरह की योजनाएं संचालित कर गांव के गरीब तक पहुंचाने के लिए काम किया घर घर जल हो इसके लिए जलकल योजना लागू की है। ताकि गांव के गरीब आदिवासी बच्चों को स्वच्छ जल पीने के लिए मिल सके जहां भी डबल इंजन की सरकार है वहां विकास तेजी से हो रहा है। लेकिन जहां सरकार नहीं है वहां की सरकारें केंद्र की योजनाओं को लागू करने में पीछे हैं। आदिवासी क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आदर्श गांव योजना के तहत 2000000 रुपए खर्च किए जाएंगे जिससे आदिवासी गांव में तमाम योजनाएं संचालित होंगी और विकास कार्य किए जाएंगे भाजपा ने जो काम करके दिखाया है वह आज तक किसी सरकार ने नहीं किया है देश के प्रधानमंत्री जल्द ही एससी एसटी कमिशन को स्वतंत्र रूप से अलग आयोग गठन करने का मन बनाया है। यही नहीं बिरसा मुंडा के जयंती पर प्रधानमंत्री ने जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाए जाने का आवाहन किया है सूर्यमनी तिवारी कहा कि सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबके प्रयास से देश की सरकार तरक्की कर रही है। देश के प्रधानमंत्री की सोच की देन है। कि अनुसूचित जाति के राम कोविंद और आदिवासी समाज के राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू इस पद पर सुशोभित हुए। पूर्व सरकारों ने इन पर कोई ध्यान नहीं दिया। राजसभा सांसद दर्शना सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने समय-समय पर गांव के गरीब किसान महिलाओं की चिंता लगी रहती है उनका कृषि विकास हो इसके लिए उन्होंने हमेशा प्रयास किए हैं इसी का परिणाम है कि आज देश का राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू हैं। इस दौरान अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के प्रदेश अध्यक्ष अनिल गोंड ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के बल्ला के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने कार्य किए हैं आज आदिवासी समाज तरक्की के रास्ते पर चल रहा है। इस दौरान कैलाश आचार्य, मीना चौबे, भाजपा जिला अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, शिवमंगल वियार, तिवारी, शिवपूजन राम, शिव तपस्या पासवान, रामाशीष, शिवराज सिंह, जितेंद्र पांडे, संतोष खरवार, रविंद्र गोंड, किरण शर्मा, दिलीप सोनकर, सुरेश मौर्या, पंकज मिश्रा, जैनेंद्र कुमार, कल्लू प्रसाद गौड़,नीतू खरवार, निरंजन बबलू गोंड,पारसनाथ गोंड उपस्थित रहे। अध्यक्षता कमलेश नारायण व संचालन रामदुलार ने किया।

जिंदगी की भागदौड़ में समाज और परिवार छूट रहे पीछे : संजय सिंह

कार्यक्रम

समाजसेवी अजय प्रताप सिंह ने वृद्धजनों को हर संभव मदद का दिया आश्वासन

चंदौली। मुख्यालय स्थित वृद्धाश्रम में रविवार को समाजसेवी व आयकर विभाग अजय प्रताप सिंह की ओर से वृद्धजनों को फल एवं कपड़ा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि सदर ब्लाक प्रमुख संजय सिंह बबलू सहित अन्य अतिथियों ने वृद्धजनों में फल और कपड़ा वितरित किया। साथ ही साथ आने वाले दिनों हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय सिंह बबलू ने कहा कि आज के भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग इतने आगे बढ़ जा रहे हैं। कि समाज और परिवार पीछे छूट जा रहा है। इसके फलस्वरूप आज हर जिले में वृद्धाश्रम की संख्या में बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। लेकिन आज भी कुछ लोग ऐसे हैं जो परिवार से छूट चुके लोगों का जिम्मा उठाने को तैयार है। आयकर विभाग के अजय प्रताप सिंह ने कहा कि वृद्धजनों की सेवा करना हमारा परम कर्तव्य है। वृद्धजनों की सेवा करने के लिए पूर्वजों से प्रेरणा मिली है। कहा कि वृद्धजनों की सेवा से जो खुशियां मिलती है। उसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। इसलिए सभी के सभी वर्ग के लोगों को वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों के साथ खुशियां बांटनी चाहिए। इससे उनको परिवार का एहसास होगा और वह दिल से दुआएं देंगे। मौके पर समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र कुमार मौर्य, वृद्धाश्रम के प्रबंधक आकाश यादव, विजय प्रताप अलग तिवारी, विवेक कुमार सिंह, आनंद प्रकाश सिंह, राहुल सिंह, ग्राम प्रधान बहादुर यादव, पंकज, अभिलाष, रोहित आदि मौजूद रहे।

वृद्धजनों को फल व अंगवस्त्र देते समाजसेवी अजय प्रताप सिंह व सदर ब्लॉक प्रमुख

संक्षेप

सड़क निर्माण के लिए प्रदेश शासन द्वारा 5 करोड़ 2 लाख 87 हजार लाख रुपये स्वीकृत

चंदौली। केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डा. महेंद्रनाथ पांडेय की पहल पर जिले की 9 सड़कों का कायाकल्प होगा। करीब 5 करोड़ 2 लाख 87 हजार की लागत से 9.39 किमी लंबी सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। इससे आमजन को आवागम में काफी सहुलियत हो जाएगी। भाजपा जिलाउपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी हरिवंश उपाध्याय ने बताया कि केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डा. महेंद्रनाथ पांडेय की पहल पर लोकसभा क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले सभी विधानसभा क्षेत्रों में कुल 9 सम्पर्क मार्गो के निर्माण के लिए प्रदेश शासन द्वारा 5 करोड़ 2 लाख 87 हजार लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस क्रम में पं दीन दयाल उपाध्याय नगर विधानसभा क्षेत्र के कम्हरिया, लौदा, सकलडीहा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सहरोई, अलीनगर सकलडीहा मार्ग पर बहबलपुर से चकरिया होते हुए दरियापुर रजवाहा तक, सैयदराजा विधानसभा क्षेत्र के एनएच-97 सैयदराजा जमानियां मार्ग पर कंदवा थाने से पश्चिम कम्हरिया होते हुए ठाकुरबाड़ी तक, ग्राम खोर में नहर पुल से तुलसी आश्रम तक चंदौली जनपद में सड़कों का निर्माण किया जायेगा। वहीं वाराणसी जनपद अंचल में आने वाले शिवपुर विधानसभा क्षेत्र के रामपुर पिच रोड से काली माता मन्दिर तक, अजगरा विधानसभा क्षेत्र के बर्थरा खुर्द से अजांव तक तथा सुल्तानुपर खुर्द महराजगंज से राजभर बस्ती से होते हुए रामपुर तक की सड़क निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गयी है। बताया कि केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देते हुए कहा कि लोकसभा क्षेत्र में आवागमन के बेहतर विकल्प आम जनता को मिले। यह हमारी प्राथमिकता में सर्वोपरि रहता है। समय समय पर अनेक सड़कों का निर्माण निरंतरता में बना हुआ है। करीब 9.39 किमी लम्बी उक्त सड़को के निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश शासन की ओर से कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को नामित किया गया है।

भारत सत्याग्रह के तहत गोष्ठी का आयोजन

डीडीयू नगर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में शकूर का भट्ठा मे प्रदेश व्यापी कार्यक्रम जय भारत सत्याग्रह के तहत गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान दर्जन हर लोगों को कांग्रेस की सदस्यता भी दिलाई गई। कार्यक्रम में प्रभारी व अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष शाहिद तौसीफ ने कहा कि आज देश में संविधान व लोकतंत्र के ऊपर खतरा मंडरा रहा है देश में भाईचारा व एकता को खंडित करने का कार्य जारी है। वही महंगाई, अराजकता, भ्रष्टाचार से देश की जनता कराह रही है। सत्ता पर आसीन भाजपा को जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं है, अपनी घटती लोकप्रियता को देख भाजपा ईडी व सीबीआई के दम पर विपक्ष के नेताओं को डराने धमकाने का कार्य कर रही है। भारत जोड़ो यात्रा से राहुल गांधी जी की देश में बढ़ती लोकप्रियता को देखकर व संसद में अदानी के संबंधों,शेल कंपनी में लगे बीस हजार करोड़ रुपये को लेकर पूछे गए सवालों से तिलमिलाई भाजपा राहुल गांधी के साथ द्वेष पूर्ण रवैया अख्तियार कर रहीं है। इस दौरान शोएब कादरी, मोहम्मद नसीम अहमद, शकील अहमद, कमरुद्दीन, मेहंदी हसन,एकराम, अंसार, मोहम्मद परवेज, रमजान, इकबाल अली, सलमान, सकलेन अहमद, वसीम,जबीर, इरशाद अहमद आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष परमानंद पटेल व संचालन डॉक्टर इम्तियाज अंसारी ने किया।

राष्ट्रीय कृषक दल की हुई बैठक

चंदौली। राष्ट्रीय कृषक दल की बैठक रविवार का मुख्यालय स्थित कैंप कार्यालय में हुई। इसमें संगठन के तमाम मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान बैठक में निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय पार्टी के नेतृत्व में सामाजिक न्याय यात्रा का समर्थन किया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद एडवोकेट ने कहा कि उदय पार्टी के नेतृत्व में सामाजिक न्याय यात्रा का हम समर्थन करते हैं।इसके लिए हम रामपाल को बधाई देते हैं कि उन्होंने सामाजिक न्याय के प्रति यात्रा निकालने का काम किया है।

मसोई गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा स्थगित

शहाबगंज। मसोई गांव स्थित श्री वत्सेश्वर महादेव मंदिर परिसर में एक अप्रैल से सात अप्रैल तक आयोजित होने वाली भव्य श्रीमद्भागवत कथा के आयोजक मंडल के सक्रिय सदस्य रमेश चंद पाण्डेय उम्र 52 वर्ष का आकस्मिक निधन रविवार को हो जाने से स्थगित कर दी गयी है।उनके निधन से गांव में सन्नाटा छा गया। वे मिलनसार व्यक्ति थे। उनके निधन पर कथा वाचक शिवम शुक्ल महाराज, अमरेश्वरानंद पाण्डेय, चन्द्रेश्वर पाण्डेय उर्फ मिंटू, जय किशोर सिंह, अखिलेश पाण्डेय, गौरीशंकर पाण्डेय, पिंटू पाण्डेय, सियाराम सिंह आदि ने शोक व्यक्त किया है।

पूर्व सैनिक जिलाधिकारी को सौंपेंगे ज्ञापन

चंदौली। जिला पूर्व सैनिक कल्याण परिषद की बैठक रविवार को मुख्यालय स्थित कैंप कार्यालय में हुई। इसमें संगठन सहित तमाम बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही तीन अप्रैल को दस बजे कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। यह जानकारी कैप्टन एसएन गुप्ता ने देते हुए बताया कि इसमें अधिक से अधिक पूर्व सैनिक भाग ले ताकि हम अपना पक्ष मजबूती के साथ रख सके।

भगवान महावीर की जयंती पर आज निकलेगी शोभायात्रा

डीडीयू नगर। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती सोमवार को मनाई जाएगी। नगर क्षेत्र के कैलाशपुरी स्थित जैन मंदिर से सोमवार की सुबह आठ बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के बाद मंदिर पर विधि विधान से भगवान महावीर की पूजा अर्चना की जाएगी। भजन कीर्तन के बाद भगवान महावीर की भव्य आरती उतारी जाएगी। इसके लिए तैयारियां पूरी हो चुकी है। नगर के पिछले 28 वर्षों से प्रति वर्ष शोभायात्रा निकाली जा रही है। जिले में दस से अधिक जैन धर्मावलंबी रहते हैं। जैन धर्म के अनुयायियों की संख्या लगभग पचास है। नगर के कैलाशपुरी में वर्ष 1995 में भगवान महावीर के मंदिर की स्थापना की गई थी। इसके बाद से प्रति वर्ष जैन मंदिर भगवान महावीर की जयंती पर शोभायात्रा निकाली जाती रही है। इस वर्ष तीन अप्रैल को भगवान महावीर की जयंती मनाई जाएगी।

नाबदान के पानी से होकर आने जाने के लिए विवश है ग्रामीण

कमालपुर। धानापुर विकास खण्ड के बहेरी गांव के मुख्य गली में लगा नाबदान का एफ फिट पानी गांव के विकास की गति के लिए पिछले महीने भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री सांसद महेंद्र नाथ पाण्डेय सन्युक्त चौपाल में गांव के विकास के लिए अपने अपने निधि से लाखों रुपये देने की बात कही थी। वहीं ग्रामणो ने सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाए आवास पेंशन बृद्धा, विधवा सहित अन्य सुविधाएं नही मिलती, ग्रामीणों की सुविधाएं मिलने के उद्देश्य से एसडीयम सकलडीहा के नेतृत्व में अधिकारियों ने भी चौपाल लगाकर पत्रों को सरकार द्वारा लाभ दिलाने एवम गांव की समस्याओं के निदान करने के लिए गली खडंजा रास्ता तालाब कब्रिस्तान के लिए जमीन आवंटन करने की बात कही थी परन्तु महीनों बीत गए गांव के मुख्य गली में नाबदान का पानी लगा रहता है। पानी निकासी की कोई ब्यवस्था न होने से ग्रामीण नाबदान के पानी से होकर आने जाने के लिए विवश है ग्रामीण टीपू सिंह, राकेश सिंह, राजन, सरवन यादव, पिंटू यादव, जयप्रकास, नसरुद्दीन ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जल निकासी की मांग की है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमित सिंह ने कहा गली पानी से धस चुकी है गेहूं की फसल काटने के बाद मिट्टी उपलब्ध होगी तभी गली की ऊचाई बढ़ा कर नाबदान की निकासी होगी।

अज्ञात कारणों से रिहायशी मड़ई जलकर राख

कमालपुर। धीना थाना क्षेत्र के तम्मागढ़ गांव में शनिवार की देर रात अज्ञात कारणों से शंभुनाथ उपाध्याय का रिहायशी मड़ई जलकर राख हो गईं। इससे घर में रखे राशन, कपड़ा, चारपाई, बिस्तरा व बच्चों का कापी किताब जलकर बर्बाद हो गए। इससे पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गया। सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल दीपा चौबे ने अगलगी का जांचकर रिपोर्ट शासन को भेज दिया। तम्मागढ़ गांव निवासी शंभूनाथ उपाध्याय शनिवार की देर शाम भोजन करने के बाद रिहायशी मड़ई के समीप परिवार सहित सो गए। देर रात अज्ञात कारणों से रिहायशी मड़ई मे आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। अगलगी में 5 कुंतल गेंहू, 6 कुंतल चावल, चारपाई, बिस्तरा, बच्चों के पढ़ने का कापी किताब सहित घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया णों ने अथक प्रयास कर आग पर काबू पाया। तब तक सब कुछ जलकर राख हो गया।

चोरों ने पंचायत भवन का ताला तोड़कर लाखों के सामान पर हाथ किया साफ

पंचायत भवन पर चोरी के बाद जुटे ग्रामीण

बबुरी। बीती रात चोरों ने थाना क्षेत्र के सिकरी गांव स्थित पंचायत भवन का ताला तोड़कर लाखों रुपए के सामान पर हाथ साफ कर दिया तथा किसी वाहन पर सामान लादकर चंपत हो गए। क्षेत्र के सिकरी गांव का ग्राम सचिवालय जनपद में अपने उत्कृष्टता के लिए स्थान रखता है।

भवन में साज सज्जा व जरूरत की काफी सामग्रियां रखी थी। बीती रात चोरी की नियत से पहुंचे चोरों ने सर्वप्रथम सीसीटीवी का केबल काट दिया उसके बाद भवन का ताला तोड़कर उसमें रखें 100 कुर्सी, इनवर्टर, 3 बैटरी पंखा, कूलर, साउंड बॉक्स आदि सामान चोरी कर किसी वाहन पर लाद कर फरार हो गए। रविवार की सुबह ग्रामीणों ने ताला टूटा देखा तो हतप्रभ रह गए तथा इसकी सूचना ग्राम प्रधान डिंपल सिंह को दी। ग्राम प्रधान ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन करने के बाद चोरों की सुराग में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष बबुरी अमित कुमार ने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

अलग-अलग जगहों से दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कंदवा। पुलिस ने रविवार की सुबह दो अलग अलग जगहों से दो वाछिंत अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।इसमें पहला अभियुक्त अलीशेर अंसारी को उसके घर चिरईगांव से गिरफ्तार किया। वहीं दूसरा अभियुक्त विजय यादव को उसके घर दरौली थाना कंदवा से गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल व अपर पुलिस अधीक्षक सदर विनय सिंह के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा था। जिसमें कन्दवा थाना प्रभारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह को मुखबीर से सूचना मिली कि दो वाछिंत अभियुक्त इस समय अपने घर पर मौजूद है।जिसे कंदवा पुलिस ने अपनी तत्परता दिखाते हुए मौजूद वाछिंत अभियुक्तों को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में रामपुर चौकी प्रभारी मनोज पांडेय, अमित कुमार सिंह, कांस्टेबल रजत पांडेय, शशि कुमार, हिमांशु आदि मौजूद रहे।

गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने का किया कार्य

चहनियां। शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाकर विदेश में परचम लहराने वाले मां खण्डवारी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के चेयरमैन डॉ. राजेन्द्र प्रताप सिंह को मारूफपुर रामशाला में रविवार की शाम को पूर्वांचल विकास फाउंडेशन द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर मुख्य अतिथि के रूप में अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वही हाल ही में दो रिटायर्ड शिक्षकों नन्दलाल यादव व रामग्रे मिश्रा को भी सम्मानित किया गया। आदर्श मा गायत्री बाल विद्या मंदिर मारूफपुर स्कूल की बच्चियों द्वारा सरस्वती बन्दना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि संरक्षक पूर्वांचल विकास फाउंडेशन श्रीमती भूरी देवी ने कहा कि यह गर्व की बात की बात है। जो आज ऐसे महान विभूति हम लोगो के बीच मे है। जो शिक्षा के क्षेत्र में परचम लहराने का कार्य किया है। संस्था के अध्यक्ष उमाकान्त यादव ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जनपद में मालवीय कहे जाने वाले डॉ. राजेन्द्र प्रताप सिंह न सिर्फ

मारूफपुर रामशाला में चौयरमैन डॉ. राजेन्द्र प्रताप सिंह को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते फाउंडेशन के उमाकांत यादव

देश मे बल्कि विदेश में भी दूसरी बार सम्मान पाने का हकदार मिला। ऐसे महान विभूति को पाकर हमलोग धन्य है। ये क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। बेहतर शिक्षा के साथ ही गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा भी देने का कार्य किया। पूर्व रिटायर्ड शिक्षक नन्दलाल यादव ने कहा कि विदेश की सरजमी पर शिक्षा के क्षेत्र में परचम लहराया है। राष्ट्रीय ही नही अंतराष्ट्रीय क्षेत्र में भी सम्मान मिला है। प्रिंसिपल जय प्रकाश मिश्रा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जो भी कुछ पूछना होता था हम लोग इनसे पूछा करते थे। मुख्य अतिथि डॉ. राजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि जो भी क्षेत्र में गरीब बच्चे है यदि उनकी पढ़ाई पैसे के अभाव में नही हो पा रही है उनको हम पढ़ाने के लिए तैयार है। इस अवसर पर प्रधान श्रवण यादव, शिवकुमार यादव, नरेंद्र प्रसाद, बबलू यादव, रामचन्द्र गुप्ता, कमलेश यादव, अजय यादव, शमशेर सिंह, रामावतार यादव, डॉ. प्रदीप यादव, मुकेश शर्मा आदि लोग उपस्थित थे। अध्यक्षता टी ए आजमगढ़ राजवंश सिंह व संचालन दुर्गेश पाण्डेय ने किया।

लापता व्यापारी को ढूंढने में पुलिस प्रशासन नाकाम

पांचवां दिल

दर्जनों सीसी कैमरा खंगालने के बाद भी नहीं मिला सुराग

जांच के नाम पर पुलिस की कोरमपूर्ति से व्यापारियों में आक्रोश

सकलडीहा। कस्बा के प्रतिष्ठित व्यापारी व पूर्व प्रधान प्रेमशंकर रस्तोगी का जवान बेटा सुमित रस्तोगी बीते पांच दिनों से लापता है। तमाम संशाधन होने के सौ घंटे बाद भी लापता व्यापारी तो दूर मोबाइल और बाइक दो अलग अलग स्थान पर कैसे पहुंची। इसका भी कोतवाली पुलिस खुलासा नही कर पा रही है। जिसे लेकर व्यापारियों में आक्रोश बढ़ने लगा है। वही सपा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव व्यापारी के घर पहुंचकर एसपी से व्यापारी के सकुशल बरामदगी की मांग किया है। वही परिजन किसी अनहोनी को लेकर खौफजदा हैं।

लापता व्यापारी के घर पहुंचकर विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव जानकारी लेते हुए

कस्बा के कपड़ा व्यवसायी प्रेमशंकर रस्तोगी के दो पुत्र हैं। बड़ा पुत्र सुमित रस्तोगी विभिन्न कंपनियों का कोल डिंक्स व पानी की सप्लाई करता है।

छोटा बेटा गोलू रस्तोगी कपड़ा की दुकान चलता है। बीते बुधवार की शाम छरू बजे घर से तगादा पर निकला। देर रात तक घर नहीं पहुंचने पर परिजन परेशान हो गये। अगले दिन गुरूवार की सुबह टिमिलपुर गांव के तरफ मोबाइल पाकर एक युवक लापता व्यापारी के घर पहुंचा देता है। कुछ देर बाद संघती रिंग रोड के नीचे लावारिश हालत में व्यापारी की बाइक बरामद होने की सूचना मिलती है। गाड़ी के डिग्गी में व्यापारी का एटीएम, आधार कार्ड और गाड़ी का चाभी भी बरामद हो जाता है। लेकिन सौ घंटे बाद दर्जनों सीसी कैमरा खंगालने के बाद भी लापता व्यापारी का पता तो दूर मोबाइल और बाइक अलग अलग स्थान पर कैसे पहुंच गयी। जिसे लेकर संशय बना हुआ है। पुलिस की कोरमपूर्ति को लेकर व्यापारियों में आक्रोश पनपने लगा है। व्यापारियों ने बैठकर धरना प्रदर्शन और आन्दोलन की चेतावनी दिया है।उधर कोतवाल विमलेश कुमार मौर्या ने बताया कि दिन रात व्यापारी के बारे में पता लगाया जा रहा है। शीध्र ही मामले का खुलासा किया जायेगा।

आये दिन घटना को लेकर व्यापारियों में दहशत

पिछले दिनों पुलिस पीकेट से चंद दूरी पर दुगार्पुर तिराहे के पास बाइक सवार बदमाशों ने बिल्डिंग मटैरियल कारोबारी को गोली मारकर बाइक लूट लिया। महीनों दिन कोतवाली पुलिस मामले को लेकर जांच में जुटी रही। इस मामले में हल्का दरोगा को निलंबित और कोतवाल को हटा दिया गया था। पुनरू कस्बा के प्रतिष्ठित व्यापारी के जवान बेटे के पांच दिन से लापता होने से व्यापारियों में दहशत है। सपा नेता से लेकर व्यापारी लामबंद होने लगे है।

पुलिस ने चार वारंटियों को भेजा जेल

मुगलसराय कोतवाली में पुलिस के साथ वांछित

डीडीयू नगर। मुगलसराय कोतवाली प्रभारी दीनदयाल पांडे के नेतृत्व में पुलिस ने क्षेत्र के अलग अलग जगहों पर छापेमारी कर चार वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया रविवार को खुलासा करते हुए प्रभारी दीनदयाल पांडेय ने बताया कि पुराने मामले में फरार चल रहे 4 वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए वारंटीयो में नन्हकू पुत्र भोला निवासी लोहरा थाना मुगलसराय का है। जिसके खिलाफ 362/2018 धारा 379 411 मुकदमा दर्ज जिसे उसके घर से दबिश देकर पकड़ा गया है। ओम प्रकाश उर्फ लल्लन पुत्र मुन्नू निवासी करवत का है। रविन्द्र खत्री पुत्र भोला नाथ सेठ निवासी मुगलसराय के खिलाफ एनडीपीएस सहित कई मुकदमें दर्ज है। छन्नू भगत पुत्र विश्वनाथ सोनकर कबीरपुर निवासी जिसके खिलाफ 323/504/ 506/ 307 धाराओं में मुकदमा दर्ज है जो कई दिनों से फरार चल रहा था जिसे पुलिस द्वारा दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए अभियुक्तों के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई कर जेल भेजा गया है।

हंसराज विश्वकर्मा को विधान परिषद सदस्य नामित होने पर विश्वकर्मा समाज ने जताई खुशी

चंदौली। विश्वकर्मा उत्थान मंच जनपद के पदाधिकारियों ने रविवार को जनपद वाराणसी के भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विधान परिषद सदस्य नामित किए जाने पर समाज के लोगों में खुशी है। वही जनपद के पदाधिकारियों ने रविवार को उनके वाराणसी स्थित आवास पर जाकर उनको पुष्पहार, अंगवस्त्रम और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही लोगों ने प्रदेश सरकार के प्रति अपना आभार प्रकट किया। कहा कि विधानसभा में विश्वकर्मा समाज रिक्त स्थान को भरने का काम किया है। इसके लिए विश्वकर्मा समाज सरकार का ऋणी है। विश्वकर्मा समाज का हित भाजपा में ही निहित है। मौके पर श्रीकांत विश्वकर्मा, श्याम लाल विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, अनीता शर्मा, नीरज, कालिका विश्वकर्मा, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, मिंटू विश्वकर्मा, विकास विश्वकर्मा, अमित विश्वकर्मा, भोला नाथ विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

हंसराज विश्वकर्मा को बधाई देते विश्वकर्मा समाज के लोग

ओलावृष्टि से किसानों की बर्बाद फसलों का मुआवजा दे सरकार

जनसंदेश न्यूज

सकलडीहा। भाकपा माले इंकलाबी नौजवान सभा की ओर से विभिन्न मांगों के समर्थन में सलेमपुर गांव में रविवार को ग्यारहवे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान ब्लॉक प्रशासन और तहसील प्रशासन द्वारा हो रहे ग्रामीणों के शोषण व अनदेखी के खिलाफ जमकर भड़ास निकाला। मांगे पूरी होने तक धरना प्रदर्शन जारी रखने की आन्दोलनकारियों ने घोषणा की।

धरने को सम्बोधित करते हुए भाकपा माले इंकलाबी नौजवान सभा के कामरेड तूफानी गौड़ ने कहां की तहसील प्रशासन व ब्लॉक संवेदनहीन बना हुआ है। किसान हित की बात करने वाली सरकार ओलावृष्टि से नुकसान हुए फसलों का मुआवजा देने में हीला हवाली कर रही है। किसानों के सामने रोटी खाने की समस्या खड़ी होगयी है। महिलाओं ने लागत मूल्य का डेढ़ गुना मुआवजा दिलाने की मांग किया है। इसके अलावा जिलापंचायत से अधूरी मार्ग को पूरा कराने व जनता की मौलिक अधिकार शौचालय, नाली, खंडजा, मनरेगा मजदूरी, पेंशन, गरीबों को आवंटन और बिजली विभाग की मनमानी शोषण और वसूली पर रोक लगाने की मांग किया। इस मौके पर धरने में रमेश राय, राजू चौहान, रामलाल, रामराज, शिवपूजन, संजय चौहान, मदन चौहान, इंद्रावती देवी, धनोता देवी, चिखुरी, कलावती देवी, चंपा देवी, मनसा देवी, विद्या देवी, दुलारी देवी, नगीना देवी, गुड्डी देवी, राधा देवी, इतवारी देवी आदि लोग मौजूद थे संचालन कामरेड मुन्नीलाल अध्यक्षता कामरेड उमानाथ चौहान ने किया।

सलेमपुर गांव में विभिन्न मांगों के समर्थन में विरोध जताती महिलाये व अन्य

स्पोर्ट्स

क्वितोवा ने मियामी ओपन जीता

मियामी गार्डन्स। चेक गणराजय की पेत्रा क्वितोवा ने मियामी ओपन टेनिस खिताब जीता है। क्वितोवा ने महिला एकल मुकाबले में कजाकिस्तान की एलेना रिबाकिना को 7-6, 6-2 से हराया। चेक गणराज्य की क्वितोवा ने इसी के साथ ही रिबाकिना के 13 मैचों से जारी विजय अभियान को रोक दिया। रिबाकिना ने हाल ही में इंडियन वेल्स में भी जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया था। वहीं पुरूष एकल के खिताबी मुकाबले में जानिक सिनेर का सामना दानिल मेदवेदेव से होगा। सिनेर ने गत चैम्पियन कार्लोस अलकाराज को हराकर फाइनल में प्रवेश किया है।

राजस्थान रॉयल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 72 रनों से रौंदा

हैदराबाद। आईपीएल 2023 के हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में खेले गए रविवार के पहले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 72 रन के विशाल अंतर से धोकर विजयी आगाज किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान रॉयल्स ने निर्धारित 20 ओवर में 203 बनाये। जवाब में हैदराबाद की टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 131 रन ही बना सकी।

हैदराबाद की टीम को लेफ्टी पेसर ट्रेंट बोल्ट ने पहले ही ओवर में दो विकेट चटकाकर झटका दिया। बोल्ट ने हैदराबाद को ऐसे जोर के झटके दिए कि इससे वह पूरी पारी के दौरान कभी उबर ही नहीं सके। कुछ देर विकेट पर टिककर मयंक अग्रवाल (27) रन बनाए, लेकिन दूसरे छोर पर उसके और बल्लेबाज जैसे हैरी ब्रूक (0), वॉशिंगटन सुंदर (1) और ग्लेन फिलिप्स (8) सस्ते में लौट गए, तो उसका स्कोर 10वें ओवर में 5 विकेट पर 48 रन हो गया।

हैदराबाद के बल्लेबाजों ने पूरे कोटे के 20 ओवर खेले। इसके पीछे अब्दुल समद (नाबाद 32), आदिल राशिद (18) और उमरान मलिक (नाबाद 19) जिम्मेदार रहे। हैदराबाद इससे कोटे के 20 ओवरों में 8 विकेट पर 131 तक पहुंचने में सफल रहा, लेकिन जीत से कोसों दूर रह गया।

इससे पहले राजस्थान रॉयल्स ने उसके सामने जीत के लिए 204 रनों का लक्ष्य रखा। राजस्थान के दोनों ओपनरों जोस बटलर और यशस्वी जयसवाल ने ऐसी शुरूआत दी कि हैदराबादी बॉलरों के होश फाख्ता हो गए। इन दोनों ने मिलकर 5.5 ओवरों में ही 85 रन जोड़ डाले।

बटलर आउट हुए, तो उनके बाद जयसवाल (54 रन, 37 गेंद, 9 चौके) ने भी अर्द्धशतक जड़ा, तो उनके साथ दूसरे छोर पर कप्तान संजू सैमसन (55 रन, 32 गेंद, 3 चौके, 4 छक्के) ने बटलर के असर को किसी भी तरह से कम नहीं होने दिया, विकेट गिरते रहे, लेकिन रन आते रहे। और जब निचले क्रम में सिमरोन हेटमायर (नाबाद 22 रन, 16 गेंद, 1 चौका, 1 छक्का) ने उपयोगी हाथ दिखाए, तो राजस्थान कोटे के 20 ओवरों में 5 विकेट ओखोकर 203 का आंकड़ा छूने में सफल रहा।

हैदराबाद के लिए अफगानी लेफ्टी पेसर फजलहक फारुकी और टी. नटराजन ने दो-दो और स्पीडस्टर उमरान मलिक ने एक विकेट लिया।

सीएसके अपने घर में सुपर जायंटस के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी

चेन्नई। महेन्द्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) सोमवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर लोकेश राहुल की लखनऊ सुपर जायंटस को हराकर इस टूनार्मेंट में अपनी अपनी पहली जीत दर्ज करने उतरेगी। सीएसके को अपने शुरूआती मुकाबले में शुक्रवार को गुजरात टाइटंस से हार का सामना करना पड़ा था। टीम को सुपर जायंटस के खिलाफ जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है क्योंकि सीएसके अपने घरेलू मैदान और दर्शकों के सामने खेल रही है जिसका लाभ उसे मिलना तय है। सीएसके चार साल बाद इस मैदान पर खेलेगी जिससे भी प्रशंसक उत्साहित हैं। सीएसके की टीम ने पहले मैच में भी अच्छा खेला था। उसके बल्लेबाज

रूतुराज गायकवाड़ अच्छी लय में हैं। रूतुराज ने गुजरात के खिलाफ शानदार पारी खेली थी। इस मैच में सीएके के प्रशंसकों को अन्य बल्लेबाजों से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। इस मैच में इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स भी अपने को साबित करना चाहेंगे। टी ने उन्हें 16 करोड़ से अधिक की मोटी रकम देकर खरीदा है।

इस मैच में सीएसके के बल्लेबाजों पर बीच के ओवरों में तेज गति से रन बनाने और गेंदबाजी बेहतर करने का दबाव रहेगा जो वह पहले मैच में नहीं कर पाये थे। चेन्नई के लिए राहत की बात यह है कि ये मैच एम ए चिदंबरम स्टेडियम पर हो रहा है जहां स्पिनर बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हाल में यहां खेले गए तीसरे एकदिवसीय में भी स्पिनर यहां सफल रहे थे। ऐसे में स्पिन जडेजा और मिशेल सेंटनेर यहां अहम भूमिका निभा सकते हैं। इस मैच में सीएकसे एक और स्पिनर भी शामिल कर सकती है। श्रीलंका के महीश तीक्षणा पहले तीन मैचों के लिये उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में देखना होगा कि धोनी किसे अवसर देते हैं। वहीं दूसरी ओर राहुल की अगुवाई वाली लखनऊ सुपर जाइंट्स ने गत दिवस अपने पहले ही मैच में दिल्ली कैपिटल्स पर बड़ी जीत दर्ज की थी।

बॉलीवुड न्यूज

छोटी अनु से अलग होने के बाद आमने-सामने आए अनुपमा और अनुज

मुंबई। स्टारपल्स के लोकप्रिय टीवी शो अनुपमा का वर्तमान ट्रैक अनुपमा, अनुज और माया के इर्द-गिर्द घूम रहा है। माया की एंट्री ने घरवालों की जिंदगी में खलबली मचा दी है। अनुपमा में दर्शकों को हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिल रहा है। हाल ही में प्रसारित प्रोमो में देखा जा सकता है कि अनुज और अनुपमा छोटी अनु से अलग होने के कारण आपस में भिड़ गए हैं, दोनों अपने जीवन में आए अनचाहे मोड़ की वजह से बिखर गए हैं। छोटी अनु को अलविदा कहने के बाद अनुज भावुक हो जाता है और अनुपमा से उसे अकेला छोड़ देने के लिए कहता है। दूसरी ओर, अनुपमा भी अपने ऊपर आए तूफान से टूट गई है। हालाँकि, अनुपमा को छोड़ने और माया के साथ रहने के छोटी अनु के समझदार फैसले से अनुपमा पूरी तरह से टूट गई है, यह अनुपमा और अनुज के लिए एक बड़ा झटका है। स्टार प्लस के शो अनुपमा में अनुज का किरदार निभाने वाले गौरव खन्ना ने अनुज के जीवन में आने वाले मोड़ के बारे में कहा, "यह एक बड़ा मोड़ आने वाला है जो अनुपमा और अनुज के जीवन में तबाही मचाएगा। माया इसमें सफल हो गई है। उसकी योजनाओं से उसने अनुज और अनुपमा से छोटी अनु को ले लिया है। छोटी अनु से अलग होने की वजह से अनुज का दिल टूट गया है और वह एक भावनात्मक दौर से गुजर रहा है। यह तब होता है जब अनुपमा और अनुज के रिश्ते में दरारें दिखाई देने लगती हैं जिसके बाद दर्शक अलगाव का गवाह बनेंगे। यह देखना दिलचस्प होगा कि अनुज और अनुपमा इस भावनात्मक रोलरकोस्टर से कैसे निपटते हैं।

पोंटिंग ने खराब क्षेत्ररक्षण को हार का कारण बताया

लखनऊ। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने अपनी टीम की लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पहले ही मैच में मिली हार के लिए खराब क्षेत्ररक्षण को जिम्मेदार बताया है। पोंटिंग ने कहा कि कहा कि टीम ने विरोधी टीम के बल्लेबाज काइल मेयर का जो कैच छोड़ा वह उसे भारी पड़ा है। जब मेयर्स 14 रन थे तो चेतन सकारिया की गेंद पर खलील अहमद ने उनका कैच गिरा दिया था। इसके बाद मेयर्स ने 38 गेंदों पर ही दो चौकों और सात छक्कों की मदद से 73 रनों की तेज पारी खेली। इसके अलावा जिस प्रकार गेंदबाजों पर 16 छक्के लगे हैं उसपर भी कोच ने नाराजगी जतायी।

पोंटिंग ने कहा, मुझे लगता है कि उन्हें जितने रन बनाने चाहिए थे, उससे कहीं ज्यादा रन हमारे कमजोर क्षेत्ररक्षण के कारण बनाए। मुझे नहीं लगता कि हमने अपनी सहायता की। पहले चार ओवरों के बाद हमारा क्षेत्ररक्षण वास्तव में कमजोर था। कुछ अवसर हमारे हाथ से निकले जिससे मैच में परिणाम हमारे पक्ष में नहीं रहा।

उन्होंने कहा, हमने अपनी गेंदबाजी पारी में 16 छक्के खाए और इससे पता चलता है कि हम अच्छी गेंदबाजी नहीं कर पाये। जब आप इतने सारे छक्के दे देते हैं, तो अपने आप को खेल में वापस लाना कठिन होता है। मुझे नहीं लगा कि यह 190 प्लस विकेट था। वहां काफी ओस थी, अगर कुछ भी था, विकेट शायद हमारे लिए दूसरी बल्लेबाजी के लिए बेहतर था, इसलिए कुछ कारण हैं कि हम मैच क्यों हारे।

पोंटिंग ने लखनऊ के तेज गेंदबाज मार्क वुड की भी प्रशंसा की। वुड ने इस मैच में पांच विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

गंभीर की रणनीति सफल रही कृष्णप्पा रहे इम्पैक्ट प्लेयर

नई दिल्ली। आईपीएल के 16 वें सत्र में लखनऊ सुपर जायंट्स ने दिल्ली कैपिटल्स पर शानदार जीत दर्ज की है। इस जीत में लखनऊ के मेंटॉर गौतम गंभीर की अहम भूमिका रही। आईपीएल के इस सत्र में पहली बार एक इम्पैक्ट प्लेयर का उपयोग हो रहा है। उसी के जरिये गंभीर ने विरोधी टीम को निशाना बनाया। गंभीर ने जिस खिलाड़ी को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर आजमाया वह कृष्णापा गौतम रहे। कृष्णापा वही खिलाड़ी हैं जिन्हें महेंद्र सिंह धोनी की सीसके ने आईपीएल 2021 में 9.25 करोड़ रुपये में खरीदा था पर एक सत्र के बाद ही सीएसके उनसे दूर हो गयी। इसके बाद लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल की गत वर्ष हुई नीलामी में कृष्णापा को 90 लाख में खरीदा था। कृष्णापा ने अंतिम गेंद पर छक्का लगाने के साथ ही चार ओवर में केवल 23 रन ही दिये। इस मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 193 रन बनाये थे। लखनऊ की पारी के 20वें ओवर की 5वीं गेंद पर आयुष बडोनी आउट हो गए।

पूर्व क्रिकेटर सलीम दुर्रानी का निधन

नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर सलीम दुर्रानी का रविवार सुबह गुजरात के जामनगर में निधन हो गया है। दुर्रानी 88 साल के थे और कैंसर से पीड़ित थे। दुर्रानी अफगानिस्तान के काबुल में पैदा हुए थे पर इसके बाद भारत आ गये थे। उन्होंने भारत की ओर से काफी साल तक क्रिकेट खेला था। दुर्रानी अर्जुन अवॉर्ड हासिल करने वाले पहले क्रिकेटर रहे हैं। सलीम को 2011 में बीसीसीआई द्वारा सीके नायुडु लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया था। दुर्रानी ने भारतीय टीम की ओर से अपना पहला टेस्ट मैच 1 जनवरी 1960 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला था। यह उनका डेब्यू मैच था। दुर्रानी ने भारत की ओर से करीब 13 साल क्रिकेट खेला है। इस दौरान उन्होंने खेले गए 29 टेस्ट में 25.04 की औसत से बल्लेबाजी करते हुए 1202 रन बनाए हैं, जिसमें उन्होंने एक 1 शतक और 7 अर्धशतक लगाये थे। वह ऐसे बल्लेबाज थे जो प्रशंसकों की मांग पर छक्का लगाया करते थे। इसके अलावा सलीम ने गेंदबाजी करते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 75 विकेट भी लिए हैं। वह एक लेफ्ट आर्म स्पिन गेंदबाज थे। दुरानी ने भारत की ओर से केवल टेस्ट क्रिकेट खेला है। उन्होंने अपना अंतिम टेस्ट 06 फरवरी 1973 को इंग्लैंड के खिलाफ ब्रेबोर्न स्टेडियम में ही खेला था।

दुर्रानी अपने तेज हुक शॉट के लिए लोकप्रिय थे। उन्होंने बॉलीवुड फिल्म में भी काम किया है। 1973 में सलीम ने चरित्र नाम की एक फिल्म में अभिनय किया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने दुर्रानी के निधन पर शोक जताया

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व क्रिकेट सलीम दुर्रानी के निधन पर शोक जताया है। दुर्रानी का रविवार सुबह कैंसर से निधन हो गया था। वह 88 के थे और कैंसर से पीड़ित थे। दुर्रानी भारतीय टीम के नामी ऑलराउंडर रहे हैं। इसके साथ ही वह एक अच्छे स्पिनर भी थे। प्रधानमंत्री मोदी ने एक ट्वीट कर दुर्रानी के परिवार के प्रति संवेदना जतायी है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, सलीम दुरानी जी क्रिकेट के दिग्गज थे, अपने आप में एक लीजेंड थे। उन्होंने क्रिकेट की दुनिया में भारत के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। मैदान के अंदर और बाहर वो अपने अंदाज के लिए जाने जाते थे। उनके निधन से काफी दुखी हूं। उनके परिवार और मित्रों के लिए संवेदनाएं। उनकी आत्मा को शांति मिले।

संक्षेप

अतिक्रमण हटाने में कटवाये अवैध केबल तार

वाराणसी। नगर निगम प्रवर्तन दल की ओर से रविवार को आकाशवाणी से नदेसर, नदेसर रामलीला मैदान, घौसाबाद और चौका घाट पुल तक सघन अतिक्रमण अभियान चलाया गया। इसी के साथ अभियान के तहत अवैध केबल तारों को कटवाया गया। इस दौरान दुकानदारों को निर्देशित किया गया कि सड़क पर किसी भी प्रकार के वाहनों को न खड़ा करें और अन्य किसी को न करने दें। दुकानों के आगे जितने भी अवैध टिन शेड लगाये गए थे उन्हें ध्वस्त किया, वहीं घौसाबाद क्षेत्र में घोषणा कर सभी गैराज संचालकों को सूचना दिया गया की सड़क पर किसी भी प्रकार से मार्ग अवरुद्ध कर वाहनों का सेल न लगाएं न ही गाड़ियों की मरम्मत का कार्य सड़क पर करें। अंधरा पुल से रोडवेज बस स्टैंड होते हुए इंग्लिशिया लाइन तक घोषणा कर मार्ग पर ठेला संचालकों को हटवा कर मार्ग खली करवाया। साथ ही अभियंता अजय राम और आलोक अधीक्षक केके गुप्ता की उपस्थिति में चौकाघाट से कज्जाकपुरा आदमपुर होते हुए भदऊ चुंगी तक अवैध बेतरतीब ढंग से बिछाये गए केबल तार को अभियान चला कर कटवाया गया।

हुमा बानो सदस्य बनीं

वाराणसी। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के पदाधिकारियों व सदस्यों की पिछले दिनों नयी दिल्ली में हुई बैठक में हुमा बानो को सदस्य बनाया गया। उन्होंने मदरसा आधुनिकीकरण, शिक्षकों की समस्या को आयोग के पदाधिकारियों के सामने उठाया।

उषा प्रियंवदा स्त्री विमर्श की सशक्त हस्ताक्षर : डॉ. मुक्ता

वाराणसी। एलटी कालेज स्थित राजकीय जिला पुस्तकालय में रविवार को डॉ. शुभा श्रीवास्तव की पुस्तक उषा प्रियंवदा का कथा साहित्य : वस्तु एवं शिल्प का विमोचन एवं परिचर्चा राजकीय जिला पुस्तकालय और मुंशी प्रेमचंद मार्गदर्शन केंद्र के तत्वावधान हुआ। समारोह में प्रसिद्ध साहित्यकार डा.रामसुधार सिंह ने कहा कि एक सजग आलोचक के रूप में शुभा ने उषा प्रियंवदा के लेखन पर सारगर्भित मूल्यांकन किया है। अध्यक्षता करते हुए डॉ मुक्ता ने कहा कि उषा प्रियंवदा स्त्री विमर्श की सशक्त हस्ताक्षर हैं। स्वागत पुस्तकालय अध्यक्ष कंचन सिंह परिहार ने किया। विशिष्ट वक्ता प्रो.सत्यपाल शर्मा ने कहा कि डॉ शुभा ने भारतीय और पाश्चात्य परिवेश के द्वंद के बीच जीती आधुनिक शिक्षित कामकाजी भारतीय नारी के जीवन संघर्ष मानसिक द्वंद्व को उषा प्रियंवदा की कथा साहित्य के बहाने उभारा है। मुख्य वक्ता डॉ प्रकाश उदय ने कहा कि उषा प्रियंवदा की कथा कर्म को डॉ. शुभा श्रीवास्तव ने कथालोचन की प्रचलित पद्धति से तो विश्लेषण किया है। डॉ हिमांशु तिवारी ने कहा कि यह पुस्तक सरल भाषा में कथा रूप में प्रस्तुत भविष्य का एक प्रकाश स्तंभ है। डॉ.ओम प्रकाश ने कहा कि पुस्तक उषा प्रियंवदा के साहित्य को प्रवासी पीड़ा का जीवित दस्तावेज के रूप में स्थापित करती है। संचालन डॉ संगीता श्रीवास्तव,धन्यवाद ज्ञापन राजीव गौड़ ने किया। इस अवसर पर डॉ आलोक अस्थाना, विज्ञा, वाग्मी, मंजरी पांडेय, श्रद्धा, दीक्षा, निशांत, कीर्ति, मयंक, दिनेश श्रीवास्तव, लीना, नीलम, रेनू, रतिकेश,जितेंद्र आदि उपस्थित थे।

जल संरक्षण प्रत्येक के लिए जरूरी

वाराणसी। बीएचयू की राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने रविवार को जल संरक्षण जागरूकता रैली निकाली। संस्थान के मुख्यद्वार से रैली निकलकर रवींद्रपुरी कॉलोनी स्थित कुरुक्षेत्र तालाब पहुंचकर समाप्त हुई। प्रतिभागियों ने लगातार गिर रहे भूजल स्तर के बारे में लोगों को जानकारी देते हुए पानी बचाने की अपील की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवनीश पांडेय ने कहा कि भविष्य में जल की कमी की आशंकाओं को देखते हुए जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। आयोजन के अंतर्गत कुरुक्षेत्र तालाब के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही लोगों ने जल स्रोत संरक्षण का संकल्प लिया। उसके बाद दुर्गाकुंड स्थित आनंद पार्क में जल संरक्षण विषयक संगोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम में प्रो. अशोक कुमार सोनकर, प्रो. बाला लखेंद्र ने भी विचार व्यक्त किये।

जल्द भरें लेखपालों के खाली पद : राममूरत

वाराणसी। पहड़िया क्षेत्र स्थित एक लॉन में रविवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक हुई। इस मौके पर अध्यक्ष राममूरत यादव ने मानदेय तय समय में देने, महिला लेखपालों का तबादला उनके गृह मंडलों में करने, खाली पदों को भरने के लिए जल्द से जल्द लेखपालों की भर्ती परीक्षा परिणाम जारी करने आदि की मांग शासन से की। मीटिंग में प्रदेश महामंत्री विनोद कुमार कश्यप ने खसरे का प्रिंट उपलब्ध कराने पर बल दिया। बैठक में प्रांतीय कोषाध्यक्ष शमशेर यादव, चंदौली जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार यादव, वाराणसी के मंत्री आशीष शर्मा, संदीप सिंह, विजय सिंह, अवनीश पटेल, मनीष मिश्र, सुभाष यादव, विवेक श्रीवास्तव, राहुल सोनकर आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

बैडमिंटन में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

चहनियां। स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर रविवार को समाजसेवी डॉ. अजय सिंह के देखरेख में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें बालक वर्ग में शिवम प्रथम व प्रिंस द्वितीय एवं बालिका वर्ग में डोली प्रथम व शाखी द्वितीय स्थान रही। प्रधानपति सतीश गुप्ता ने बच्चो को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया। चहनियां कस्बा के रहने समाजसेवी डॉ. अजय कुमार सिंह के देखरेख में चहनियां स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर रविवार को बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधानपति सतीश गुप्ता ने कहा कि समाजसेवी द्वारा कई नेक कार्य किया जा रहा है। जो समाज मे एक अच्छा संदेश जा रहा है। समाजसेवी डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि बच्चो के प्रतिभा निखार कर उन्हें मेडल मिलने पर खुशी मिलती है। इस दौरान डॉ. सन्तोष सिंह, बिहारी गुप्ता, प्रतीक सिंह, डॉ. श्याम सिंह, धारी सिंह, सुनील रस्तोगी आदि लोग उपस्थित थे।

जीजा ने किशोरी की गर्दन पर हमला कर किया घायल

धीना। बातचीत बन्द होने से नाराज जीजा ने रविवार की दोपहर कन्दवा थाना क्षेत्र के बरहनी रामपुर मार्ग के खुरहट गांव समीप अपने दो साथियों संग धारदार हथियार से हमला कर किशोरी को घायल कर फरार हो गया। ग्राम प्रधान संतोष बिन्द की सूचना पर पहुंचे रामपुर चौकी प्रभारी मनोज पांडेय ने घायल को इलाज के लिए सैयदराजा निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मथुरापुर गांव निवासी सागर बिन्द के पांच पुत्री में दूसरी पुत्री सुनीता बिन्द का अपने जीजा के भाई हरिश्चंद्र से प्रेम प्रसंग चल रहा था।इन दिनों किसी बात को लेकर मनमुटाव होने से बातचीत नहीं हो रहा था।इससे नाराज युवक ने अपने दो साथियों संग किशोरी को गांव के समीप बुलाकर धारदार हथियार से गर्दन पर हमला कर फरार हो गए।इससे किशोरी खून से लथपथ होकर खेत में बेहोश होकर गिर गई।ग्राम प्रधान संतोष बिन्द की सुचना पर कन्दवा पुलिस ने घायल किशोरी को इलाज के लिए सैयदराजा निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

मार्ग पर मनमाने ढंग से बिछाया सीवर

चौबेपुर। डुबकियां क्षेत्र के दानियालपुर बस्ती में मुख्य मार्ग पर मनमाने ढंग से सीवर बिछा दिये जाने का खामियाजा इस रोड से आने-जाने वाले भुगत रहे हैं। गलत तरीके से बिछाया गया यह सीवर लाइन ग्रामीणों की परेशानी का सबब बना हुआ है। हाल यह है कि आसपास रह रहे लोगों का अपने-अपने घर से निकलना मुश्किल है।

पैदल चलने वालों की छोड़िए इस रास्ते से वाहनों ले जाने टेढ़ी खीर है। वहीं, बारिश होने पर सीवर लाइन से जुड़े क्षेत्र पूरी तरह से दलदल में तब्दील हो जाता है। फलस्वरूप स्कूल जाने वाले बच्चे भी गिरकर चोटिल हो रहे हैं। गांव के मुकेश मद्धेशिया, पंचम मौर्य, जुनैद अंसारी, रवि गुप्ता, जयहिंद गुप्ता, छोटू यादव, और विशाल जायसवाल आदि ने बताया कि बेतरतीब ढंग से सीवर बिछाए जाने से इलाकाई लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही है।

डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक की मौत

जौनपुर। वाराणसी-लखनऊ फोरलेन राष्ट्रीय राजमार्ग पर बक्शा के धनियामऊ पुल के पास रविवार की दोपहर तेज रफ्तार बाइक के अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा जाने से युवक की मौत हो गई और उसका साथी घायल हो गया। उसका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर में उपचार चल रहा है। बक्शा के तरसड़ा गांव निवासी 30 वर्षीय संजय वनवासी व सरायहरखू के ही राज कुमार वनवासी बाइक से किसी कार्य से कहीं जा रहे थे। धनियामऊ में बाईपास पर सड़क के मध्य बने डिवाइडर से तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई। बाइक चला रहे संजय वनवासी व पीछे बैठे राज कुमार वनवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों की सूचना पर पुलिस ने एंबुलेंस से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर भेजा। डाक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए संजय वनवासी को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया। वहां उपचार के दौरान संजय ने दम तोड़ दिया।

मौत की खबर लगते ही संजय वनवासी के घर में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते स्वजन जिला अस्पताल आ गए। शव कब्जे में लेकर पुलिस ने अग्रिम आवश्यक कार्रवाई की।

हादसा

घायल साथी का सीएचसी बदलापुर में चल रहा उपचार

वाराणसी-लखनऊ हाइवे पर धनियामऊ में हुआ हादसा

श्रीमद् भागवत कथा हमारे जीवन में परिवर्तन करने का एक साधनः आचार्य मनोहर

कमालपुर। रामलीला मैदान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा दिनांक 2 अप्रैल से लेकर के 8 अप्रैल तक कथा समय सायं 5 से रात्रि 10 बजे तक वृंदावन से पधारे कथा व्यास आचार्य मनोहर कृष्ण महाराज के द्वारा श्रीमद्भागवत महात्म्य कथा का वर्णन किया एवं ज्ञान वैराग्य एवं भक्ति महारानी के दुख श्रीमद् भागवत कथा श्रवण मात्र से दूर हुआ धुंधकारी जैसे भयंकर प्रेत योनि को प्राप्त करने के पश्चात श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने से ही दिव्य योनि को प्राप्त किए श्रीमद् भागवत कथा की महिमा का विस्तार से वर्णन किया गया। राजा परीक्षित को 7 दिन के अंदर श्रृंगी ऋषि द्वारा तक्षक सर्प डसने का श्राप मिला श्री सुखदेव जी महाराज राजा परीक्षित को श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा शुक्रताल वटवृक्ष के नीचे श्रवण कराना प्रारंभ किया। कथा में प्रमुख रूप से रामलीला समिति अध्यक्ष हरिवंश उपाध्याय, संजीवन मिश्रा, रविन्द्र नाथ दुबे, बसंत मिश्रा, संजय मिश्रा, गणेश अग्रहरि,भैरो कुशवाहा, संतोष गोंड़, प्रधान सुदामा आदि शामिल रहे।

शुभमन गिल और रुतुराज गायकवाड़ की बल्लेबाजी से पूर्व खिलाड़ी हुए प्रभावित

मुंबई। गत चैंपियन गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपर किंग्स पर पांच विकेट से जीत दर्ज कर आईपीएल 2023 में अपने अभियान की शानदार शुरूआत की। चेन्नई के लिए रुतुराज गायकवाड़ ने पहली पारी में सनसनीखेज बल्लेबाजी कर 92 रन (50 गेंदों पर 4 चौके और 9 छक्के) बनाकर चेन्नई को 178 का स्कोर बनाने में मदद की। इसके बाद गुजरात टाइटंस ने खिलाड़ी शुभमन गिल के 63 रन के नेतृत्व में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खचाखच भरी भीड़ के सामने आराम से कुल स्कोर का पीछा किया। गुजरात के राशिद खान अपने हरफनमौला प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने मोइन अली और बेन स्टोक्स के अहम विकेट चटकाए और सिर्फ तीन गेंदों पर 10 रन भी बनाए। सीएसके के बल्लेबाज गायकवाड़ ने बल्ले से तूफानी प्रदर्शन किया था। उन्होंने तीन बार टाइटंस के खिलाफ खेला है, और 3 पारियों में 218 रन बनाए हैं, जिसमें हर खेल में एक अर्धशतक भी शामिल है।

पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने गायकवाड़ के बल्लेबाजी प्रदर्शन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ऐसा लग रहा था कि गायकवाड़ अन्य बल्लेबाजों की तुलना में एक अलग विकेट पर बल्लेबाजी कर रहे थे। उन्होंने जिस दृष्टिकोण का इस्तेमाल किया वह बेहद सराहनीय है। अनिल कुंबले को गायकवाड़ को बल्लेबाजी करते हुए 9 छक्के लगाते देखना अच्छा लगा। उन्होंने कहा, हम उन्हें छक्के मारने से नहीं जोड़ते हैं, लेकिन एक पारी में 9 छक्के मारना वास्तव में आश्चर्यजनक है। साफ, यह वास्तव में साफ लग रहा था। ऐसा नहीं था कि वह आकार से बाहर जा रहे थे और इस पेश करने की कोशिश कर रहा है, बस शुद्ध समय।

पटेल ने भी गुजरात की जीत की सराहना कर कहा कि गिल एक बड़े स्कोरिंग सीजन के साथ अंत कर सकते हैं। उन्होंने कहा, जिस तरह से गुजरात टाइटन्स ने पीछा करना शुरू किया। हमने देखा कि रिद्धिमान साहा को पहले छह ओवरों को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करने का लाइसेंस मिल गया था, जितना वह कर सकते थे। इस विकेट पर, लक्ष्य बराबर से नीचे था इसलिए एक मजबूत शुरूआत जरूरी है। मुझे लगता है कि गुजरात टाइटन्स ने इस हासिल कर लिया और गति बनाए रखी। गिल ने वहीं किया जो हम जानते हैं कि गिल कर सकते हैं और अपने अंतरराष्ट्रीय फॉर्म को आईपीएल में आगे बढ़ाया। हमें शुभमन गिल से 600 रन का सीजन देखने को मिल सकता है।

लाखों के गहने व नकदी समेट ले गए चोर

खुटहन। पिलकिछा गांव के डबरा मजरे में शनिवार की शाम चोरों ने घर के पीछे से छत पर पहुंच भीतर कमरे में सो रहे स्वजनों के दरवाजे में बाहर से कुंडी लगाकर एक आलमारी और बक्सा खेत में उठा ले गए। इसकी भनक भी किसी को नहीं लग सकी। आरोप है कि उसमें रखा लगभग ढाई लाख के गहने और दस हजार नकदी चोर उठा ले गए। मौके पर पहुंची पुलिस आवश्यक छानबीन कर वापस लौट गई। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है।

गांव निवासी राकेश शर्मा अपने तीन भाइयों संग एक ही मकान में रहते हैं। परिवार बड़ा होने के चलते उनके मकान में दर्जन भर कमरे हैं। शनिवार की शाम रोज की तरह खाना खाकर सब अपने-अपने कमरों में सो गए। आधी रात को छत से उतर आंगन में पहुंचे चोर सबसे पहले जिन कमरों में लोग सोये हुए थे उसकी कुंडी बाहर से बंद कर दी। उसके बाद घर का मुख्य दरवाजा खोल दूसरे कमरे में रखा लोहे

दहशत

घर से लगभग दो सौ मीटर दूर खेत में टूटी मिली आलमारी और बाक्स

का बाक्स और अलमारी उठा ले गए। सुबह जब स्वजन जागे तो बाहर से कुंडी बंद मिली। किसी तरह से लोग बाहर निकले तो अलग कमरे में रखा बाक्स और अलमारी नदारत मिली। शोर मचाने पर आसपास के लोग भी पहुंच गए। तलाश की गई तो घर से लगभग दो सौ मीटर दूर खेत में आलमारी और बाक्स टूटा हुआ मिला। पीड़ित गृहस्वामी का आरोप है कि उसमें रखा सोने का हार, चेन, दो अंगूठी, करधन, ग्यारह चांदी के सिक्कों के अलावा दस हजार नकदी रखा हुआ था जिसे चोर उठा ले गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने टूटे पड़े आलमारी और बाक्स के पास से एक प्लास और पेचकस बरामद किया है।

गांजे के साथ आरोपी युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

शाहगंज। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत मालगोदाम के समीप से मुखबिर की सूचना पर गांजे के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए मुकदमा दर्ज कर चालान न्यायालय भेज दिया।

क्षेत्र के ठकठौलिया गांव निवासी शनि जायसवाल पुत्र ओमप्रकाश जायसवाल को रविवार की सुबह कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय के निर्देश पर एसआई वरुणेन्द्र राय ने हमराहियों के साथ राजकीय चिकित्सालय के समीप मालगोदाम गेट के समीप से गिरफ्तार किया। आरोपित के पास से एक किलो से अधिक गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान भेज दिया गया। वहीं पकड़े गए युवक के ऊपर दर्जन भर आपराधिक मामलों में मुकदमा दर्ज है।

समाज को सही दिशा देने में शिक्षकों की भूमिका अहम : सीमा द्विवेदी

समारोह

सिटी पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मचाया धमाल

पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंशु भी पहुंचे

वार्षिकोत्सव समारोह में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं

मुंगराबादशाहपुर। नगर के कटरा स्थित सिटी पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक व देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा व विद्यालय के डायरेक्टर आलोक गुप्ता ने संयुक्त रूप से सरस्वती पूजन, दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा ही सामाजिक परिवर्तन का एकमात्र तंत्र है। समाज को सही दिशा देने में शिक्षकों की भूमिका काफी अहम होती है। शिक्षक समाज को बदलने की ताकत रखता है। उन्होंने बेटियों की शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि बेटियां दोकुल को रोशन करती हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा ने कहा कि महापुरुषों के आदर्श, गुणों, शिक्षा, सिद्धांतों को जीवन में उतारने की जरूरत है। महापुरुषों के जीवन से हमें जीवन जीने की कला कला सिखाती है। उनके विचारों से प्रत्येक समस्या का समाधान मिलता है। एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंशु ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। वेदिका गुप्ता, निष्ठा, दीक्षा, कृतिका, करिश्मा, महक, आयुषी, कशिश, आयुष, ओम, वैभव, शगुन, दिव्यांशी, आर्य, शिवम, मयंक, शुभम व अभिषेक ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, कव्वाली, फनी डांस, कराटे, मिशन मंगल, होली सॉग, गणेश वंदना, रक्त चरित्र, बम बम भोले, हिंदू मुस्लिम, आर्मी शेरशाह, दुर्गा स्तुति, कवि सम्मेलन, लेजी डांस, लुंगी डांस, सोलो सांग, चंदा चमके, फनी गर्ल्स डांस आदि की बेहतरीन प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों को मन्त्र मुग्ध कर दिया। पवन कुमार, नेहा सिंह, अभिषेक तिवारी, कमलेश मिश्रा व रंजीत गुप्ता ने कोरियोग्राफर की भूमिका निभाई। प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता पिंटू व सह डायरेक्टर पूजा गुप्ता ने मुख्य अतिथि सांसद सीमा द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा, एमएलसी बृजेश सिंह, हौंसला प्रसाद पाठक, प्रभात व अर्चना शुक्ला आदि को अंगवस्त्रम, वास्तविक चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य रमेश मिश्रा ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापित किया। संचालन सोनाक्षी सिंह, आकांक्षा एवं अभिषेक तिवारी, वेदिका गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष हौंसला प्रसाद पाठक, थाना प्रभारी विवेक तिवारी, थाना प्रभारी शाहगंज सदानंद राय, थाना प्रभारी बृजेश गुप्ता, पूर्व चेयरमैन शिव गोविंद साहू, विनय सिंह पिंटू, संतोष मिश्रा, राजकुमार गुप्ता, शिशिर गुप्ता, राजेश गुप्ता, उमाशंकर गुप्ता, राजकुमार, शैलेंद्र साहू, जगदंबा जायसवाल, संतोष गुप्ता, रंजीत गुप्ता, किरण मौर्या, नेहा त्रिपाठी, सीमा गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

भूमि विवाद में वृद्ध महिला को लाठियों से पीटकर किया घायल

गौराबादशाहपुर। थाना क्षेत्र के सलोनी महिमापुर गांव में भूमि विवाद को लेकर एक पक्ष ने एक वृद्ध महिला को लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को उपचार हेतु अस्पताल भेजवाया।

उक्त थाना क्षेत्र के सलोनी महिमापुर गांव की प्रमिला देवी पत्नी साहब लाल में व मनोज कुमार में पुराना भूमि विवाद चल रहा था। आरोप है कि रविवार की सुबह लगभग 11 बजे मनोज कुमार उसी विवादित जमीन पर ईंट गिरवाने लगा जिस पर प्रमिला देवी मौके पर पहुंचकर रोकने लगी। इसी बात को लेकर मनोज कुमार व उनके परिवार के अन्य सदस्य प्रमिला देवी को लाठी डंडे से मार पीट दिए। जिससे प्रमिला देवी 60 घायल हो गई। उन्होंने डायल 112 पर कॉल कर के सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल वृद्ध महिला को 108 एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजवाया।

प्रशासन के खिलाफ धरने पर बैठे भाजपा पदाधिकारी

जनसंदेश न्यूज

मछलीशहर। नगर को तालाब विहीन होने से बचाने व भू-माफियाओं के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज नगर में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस मौके पर भाजपाइयों ने जमकर उपजिलाधिकारी की मिली भगत होने का आरोप लगाते हुए उनके

विरोध

सांसद के आश्वासन पर समाप्त हुआ धरना प्रदर्शन

खिलाफ जमकर नारे लगाए।

धरने पर बैठे पदाधिकारियों को समझाते सांसद बीपी सरोज

नगर के कायस्थाना मोहल्ले में धरना प्रदर्शन पर बैठे भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल, महामंत्री संतोष जायसवाल, हरिओम गुप्ता, नगर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष शिरीष कुमार गुप्ता ने बताया कि नगर के कई तालाबों पर भू-माफियाओं की नजर है। नगर के बरईपार चौराहे पर स्थित हनुमान मंदिर के समीप तालाब पर टीन शेड डालकर अवैध कब्जा कर लिया गया है। प्रशासन ने 9 महीने पहले ही उक्त अवैध कब्जे को हटवाने के लिए मौके पर कानूनी नोटिस चस्पा की थी लेकिन बावजूद इसके प्रशासन अपनी ही नोटिस पर कार्यवाही नहीं कर रहा है और अवैध कब्जा सालों से बरकरार है। इसी प्रकार कायस्थाना मोहल्ले में सरकारी कागजों में बतौर तालाब दर्ज जमीन पर मिट्टी डालकर पाटा जा रहा है। जबकि 50 साल से वह जलमग्न भूमि है और आधे नगर का पानी उसी में जाता है। मिट्टी पाटने और बाद में उस पर प्लॉटिंग करने से अगल-बगल के कई मोहल्ले बरसात में डूब जाएंगे इन लोगों का कहना है कि प्रशासन की शह पर सभी तालाबों पर अवैध कब्जे किए जा रहे हैं। मीरपुर चौराहे पर स्थित तालाब को भी बीते 3 दिनों से दर्जनों जेसीबी लगाकर पटवाया जा रहा है।

भाजपा पदाधिकारियों ने आरोप लगाया एसडीएम की मिलीभगत से नगर के तालाब पाटे जा रहे हैं। जिलाधिकारी को भी प्रार्थना पत्र देने पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है जिसके कारण मजबूरी में हम लोगों को प्रशासन के खिलाफ धरने पर बैठना पड़ा है। काफी देर बाद क्षेत्रीय सांसद बीपी सरोज ने मौके पर पहुंचकर उप जिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया और क्षेत्राधिकारी अतर सिंह की उपस्थिति में आश्वासन दिया कि परसों मौके पर पैमाइश की जाएगी उसी के बाद निर्णय प्रशासन लेगा। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन के चलते काफी देर तक नगर के एक रास्ते को बाधित कर रखा था।

भाजपा के दूसरे गुट ने किया विरोध

मछलीशहर। भारतीय जनता पार्टी के धरना प्रदर्शन को असफल करने और धरना प्रदर्शन के कारण जाम हुए रास्ते को खुलवाने के लिए भाजपा का ही दूसरा गुट स्थानीय पूर्व सभासद राजकुमार पटवा और भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष रवि पटवा के नेतृत्व में पहुंचकर भाजपा के नगर मंडल इकाई द्वारा आयोजित किए जा रहे धरना प्रदर्शन को गलत बताते हुए विरोध किया और वह लोग भी वहीं मौके पर जमीन पर धरने पर बैठ गए। यह वही पक्ष था जिसके ऊपर मिट्टी पर पाटने का आरोप लगाया गया है। इस पक्ष का कहना था कि जो मिट्टी पाटी जा रही है वह तालाब में न पाटकर भूमिधरी जमीन पर पाटी जा रही है। दोनों गुटों ने एक दूसरे के ऊपर जमकर आरोप-प्रत्यारोप लगाए। पूरे घटनाक्रम के दौरान भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा।

संक्षेप

जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते विधायक प्रतिनिधि

संचारी रोग नियंत्रण जागरूकता रैली निकाली गयी

बदलापुर। स्थानीय नगर पंचायत द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जागरूकता रैली को ईओ अनिल कुमार सिंह तथा क्षेत्रीय भाजपा विधायक प्रतिनिधि गंगा प्रसाद सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बताते चलें कि नगर को स्वच्छ और सुंदर तथा रोग मुक्त बनाने के लिए यह जागरूकता रैली निकाली गई। फिलहाल इस सम्बन्ध में नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी ने बताया कि यह संचारी अभियान 1 अप्रैल से लेकर 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा जिसमें नगर के 15 वार्डो में स्वच्छ और सुंदर तथा रोग मुक्त बनाने के लिए प्रतिदिन रोस्टर बनाकर सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने नगर वासियों से अपील किया कि लोग अपने घर के आस-पास कूड़ा कचरा तथा पानी एकत्रित न होने दें और साफ सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए नगर को स्वच्छ तथा सुंदर बनाने में सहयोग करने की अपील की।

पुलिस ने दो वारंटियों को दबोचा, भेजा जेल

गौराबादशाहपुर। पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक ने वारंटी निर्मल कुमार पुत्र पंचम, रामा पुत्र पंचम निवासीगण बकथरी थाना गौराबादशाहपुर को रविवार को तड़के भोर में उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उक्त दोनों वारंटी अपने मुकदमे में काफी दिनों से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे। न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराते हुए उक्त दोनों वारंटियों को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

दो वारंटियों का पुलिस ने भेजा चालान

शाहगंज। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत नटौली गांव में न्यायालय से वांछित चल रहे दो वारंटियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान भेजा गया। क्षेत्र के नटौली गांव निवासी रविंद्र पुत्र राजाराम व अर्जुन पुत्र राम प्रसाद न्यायालय में चल रहे मारपीट के मुकदमे में वांछित चल रहे थे। शनिवार की रात एसआई वरूणेन्द्र राय, कांस्टेबल अभिषेक यादव, अखिलेश कन्नौजिया व अभिषेक कुमार के साथ मुखबिर की सूचना पर घर से दबिश देकर गिरफ्तार कर चालान भेज दिया।

ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से गेहूं की फसल जलकर राख

मछलीशहर। स्थानीय तहसील क्षेत्र के जमालपुर गांव के रमेश मिश्रा के खेत में लगे ट्रासफार्मर से निकली चिंगारी से आग लग गई। आग से लगभग पांच बिस्सा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। मुखिया रमेश मिश्रा के छोटे भाई दिनेश मिश्रा ने बताया कि ट्रांसफार्मर से अचानक चिंगारी गिरी जब तक कुछ समझ पाते आग देखते ही देखते खेत में फैल गई। शोर मचाने पर ग्रामीणों ने दौड़कर आग बुझाया तब तक गेहूं की फसल जल गई थी।

सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी किशोर गिरफ्तार

चंदवक। स्थानीय पुलिस ने एक गांव निवासी किशोरी संग हुए सामुहिक दुष्कर्म के आरोपी किशोर को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई कर रही है। निरीक्षक अपराध नागेंद्र प्रसाद सिंह हमराहियों संग गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म के आरोपित गोबरा गांव निवासी प्रत्युष मिश्रा पुत्र राकेश को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई कर रही है।

जमीन विवाद में चले लाठी-डंडे, दो घायल

गौराबादशाहपुर। थाना क्षेत्र के कुछमुछ गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस मारपीट में दोनों पक्षों से दो लोग घायल हो गए। थाना क्षेत्र के कुछमुछ गांव के रमेश कुमार व लक्ष्मण में पुराना जमीनी विवाद चला आ रहा है। आरोप है कि रविवार को दोपहर बाद इसी विवादित जमीन पर एक पक्ष द्वारा मिट्टी डलवाया जा रहा था जिसको दूसरे पक्ष के लोग रोकने लगे। इसी में दोनों पक्षों में गाली गलौज होते-होते लाठी डंडे चलने लगे। इस मारपीट में दोनों पक्षों से दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत कराया।

शहीद व उनके परिवारों का सम्मान भाजपा ने किया : रमेशचंद्र

नौपेड़वा। शहीद व उनके परिवारों का सम्मान सिर्फ भाजपा ने किया है। कुछ दल के लोग सिर्फ शहीदों के नाम पर राजनीति करते रहे है। उक्त बातें बदलापुर विधायक रमेशचंद्र मिश्र ने विधानसभा धनियांमऊ भोला मन्दिर के समीप राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर हिन्दू हृदय सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्मृति द्वार के

शिलान्यास

सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्मृति द्वार का हुआ पूजन व शिलान्यास

भूमि पूजन व शिलान्यास के दौरान रविवार को कही।

स्मृति द्वार का भूमि पूजन करते विधायक रमेशचंद्र

पुरोहित स्वामीनाथ मिश्र द्वारा मंत्रोच्चार पश्चात विधायक ने कहा कि सरकारें आई व चली गईं परन्तु विधानसभा के धनियांमऊ शहीद व अगरौरा गांव में बने शहीद स्तम्भ का कायाकल्प भाजपा सरकार में ही सम्भव हो सका। विधायक रमेश ने भूमि पूजन पश्चात कहा कि आज पहले प्रवेश द्वार का शिलान्यास पृथ्वीराज चौहान द्वार के नाम से हुआ। उन्होंने कहा कि विधानसभा के दूसरा प्रवेशद्वार मुंगराबादशाहपुर सरहद के सई नदी बार्डर पर निषादराज के नाम से बनाया जाएगा। विधायक ने कहाकि तीसरा प्रवेश द्वार सिंगरामऊ के हरिहरपुर गांव के पास पण्डित अटल बिहारी बाजपेयी तथा चौथा शाहगंज बार्डर के रामनगर बाजार में महाराणा प्रताप के नाम से भव्य प्रवेश द्वार का कार्य जन्द ही शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के नाम से दो पार्क पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के नज्म से जिसमें अशोक स्तम्भ का भी निर्माण कराया जाएगा। दूसरा पार्क अंबेडकर पार्क बदलापुर से घनश्यामपुर रोड पर किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष बलबीर गौड़ एवं संचालन जिला पंचायत सदस्य आशीष सिंह आंशू ने किया। इस दौरान बाबा बुद्धेश्वर महराज, अगरौरा प्रधान अमित उर्फ बबलू चौहान, अजय सिंह विसेन, दीपक सिंह चौहान, अजय चौहान, चंचल सिंह, कुंदन सिंह, राहुल सिंह, राजेन्द्र गौतम, अमरजीत मिश्र, सोनू, विनोद शर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

टेम्पो पलटने से मां-बेटी घायल

शाहगंज। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत इमरानगंज बाजार में सवारी से भरी एक टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

घायलों की हालत गंभीर जिला चिकित्सालय रेफर

क्षेत्र के मजडीहा गांव निवासी 45 वर्षीय मोहसिना पत्नी अब्दुल ओहाब अपनी 19 वर्षीया पुत्री फातिमा के साथ रविवार की दोपहर में टेम्पो से बाजार करने हेतु शाहगंज जा रही थी कि इमरानगंज बाजार स्थित फरीदुल हक डिग्री कालेज के सामने तेज रफ्तार टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें दोनों मां बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को आनन फानन में इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उक्त घायलों की हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

कांग्रेस कार्यकर्ता किसी दबाव में नहीं झुकेंगे : देवव्रत मिश्रा

जौनपुर। अपनी यात्रा के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी देवव्रत मिश्रा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए पत्रकारों के जरिए उन्होंने भाजपा सरकार से पूछा कि जेड प्लस सुरक्षा के तहत यदि लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी नेताओं के आवास खाली नहीं कराए जाते हैं तब राहुल गांधी का आवास क्यों खाली कराया जा रहा है। जबकि उनको भी जेड प्लस सुरक्षा दी गई है। उन्होंने कहाकि राहुल गांधी की दादी तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री रहते हुए तथा उनके पिता स्वर्गीय राजीव गांधी भूतपूर्व प्रधानमंत्री रहते हुए आतंकवादी हमलों में शहीद हुए। इस लिहाज से उन पर हमेशा सुरक्षा के दृष्टिकोण से खतरा बना रहता है। भाजपा सरकार राजनीति के मर्यादा से परे काम कर रही है। क्या भारत की जनता के हित में किसी भ्रष्ट उद्योगपति पर सवाल उठाना देश विरोधी है। राहुल गांधी देश की जनता के सामने भ्रष्ट सरकार की सच्चाई ला रहे हैं जिससे केंद्र की मोदी सरकार डरी हुई है तथा भारत के संविधान में इस देश के हर नागरिक को अपनी बात रखने का अधिकार दिया है जिसका यह सरकार हनन कर रही है। उन्होंने कहाकि राहुल गांधी और हमारे जैसे करोड़ों काग्रेस कार्यकर्ता किसी दबाव में नहीं झुकेंगे और अगर सरकार अपनी जिद पर अड़ी रही तो एक बड़ा जन आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष फैसल हसन तबरेज, शहर अध्यक्ष विशाल सिंह हुकुम, पूर्व शहर अध्यक्ष नियाज ताहिर शेखू, देवानंद मिश्रा, लव गुप्ता, शशांक राय अंकित, संदीप सोनकर, इकबाल आदि मौजूद रहे।

प्रथम पुरस्कार विटारा ब्रेजा डॉक्टर विनोद व वैगनार वंदना सिंह को

लकी ड्रा

गहना कोठी के वार्षिक लकी ड्रा का हुआ आयोजन

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। 77 वर्षों से जनपदवासियों की आवश्यकताओं को पूर्ण कर रहे कोतवाली चौराहा हनुमान मन्दिर के सामने एवं सद्भावना पुल रोड नखास स्थित पूर्वांचल का सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठान गहना कोठी भगेलू राम रामजी सेठ द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ उपस्थित हजारों ग्राहकों एवं गणमान्य व्यक्तियों के बीच भव्य मेगा लकी ड्रा के रूप में वार्षिकोत्सव का आयोजन रविवार को राजमहल (राजा हवेली) में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दिनेश टण्डन एवं फर्म के अधिष्ठाता विवेक सेठ 'मोनू', विनित सेठ, विशाल सेठ व विपिन सेठ ने दीप प्रज्वलित कर किया।

गहना कोठी के लकी ड्रा का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ करते पूर्व नपा चेयरमैन दिनेश टण्डन

लकी ड्रा में विजेता ग्राहक को चाबी सौंपते विनीत सेठ व अन्य

इस दौरान दिनेश टंडन ने कहाकि गहना कोठी प्रतिष्ठान ग्राहकों के प्रति वर्षों से विश्वसनीयता का प्रतीक है, जिसके कारण निरंतर प्रगति एवं विकास की ओर अग्रसर है। इनकी विश्वसनीयता ही है कि दूर-दराज एवं अन्य जनपदों से लोग खरीददारी करने आते हैं। इस प्रतिष्ठान की विशेष खासियत यह है कि ग्राहकों की जरूरतों का ख्याल रखते हुए नए डिजाइनों में आभूषणों का खास मेल रहता है जो कि ग्राहकों के आकर्षण का केन्द्र बना रहता है। इस शोरूम में मध्यम वर्गीय परिवार की जेब का ख्याल रखते हुए आभूषणों का विशेष रेंज उपलब्ध रहता है। फर्म के अधिष्ठाता विवेक सेठ मोनू ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमने अपने फर्म की शुरूआत कोतवाली चौराहा के पुराने शोरूम से किया था। हम चारों भाई अपनी मेहनत और अपने तमाम कर्मचारियों के सहयोग व आप सभी ग्राहकों के विश्वास पर यहाँ तक पहुँच सके हैं। गहना कोठी की सफलता के पीछे हमारे साथ कार्य करने वाले हमारे पूरे स्टाफ की मेहनत और काबलियत साथ रही जिस कारण 'गहना कोठी' गहना कोठी परिवार बन गया। हमारे फर्म का एक-एक कर्मी हमारे परिवार का महत्वपूर्ण सदस्य है। लकी ड्रा स्कीम विगत 1 अप्रैल को समाप्त हुआ जिसके उपरान्त अगली स्कीम 3 अप्रैल से प्रारम्भ होने जा रही है। उन्होने बताया कि इस बार की स्कीम को चेंज किया गया है। अब प्रत्येक 10 हजार की खरीद पर एक कूपन दिया जायेगा जिसमें प्रथम पुरस्कार स्कार्पियो एन, द्वितीय पुरस्कार रॉयल इन्फिल्ड, तृतीय पुरस्कार 2 बाईक, चतुर्थ पुरस्कार दो स्कूटी, पाँचवा पुरस्कार पाँच वाशिंग मशीन, छठवाँ पुरस्कार 50 मिक्सर तथा सातवाँ पुरस्कार 50 इन्डक्शन चूल्हा रखा गया है। अधिष्ठाता विनित सेठ ने बताया कि अब तक ग्राहकों को प्रत्येक पांच हजार रूपए के आभूषण खरीदने पर फर्म द्वारा कूपन दिया जाता था, जिसका ड्रा आज संपन्न हुआ। उन्होने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में सोने के हालमार्क ज्वेलरी, रत्न व उपरत्न का विशाल संग्रह है। काफी लंबे समय से ग्राहकों का प्रतिष्ठान के प्रति विश्वास ही गहना कोठी परिवार की पूजी है। हमारा प्रत्येक ग्राहक हमारे लिये महत्वपूर्ण है इसीलिये हम उनकी जरूरतों का खास ख्याल रखते हैं। विशाल सेठ ने बताया कि गहना कोठी परिवार व्यापार के साथ ही ग्राहकों से अनमोल रिश्ता बनाने पर विश्वास रखता है जिस कारण गहना कोठी पूर्वांचल का सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठान बना है। हमें पूर्ण विश्वास है कि हमारी पारदर्शिता और आपका विश्वास हमें एक दिन देश का सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठान बनायेगा।

लकी ड्रा के विजेताओं में प्रथम पुरस्कार मारूती विटारा ब्रेजा कार डॉक्टर विनोद कुमार सिंह, द्वितीय पुरस्कार मारूती वैगनार केराकत निवासी वंदना सिंह को प्रदान किया गया। साथ ही तृतीय पुरस्कार रॉयल इन्फिल्ड बुलेट मीरपुर निवासी मदन लाल यादव, चतुर्थ पुरस्कार दो बाइक आजमगढ़ निवासी करण जायसवाल तथा सिटी स्टेशन निवासी शिव शंकर पाठक, पाँचवे पुरस्कार के रूप में दो स्कूटी लाल बाजार निवासी मनोज कुमार तथा फतेहगंज निवासी दीक्षा को प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त छठवें पुरस्कार के रूप में 5 ग्राहकों को वॉशिंग मशीन प्रदान की गयी। इसी क्रम में तथा सातवां पुरस्कार 50 मिक्सर ग्राइंडर व आठवाँ पुरस्कार 50 इण्डक्शन चूल्हा लकी ड्रा विजेताओं को वितरीत किया गया। पुरस्कार पाकर सभी विजेताओं का चेहरा खुशी से खिल उठा। फर्म के अधिष्ठाता विपिन सेठ व हर्षित सेठ ने आये आये हुए अतिथियों व पत्रकारों के प्रति आभार प्रकट किया तथा कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों का स्वागत आयुष सेठ, हार्दिक सेठ, उज्जवल सेठ, वेदांश सेठ एवं ओम सेठ ने किया। इस अवसर पर अंशू सेठ, हेमन्त सेठ, हरि सेठ, बालमुकुन्द सेठ, नीरज शाह, अजीत सेठ, सोमेश्वर केसरवानी, धीरेन्द्र अस्थाना, कुशाल जायसवाल, सन्तोष मौर्या, हरिहरनाथ शुक्ला, श्वेता शुक्ला, रंजना विश्वकर्मा, सोनम विश्वकर्मा, अवतिंका कुशवाहा, पूजा मौर्या, रोहित जायसवाल सहित तमाम कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सलमान शेख ने किया।

पुण्यतिथि पर नि:शुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

नेक कार्य

350 लोगों को वितरित की गयी दवायें, चेचकरोधी दवाओं का भी हुआ वितरण

जनसंदेश न्यूज

शिविर में पूर्व चेयरमैन प्रमोद बरनवाल का स्वागत करते आयोजक

जफराबाद। समाजसेवी स्व. ठा. भानु प्रताप सिंह की 13वीं पुण्यतिथि पर ऊषा-भानु फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन बाजार के नासही मोहल्ले में हुआ। आयोजन की शुरूआत मुख्य अतिथि निवर्तमान चेयरमैन प्रमोद बरनवाल ने होमियोपैथिक के जनक सैमुअल हैनिमैन चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात संस्था के सचिव/प्रबंधक डा. सत्येन्द्र सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया तथा संस्था द्वारा विगत में किए गए सामाजिक कार्यों को बताया।

मुख्य अतिथि प्रमोद बरनवाल ने कहा कि ऊषा-भानु फाउंडेशन द्वारा समाज हित में किए गए कार्य सराहनीय है। डा. सत्येन्द्र सिंह द्वारा मानवता की सेवा में जगह-जगह होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर लगाकर रोगियों को लाभ पहुंचाया जाना बहुत ही सुन्दर कार्य है। यह दवा हानि रहित, सस्ती एवं सर्वसुलभ है। कैम्प में 350 से ज्यादा लोगों को दवाएं वितरित की गई और साथ- साथ चेचक रोधी दवाओं का भी वितरण किया गया। शिविर के सफल आयोजन में मुख्य रूप से डा. प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, डा. बीडी पाण्डेय, डा. एसए रिजवी, डा. शिव कुमार सेठ, राजेन्द्र प्रसाद यादव, बीडी शर्मा, संजय कुमार, अनिल सोनकर, महेंद्र विश्वकर्मा, संदीप सेठ, जुम्मन शेख, नेहाल कुरैशी, आमिर खान, तारिक अली, प्रेमचन्द्र, शमशाद खान आदि रहे। अन्त में डा. सत्येन्द्र सिंह ने आए हुए सभी लोगों एवं सहयोग करने वालों का आभार जताया। भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम करने का आश्वासन दिया।

दस लीटर देशी शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में उ.नि. मंजीत कुमार मय हमराही द्वारा 10 लीटर देशी नाजायज शराब के साथ अभियुक्त मनीष कुमार पुत्र शम्भुनाथ उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम हरीपुर थाना सुजानगंज को रामनगर तिराहा से शनिवार को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 64/2023 धारा 60 आबकारी अधि. बनाम मनीष कुमार उपरोक्त के पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नारी शक्तियों का हुआ सम्मान

जौनपुर। नगर के एक होटल में फ्रेंड ग्रुप ट्रस्ट एवं जारा एवं नारी सशक्तिकरण गोष्टी एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ जिसमें हाल ही में मिस और मिसेज यूपी क्वीन का खिताब जीतने वाली खुशबू प्रजापति और सोनल श्रीवास्तव का सम्मान गौराबादशाहपुर के समाजसेवी धर्मेंद्र जायसवाल के सौजन्य से हुआ। उनके अलावा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों का सम्मान हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में नगर मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह ने कहाकि समाज में जितना योगदान पुरुष का है उतना ही योगदान महिलाओं का भी है। आज हर क्षेत्र में महिला बड़ी जिम्मेदारी से कार्य कर रही है जिसके लिए वह सम्मान की हकदार है। विशिष्ट अतिथि विवेक सेठ मोनू, ईशान मिश्रा अमरावती ग्रुप रहे।

कार्यक्रम में राहुल चंद्र द्वारा गीतों की प्रस्तुति की गई। सम्मान की श्रेणी में सरला महेश्वरी, पूनम जायसवाल, खुशबू जायसवाल, अर्चना सिंह, तस्नीम फातमा, शिवानी चौरसिया, उर्वशी सिंह, डॉ. राजेश चंद्रा, आकांक्षा द्विवेदी, प्रदीप सिंह रिंकू, विवेक सिंह के अलावा अन्य लोगों को भी सम्मानित किया गया।

आभार आयोजक मिनाज शेख ने किया। संचालन सलमान शेख ने किया। इस अवसर पर रमेश बरनवाल, डॉ. मनोज वत्स, संदीप पांडे, दिलीप सिंह, पप्पू माली, रागिनी मौर्य, अनिल यादव संतोष दुबे आदि लोग उपस्थित रहे।

आठ दिवसीय श्रीराम कथा का हुआ आयोजन

जनसंदेश न्यूज

श्रीराम कथा सुनाते पंडित प्रकाशचंद्र पांडेय

पराऊगंज। हृदय में अगर भगवान का स्थान हो जाये तो हार्ट अटैक जीवन भर नहीं हो सकता है। उक्त बातें पराऊगंज बाजार स्थित मानस सेवा समिति द्वारा आयोजित आठ दिवसीय श्रीराम कथा के प्रथम दिवस शनिवार को मानस मर्मज्ञ पंडित प्रकाशचंद्र पांडेय विद्यार्थी ने कही।

उन्होंने कीर्तन एवं सुमिरन तथा सुन्दर को रेखांकित करते हुए कहा कि भगवान का रूप जलाशय की तरह है। मनुष्य को अपनी आंखे मछली की तरह रखना चाहिए ताकि भगवान के जलाशय में मछली की तरह निवास कर सके। सुंदरकांड की उपायदेयता का बोध कराते हुए बताया कि नारी सशक्तिकरण भारतीय संस्कृति में सदियों से चली आ रही है जिस के नाते प्राण से भी ज्यादा प्यारा होने पर भी माता कैकेयी ने राम को वन भेजा तथा बाली एवं लंकापति रावण ने नारी का हरण करने पर श्रीराम ने मर्यादा का पालन करते हुए उनका बध किया। ब्रिटिश गवर्नमेंट के दांत खट्टे कर तलवार की नोक को चुराते हुए झांसी की रानी शौर्य गति को प्राप्त हुई। ऐसी होती हैं हमारी भारतीय नारी। कथा के आयोजक राधेश्याम गुप्ता ने मंचस्थ व्यास पीठ का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। उक्त अवसर पर पंडित श्रीभूषण मिश्र, पंडित राम सुमेर मिश्र, भैयालाल शुक्ल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख वंश गोपाल सिंह, हरीनाथ तिवारी, नितिन सिंह, भाजपा नेता कृष्ण प्रताप दुबे, सुभाष सिंह, पवन कुमार चौबे, सतीश गुप्ता समेत सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुजनों ने कथा का रसपान किया। आरती वंदन सभी श्रद्धालु जनों ने किया।

दलित बस्ती की सड़क खराब, कूड़े का अंबार

सुरियावां। नगर पंचायत सुरियावां आदर्श नगर होते हुए भी दलित बस्ती में रास्ता नहीं बनवा सकी और न तो इंटरलॉकिंग करा सकी। दलित बस्ती का रास्ता बिल्कुल खराब है, पत्थर, चौका भी उखड़ गए हैं। अभी तक ध्यान नही दिया गया। इससे लोगों में तीव्र रोष है और दूसरी बात यह है कि रिहायसी बस्ती के बीच में कूड़े का ढेर इकट्ठा हो रहा है जिससे गंदगी और दुर्गंध से लोगों का जीना हराम हो गया है। मच्छरों के प्रकोप से लोग बीमार पड़ रहे हैं। ऐसी स्थिति में नगर पंचायत का ध्यान कई बार आकृष्ट कराया गया लेकिन यह सड़क आज तक नहीं बनी न तो कूड़ा ही हटाया गया। कृष्णा गौड, विवेक सरोज, संजय सरोज, कृष्णा सरोज, रोहित मौर्य, संतोष सरोज ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराकर दलित बस्ती की कीचड़युक्त सड़क तत्काल बनवाने की मांग के साथ कूड़े के ढेर को हटवाने की मांग की है। और फॉगिंग कराने की मांग की है। इस सम्बंध में ईओ सोनल जैन ने बताया कि कूड़ा का उठान हो जाएगा। रास्ता के लिए धन प्रस्तावित है। कार्य शीघ्र होगा।

डॉ. फूलचंद बने ग्राम विकास अधिकारी संघ के अध्यक्ष

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। रविवार को ग्राम विकास अधिकारी संघ जौनपुर का द्विवार्षिक अधिवेशन नगर के एक होटल के सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ ग्राम विकास अधिकारी आनंद प्रकाश त्रिपाठी एवं पर्यवेक्षण राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप सिंह एवं मंत्री देवेश कुमार यादव ने किया।

अधिवेशन में जनपद के समस्त विकास खंडों से आये नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने तीसरी बार सर्वसम्मति से डॉ. फूलचंद कन्नौजिया को जिला अध्यक्ष, रामकृष्ण पाल को जिला मंत्री एवं प्रदीप कुमार श्रीवास्तव को प्रांतीय प्रतिनिधि हेतु निर्विरोध चयनित किया। जनपद कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मेंद्र राय, संजय श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष आजाद कुमार यादव, सुरेशचंद्र, इंद्रजीत पाल, संयुक्त मंत्री कृष्णचंद यादव, उपाध्यक्ष महिला कृतिका मिश्रा, मीना रानी कोषाध्यक्ष, विनोद सहाय श्रीवास्तव सह कोषाध्यक्ष, नंदकिशोर संगठन मंत्री, विनोद सिंह, सुनील उपाध्याय, अजय रजक, संदीप यादव, मोहम्मद शाहिद, अमित सिंह सांस्कृतिक मंत्री, पूजा सोनी प्रचार मंत्री, अनूप दीक्षित, राजेंद्र यादव मीडिया प्रभारी, अविनाश सिंह, राजेश चौधरी सप्रेक्षक, राकेश रोशन एवं प्रवक्ता दीपक सिंह सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किए गए। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संरक्षक आनंद प्रकाश त्रिपाठी द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि संयुक्त खंड विकास अधिकारी कौशांबी प्रदीप कुमार मौर्य ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुये विश्वास जताया कि नवीन कार्यकारिणी संवर्ग के हितों हेतु सदैव प्रयत्नशील रहेगी। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप सिंह ने सर्वसम्मति से कार्यकारिणी के गठित होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की एकता में बल है। निकट भविष्य में हम शासन एवं प्रशासन से कर्मचारी हित के विभिन्न मुद्दों पर संघर्ष कर सफलता हासिल करेंगे। अधिवेशन में बालेश्वर मौर्य, बाबूलाल, दयाशंकर पटेल, अरुण शुक्ला, प्रदीप शंकर श्रीवास्तव, अरविंद यादव, जितेंद्र शाह, सत्येंद्र कुमार, कमलेश कुमार, अभिषेक यादव, रामलाल पाल, प्रमोद शर्मा, अजय मौर्या आदि विभिन्न विकास खंडों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एडीओ आईएसबी धमार्पुर संजय श्रीवास्तव ने किया।

नहीं चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

जनसंदेश न्यूज

शाहगंज। मुख्यमंत्री के पखवाड़े भर का विशेष अभियान अधिकारियों की लापरवाही की भेंट चढ़ गया। नगर क्षेत्र पूरी तरह अतिक्रमण के जद में हैं। विशेष रूप से कोतवाली, नगरपालिका मार्ग डिवाइडर बन जाने से सड़क सकरा हो गया है। मुख्यमंत्री ने एक अप्रैल से पन्द्रह अप्रैल तक विशेष अभियान चलाकर सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया है जिसमें अवैध स्टैंड समेत अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध अभियान चलाने को निर्देशित किया है। इस बाबत प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने जिला, तहसील, नगरपालिका प्रशासन को टीम गठित कर कार्रवाई का निर्देश दिया है लेकिन सरकार के आदेश की नाफरमानी कर किसी प्रकार की कार्यवाही न करने से अतिक्रमण करने वालों का हौसला बुलंद है। कोतवाली, नगर पालिका रोड, कलक्टरगंज, रोडवेज तिराहा, जेसीज चौक पर अतिक्रमण से जनता त्राहि-त्राहि कर उठी है। कोतवाली रोड पर नगर पालिका गेट के समीप दुकानदारों द्वारा पटरी पर कब्जा कर लिया गया है। इसके बाद ग्राहकों की बाइक व दुकान का माल उतारते ठेले से पूरा सड़क जाम हो जाता है। किसी ने रोका टोका तो विवाद होना तय है। इस बावत उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को नोटिस जारी कर जुर्माना वसूला जायेगा। वहीं पटरी को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्यवाही होगी। पुरानी सब्जी मंडी में सब्जी बेचने वाले लोगों को सड़क से हटा अन्यत्र भूमि आवंटित किया जायेगा।

पहल

ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट के अन्तर्गत जनपद में नए स्टार्टअप व पर्यटन क्षेत्र में नवीन संभावनाओं के क्रम मे 'दिव्या वाटर पार्क' सुरियावां का शुभारम्भ

जनसंदेश न्यूज

दिव्या वाटर पार्क का डीएम व एसपी ने किया लोकार्पण

दिव्या वाटर पार्क का शुभारंभ करए डीएम गौरांग राठी व एसपी डॉ. अनिल कुमार

भदोही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अन्तर्गत नए स्टार्टअप व पर्यटन की दृष्टि से बढ़ावा देने के लिए उनके सपनों को साकार करते हुए पूर्व विधायक रवींद्रनाथ त्रिपाठी के संरक्षण में दिव्या ग्रुप द्वारा दो वर्षों से निर्मित दिव्या वाटर पार्क का कार्य पूर्ण होने पर जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने रविवार को सुरियावां में जनपद के पहले वाटर पार्क का लोकार्पण किया। उद्घाटन समारोह में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि जनपद के पहले वाटर पार्क का शुभारम्भ होना एक अनूठा व ऐतिहासिक क्षण है। वाटर पार्क सिर्फ मनोरंजन ही नही करता बल्कि हर आयाम को छूता हैं। यह सिर्फ व्यावसायिक दृष्टि से नही देखा जाएगा बल्कि सामाजिक समरसता के लिए बहुत ही अनुकरणीय व उपयोगी हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि यह वाटर पार्क बच्चों और बड़ों के लिए बेहतर व्यवस्था है। इससे जनपद में निवेश व परिवर्तन की छवि बनती है।

ब्रह्मकुमारी परिवार विजयलक्ष्मी दीदी, भाजपा लोकसभा प्रभारी कौशलेंद्र पटेल, जिलाध्यक्ष विनय श्रीवास्तव, विधायक दीनानाथ भास्कर, विधायक विपुल दुबे ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, राधेश्याम दुबे, घनश्याम उपाध्याय भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हौसिला पाठक, संतोष पांडेय, राकेश दुबे, मनोज मिश्रा, कन्हैयालाल मिश्रा, चंद्रभूषण त्रिपाठी, सचिन त्रिपाठी, राजेंद्र बघेल, दीपक पाठक, प्रमोद पांडेय आदि बहुत से लोग मौजूद रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी व संचालन पूर्व विधायक रविंद्र नाथ त्रिपाठी ने किया।

कार का सीसा तोड़कर उचक्कों ने उड़ाए 7000 हजार नगद, दो मोबाइल

गोपीगंज। पुलिस चौकी गोपीगंज के सामने उत्तरी लेन पर खड़ी कार का सीसा तोड़कर उचक्को ने शनिवार की शाम सात हजार रुपए नगद, जरूरी कागजात सहित दो मोबाइल एंड्राइड फोन उड़ा ले गये। घटना के सबंध में बताया जाता है कि शनिवार की देर शाम दुर्जनपुर, बड़ागांव जनपद वाराणसी इंदौर से वापस सपरिवार लौट रहे थे, गोपीगंज पुलिस चौकी के सामने उत्तर पटरी पर अपनी कार खड़ी कर चाय पीने चले गए। इसी बीच उचक्कों द्वारा मौका पाकर कार का सीसा तोड़ उसमे रखा 7000 हजार नगद सहित गाड़ी के कागजात व दो मोबाइल एंड्राइड फोन उड़ा लिए, सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज मनोज राय ने आस पास के सीसीटीवी फुटेज के सहारे उचक्कों की तलाश में जुट गए।

तरावीह की नमाज में मुकम्मल कुरान सुनाने वाले हाफिज का किया इस्तकबाल

जनसंदेश न्यूज

कजियाना मस्जिद में तरावीह की नमाज मुकम्मल होने के बाद हाफिज अमन रजा का इस्तकबाल करते नमाजी

भदोही। पवित्र माह रमजान जैस-जैसे आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे विशेष नमाज तरावीह के दौरान मुकम्मल कुरआन सुनाने का सिलसिला जारी है। शनिवार की रात मोहल्ला कजियाना की मस्जिद में पहले रोजे से ही शुरू हुई तरावीह की नमाज का पहला दौर पूरा हुआ। इस दौरान मस्जिद में मौजूद नमाजियों ने हाफिजे कुरआन को मुबारकबाद देते हुए फूल माला पहना कर इस्तकबाल किया। हाफिज अमन रजा ने मुकम्मल कुरआन सुनाने के बाद आलमे इस्लाम व मुल्क में अमनो अमान के लिए दुआ किया।

इस मौके पर कारी जुनैद आलम ने कहा कि अल्लाह का बहुत बड़ा एहसान और करम है जो हमें माहे रमजान मिला। इस माह में हमें विशेष नमाज तरावीह पढ़ने का मौका मिला तो चाहिए कि इमाम इस नमाज को उस तरह पढ़े कि सुनने वाले मुक्तादियों को अल्फाज समझ मे आये। कहा कि कुरान पाक की तिलावत धीरे-धीरे करना चाहिये। कहा कि इस माह में अल्लाह पाक हर नेकी का सवाब सत्तर गुना बढ़ा देता। इस महीने की बेशुमार बरकतें हैं। कहा कि यह महीना हमें जहां सब्र सिखाता है वहीं तकवा व परहेजगारी का भी दर्स देता है। नमाजियों को हिदायत दिया कि तरावीह की नमाज मुकम्मल हो गयी है लेकिन सूरह तरावीह पूरे माह पढ़ना है। कुरआन व रमजान की अहमियत पर विस्तार से अवगत कराया। इस मौके पर हाफिज रियाज अहमद, मोअज्जिन गुलाम अकबर, एहसान राइन, हाफिज अनस, शमीम राईन, अफजल राईन, नसीम राईन, हम्माद हुसैन खान, अहमद अली, शौकत अली, अब्दुल वहाब खान, मो. अली राईन, मो. हुसैन, इरफान अली, मो. सादिक, वासिद अली, शाहनवाज खान, चांद बाबू खान, हारून खान भोलू भाई आदि मौजूद थे।

छोटे-छोटे बच्चे रोजा रखने में नहीं है पीछे

भदोही। मुकद्दस माह-ए-रमजान रहमतों और बरकतों से भरपूर वाला महीना है। इस मुकद्दस महीने में जहां बड़े, बुढ़े व महिलाएं रोजा रखकर अल्लाह की इबादत में मशगूल हैं तो वहीं छोटे-छोटे बच्चे भी रोजा रखने में पीछे नहीं है। नगर के बाजार सलावत खां मोहल्ले के निवासी मो.लईक अंसारी के 7 वर्षीय बेटे मो.अबु बक्र ने भी रविवार को रोजा रखा। रमजान का महीना रहमतों और बरकतों का महीना है। रोजा हर मुसलमान मर्द, औरत, आकील व बालिग पर फर्ज है। इस लिए इस महीने में मुस्लिम घरों में लोग रोजे रखते हैं। रोजा रखकर सभी के द्वारा ज्यादा से ज्यादा इबादत की जाती है। रमजान का महीना चल रहा है तो इसमें सभी रोजे रखकर इबादत में मशगूल हैं। अल्लाह की इबादत करने और रोजे रखने में बड़े तो बड़े नन्हें-मुन्नें बच्चे भी पीछे नहीं है। नगर के बाजार सलावत खां निवासी मो.लईक अंसारी के 7 वर्षीय बेटे मो.अबु बक्र अंसारी ने अपना पहला रोजा रखा। उन्होंने न सिर्फ अपना पहला रोजा मुकम्मल किया बल्कि अल्लाह की इबादत की। मो.अबु बक्र को पहला रोजा रखने पर घर के लोगों सहित उनके रिश्तेदारों ने मुबारकबाद के साथ तोहफा दिया। घर में अम्मी और अब्बू तथा अन्य सदस्यों को रोजा रखता देख मो.अबु बक्र ने रोजा रखा।

क्रूरतापूर्वक वध हेतु ले जाए जा रहे 49 जीवित व 12 मृत गोवंश बरामद

कार्रवाई

रात्रि में जनपदीय पुलिस को राष्ट्रीय राजमार्ग के रास्ते गौ तस्करों के आने की मिली थी सूचना

जनसंदेश न्यूज

भदोही। बीती रात्रि में जनपदीय पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि जनपद कानपुर से कंटेनर वाहनों में गोवंश लादकर शातिर गौ तस्कर भीटी बॉर्डर से प्रवेश कर जनपद के रास्ते बिहार ले जाने वाले हैं। सूचना पर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देश के क्रम में जनपदीय पुलिस के थाना ऊंज, थाना गोपीगंज व थाना औराई तथा पीआरवी के तीन वाहनों की संयुक्त टीम द्वारा गोवंश लदे वाहन को रोकने का प्रयास किया गया।

शातिर गौ तस्कर पुलिस टीम पर वाहन चढ़ाने का प्रयास करते हुए हाईवे के लेन को परिवर्तित कर तथा लालानगर टोल प्लाजा के बैरियर को तोड़कर आगे निकलने लगे। जनपदीय पुलिस द्वारा गोवंश लदे वाहन का लगातार पीछा करते हुए जनपद वाराणसी पुलिस से बेहतर समन्वय स्थापित कर जनपद वाराणसी सीमा के अंदर से गोवंश लदे कंटेनर वाहन के साथ दो शातिर अंतर्जनपदीय गौ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। बरामदशुदा कंटेनर वाहन में क्रूरतापूर्वक वध हेतु ले जाए जा रहे 21 जीवित व 12 राशि मृत कुल-33 राशि गोवंश सांड़ बरामद किया गया। भागने के दौरान घायलों का ईलाज कराया जा रहा है।साथ ही गिरफ्तारशुदा गौ तस्करों के साथ पीछे से आ रहे एक अन्य कंटेनर वाहन के साथ तीन शातिर गौ तस्करों को भी थाना औराई पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तार तस्करों के कब्जे से उक्त कंटेनर वाहन में क्रूरता पूर्वक वध हेतु ले जाए जा रहे 28 राशि गोवंश को बरामद किया गया है। गिरफ्तारशुदा अंतर्जनपदीय गौ तस्करों के विरुद्ध पूछताछ करते हुए संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। गिरफ्तार लोगों में दिलशाद उम्र करीब 35 वर्ष कानपुर देहात, चालक मस्जूद अहमद कौशांबी, आजम 23 वर्ष जनपद शामली, जुल्फीकार उम्र करीब 23 वर्ष जनपद कौशांबी, गूंगा उम्र करीब 40 वर्ष हैं।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

प्रधान सम्पादक - सुभाष राय

स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

बहुआयामी प्रतिभा के धनी रंगमंच, टीवी, फिल्म अभिनेता एवं कवि अखिलेंद्र मिश्र ने कहा

हिन्दी रंगमंच को 'ऑक्सीजन' देने में सरकार करे पहल

खास मुलाक़ात

शासन ने बड़े-बड़े आलीशान ऑडिटोरियम बनाए जो रंगकर्मियों की आर्थिक पहुंच से हैं दूर

हिन्दी बेल्ट का समाज नाटकों के प्रति नहीं है गंभीर, मात्र एक-दो फीसदी लोग संवेदनशील

आज भी रंगकर्म को आर्थिक मदद मिलती है कम चिरौरी, मान-मनुहार और चंदा ही है सहारा

सुरोजीत चैटर्जी

हिन्दी भाषा का प्रारूप विश्वस्तरीय हो चुका है। लेकिन नाटकों का अपना कोई बॉक्स ऑफिस नहीं है। हिन्दी बेल्ट में समाज नाटकों को गंभीरतापूर्वक नहीं लेता। मात्र एक-दो फीसदी लोग ही इस दिशा में गंभीर हैं। आज भी नाटकों की प्रस्तुति के लिए आर्थिक मदद बहुत कम मिलती है। चिरौरी, मान-मनुहार वगैरह कर चंदा जुटाने के लिए किसी प्रकार एक प्ले का मंचन करना संभव हो पाता है। नाटकों का टिकट खरीदना तो दूर की बात किसी को अपना नाटक दिखाने के लिए पास दो और वह आए तो वो एहसान जताना नहीं भूलता कि खासी व्यवस्तता के बावजूद मैं आपका प्ले देखने आया। तमाम शहरों में नाटकों के लिए उपयुक्त ऑडिटोरियम नहीं हैं। कमाल तो ये है कि सरकार ने कई शहरों में करोड़ों रुपये खर्च कर बड़े-बड़े ऑडिटोरियम तो बना दिये हैं लेकिन उनका किराया इतना महंगा है कि उनमें नाटकों का मंचन संभव नहीं है। ऐसे हॉल क्या सिर्फ सरकारी आयोजनों, उनके महोत्सवों और आर्थिक रूप से सक्षम लोगों के कार्यक्रमों के लिए ही बनाए गये हैं? वास्तव में ज़रूरत इस बात की है कि शासन थिएटर को महत्व दे। सरकारी ऑडिटोरियम न्यूनतम रेट पर रंगकर्मियों को दिया जाय। इसके लिए सरकार को आगे आना पड़ेगा। भारत सरकार कानून बनाकर नाटक मंडलियों के लिए मंत्रालय बनाए। हमारी शिक्षा प्रणाली की विषय सूची में नाटक को शामिल किया जाय। प्रत्येक शिक्षण संस्थान में नाट्य विधा एक सब्जेक्ट के तौर पर सम्मिलित हो। वर्तमान में गिने-चुने विश्वविद्यालयों में ही नाटक को विषय के रूप में पढ़ाया जा रहा है जो पर्याप्त नहीं है। 'हिन्दी रंगमंच दिवस' पर बहुआयामी प्रतिभा के धनी रंगमंच, टीवी और फिल्म के सुविख्यात अभिनेता एवं कवि अखिलेंद्र मिश्रा ने 'खास मुलाक़ात' में यह बात कही।

पत्तों में नहीं, पेड़ की जड़ों को पानी की ज़रूरत

बिहार के सिवान स्थित कुलवा गांव में जन्मे अखिलेंद्र को बाल्यकाल के उस दौर में नाटकों का चस्का लगा जब इस विधा को घर-परिवार और समाज हेय दृष्टि से देखता था। दुर्गापूजा के मौके पर 'गवना के रात' से अभिनय यात्रा आरंभ करने वाले अखिलेंद्र वर्तमान में भले ही छोटे-बड़े पर्दे के नामचीन अभिनेता हैं और 'चंद्रकांता' धारावाहिक के क्रूर सिंह या 'सरफरोश' फिल्म के मिर्ची सेठ चरित्र समेत उनके तमाम अन्य कैरेक्टरर्स को दर्शक अब भी अपने दिल-दिमाग़ से भले न उतार पाए हों लेकिन उन्होंने आज भी रंगकर्म जारी रखा है। साथ ही इन दिनों वह लगभग डेढ़ घंटे की एकल प्रस्तुति 'स्वामी विवेकानंद का पुनर्पाठ' के माध्यम से विवेकानंद के सुने-अनसुने प्रसंगों को अनूठे अंदाज में पेश कर रहे हैं। इसके अलावा डॉ. शंकर शेष लिखित 'एक और द्रोणाचार्य' एवं कैफ़ी आज़मी कृत 'आख़िरी शमा' 35 साल से मंचित कर रहे हैं। 'मोटेराम का सत्याग्रह' का मंचल 30 वर्ष तक कर चुके हैं। आज भी कभी-कभी इसके मंचन का हिस्सा बनते हैं। उनकी कविताओं संग्रह 'अखिलामृतम्' खासा चर्चित है। एक सवाल के जवाब में बोले- भारतवर्ष में आज रंगकर्म एक अलग रूप में उभरा है। यदि छोटे-छोटे कस्बों में भी साहित्य और संस्कृति के प्रति संवेदनाएं हैं तो वहां नाटक किये जा रहे हैं। रंगमंच के लिए सरकार तो कुछ भी कर रही है वो पर्याप्त नहीं है। शासन नाटक को प्रोत्साहित करने के लिए आये आगे और इस विधा को सशक्त बनाने में योगदान दे। रिहर्सल के लिए भी स्थान उपलब्ध कराए। वास्तव में सिर्फ पत्तों को पानी देने से पड़े हरे-भरे नहीं होते बल्कि पेड़ की जड़ों में पानी देने की आवश्यकता है। तभी रसास्वादन होगा।

यूपी में हिन्दी रंगकर्म का परिदृश्य उत्साहजनक

एक सवाल के जवाब में अखिलेंद्र ने कहा कि 80 के दशक में जब टेलीविज़न आया और हमलोग, रामायण आदि धारावाहिक वगैरह बनने लगे तो रंगमंकर्मियों की चिंता बढ़ी। इस बारे में पृथ्वी थिएटर में एक बड़ी बैठक कर विचार-विमर्श किया गया कि टीवी की बढ़ती लोकप्रियता के चलते नाटकों पर संकट आ रहा है। लेकिन हुआ उससे उलट। नाटक और भी मज़बूत हो गये। मुंबई में तो मराठी, गुजराती और अंग्रेज़ी भाषा के नाटकों के बाद अब हिन्दी नाटकों ने स्वयं को स्थापित कर लिया है। उधर, यूपी में भी रंगकर्म का परिदृष्य उत्साहजनक है। साहित्य और रंगकर्म की दिशा में बिहार को देखें तो वहां दूर-दराज के अलाकों में भी बहुत गंभीरता है। वैसे भी बिहार बुद्धिजीवियों की धरती है। आर्यभट्ट, चंद्रगुप्त, सम्राट अशोक, विद्यापति, चाणक्य, फणीश्वरनाथ रेणू, रामधारी सिंह 'दिनकर' जैसों की यह धरती साहित्य-संस्कृतिकर्मियों के लिए बेहद उपजाऊ है। लेकिन जातिवाद की राजनीति ने रंगकर्म को नुकसान पहुंचाया है। नाटकों के लिए पटना तो एक प्रकार से गढ़ ही है। इसके अलावा दरभंगा, बेगूसराय, बक्सर, हजारीबाग और चाईबासा आदि में भी रंगकर्म हो रहा है।

काशी में जन्मी थी हिन्दी रंगमंच की दुनिया

शहर के मध्य नागरी नाटक मंडली जहां अब भी नाटकों की शृंखला जीवंत

आज यानि (तीन अप्रैल) हिन्दी रंगमंच दिवस है, रंगमंच को अभिनय कला का नशा माना जाता है। जिसने भी इस दुनिया में कदम रखा, रंगमंच उसकी रूह में उतर गया। फिर वह चाहकर भी रंगमंच की दीवानगी से खुद को जुदा नहीं कर सका। दरअसल, रंगमंच इश्क का एक ऐसा दरिया है जिसकी गहराइयों में जिंदगी बसती है। वास्तव में यह जीवन का वो रंग है, जिसमें अभिनय की बारीकियां समाई होती है। यही कारण है कि लोगों का इससे कभी जुड़ाव कम नहीं हुआ। राज कपूर और शशि कपूर हिंदी फिल्मों के बड़े अभिनेता थे, पर उनकी जान पृथ्वी थिएटर में बसती थी। इसलिए कि रंगमच ही वो माध्यम है, जहां अभिनय को तराशने का मौका मिलता है। रंगमंच की दुनिया भले ही पूरे विश्व में सजती हो लेकिन काशी ही एक ऐसा स्थान है जहां से हिन्दी रंगमंच ने अपनी यात्रा शुरू की।

अश्वनी कुमार श्रीवास्तव

वाराणसी। हिंदी रंगमंच दिवस प्रतिवर्ष तीन अप्रैल को मनाया जाता है। तीन अप्रैल 1868 की शाम बनारस में पहली बार शीतलाप्रसाद त्रिपाठी कृत हिन्दी नाटक 'जानकी मंगल' का मंचन हुआ। जून 1967 में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने हिंदी साहित्य का इतिहास में पहली बार इस नाटक के मंचन को प्रामाणिक तौर पर पुष्ट किया। इंग्लैंड के 'एलिन इंडियन मेल' के आठ मई 1868 के अंक में भी उस नाटक के मंचन की जानकारी भी प्रकाशित हुई थी। इसी आधार पर पहली बार शरद नागर ने ही हिन्दी रंगमंच दिवस की घोषणा तीन अप्रैल को की थी। हिंदी रंगमंच की स्थापना में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका तत्कालीन काशी नरेश ईश्वरीनारायण सिंह ने निभाई। उन दिनों नाट्य क्षेत्र में ब्रितानी माडल ज्यादा प्रभावी थे। काशी की पारम्परिकता, आधुनिकता के दबाव से बचने की कोशिश में बीच का रास्ता खोज रही थी। तब महाराज ईश्वरीप्रसाद नारायण सिंह ने अपने दरबारी कवि गणेश को इस पर काम करने को कहा। गणेश ने जो नाटक लिखा वह पारम्परिक और छन्दबद्ध था।

महाराज संतुष्ट नहीं हुए। वह ऐसी परम्परा शुरू करना चाहते थे जो अंग्रेजी नाट्य प्रस्तुति का मुकाबला कर सके। तब उन्होंने यह जिम्मेदारी शीतलाप्रसाद त्रिपाठी को सौंपी। उन्होंने शास्त्रीय संस्कृत नाटक, पारंपरिक रामलीला और यूरोपीय नाट्य तत्वों को मिलाकर जानकी मंगल तैयार किया। बाबू ऐश्वर्यनारायण प्रसाद सिंह ने रामलीला के कलाकारों संग रिहर्सल शुरू किया। प्रस्तुति का स्थान चुना गया कैंटोनमेंट का असेंबली रूम्स एंड थियेटर जिसे बाद में 'रायल थिएटर' के नाम से भी जाना गया।

मल्टीप्लेक्स की दुनिया में रंगमंच के संवाद हैं जीवंत

काशी में तीन अप्रैल 1868 की शाम 'जानकी मंगल' हिन्दी नाटक का हुआ था मंचन

बाबू भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने अचानक एक घंटे में संवाद याद कर मंचन को कर दिया था जीवंत

5जी की स्पीड की दुनिया में रंगमंच के कलाकारों ने अब भी बना रखी है अपनी पहचान

रंगमंच की दुनिया से आने वाले कलाकारों ने ही छोटे व रुपहले पर्दे पर बनायी पहचान



हिन्दी रंगमंच के पितामह थे बाबू भारतेन्दु

आधुनिक भारत की बात करें, तो भारतेंदु हरिश्चंद्र ने रंगमंच में प्रयोग का दौर शुरू किया, उन्हें तो हिंदी रंगमंच का पितामह कहा जाता है। आज भी उनके नाटकों का मंचन किया जाता है। भारतेंदु ने अंधेर नगरी चौपट राजा, नील देवी, भारत-दुर्दशा जैसे नाटकों का लेखन किया। लेकिन, कहते हैं न कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है और बदलती तकनीक ने हर क्षेत्र में अपना प्रभाव डाला। कहा भी गया कि जो समाज जितना प्रगतिशील होगा वह उतना ही विकसित होगा। साहित्य के क्षेत्र में भी निरंतर परिवर्तन होते आ रहे हैं। नई नई तकनीकों का प्रयोग रंगमंच में भी दिखाई देने लगा है।

अचानक मंच मिला तो पीछे नहीं हटे भारतेन्दु बाबू

मन में रंगमंच का ताना बाना बुनते हुए मंच मिलने का इंतजार करने वाले बाबू भारतेन्दु हरिश्चन्द्र को जब अचानक मंच पर हुनर दिखाने का मौका मिला तो फिर वह पीछ नहीं हटे, और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखें, जानकी मंगल नाटक की प्रस्तुति के ठीक पूर्व लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाला लड़का बीमार पड़ गया। नाटक स्थगित होने की नौबत आ गई। तभी 18 वर्षीय युवा हरिश्चंद्र वहां पहुंचे। उन्होंने लक्ष्मण की भूमिका करने को कहा। महाराज ने संवाद याद होना असंभव बताया तो उन्होंने घंटे भर में याद कर सुना दिया। फिर नाटक खेला गया। भारतेन्दु के मन में हिंदी नाटक लेखन और उसके अभिनय का उत्साह जगा और उन्होंने खुद नाटक लिखना शुरू कर दिया। अपना नाट्य दल भी बनाया जिसमें राधाकृष्ण दास, रविदत्त शुक्ल, दामोदर शास्त्री, पं. चिन्तामणि, पं. माणिक लाल जोशी आदि थे। उन्होंने वाराणसी और बलिया के दादरी मेले में नाट्य प्रस्तुतियां दीं। इसके बाद तो काशी में नाटक करने के लिए नाट्य संस्थाओं का बनना आरम्भ हो गया।

मनोरंजन के साथ संदेश भी देते थे रंगमंच

उस दौर में जब मनोरंजन का कोई साधन नहीं था तो रंगमंच ही लोगों को लिए एक मात्र साधन की रूप में स्थापित था, ब्रिटिश हुकुमत थी लेकिन कलाकारों की आवाज मंच से बुलंद हुआ करती थी, यह आवाज पात्र के संवादों तक ही सिमट कर नहीं होती थी बल्कि अंग्रजी हुकुमत के विरोध में भी संदेश देती थी या फिर उनके द्वारा किये गये कुछ कार्यो के विरोध भी कलाकारों के संवाद से सुनायी देती थी। नाटक मनोरंजन के साथ सामाजिक विकास और उत्थान का कार्य भी करता है।

रंगमंच ने ही दिलाया टीवी व फिल्मों में स्थान

छोटे पर्दे पर या फिर रुपहले पर्दे पर आज ज्यादातर वही कलाकार सफल है, जो रंगमंच की दुनिया से होते हुए फिल्म, टीवी और ओटीटी प्लेटफॉर्म तक पहुंचे हैं। उनकी अदाकारी में एक अलग ही जीवंतता देखने को मिलती है। वरना टीवी को तो बुद्ध बक्से की संज्ञा दी ही गई है। जबकि, रंगमंच को जीवन का राग कहा गया। फिल्म और टीवी पर तो टेक पर टेक हो जाते हैं, पर रंगमंच इस सबकी इजाजत नहीं देता। वहां आपका समीक्षक दर्शक होता है, जो सब देखता और समझता है। इसलिए अभिनय का सबसे कठिन माध्यम कोई है तो वो रंगमंच है।

देश भर में होती रामलीलाएं भी रंगमंच का हिस्सा

भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृति है और रंगमंच इसी संस्कृति की देन है। नाट्यकला के विकास का श्रेय भी भारत को ही जाता है। ऋग्वेद के सूत्रों में यम और यामी, पुरुरवा और उर्वशी के संवाद मौजूद है। भारत में सदियों पहले ही भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र की रचना की थी और कहा था कि नाट्यशास्त्र हमारी संस्कृति का हिस्सा रहा है, तभी तो इसे पंचमवेद तक की संज्ञा दी गई। पुरातन काल में हमारी संस्कृति और हमारी आस्था को भी नाटक के रूप में मंचन कर-के प्रस्तुत किया जाता था। जिससे लोगों की आस्था तक रंगमंच में जुड़ी होती थी। रामायण व महाभारत का आज भी मंचन सुदूर-क्षेत्रों में देखा जा सकता है।

मनोरंजन के साथ संदेश भी देते थे रंगमंच

उस दौर में जब मनोरंजन का कोई साधन नहीं था तो रंगमंच ही लोगों को लिए एक मात्र साधन की रूप में स्थापित था, ब्रिटिश हुकुमत थी लेकिन कलाकारों की आवाज मंच से बुलंद हुआ करती थी, यह आवाज पात्र के संवादों तक ही सिमट कर नही होती थी बल्कि अंग्रजी हुकुमत के विरोध में भी संदेश देती थी या फिर उनके द्वारा किये गये कुछ कार्यो के विरोध भी कलाकारों के संवाद से सुनायी देती थी। नाटक मनोरंजन के साथ सामाजिक विकास और उत्थान का कार्य भी करता है।

5जी की स्पीड में भी रंगमंच को चाहने वाले

रंगमंच जीवन का ऐसा किस्सा है, जो समाज की दकियानूसी परम्पराओं पर भी सवाल खड़े करता है। इसलिए कहा जा सकता है कि रंगमंच जीवन को दिशा भी देता है। ये समाज की बुराइयों से रूबरू कराता है, तभी तो इसे दिल का सुकून देने वाला माध्यम भी कहा गया। इसमें प्रेम का राग है, तो जुदाई का दर्द भी। रंगमंच जिंदगी की हर अच्छी बुरी घटना का जीवंत रूप भी है। यह समाज के अंदर घटने वाली बातों को दर्शकों के माध्यम से जनता तक पहुँचाने की कड़ी है। आज भले ही मनोरंजन के साधनों की भरमार हो गई हो। इंटरनेट की स्पीड ने मनोरंजन को 2-जी से बाहर निकालकर 4जी और 5जी की गति दे दी, फिर भी इसे चाहने वाले दर्शकों से इसे दूर नहीं कर सके।

बच्चों व युवाओं को आर्ट में पारंगत करने की चाहत

हर माह गैलरी में लगायी जाती है कला प्रदर्शनी

माइल्स स्टोन साबित हो रही है रामछाटपार की गैलरी

कलाविद् प्रो. मदन लाल से खास मुलाकात

राधेश्याम कमल

वाराणसी। रामछाटपार शिल्प न्यास के संयोजक एवं काशी हिंदू विश्वविद्यालय दृश्य कला संकाय के सेवानिवृत्त प्रो. मदन लाल बच्चों एवं युवाओं को कला के क्षेत्र में और भी आगे ले जाना चाहते हैं। इसके लिए वे पिछले कई वर्षों से प्रयासरत हैं। वे बनारस के कलाकारों से लेकर पूरी दुनिया के आर्ट कलाकारों का यहां समागम कर रहे हैं। उन्होंने महेशपुर सामनेघाट में आर्ट गैलरी भी खोल रखी है। इस आर्ट गैलरी में हर माह कला प्रदर्शनी आयोजित की जाती है। उनका मानना है कि यह आर्ट गैलरी बच्चों एवं युवाओं के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है जहां पर उनकी आशाओं का किरण झलकती है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के दृश्य कला संकाय में लगभग 29 वर्षों तक अध्यापन करने वाले प्रो. मदन लाल ने कला के क्षेत्र में अब तक सैकड़ों शिष्यों को पारंगत किया। जो देश के विभिन्न क्षेत्रों में रह कर कला के मुख्य धारा में जुड़ कर ख्याति अर्जित कर रहे हैं। प्रो. मदन लाल ने बीएचयू में 1978 में फाइन आर्ट किया। बाद में 1981 में बड़ौदा विश्वविद्यालय से पोस्ट ग्रेजुएट तथा टोक्यो (जापान) से 1988 में डबल पीजी की पढ़ाई पूरी की। वे 1990 से लेकर 2019 तक बीएचयू फाइन आर्ट में अध्यापन करते रहे। कलाविद् प्रो. मदन लाल से जनसंदेश टाइम्स ने खास मुलाकात की। पेश से उनसे बातचीत के प्रमुख अंश।

बच्चे से लेकर दिवंगत कलाकारों की भी रखी गई हैं कलाकृतियां

कलाविद् प्रो. मदन लाल बताते हैं कि महेशपुर कालोनी स्थित 1999 से रामछाटपार शिल्प न्यास कला केन्द्र चल रहा है। इसमें आधुनिक संग्रहालय, गैलरी व देश-विदेश के कलाकारों की बनायी गई कलाकृतियां रखी गई है। यहां पर तीन साल के बच्चे से लेकर दिवंगत कलाकारों की भी कलाकृतियां रखी गई है। वे बताते हैं कि हम यहां पर कार्य करके यह दिखाना चाहते हैं कि लोग बच्चों व युवाओं की कलाकृतियों को देख कर उसे समझें।

बाल कला दिवस मना रहे हैं

वे बताते हैं कि जैसे 19 नवम्बर को हम नेहरूजी का जन्मदिन मनाते हैं उसी तरह हम संस्था में बाल कला दिवस मनाते हैं। पूरे देश में शायद बाल कला दिवस का इस तरह का आयोजन नहीं होता है। इस बार पांच अप्रैल को बाल कला उत्सव मनाया जायेगा। इसका उद्घाटन पद्मश्री बीएचयू की डा. चूड़ामणि गोपाल करेंगी। यह बाल कला उत्सव 6 से 13 अप्रैल तक चलेगी। इसमें तीन साल से 14 साल तक के बच्चे भागीदारी करके गैलरी में ही पेंटिंग बनायेंगे। हम उनको कलर व बाकी सब सामान देंगे। इसके लिए बच्चों को कोई सब्जेक्ट नहीं दिया जाता है। बच्चे अपने मन से कलाकृतियां या पेंटिंग बनाते हैं। इस आयोजन के लिए हम एर हफ्ते से गैलरी में जुटे हुए हैं। इसमें प्रार्थना, अनवार, मनोज भी लगे हुए हैं।

साल भर में होते हैं 30 विविध आयोजन

रामछाटपार शिल्प न्यास महेशपुर में साल भर में लगभग 30 आयोजन होते हैं। इससे युवा कलाकार व बच्चे काफी लाभन्वित होते हैं। यहां पर हर पूर्णिमा पर गंगा तट पर संगीत का आयोजन होता है। जिसमें देश के मूर्धन्य कलाकारों की भागीदारी होती है। इस वर्ष भी इसका 20वां महीना है। इसी तरह हम आर्ट फेयर भी लगाते हैं। इसमें विशेष रूप से कला प्रदर्शनी लगायी जाती है। कलाकारों की कलाकृतियों को गैलरी में रखकर प्रदर्शित करते हैं। हम इसके माध्यम से गंगा पार में रेत में आकृति की खोज प्रतियोगिता करते हैं जो शायद कहीं नहीं होता है। रेत में आकृति की खोज का इस साल 21वां साल पूरा होगा।

कला पर व्याख्यान के लिए विदेशों की हुई यात्रा

वे बताते हैं कि कला संबंधित व्याख्यान देने के लिए विदेशों में कई यात्राएं हुई। उनकी पहली जापान यात्रा 1985 में हुई। इसके बाद वे 15 बार जापान की यात्रा पर गये। इसके बाद वे दो बार चाइना, कोरिया, थाईलैंड, ताइवान, सिंगापुर, नीदरलैंड, इटली, फ्रांस भी गये। 2004 में वे यूरोप गये। इसके बाद जर्मनी, पेरिस, आस्ट्रिया गये। गत फरवरी 2023 में वे यूरोप गये तो उनकी धर्मपत्नी राजश्री गुप्ता भी थीं। वे बताते है कि विदेशों में जाकर हमने संग्रहालयों को देखा और उसी आधार पर हमने रामछाटपार शिल्प न्यास कला गैलरी का निर्माण किया।